अंत में हमें स्मरण रखना होगा कि हम उस धर्म-निरपेक्ष राज्य की दृढ़ भुजा हैं जिसको आन्तरिक सुरक्षा के विषय में केवल वलवती ही नहीं प्रत्युत् विनम्र एवं सुधारक भी होना चाहिए । समाज-कल्याण एक द्विमार्गी यातायात है तथा उदारभाव से ही मानवीयता को नियमित किया जा सकता है। हमें यह नहीं भूलना होगा कि भारत जो बढ़ता उमड़ता जन समुदाय है वह सभी शिक्षित नहीं है और उसमें हमारे संबन्धी जन भी हैं । एक उत्तम दल बनाने के लिए हमारी सेवा निस्वार्थ भाव की हो तथा क्या हम स्वयं, क्या हमारे सहचर एवं क्या जनता-जनार्दन सबको उससे प्रोत्साहन मिले। आइये हम सब नव-वर्ष के श्री गणेश में पावन प्रण करें कि त्रुटियों को दूर करने तथा सत्यतानिभाने के लिये क्या एका की तथा क्या मिलकर सेवाभार उठायेंगे। प्रभु हमें वह सन्मार्ग दिखाये जिससे यह दल समुचित प्रकार से सेवा कर सके ।

इन शब्दों के साथ ही मैं दल के सब अधिकारियों एवं जवानों को शुभकामनाएं प्रदान करता हूं कि दल को सन् 1974 एक सुखद एवं सुफल वर्ष सिद्ध हो।"

हिन्दी सम्पादक को ओर से:—"आप धन-जय-कीर्ति पायें"

पंख पसारे आ रहा, नव वर्ष ले शुभकामनायें।
"हों पराजित शत्रु सारे, आप धन-जय-कीर्ति पायें" ।
ध्वान्तमय दुर्दान्त था बह भागता भुव से कुहासा ।
द्रुत छिटकती प्राश-किरणें, भेद दुख-दुष्कृत-दुराशा ॥
सर्वदा सर्वत्र जग में शांति सुख-साम्राज्य छायें ।
पंख पसारे आ रहा नव वर्ष ले शुभकामनायें ॥
विश्व में छाते रहे जो, युद्ध के घनघोर बादर ।
दीर्ण सत्वर आज है अब कौमदी प्रमुदित निरन्तर ॥
चैन की बंशी बजे अब स्वर्ग हम संसृति बनायें ।

पंख पसारे आ रहा, नव वर्ष ले शुभकामनाएं ॥
कोटि छप्पन देश में जन, दैन्य-दुख-घिन क्यों निगोड़ी?
चोर-रिश्वतखोर मिलकर, छोड़ते हम पर न कौड़ी ॥
आज उनसे जूझ हम मिल, भुखमरी दारुण मिटायें ।
पंख पसारे आ रहा, नव-वर्ष ले शुभकामनायें ॥
अब रंगे हाथों तिहत्तर को पकड़ शूली चढ़ा दें।
सुख-विभव का पाठ पहला, वर्ष नव-शिशु को पढ़ा दें ॥
बन्द कर हड़ताल तालेबंदियां सहयोग लायें ।
पंख पसारे आ रहा नव वर्ष ले शुभकामनाएं ॥
"हो पराजित शत्रु सारे, आप धन जय कीर्ति पायें ॥"
॥ किमधिकम् ॥

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल एक आदर्श पुलिस दल है

श्री राम निवास मिर्धा

दिनांक 31 अक्तूबर सन् 1973 की धूप धवल प्रातः वेला में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री रामनिवास मिर्धा ने भव्य समारोह-परेड में सलामी ली। उन्होंने सुनयनाभिराम मार्च-पास्ट तथा जवानों की स्फूर्ति की प्रशंसा की; तदुपरान्त उन्होंने शहीद स्मारक सेवाओं में भाग लिया तथा प्रचालन एवं कल्याण प्रदर्शनी भी देखने गये।

उन्होंने अपने भाषण में सरदार पटल की दूरदर्शिता तथा कुशाग्र-बुद्धि की उन्मुक्त कंठ से सराहना की क्योंकि यह वही थे जिन्होंने यह अनुभव किया कि स्वतंत्रता के उपरान्त भी क्राउन रिप्रजेन्टेटिव (सम्राट प्रतिनिधि) पुलिस एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इस भांति सरदार पटेल ने देश को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का वरदान दिया और इसने देश की स्वतंत्रता को सुरक्षित एवं सुदृढ़ करने में महान् योगदान दिया । अतएव यह उचित ही है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल अपना वार्षिकोत्सव सरदार पटेल की जयन्ती पर मनाता है।

आदरणीय मंत्री महोदय ने शौर्य तथा गुणोत्कृष्ट सेवा के पुलिस पदक विजेताओं को बधाई दी जिन्हें उन्होंने पदक वितरित किये तथा दल के अन्य सदस्यों से उनके पदचिह्नों पर चलने की मंत्रणा दी जिससे यह दल और भी अधिक देदीप्यमान हो।

उन्होंने कहा कि अनुवर्ती घटनाओं ने सिद्ध कर दिया कि सरदार पटेल सही थे। इस संदर्भ में मिर्धा जी ने सन् 1959 में हाट स्प्रिंग पर चीनियों के विरुद्ध, सन् 1965 में कच्छ रन में पाकिस्तानियों के समक्ष तथा सन् 1971 में चिकेन नेक पर फिर पाकिस्तानियों के सम्मुख केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की शरवीरताओं का उल्लेख किया। उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की उन दिवंगत आत्माओं को भी भाव भीनी श्रद्धांजलि प्रदान की जिन्होंने सेवा की वेदी पर प्राण न्योछावर किये थे।



परेड में सलामी लेते हुये श्री राम निवास मिर्धा

उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की अत्यंत मांग रही है जो अपने सर्व संकटों के मोचन के लिये इसकी सेवाओं के इच्छुक हैं। तत्काल ही उन्हें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ियां भेजी जाती हैं और उन राज्यों की दृष्टि में इसकी सेवाओं का बड़ा मान है । इन्हीं दिनों टोंक (राजस्थान) में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ियां भेजी गयीं और तुरन्त सम्प्रदायिक दंगे समाप्त हो गये। राज्यों में विभिन्न दलों में कुछ भी मत-भेद क्यों नहीं हों, किन्तु केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की निष्पक्षता, दक्षता तथा कर्तव्य परायणता के विषय में सबका एक मत है।

“हम जानते हैं कि मनुष्यों में आपके प्रति विश्वास है। जहां कहीं भी केन्द्रीय रिजर्व

पुलिस दल नियुक्त किया जाता है निकटवर्ती क्षेत्रों के व्यक्ति उसकी सहायता को आ जाते हैं । साधारणतः मनुष्य पुलिस से भय खाते हैं, परन्तु केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के विषय में ऐसा नहीं है। जब दल के चिकित्सालय में साधारण जन लाये जाते हैं तब आप उनकी चिकित्सा करते हैं। यह प्रकट करता है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल जैसा इन दिनों होना चाहिए वैसा ही है । **यह एक आदर्श पुलिस दल है ।"**

मंत्री महोदय ने विश्वास प्रकट किया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवान इन आदर्शों को बनाये रखेंगे । अधिकारियों की सराहना करते हुये उन्होंने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में उचित अफसरों की नियुक्ति की गई है तथा उत्तम प्रकार का उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। "ये अधिकारी साहसी एवं दूरदर्शी हैं । उचित प्रकार से कार्य करने के लिये एक दल का नेतृत्व भली भांति का होना चाहिए । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के महानिदेशक से लेकर निम्नतम वर्ग के अधिकारी अपनी कर्त्तव्य परायणता के लिये प्रख्यात हैं। संकट के दिनों में इन अधिकारियों के सक्षम नेतृत्व प्रदान करने के लिये मैं उन्हें बधाई देता हूं।"

उन्होंने अधिकारियों को अपने जवानों की भलीभांति देख रेख करने की मंत्रणा दी। वे उनकी कठिनाइयों को जाने तथा उनसे स्नेह-युक्त संबंध स्थापित करें। वे अपने जवानों का विश्वास एवं भक्ति प्राप्त करें जिससे वे उनको सर्वदा उत्प्रेरित कर सकें ।

"जहां भी तथा जब कभी भी आप चाहें आपके तथा देश के यश के लिए किसी भी उपद्रव में कूद पड़ने में आपके नेतृत्व में आपके जवानों को कोई आनाकानी नहीं होनी चाहिये ।"

पश्चिमी बंगाल के विषय में स्मरण करते हुए मंत्री महोदय ने कहा कि समस्त राष्ट्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के अधिकारियों तथा जवानों द्वारा वहां पर किये गये बलिदानों के लिए कृतज्ञ तथा गर्वित है। उनकी अनुपस्थिति में वहां की स्थिति सर्वथा भिन्न होती । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के सदस्यों ने अनेकों कठिनाइयाँ एवं जनता के विरोध झेंले हैं और उग्रपंथियों के बमों तथा आगजनी के लक्ष्य बने हैं अनेकों अधिकारी तथा जवान आहत हुये हैं तथा कतिपय तो प्राण खो बैठे हैं।

मंत्री महोदय ने वेतन आयोग के संदर्भ में बताया कि सरकार केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को यथा-संभव सब सुविधायें प्रदान करने के लिए इच्छुक है । केन्द्रीय निधि प्रावण्टित करते समय कभी ऐसी आशंका थी कि पुलिस पर व्यय अविकासी है। किन्तु कानून तथा व्यवस्था बनाये रखना तथा जन-जीवन के लिए शान्तिमय वातावरण होना किसी भी विकास-योजना के हेतु पूर्वावश्यकता है। सच पूछिये तो कानुन तथा व्यवस्था की अनुपस्थिति में कोई विकास हो ही नहीं सकता।

मंत्री महोदय ने यह आश्वासन दिया कि दुष्कर दायित्वों को उत्तम प्रकार से निभाने के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को जो भी सुविधायें चाहिये जिनसे यह दल उच्च प्रकार से प्रशिक्षित सर्व-सज्जा सहित तथा अनुशसित बन सके, उन सब को यथासम्भक दिलाने की उनकी सतत चेष्टा रहेगी। ।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के 34वें वार्षिकोत्सव पर उसके अधिकारी गण तथा जवानों का अभिनन्दन करते हुये मंत्री महोयद ने यह आशा व्यक्त की कि यह दल दिन

दूना तथा रात चौगुना शाक्तिशाली बनेगा और देश को कौंतें– कौमुदी छिटकता हुआ राष्ट्र की सेवा सदैव भक्ति-भावना से करता रहेगा।

शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल— कानून तथा व्यवस्था की प्रमुख भुजा

दल के 34 वें वार्षिकोत्सव पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के महानिदेशक महोदय श्री ब्रज बिहारी मिश्र, ने कमांडेंटों के सम्मेलन में सब उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा “एक बार तो इस सम्मेलन में कमांडेंटों को आमत्रित करने में सन्देह होने लगे थे जबकि कमांडेंटों की उपस्थिति निज संक्रिया क्षेत्र में देश के अनेकों कानून एवं व्यवस्था की समस्याओं के कारण अत्यावश्यक थी तथा आर्थिक दृष्टिकोण

से इस सम्मेलन की बांछनीयता पर शंकायें की गई थीं। परन्तु मुझे प्रसन्नता है कि कमांडेंट-गण एक स्थान पर एकत्र होने के इस वार्षिक अवसर से वंचित नहीं हुए जिससे कि वे अपने कर्तव्य पालन के विषय में कुछ खुल कर हृदय की बातें कर सकें, अपनी समस्याओं पर विवेचन कर सकें तथा अपनी क्षमता एवं सुन्दर जन-सम्पर्कों को सुधारने के लिए बदलती हुई परिस्थितियों के अनुकूल अपनी अभिवृत्तियों को संभाल सके।"

उन्होंने कमांडेंटों के सम्मेलन में स्वच्छंद एवं स्पष्ट रूप से अपने मत प्रकट करने के लिये कहा जिससे इस दल की क्या प्रशासनात्मक तथा क्या संक्रियात्मक नीति को उनकी विचारधारा के अनुरूप ढाला जा सके।

महानिदेशक महोदय ने बताया कि इस दल को पाकिस्तानी युद्धबंदी-शिविरों की सुरक्षा के एक महत्त्वपूर्ण तथा सुकुमार सेवाभार-हेतु नियुक्त किया गया और उन्हें हर्ष है कि सभी बटालियनों ने उस सेवाभार को अत्यंत दायित्व के साथ निभाया तथा सैनिक अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त की।

कानून को सर्वोत्तम भुजा– देश के विभिन्न भागों में कानून तथा व्यवस्था की विविध परिस्थितियों से निबटने के लिये केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की बटालियनों का उल्लेख करते हुये मिश्र जी ने कहा कि यह बताते हुये उन्हें अपार हर्ष होता है कि इस दल ने अपना जौवट दिखा दिया है। आंध्र प्रदेश के पृथक्करण आंदोलन में, बिहार के सरकारी कर्मचारियों की उथल पुथल में, राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल तथा मूल्यवृद्धि के आंदोलन में, उड़ीसा में बंगाली-उड़िया उपद्रव में, असम में असमी-बंगाली अशान्ति में तथा उत्तर प्रदेश के सशस्त्र पुलिस विद्रोह में इस दल ने सुन्दर ख्याति प्राप्त की है। साथ ही नागालैंड, मेघालय, मणिपुर, मिजोराम, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडू तथा महाराष्ट्र में कानून तथा व्यवस्था बनाये रखने में इस दल का योगदान प्रशंसनीय रहा है। पश्चिमी बंगाल में उग्रपंथियों की गतिविधि-निरोध में तथा बहुसंख्या में उग्रपंथियों एवं समाज विरोधी तत्वों को बंदी बनाने और अवैध प्रायुध तथा स्फोटास्त्र को पकड़ने में स्थानीय पुलिस की सहायता करना इस दल का प्रमुख कार्य रहा है।

महानिदेशक महोदय ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र में जहां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 155 कम्पनियां सेवारत है, कानून तथा व्यवस्था के **हम अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भुजा रहे हैं**। इन यूनिटों की निष्ठा तथा साहस ने स्थानीय प्राधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त की है जिन्होंने समय-समय पर उन्हें नकद पारितोषिक तथा ट्राफियाँ प्रदान की हैं।

सिक्किम में जय-पत्र— देश में तो केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने कानून तथा व्यवस्था बनाये रखने में स्वयं को विश्वसनीय दल तो सिद्ध कर दिया ही है; किन्तु इस दल ने इस वर्ष सिक्किम में जय-पत्र प्राप्त किये जहां इसे एक कठिन एवं नाजुक स्थिति को वश में लाने के लिए जाना पड़ा। सिक्किम के पुलिस शस्त्रागारों से क्रांतिकारियों द्वारा लूट लिये गये शस्त्रास्त्र, गोलाबारूद, बेतार उपकरण तथा अन्य सामान पुनः प्राप्त करने का श्रेय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 5 बटालियन को ही है तथा इसने ही प्रशासन के प्रति जनता में आस्था लाने का कार्य किया है।

कठिन परिस्थितियों में सेवानिष्ठा तथा अनुशासन दर्शाने की भावना के लिये तथा जीवन एवं सांग्रामिक स्थितियों में सुचारू रूप से कार्य करने के हेतु केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल पर महानिदेशक महोदय ने संतोष प्रकट किया। "यद्यपि कुछेक व्यक्तियों ने शौर्य पदकों द्वारा अपनी मान्यता प्राप्त करली तद्यपि समुचित समय पर कुछ प्रकरणों में ढील पड़ने पर कतिपय व्यक्ति यह सौभाग्य नहीं प्राप्त कर सके । वैसे तो वे अन्य प्रकार से पुरस्कृत कर दिये गये, परन्तु ऐसे प्रकरणों में शीघ्रता की आवश्यकता पर मैं बल देना चाहूंगा।"

कीर्ति की रक्षा—श्री मिश्र ने अभिव्यक्त किया कि वर्षों की निस्वार्थ सेवा तथा त्याग द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने अपनी एक कीर्ति स्थापित की है और वह कुछेक की भूलों के कारण अपनी इस ख्याति को कलुषित कभी नहीं करना चाहेगा । "इस विषय में पर्यवेक्षक अधिकारियों के लिए संतुष्टि अथवा शिथिलता को स्थान नहीं है और किसी के ऐसे कार्य पर जिससे कीर्ति में बट्टा लगे अथवा जन-सम्पर्क में धक्का पहुंचे गभीरता से विचार किया जाएगा।" उन्होंने चेतावनी दी कि जनता की उगली उठाने से पूर्व ही हमें अपने दोषी व्यक्तियों को दंड देना अपेक्षाकृत उत्तम है।

उन्होंने स्मरण दिलाया कि जो दल भली भांति प्रशासित नहीं है अन्ततोगत्वा उसमें सांग्रामिक दक्षता नहीं रह सकती। उत्तर प्रदेश के सशस्त्र पुलिस के संप्रति विद्रोह ने एक सशस्त्र दल के सुचारू प्रशासन के महत्त्व को और भी प्रकाश में ला दिया है तथा साथ ही सच्ची शिकायतों की अनसुनी करने के संकटों को भी। दल से संबंधित सभी विषयों को सुलझाने के लिए कमांडैंटों को अनिवार्य है कि वे निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा तथा व्यक्ति निरपेक्ष रीति ग्रहण करें।

जन-कल्याण :-- केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में कमांडैंट तथा कंपनी कमांडर अपने जवानों से सद्व्यवहार रखते हैं तथा उनके कल्याण की ओर ध्यान भी रखते हैं। यद्यपि जवानों के लिए बहुत कुछ किया जा रहा है तथापि अभी बहुत कुछ करने को शेष है। ऐसी कोई ही विरली ही बात होगी जो कमांडैंट करे और प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जवानों के कल्याण पर उसका प्रभाव नहीं पड़े। एक पूर्ण वर्ष के कल्याणकारी कृत्यों की उत्तमता किसी भी ऐसे प्रशासनिक कार्य से मिट्टी में मिल जायेगी जिसको जवान अनुचित अथवा पक्षपातपूर्ण समझें।

महानिदेशक महोदय ने देश-व्यापी खाद्य दुर्व्यवस्था का वर्णन किया तथा ऐसी आशा अभिव्यक्त की कि राशन भत्ता में प्रस्तावित अभिवृद्धि (जहां भी अनुमत्य होगी) कुछ न कुछ मात्रा में इस दल की कठिनाइयां निवारित करेगी।

उन्होंने दल के चिकित्सा-आवरण के सुधारने के विषय में उल्लेख किया। बटालियन, ग्रुपकेन्द्र तथा बेस अस्पतालों के तीन स्तरों पर चिकित्सा विधान की एक परियोजना बनाई गयी है। इसके अतिरिक्त यह भी प्रस्ताव है कि चिकित्सा-धिकारियों का सैनिकीकरण किया जाए। कंपाउण्डरों के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिये भी प्रयत्न किये जा रहे हैं।

यद्यपि महानिदेशक महोदय ने दो चलते फिरते तथा एक स्थायी मोटर वर्कशापों (कार्यशालाओं) की सराहना की तथापि उन्होंने क्षोभप्रकट किया कि वे सुविधायें पूर्णतः

प्रयुक्त नहीं हो रही हैं जबकि अधिक संख्या में वाहन खराब पड़े हैं।

महानिदेशक महोदय ने दल के प्रशिक्षण संस्थानों की भी गुणावलि वर्णन की कि वे केवल प्रशिक्षण ही प्रदान नहीं करते हैं परन्तु बिना रंगरूटों की निकासी कम किये तथा बिना किसी कोर्स (पाठ्यक्रम) को रोके हुये कानून एवं व्यवस्था को बनाये रखने और प्राकृतिक संकटों से निबटाने में भी सहायता देते हैं।

श्री मिश्र ने सिगनल (बेतार) कर्मचारियों के वेतन पाने की कठिनाइयों को समझा तथा बताया कि सम्प्रति प्रबन्ध ठीक नहीं है तथा उन कंपनियों एवं बटालियनों द्वारा जिनसे वे संलग्नित होते हैं वेतन देने का उपाय किया जा रहा है।

मिथ्यावादों का निराकरण—दल के कल्याणकारी तथा अन्य क्रियाकलापों के प्रकाशन के विषय में उन्होंने कहा "अब हम पर निज कार्यों के प्रकाशन हेतु तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल से संबन्धित घटना के विषय में जनता को मिथ्यावादों के निराकरण करने के लिये एक जन संपर्क अधिकारी हैं। जहां कहीं भी कोई कमांडैंट अथवा रेन्ज उपमहानिरीक्षक अनुभव करें कि किसी प्रचार अथवा अन्य प्रकार से दल के प्रति जनताओं में रोष उत्पन्न हो रहा है जन संपर्क अधिकारी को वह समस्या से अवगत करा सकते हैं एवं उनकी सेवायें काम में ला सकते हैं। जन सम्पर्क अधिकारी स्थानीय प्रेस से सम्पर्क करेंगे तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के विरूद्ध आंदोलन के विषदंत को निकाल फिकवायेंगे।"

महानिदेशक महोदय ने भवन-निर्माण के कार्य की प्रगति पर संतोष प्रकट किया। 50 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति लोक निर्माण विभाग ने अनेक ग्रुप केन्द्रों के निमित्त प्राप्त कर ली है। बंगलौर तथा रांची के अतिरिक्त जहां भी भूमि प्राप्ति अन्तिम चरण में है अन्य सब स्थानों पर भूमि क्रय कर ली गई है। भुवनेश्वर, दुर्गापुर तथा त्रिवेन्द्रम पर भवन-निर्माण में पर्याप्त प्रगति हो गई है और आगामी वर्ष के प्रारम्भ में वहां नये ग्रुप केन्द्र स्थापित हो जायेंगे।

वार्षिकोत्सव के आतिथ्य के लिये जो कुछ भी झरोदाकलां में किया गया उसके प्रति महानिदेशक महोदय ने प्रशंसा एवं प्रसन्नता प्रकट की तथा अन्य केन्द्रों के कमांडैंटों को भी यह मंत्रणा दी कि वे अपने ग्रुप केन्द्रों को झरोदाकलां से भी मनोरम तथा आकर्षित बनाने का प्रयत्न करें।

विवेचनात्मक लेख :—

गुण्डा गर्दी

लेखक :-श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को बहुधा ऐसे क्षेत्रों में भेजा जाता है जहां गुण्डागर्दी (शठता) का बोलबाला होता है। हमारे कुछ अधिकारी स्थानीय असैनिक पुलिस की चर्याओं से अविज्ञ होने के कारण प्रायः उसके सम्यक् अर्थ नहीं समझ पाते हैं। गुण्डागर्दी कानून तथा व्यवस्था के लिये मानव-स्वास्थ्य को ज्वर के समान है। यह रोग नहीं होकर एक रोग का लक्षण मात्र है। अनेक रोग मानव शरीर में उच्च तापक्रम उत्पन्न करते हैं। इसी प्रकार कई कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न कर देते हैं जिसमें गुण्डागर्दी को छूट मिल जाती है। जिस भांति एक क्षीण तथा विकृत शरीर नाना प्रकार के रोगों की बलि हो सकता है उसी भांति कानून एवं व्यवस्था का तन्त्र जो दुर्बल है, शिथिल है, भ्रष्ट है अथवा बाह्य प्रभावों के वशीभूत रहता है उससे गुण्डागर्दी की ही समस्या उत्पन्न होती है।

गुण्डा कौन है :—एक चोर, तस्कर, ठग अथवा हत्यारे की भांति गुण्डा कोई वैध पद नहीं है और ना ही उसकी कोई विधिवत् परिभाषा है। गुण्डे सभी देशों में पाये जाते हैं और नाना प्रकार के नामों से जाने जाते हैं। साथ एक देश में भी क्या महानगरों तथा क्या ग्रामीण क्षेत्रों दोनों में गुण्डे पाये जाते हैं। यद्यपि गुण्डे की परिभाषा देना कठिन है तद्यपि जो लक्षण सब गुण्डों में साधारणतया पाये जाते हैं वे निम्नलिखित कहे जा सकते हैं :—

(1) वे तनमन से बलिष्ठ होते हैं तथा अपने क्षेत्रों में आतंक जमाये रहते हैं।

(2) वे आहार, मद्यपान आदि द्वारा उच्चस्तर का जीवन यापन करते हैं।

(3) उनकी जीविका के मुख्य साधन अवैध होते हैं उदाहरणार्थ वेश्यावृत्ति, द्यूतक्रीड़ा (जुआ), अवैध मदिरा, तस्करी व्यापार, तथा दुकानदारों से सुरक्षा हेतु धन ऐंठना इत्यादि।

(4) राबिनहुड से भिन्न वे धनिकों अथवा प्रभावशाली पुरुषों से वेतन पाते हैं और उनका मुख्य धंधा समाज के सत्यनिष्ठ किन्तु दुर्बलजनों को आंतकित करना होता है।

(5) वे समाज में अनादृत रहते हैं क्योंकि वे नैतिक तथा साधारण आचरण में उच्छृंखल होते हैं।

एक उत्तम पुलिस दल की इस बात से परीक्षा होती है कि वह कितने गुंडों को नियंत्रित रखती है। एक भ्रष्ट पुलिस दल में, उसके सदस्य स्वयं ही गुण्डों से मिले रहते हैं। एक सत्यपरायण एवं सक्षम पुलिस दल गुण्डागर्दी का दमन कर सकती है किन्तु उसे प्रभावशाली व्यक्तियों का रोष सहन करना पड़ेगा जो गुण्डों के अभिभावक होते हैं। प्रायः गुण्डों की ही विजय होती है और वे सत्यनिष्ठ पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण अथवा अन्य प्रकार से हानि पहुंचाने में सफल होते हैं। तद्यपि कतिपय पुलिस अधिकारियों ने गुण्डागर्दी को कठोरता से दमन करने में ख्याति प्राप्त की है।

गुण्डों के क्रिया-कलाप—ग्रामीण तथा नागरिक गुण्डों के क्रिया-कलाप भिन्न प्रकार के होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वे भूमि संबंधी झगड़ों को लाठी के सहारे तय करते हैं, कन्याओं को अपहृत तथा खेती काट कर अपना प्रतिकार लेते हैं, ब्याज को कौसीद भाव से उगाहते हैं, अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान दिलवाते हैं, गवाहों को

भयाक्रांत करते हैं तथा मनुष्यों को हताहत तक करा देते हैं।

नागरिक क्षेत्र में उनके कार्य कलाप बहुमुखी होते हैं तथा कोई भी सुयोजित अपराधात्मक चर्चा नहीं होती है जिसमें उनका हाथ नहीं होता। कोई भी रेलवे स्टेशन, बस-स्टाप, सिनेमा, स्टेडियम, पार्क, होटल सार्वजनिक स्थान नहीं जहां उनको बिचरण करते नहीं पाया जाता हो। अपने प्रभाव क्षेत्र से संबंधित भी झगड़े गुण्डों के मध्य उठ खड़े होते हैं जो या तो शांतिपूर्वक निबट जाते हैं वरंच टोलियों में युद्ध द्वारा निबटारा होता है।

गुण्डों से सुलझना-क्योंकि गुण्डागर्दी किसी वैध पद में नहीं आता, गुण्डों से सुलझने के लिये कोई विशिष्ट विधिवत् उपाय नहीं है। दण्ड प्रक्रिया संहिता की 107, 109, 110, 117 साधारण धारायें उनसे निपटने के लिये अब उपयोगी नहीं रही हैं। उनसे सुलझने के हेतु चाहिये एक निष्ठावान् पुलिस दल जो प्रकरणों की भली-भांति छानवीन करे और प्रत्येक हस्तक्षेप्य अपराध जो भी उसकी दृष्टि में आये उस पर अभियोग चला सके। दण्डाधिकारी की अनुमति से अहस्तक्षेप्य अपराध की भी जांच पड़ताल की जा सकती है।

यह सत्य है कि अतीत में अच्छे तथा सत्य-निष्ठ पुलिस अधिकारी गुण्डों को अतिरिक्त बैध उपायों से नियंत्रित करते थे। ऐसा अब नहीं किया जा सकता क्योंकि ये उपाय गंभीर परिणामों से परिपूर्ण हैं। इन उपायों को कोई अभ्यस्त पुलिस अधिकारी गुण्डों तक ही सीमित नहीं रख सकता।

बम्बई पुलिस अधिनियम गुण्डों को वहां निर्मूलित करने में भली भांति चालू किया गया है। कई अन्य राज्यों ने उसी प्रकार के अधिनियम चालू किये हैं। तब भी इस का प्रयोग परिसीमित है। वस्तुतः इसके द्वारा गुण्डे कुछ काल को अपने मार्ग से हटकर अहानिकारक हो जाते हैं परन्तु दीर्घकालीन समाधान केवल अभियोग चलाना ही है। गवाहों को संरक्षण देने में पुलिस को अत्यंत सावधानी बरतनी पड़ती है।

सुयोजित अपराध—अनेकों गुण्डे निपट सुयोजित अभिषदों (सिण्डीकेटों) में स्वयं को ढाल लेते हैं जो सुचारू रूप से बड़ी मात्रा में अपराध करते हैं। अपराधी जीवन अमेरिका में एक कुख्यात अंग बन गया है और कुछ इसी प्रकार से यह भारत को मिलाकर अन्य देशों में भी भरपूर विद्यमान हैं। यद्यपि अनेक गुण्डे या दादा लोग व्यक्तिगत रूप से अपराध करते हैं किन्तु आधुनिक समय में उनको अपराध के अनुशासित तथा सुनियंत्रित सिण्डीकेटों में संगठित होते देखा गया है। यह यों भी आवश्यक हो गया है कि द्यूतक्रीड़ा (जुआ) मदिरा का चोरी स्रावन, तस्कर व्यापार तथा नशीली वस्तुओं के व्यापार ने अमित लाभ की सम्भावनायें जगा दी हैं।

इस शताब्दी के दूसरे दशक के आरम्भ में अल कैपोन का नाम अमेरिका में प्रत्येक गृह में जाना माना हो गया था। वह शिकागो का एक दादा था जिसकी आय सन् 1927 में अवैध मदिरा के क्रय से ही केवल 4 करोड़ 30 लाख डालर थी। सन् 1967 के अमेरिका के राष्ट्रपति आयोग (प्रेजीडेन्शियल कमीशन) ने सुयोजित अपराध का इन शब्दों में वर्णन किया है :—

"सुयोजित अपराध एक समाज है जो अमेरीकी जनता तथा सरकार के नियंत्रण से

बाहर अपने कार्य चलाना चाहता है। इसमें सहस्रों अपराधी फंसे हुये हैं जो एक बड़े पैमाने के निगम (कारपोरेशन) के विन्यास में वैध सरकारों की अपेक्षा और भी कठोरता से नियमों का अनुपालन करते हुये काम करते हैं। इसके कार्य आवेगपूर्ण नहीं होते प्रत्युत् जटिल षडयंत्रों के परिणामस्वरूप होते हैं जो वर्षों से बनाये जाते हैं तथा जिनका ध्येय समग्र क्रियात्मक क्षेत्र को वश में करके लाभ संचित करना होता है।"

इन अभिषदों (सिन्डीकेट) के नख पंजर दूर सुदूर तक ही नहीं फैले हैं किन्तु तीक्ष्ण भी हैं। वस्तुतः वे अमेरिकी जीवन के एक प्रमुख अंग बन गये हैं। राष्ट्रपति आयोग (प्रेजीडेन्शियल कमीशन) के शब्दों मे :—

"सुयोजित अपराध कोटि कोटि अमेरिकियों के जीवन पर दुष्प्रभावित करता है परन्तु अपनी घोर अदृश्यता के कारण कतिपय क्या बहुसंख्यक अमेरिकियों को यह भी ज्ञात नहीं है कि वे कैसे दुष्प्रभावित होते हैं अथवा कभी दुष्प्रभावित होते भी हैं या नहीं।"

ऐसे सुगठित अभिषद (सिण्डीकेट) अमेरिका में ही नहीं अपितु इटली, फ्रांस, जापान, सूदूर पूर्वीय देश, दक्षिण अमेरिका के देश तथा भारत में भी विद्यमान हैं।

इस लेख के लघु कलेवर में इस प्रश्न का विशद विश्लेषण नहीं हो सकता। तब भी यह कहा जा सकता है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का प्रेषण जनता के संकट निवारण में अवश्य सहायता कर सकता है। परन्तु यह केवल समस्या का एक अस्थायी समाधान मात्र है।

स्थायी समाधान—तब स्थायी समाधान कैसे हो सकता है? भारत का इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है कि एक ओर शठता ने सिर उठाया है और कानून तथा व्यवस्था भंग की है तो दूसरी ओर एक दृढ़ तथा सत्यनिष्ठ अनुशासन प्रर्वतन साधन ने शठता का नितान्त उन्मूलन किया है। मौर्य शासन काल में शठता का ऐसा शमन किया गया कि एक यूनानी लेखक के शब्दों में 4 लाख जनसंख्या के पाटिलीपुत्र में प्रतिदिन एक सौ रुपये के लगभग चोरी का केवल औसत था।

गुप्त शासनकाल में एक चीनी विद्वान् ने पामीर से पेशावर तथा पटना होता हुआ बंगाल में तम्लुक तक सन् 405 से लेकर 411 ईसवीं पर्यन्त भ्रमण किया परन्तु किसी दुराशय ने उसे पीड़ित नहीं किया तथा उसने क्या पर्यटक तथा क्या व्यापारी सभी को सुरक्षित एवं प्रसन्न पाया। ह्वेन साङ् जो दीर्घकाल पश्चात् आया था भारत में सन् 630 से 645 ईसवी पर्यन्त रहा। उसने उत्तर सीमा प्रांत से असम तक यात्रा की। उस समय 200 वर्ष पूर्व से अपेक्षाकृत कहीं अधिक दुराचार व्याप्त था और चीनी यात्री कई बार लूट लिया गया।

नवीं शताब्दी से व्यवस्था और बिगड़ी। मध्यकालीन भारत के मुस्लिम इतिहास कार उस समय का विशद वर्णन छोड़ गये हैं। जब गुलाम सुल्तान नासिरुद्दीन का देहान्त सन् 1266 में हुआ तब (एक इतिहासकार के शब्दों में) समाज विरोधी तत्व "दिल्ली के सिंह द्वारों पर विराजते थे तथा भिश्तियों और पनिहारिनों पर सात्यय ढाते थे। 1266 की दिल्ली 1969-70 का कलकत्ता हो रही थी। एक वर्ष के भीतर ही जब नये शासक वल्वन ने उसका ऐसा उन्मूलन किया कि दिल्ली एक निपट शांतिमयी नगरी हो गई।

तब से दिल्ली ने अनेक उत्थान-पतन देखे है। उदाहरण के रूप में बाबर की मृत्यु के पश्चात् कानून तथा व्यबस्था वस्तुतः छिन्न भिन्न हो गई थी किन्तु शेरशाह ने निज वज्रहस्तों से उसको पुनः लौटा दिया। प्रख्यात इतिहासकार लेन पोल ने लिखा है--

"जिस दिन से शेरशाह सिंहासनारूढ़ हुआ किसी को उसके विरोध में श्वास लेने का साहस नहीं हुआ।—ना ही उसके पारिषदों तथा सैनिकों में कोई चोर या डाकू था जिसने अन्य की सम्पत्ति पर लोभ दृष्टि डाली हो तथा ना ही कोई लूट अथवा चोरी कभी उसके साम्राज्य में हुई। पर्यटकों तथा बंजारों को शेरशाह के शासन काल में अपनी सुरक्षा की चिन्ता नहीं करनी पड़ती थी और ना ही उन्हें मरुस्थल के मध्य में विश्राम करने में भय होता था। रात्रि में वे निर्भीक किसी भी स्थान पर विश्राम करते थे। वे अपने आहार तथा वस्तुएं मैदान में रख देते थे तथा अपने खच्चर चरने छोड़ देते थे एवं इस प्रकार निश्चिन्त होकर सो जाते थे मानो निज गृह में हों, तथा मनसबदारों को इस भय से उनकी देख रेख करनी पड़ती थी कि उन्हें कोई कष्ट नहीं हो जावे और पर्यटकों पर कोई शठता होने पर उन्हें कहीं बन्दी न बनने पड़े। राज्य में ऐसी सुरक्षा की व्यवस्था थी कि एक दुर्बल रूस्तम से भी भय नहीं खाता था।"

यह सिद्ध करने को भारतीय इतिहास से पर एक पूरी पुस्तक लिखी जा सकती है कि शठता (गुण्डागर्दी) का एक मात्र समाधान यह है कि कानून की प्रतिरक्षा के लिए तथा समाज के दुर्बल व्यक्तियों को सबल तथा क्रूर (गुण्डों) दुराशयों से बचाने के हेतु शासन कृत संकल्प हो।

कथ्य-तथ्य :—

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के कल्याणकारी कार्यकलाप

लेखक :—जे० एस० शर्म्मा

यूनानी मनीषियों की चिरन्तन धारणा थी कि शासन के सन्निकर्ष से ही मानवता का क्या आर्थिक, क्या राजनैतिक तथा क्या सामाजिक सर्वांगीण विकास सम्भव है। इस प्रकार शासन ही मानव-कल्याण की प्राप्ति का सर्वतोन्मुखी साधन है। दूसरे शब्दों में जो शासन मानव-कल्याण की अवहेलना करता है, उसे विश्व में रहने का कोई अधिकार नहीं।

भारत का संविधान भी इसी नीति को अक्षरशः व्याख्या कर रहा है, जब वह कहता है कि राज्य लोक-कल्याण के प्रयास करेगा तथा ऐसी सामाजिक व्यवस्था स्थापित करेगा जिससे न्याय के साथ सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक समानता स्थापित हो; कर्मचारियों को स्वास्थ्य एवं शक्ति प्राप्त हो; तथा उनके लिए कार्य करने की उचित मानवीय स्थितियों और अवकाश के समय मनोरंजन के साधन उपलब्ध हों। अतएव राज्य की वही इकाई आदर्श मानी जायगी जो इस कल्याणकारी नीति के अनुपालन-हेतु ठोस पग उठाये और अपने कर्मचारियों की सुख-सुविधा का सर्वदा ध्यान रखे।

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस दल भी केन्द्रीय सरकार की एक प्रमुख इकाई है और इसकी विशेषता यह है कि तात्कालिक सूचनाओं पर इसे दूर-सुदूर कभी दुर्गम एवं कभी दुर्वसित क्षेत्रों पर कानून एवं व्यवस्था हेतु जाना पड़ता है तो कभी सीमाओं पर शत्रु से जूझना पड़ता है। इस दल के दायित्वों का वर्णन करते हुए नवभारत टाइम्स 30 अक्तूबर 1973 के संस्करण में लिखता है कि "इसका काम नागरिक प्रशासन को कठिन समय में मदद देना है। राज्य पुलिस के अलावा यह नागरिक प्रशासन को लगभग सेना जैसी राहत उपलब्ध करती है।" निरन्तर चलते रहते हुए इस दल के जवानों के और उनके परिवारों के कल्याण का ध्यान रखना इसलिए और भी आवश्यक हो जाता है। तथा उसके वरिष्ठ अधिकारियों का वह मूर्धन्य दायित्व हो जाता है। इसी बात पर प्रधान मन्त्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस कल्याण प्रदर्शनी 1973 के अवसर पर बल दिया था जब उन्होंने कहा था कि पुलिस जवानों को देश के हित में कठोर सेवा भार उठाना पड़ता है। अतः उनके मनोबल तथा उनके परिवारों के कल्याण की ओर ध्यान देना चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री उमाशंकर दीक्षित ने भी इसी बात की पुनरावृत्ति की थी जब उन्होंने लिखा था कि "पुलिस के दायित्व निरन्तर पेचीदे तया कठिन हो गए हैं। यह आवश्यक है कि पुलिस जवानों तथा उनके परिवारों के कल्याण की ओर हम ध्यान दें।" भूतपूर्व गृह सचिव गोविन्द नारायण ने भी उस समय यही अभिमत अभिव्यक्त किया था कि पुलिस जवानों तथा उनके परिवारों का कल्याणकार्य पुलिस प्रशासन का एक प्रमुख अंग है जो कि पुलिस वालों के उच्चस्तर के अनुशासन एवं मनोबल बनाये रखने के लिए अनिवार्य है।

आनुषंगिक सुविधायें: इसी कारण इसमें नाना प्रकार के कल्याणकारी कार्य-कलापों का समुचित प्रबन्ध है। जवानों को असम, मणिपुर, त्रिपुरा आदि दूरस्थ स्थानों से गृह आने के लिए अतिरिक्त अवकाश मिलता है। वर्ष में गृह आने-जाने को मुफ्त पास भी मिलता है। साथ ही डाक्टरों के प्रमाण-पत्र पर एक मास की अविध से अधिक अवकाश मिलने पर जवानों को मुफ्त पास मिलता है। इसके अतिरिक्त प्रति छः वर्ष पश्चात् जवानों के परिवारों को आने-जाने को अन्य पास मुफ्त मिलता है। सेना के साथ सेवा भार उठाने में तथा नागालैंड, असम, मणिपुर, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर, नेफा इत्यादि दूरस्थ स्थानों पर सेवा करने पर राशन भी मुफ्त मिलता है। साथ में कुछ अच्छे भत्ते अलग। इसके अतिरिक्त असम, नेफा, त्रिपुरा, जम्मू तथा कश्मीर में जवानों को रम आबकारी करों से मुक्त मिलती है। इन सब उपायों से जवानों में कार्य तत्परता को पर्याप्त प्रोत्साहन मिलता है।

वैसे उनके मनोरंजन को क्लब हैं जहां विविध प्रकार के खेलों की व्यवस्था है। उनके लिए सभी प्रकार के क्रीड़ा क्षेत्र (प्लेग्राउंड) तथा कहीं-कहीं संतरण ताल (स्वीमिंग पूल) भी निर्मित किये हैं। नीमच, दिल्ली इत्यादि में स्टेडियम भी बने हैं जहां अपार जनसमूह खेल देख सकता है। दिल्ली में तो एक आडीटोरियम खोलने का भी आयोजन है।

शिक्षा : कर्मचारियों की संतानों के लिए प्रत्येक ग्रुपकेन्द्र में बाल मन्दिर तथा प्राथमिक स्कूल का प्रबन्ध है। कहीं-कहीं माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के खोलने का सुझाव है। वस्तुतः नीमच में तो एक केन्द्रीय विद्यालय खुल भी गया है। बालकों को मुफ्त पुस्तकें, वर्दी तथा अनुपूरक भोजन भी दिया जाता है तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए कुशाग्र-बुद्धि बालकों को छात्रवृत्ति की भी व्यवस्था है। नाम मात्र के भाड़े पर जवानों के बच्चों को स्कूल ले जाने लौटाने को सरकारी वाहनों का प्रबन्ध है।

आवास : दल के विश्राम के लिए ग्रुप केन्द्रों की योजना है जहां जवानों तथा उनके परिवारों के आवास का प्रबन्ध है। निम्न से निम्न प्रकार के क्वार्टरों में रसोईगृह तथा शौचालय की व्यवस्था है। इनको अवलोक कर पत्रकारों तक ने प्रशंसा की है।

जहां कहीं भी देश में ग्रुप केन्द्रों का निर्माण हो रहा है वहां अच्छा खासा एक उपनगर बन जाता है। कार्यालयों तथा कार्याशालाओं के अतिरिक्त, कर्मचारियों के निवास स्थानों तथा मनोरंजन एवं कल्याण भवनों के लिए सैकड़ों एकड़ भूमि क्रीत की जाती है। उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खुले-खुले आवास बनाये जाते हैं। नैसर्गिक छटा छिटकाने के लिए वृक्ष रोपे जाते हैं तथा उद्यान लगाये जाते है, जहां कर्मचारीगण कठोर सेवा से अवकाश पाकर प्रकृति की गोद में विश्राम ले सकते हैं।

परिवार-कल्याण केन्द्र : प्रत्येक ग्रुप केन्द्र में एक परिवार-कल्याण केन्द्र की व्यवस्था है जहां जवानों की पत्नियों को वर्दी सीने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अतिरिक्त पैजामे, कच्छे, तकिये के गिलाफ, मेजपोश, ब्लाउज, फ्राक आदि भी वहां सिले जाते हैं। सीने, काटने तथा कशीदा काढ़ी की कक्षायें भी चलाई जाती है। सन् 1972 में ग्रुप केन्द्र नीमच में 22 परिवारों को सिलाई के उषा डिप्लोमे प्रदान किये गये। कशीदा काढ़ी, निवाड़ बुनना, दरी गलीचे बनाने एवं अन्य हस्त कलाओं पर भी काम होता है। इस प्रकार प्रत्येक परिवार 100 रुपये के लगभग अतिरिक्त आय प्रति मास अर्जित कर लेता है।

वहां पाकशास्त्र की भी शिक्षा दी जाती है जिससे विविध भांति के उत्तम भोजन बनाना आ जाता है। क्योंकि जवानों की पत्नियां अधिकतर निरक्षर होती हैं, अतः उन्हें साक्षर करने का भी प्रयास किया जाता है।

जब महिलायें कल्याण केन्द्र में व्यस्त होती हैं तो उनके बच्चों की भली-भांति देख-रेख के लिए शिशु-मन्दिरों की व्यवस्था है।

कल्याण केन्द्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन रहता है जो अत्यन्त आकर्षक होता है। प्रत्येक सम्प्रदाय के जवानों को अपने पर्व-त्यौहारों को मानने की सुविधायें हैं जहां बड़े खानों तथा मिठाइयों के वितरण का भी प्रबन्ध होता है। वहां सिनेमा प्रोजेक्टरों की भी व्यवस्था है जहां चलचित्र दिखाकर मनोविनोद किया जाता है।

कहीं-कहीं तो अब टेलीविजन भी लग गये हैं जिनसे भरपूर मनोरंजन रहता है।

पणन-केन्द्र : ग्रुप केन्द्रों में पणन-केन्द्र भी हैं। इससे वस्तुयें क्रीत करने को कहीं अन्यत्र नहीं जाना पड़ता। वहीं यूनिट कैन्टीन तथा सहकारी भण्डार भी हैं जहां राशन एवं नित्य के उपभोग की अन्य सामाग्री भी उचित भाव पर मिल जाती हैं।

वहां शाकोद्यान की भी व्यवस्था है जिनसे ताजे शाक फल लाभ-मुक्त भाव पर मिल जाते हैं। साथ ही दुग्धशालायें भी हैं जहां से शुद्ध दुग्ध उचित भाव पर प्राप्त हो जाता है।

स्वास्थ्य : के० रि० पु० दल में स्वच्छता तथा स्वास्थ्य की ओर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। सांक्रामिक तथा सांस्पर्शिक रोगों की रोकथाम के पूर्वोपाय किये जाते हैं। प्रत्येक ग्रुप केन्द्र में अस्पताल होता है जहां चिकित्सा की उचित व्यवस्था है एवं स्त्री रोगों के लिए लेडी डाक्टर का प्रबन्ध है। प्रसव-कक्ष की भी सुविधा है। दिल्ली तथा आवडी में तो बेस-अस्पताल खोले गये हैं जहाँ 78 रुग्ण शय्याओं का प्रबन्ध है तथा जहां आधुनिक संयन्त्रों एवं उपचारों की सुविधा है।

परिवार नियोजन पर वहां व्यापक ज्ञान कराया जाता है तथा एतद्विषयक भाषण तथा चल-चित्रों का प्रबन्ध किया जाता है। निरोध तथा अन्य गर्भरोधक साहित्य की भी व्यवस्था होती है। चीरा नसबन्दी इत्यादि का भी उचित प्रबन्ध होता है।

उपर्युक्त वर्णन से आप ग्रुप केन्द्र की कल्याणप्रद सुविधाओं का दिग्दर्शन कर सकते हैं। ऐसे ग्रुप केन्द्र अखिल भारत के कुछ ही राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में निर्मित हैं अथवा हो रहे हैं। इन पर लगभग 62 करोड़ रुपये की धन-राशि लगाने की संभावना है। अभी तक सरकार 50 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे चुकी है जिसमें से लगभग 10 करोड़ रुपये तो निर्माण कार्य में व्यय हो भी चुके हैं। यदि इसी प्रकार निर्माण कार्य चलता रहा और उचित धन राशि मिलती रही तब चार पांच वर्ष में सब ग्रुप केन्द्रों के बन जाने की सम्भावना है।

शिविर-सुविधायें: स्थायी स्थानों के अतिरिक्त जहां भी कम्पनियां तथा बटालियन भेजी जाती हैं वहां भी मनोरंजन के लिए, खेल के सामान, समाचार-पत्र, पत्रिकाएं, रेडियो सेट, पुस्तकों तथा आभ्यंतरिक खेलों की व्यवस्था होती है। यहां तक कि दीमापुर (नागालैंड) के आवाजाही शिविर में भी मनोरंजन की व्यवस्था हो गई है। जवानों के वेतन को समय पर वितरण करने का भी प्रबन्ध है। दुर्गम्य स्थानों पर अविलम्ब डाक पहुंचाने की सुविधा दी जाती है। समय-समय पर दरबार बुलाये जाते हैं। जहां जवानों की समस्यायें सुलझाई जाती हैं तथा उत्कृष्ट सेवाओं के उपलक्ष में प्रशंसित प्रविष्टियां, नकद पारितोषिक एवं पदक प्रदान कर कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने की व्यवस्था है।

वित्तीय-साहाय्य : इस दल के जवानों की सहायता के लिए केन्द्रीय सरकार ने लगभग दस लाख रुपये अनुदान के रूप में दिये हैं।

इसके अतिरिक्त महानिदेशक महोदय, से लेकर सिपाही तक से मासिक शुल्क लेकर कई लाख रुपये की **कल्याणनिधि** का निर्माण हुआ है जिससे रुग्ण कर्मचारियों को तथा मृत्यु के उपरान्त उनके परिवारों को सहायता दी जाती है। इसी वित्त वर्ष में अद्यावधि 62 ऐसे परिवारों को लगभग एक लाख रुपया प्रदान किया जा चुका है। साथ ही सिनेमा प्रोजेक्टर इत्यादि कल्याण सम्बन्धी सामग्री इससे क्रीत की जाती है।

इसी प्रकार केन्द्रीय सरकार ने सन् 1968 में पन्द्रह लाख रुपये का दान देकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का **हितकारी निधि** बनाया है। इसके ब्याज से सेवारत जवानों की मृत्यु होने पर उनके शोक संतप्त परिवारों को आर्थिक सहायता का प्रबन्ध है। अद्यतन चालू वित्त वर्ष में 39 ऐसे परिवारों को लगभग 63 सहस्र रुपये से सहायता की जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त बटालियन **कल्याण निधि** भी निर्मित है जो जवानों के परिवारों के कल्याणों में लगाई जाती है। इससे दिवंगत जवानों के परिवारों को सत्वर-साहाय्य का प्रवन्ध है।

साथ ही किन्हीं स्थानों पर उग्रपन्थियों द्वारा हत्या होने पर दस सहस्र रुपये तक की शोक-संतप्त परिवारों को तात्कालिक सहायता की व्यवस्था है।

युद्ध-विधवायें : इधर सन् 1971 के पाक-युद्ध में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के अनेक जवानों ने वीर गति प्राप्त की। यह दल उनके बलिदान के प्रति कैसे कृतघ्न हो सकता है ! इस दल ने जवानों की विधवाओं को तात्कालिक आर्थिक सहायता के साथ-साथ प्रचुर संख्या में सिलाई तथा बनने की मशीनें दिलवाई हैं जिनसे वस्त्र सी-बुन कर वे जीवन-यापन कर सकें। उन्हें कम्बल, चादरें तथा तौलियें आदि भी दिलवाई हैं। जब जनवरी 1973 में प्रधान मंत्री बेस अस्पताल का शिलान्यास करने झरोदा कलां दिल्ली गई तब इस दल ने प्रधान मंत्री के ही कर कमलों द्वारा मशीनें प्रदान कर उन बेचारियों को गौरवान्वित कराया।


क्रीड़ा क्षेत्रे—पश्चिम क्षेत्र तथा पुलिस ड्यूटी प्रतियोगिता



इन्हीं दिनोंनीमच में हुए 1973 के पश्चिमी क्षेत्र टूर्नामेण्ट में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की निम्नलिखित टीमें अखिल भारतीय पुलिस खेलों की अर्हता प्राप्त करने में सफल हुयीं।

(1) हाकी (2) बास्केटबाल (3) वालीबाल और (4) जिमनास्टिक्स

दस भारों में से नौ के लिये केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के ग्यारह मल्ल-योद्धाओं को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु चना गया।



अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी प्रतियोगिता में भी हमारी टीमों ने उत्तम गौरव दर्शाया। रायफल लक्ष्य-वेधन में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने 200 गज (झुकने) तथा 300 गज (स्नैप) लक्ष्य वेधन में प्रथम स्थान पाये। इसी भांति पिस्तौल लक्ष्य-वेधन में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने 30 गज (आक्रमण) तथा शीघ्र चलाने में प्रथम स्थान प्राप्त किये और 25 गज प्रयोग में तृतीय स्थान पाया। सूबेदार ए० मनीकम सर्वश्रेष्ठ गोली चालक घोषित हुआ।


बेतार टीम कार्य में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल सर्वोपरि रहा एवं चार पदक तथा एक ट्राफी जीती। व्यक्तिगत कौशल में दल को तृतीय स्थान मिला।


मोटर वाहन प्रतियोगिता में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल जीप में प्रथम तथा पिकअप में तृतीय रहा।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने कल्याण प्रदर्शनों में आठ पारितोषिक पाये । हमारा स्टाल सर्वोत्तम एवं अत्यंत लोकप्रिय रहा। दो दिवस में 2,700 रुपये की वस्तुयें बिक गई।

जीवन रक्षा के लिये केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने प्रधानमंत्री पदक प्राप्त किया। किसी ओर से भी बिना आपत्ति उठाये यह टूर्नामेण्ट अत्यन्त सफल रहा ।












1973







में पदक-वितरण









वर्णनात्मक लेख

“चलती गाड़ी में कत्ल”

लेखक :—श्री एस० पी० भारद्वाज

“यह लेख ‘नन्दा मर्डर’ केस पर आधारित है जिसे 1951 में श्री निगमेंद्र सेन सक्सेना महानिरीक्षक ने लिखा था जो पुलिस ट्रेनिंग कालेज के प्रकाशन ‘कुछ अच्छी छानबीनों’ में प्रकाशित हुआ था।”

उत्तर प्रदेश की अधिकतर जनता भगवान में विश्वास करती है अतः वह सूर्यनारायण के उदय होने से पूर्व ही भगवत् पूजा कर लेती हैं। लेकिन 24 जुलाई 1947 का दिन लखनऊ की जनता के लिये बड़ा शोकग्रस्त था क्योंकि उत्तर प्रदेश से प्रकाशित समाचार-पत्रों के मुख-पृष्ठ पर बड़े बड़े अक्षरों में श्री एस० पी० नन्दा के निर्दयतापूर्ण कत्ल का समाचार प्रकाशित हुआ था और उसके कानों में सड़क पर चिल्लाते हुये समाचार बेचने वालों की ध्वनि सुनाई पड़ रही थी कि “एस० पी० नन्दा का गाड़ी में कत्ल” । भगवत् पूजा की तैयारी में भक्त लोगों को इस ध्वनि पर विश्वास नहीं हुआ क्योंकि श्री नन्दा लखनऊ की जनता के लिये व्यवहार कुशल सज्जन पुरुष थे और उनका लखनऊ शहर में किसी से भी मनमुटाव एवं द्वेष भाव नहीं था । अतः इस अशुभ समाचार की वास्तविकता मालूम करने के लिये लोग घरों से निकल कर अखबार वालों की तरफ तेजी से दौड़ पड़े और चन्द ही क्षणों में इस दर्दनाक घटना का हवाला पढ़कर स्तब्ध हुये खड़े रहे । सभी के हृदय में तरह-तरह के विचार आ रहे थे। भोली-भाली अनजान जनता को आश्चर्य था कि मेल गाड़ी के प्रथम श्रेणी के डिब्बे में भी श्री नन्दा का किसने कत्ल कर दिया । यह अशुभ समाचार उत्तर प्रदेश तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि समाचार पत्रों ने हिन्दुस्तान के कोने-कोने में दुःखमयी घटना को फैला दिया और जनता पुलिस के कार्य कलापों के ऊपर विभिन्न प्रतिक्रियायें करने लगी।

श्री एस० पी० नन्दा 35 वर्ष के नौजवान थे और उनका शरीर बड़ा हृष्ट-पुष्ट था । वह मिलिट्री विभाग में उच्च श्रेणी के पद पर कार्य कर रहे थे । वह शिक्षा के क्षेत्र में भी अद्वितीय थे। श्री नन्दा को काफी विदेशी भाषाओं का भी अच्छा ज्ञान था, इसीलिए भारत सरकार उनको भारतीय विदेश सेवा (Indian Foreign Service) के लिये भी चुन चुकी थी। सरकार को उनके ज्ञान और परिश्रम के आधार पर आशा थी कि भारतीय विदेश सेवा कार्य में श्री नन्दा एक बहुत ही उपयुक्त व्यक्ति सिद्ध होंगे ।

23 जुलाई, 1947 को श्री एस०पी० नन्दा 5 अप पंजाब मेल से अम्बाला जाने के लिये लखनऊ रेलवे स्टेशन पर पहुंचे । गाड़ी स्टेशन पर पहुंचते ही यात्री अपनी-अपनी श्रेणियों के डिब्बों में प्रवेश करने लगे। श्री नन्दा ने भी प्रथम श्रेणी के डिब्बे में प्रवेश किया । उस डिब्बे में केवल रायल गढ़वाल राइफल्स के मेजर पी चौधरी ही दूसरे यात्री थे, जो कलकत्ता से आ रहे थे और उनको लैन्स डाउन जाना था। गार्ड के इशारे पर गाड़ी ने सीटी बजाई और धीरे-धीरे लखनऊ स्टेशन को छोड़ने लगी । चूंकि उस डिब्बे में केवल दो ही यात्री थे अतः स्वभावतः श्री नन्दा और मेजर चौधरी आपस में बातें करने लगे। मेल गाड़ी थी अतः उसने भी अपनी रफ्तार तुरन्त ले ली।

रात्रि के 8 बजकर 30 मिनट हो रहे थे कि गाड़ी दौड़ते हुये घोड़े की तरह फूं-फूं करती हुई शाहजहांपुर स्टेंशन पर पहुंची। प्लेटफार्म पर यात्री अपना-अपना सामान लेकर गाड़ी में चढ़ने-उतरने लगे और कुछ वहां पर इधर-उधर घूमने और चाय-सिगरेट पीने लगे। रात्रि-भोज का करीब-करीब समय हो चुका था, अतः मेजर चौधरी भी डिब्बे से प्लेटफार्म पर आये और रात्रि-भोज के लिए रेस्टोरेन्ट कार में पहुंचे । मेजर साहब के जाने पर अब इस प्रथम श्रेणी के डिब्बे में केवल श्री नन्दा ही थे। गाड़ी वहाँ थोड़ी देर ठहरने के उपरान्त रात्रि के 8 बजकर 38 मिनट पर शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हो गई । रात्रि का समय था। बहुत दूर-दूर से यात्री गाड़ी में यात्रा कर रहे थे अतः वे कुछ आराम करने की इच्छा से सोने की व्यवस्था करने लगे।

गाडी रात्रि के 9 बजकर 48 मिनट पर बरेली स्टेशन पर पहुंची । जब तक मेजर चौधरी भी खाना खा चुके थें । वह रेस्टोरेन्ट कार से प्लेटफार्म पर उतर कर धीरे-धीरे अपने डिब्बे की तरफ चलने लगे और चन्द सेकिन्डों में अपने डिब्बे के दरवाजे पर पहुंच गये । मेजर साहव ने डिब्बे का दरवाजा खोलकर अन्दर प्रवेश किया ही था कि वहां खून में लथ-पथ श्री नन्दा की लाश को देखकर चकित रह गये । कुछ क्षण के लिये इस भयानक दृश्य को देख कर उनकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया और उनके मस्तिष्क में विभिन्न अशुभ विचार आने लगे । अन्त में उन्होंने अपने होश-हवास सम्भाले और साहस करके फौरन श्री नन्दा के वध की सूचना रेलवे अधिकारियों को देने गये। रेलवे अधिकारियों ने इस हत्या की सूचना तुरन्त रेलवे पुलिस को दी।

स्टेशन पर खड़ा वह प्रथम श्रेणी का डिब्बा भयंकर दिखाई पड़ रहा था। वहां पर उपस्थित जनता आश्चर्य में डूबी हुई डिब्बे को घेर कर खड़ी थी और आपस में विभिन्न अनुमान लगाकर वार्तालाप कर रही थी। उस खून से लथ-पथ लाश को एक बार जो देख लेता था दुबारा देखने की उसकी हिम्मत नहीं होती थी। केवल प्रेस, फोटोग्राफर और रिपोर्टर ही लाश के निकट दिखाई दे रहे थे । इस काण्ड की सूचना वन्य अग्नि की भांति पूरे बरेली शहर में फैल गई और बरेली की जनता रेलवे स्टेशन की तरफ उमड़ पड़ी। रेलवे पुलिस और सिविल पुलिस ने जनता को तितर-बितर करने का बहुत प्रयास किया, लेकिन भीड़ कम नहीं हो रही थी। अतः कानून और व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अधिकारियों को बाहर से पुलिस बुलानी पड़ी।

चूंकि मामला संगीन था, अतः उत्तर प्रदेश सरकार ने इस काण्ड की जांच का उत्तरदायित्व खुफिया विभाग को दिया । खुफिया विभाग के अधिकारियों के सामने इस

रहस्यमयी कत्ल का सुराग ढूंढ़ निकालना एक समस्या बनी हुई थी क्योंकि श्री नन्दा का कत्ल चलती हुई मेलगाड़ी में हुआ था, अतः बार-बार उनके सामने प्रश्न पैदा होते थे कि गाड़ी बहुत तेज चलने पर भी कातिल या कातिलों ने गाड़ी में प्रवेश कैसे किया होगा और कत्ल करने के बाद चलती गाड़ी से कहां और कैसे उतरे होंगे? इस कत्ल का उद्देशय क्या होगा ? क्या यह कत्ल विभागीय झगड़े के कारण हुआ ? क्या कत्ल प्रेम के झगड़े में हुआ ? इन प्रश्नों का उत्तर कहीं नहीं मिल रहा था। खफिया विभाग के अधिकारियों ने इस काण्ड की जांच शुरू करने से पूर्व इस घटना के ऊपर ठंडे दिमाग से आपस में विचार विमर्श किया और उन्होंने एक योजना तैयार की । इसके बाद उन्होंने पुलिस की प्राथमिक जाँच की कार्यवाही को ध्यान पूर्वक पढ़ा और वे निम्नलिखित निष्कर्षों पर पहुंचे :—

(1) चूंकि कत्ल चलती गाड़ी में हुआ, अतः अपराधियों को चलती गाड़ी में चढ़ने उतरने की आदत होगी।

(2) चूकि श्री नन्दा एक हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति थे, इसलिए एक व्यक्ति द्वारा उनका वध करना असम्भव होगा; अतः कातिल एक से अधिक होंगे।

(3) जिन परिस्थितियों में कत्ल हुआ, उनसे आभास होता है कि अपराधी साहसी होंगे।

(4) चूंकि डिब्बे के अन्दर रक्त के धब्बों से युक्त दो फटी पट्टियां मिली थी और ये पट्टियां मेजर चौधरी की रेशमी कमीज से फाड़ी हुई थीं और फटी हुई कमीज गुस्लखाने में मिली थी, अतः कातिल की एक या दो उंगुली कटी होंगी।

(5) तिल्हर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर एक जर्सी मिली थी, अत. उससे कातिल की तन्दुरुस्ती का अनुभव लगाया जा सकता था।

(6) डिब्बे में एक रूमाल भी मिला था और उसके दोनों कोने बंधे हुए थे अतः अपराधी ने अवश्य ही उसे सिर पर बांधा हुआ होगा।

(7) अपराधियों की एक जोड़ी चप्पल, एक रुमाल, एक जोड़ी नेकर और एक जर्सी जो वस्तुएं वहां मिली थी उनसे आभास होता था कि अपराधी छोटे घर के आदमी होंगे।

(8) इस कत्ल का उद्देश्य कोई भी रहा हो, लेकिन लूटना या चोरी भी उनमें से एक उद्देश्य अवश्य रहा होगा क्योंकि श्री नन्दा और मेजर चौधरी का सामान इधर-उधर फैला हुआ मिला था। कुण्डी पर टंगी श्री नन्दा की कभीज की जेब पर खून के हाथों के चिह्न थे, अतः उन्होंने जेब की तलाशी ली होगी। इसके अतिरिक्त एक कैमरा, एक जोड़ी पतलून, एक जोड़ी मोजा और एक जोड़ी चप्पल भी वहां से चुराई हुई थी। मेजर चौधरी के सूटकेस से एक हाथ की घड़ी भी चुराई गई थी लेकिन बाद में वह एक के नेकर की जेब में ही मिल गई थी जिस नेकर को वे डिब्बे में ही भूल गये थे।

इन सभी तथ्यों की जानकारी के बाद खुफिया विभाग के अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि कत्ल चलती हुई गाड़ी में शाहजहांपुर और बरेली के मध्य हुआ था, अतः अपराधी कहीं आसपास के ही होने चाहिये । इस आधार पर उन्होंने लखनऊ हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली और मुरादाबाद के जिलों में चरित्रहीन व्यक्तियों की जितनी भी

सूचेयां थीं उनको अच्छी प्रकार से छानबीन की । लेकिन इतना परिश्रम व्यर्थ हो रहा और कोई सुराग इस सम्बन्ध में नहीं मिला । लेकिन इस खोज के दौरान उनको ज्ञात हुआ कि 31 जुलाई 1947 को एक रूपकिशोर नाम का व्यक्ति सैक्शन 109 के अधीन गिरफ्तार किया गया है । बाद में यह भी पता लगा कि उसके साथ ही सुक्खन नाम का व्यक्ति भी गिरफ्तार किया था और उसके पास रामपुर का बना हुआ चाकू भी मिला था। इस आधार पर यह अनुमान लगाया जा सकता था कि उन दोनों व्यक्तियों का धंधा लूटना, चोरी और डकैती आदि डालने का होगा। लेकिन बिना किसी तथ्य के उनके बारे में कोई भी निश्चित धारणा नहीं बनाई जा सकती थी। अतः उस समय उनसे घटना के सम्बन्ध में कोई छानबीन नहीं की गई।

समय व्यतीत होता जा रहा था, तथा जनता की इस घटना पर आंखें सफलता जांच अधिकारियों के सम्मुख एक जटिल समस्या का रूप धारण करती जा रही थी, क्योंकि अपराधियों को अगर अधिकारियों ने ढूंढ़ निकाला तो यश प्राप्त होगा, अन्यथा खुफिया विभाग जनता की आंखों से गिर जायेगा अतः जहां से भी कोई थोड़ा भी सुराग मिलता था, अधिकारी तुरन्त वहां पहुंच कर छान-बीन करते थे।

जांच अधिकारी बरेली शहर में भी छानबीन करने में व्यस्त थे। वहां पर पता लगा कि एक अजीज खां नाम का चरित्रहीन व्यक्ति 30 अगस्त 1947 को गिरफ्तार किया गया है उसके बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए पता लगा कि अजीज खां जब गिरफ्तार किया गया था उस समय वह एक जर्सी पहने हुए थे। उसकी जर्सी को तिल्हर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर मिली जर्सी से नापा गया तो दोनों ही जर्सियों का एक ही माप निकला। "डूबते को तिनके का सहारा" वाली कहावत यहां पूर्णरूपण चरितार्थ हुई, क्योंकि जर्सियों का एक ही माप निकलने पर अधिकारियों को अजीज खां के बारे में अन्य जानकारी मालूम करने का प्रोत्साहन मिला। जांच अधिकारी की आंखें तुरन्त अजीज के हाथों की तरफ गई तो पता लगा कि उसकी एक उंगुली पर घाव का निशान था। जांच अधिकारियों को पुलिस अधिकारियों के साथ उसके बारे में वार्तालाप करते समय पता लगा कि गिरफ्तार करते समय जब अजीज की तलाशी ली थी तो उसके पास एक रामपुर का चाक भी मिला था। इन सभी जानकारियों ने जांच अधिकारियों के मस्तिष्क में सन्देह पैदा कर दिया कि श्री नन्दा के कत्ल में अजीज खां का हाथ अवश्य रहा होगा। अतः उन्होंने जांच की सफलता के लालच में अजीज के ऊपर प्रश्नों की बौछार शुरु कर दी लेकिन अजीज भी नया खिलाड़ी नहीं था जो आसानी से वार्तालाप के चक्रव्यूह में फंस जाय । वह भी अधिकारियों से ऐसे बातें कर रहा था कि मानो उसने जिन्दगी में कभी कोई अपराध किया ही न हो। लेकिन जांच अधिकारी इतनी ही बातों पर ही खामोश बैठने वाले नहीं थे। वे अजीज के बारे में छिपे-छिपे जांच करते रहे।

परिश्रमी के हाथ में सफलता का निवास होता है । एक दिन जांच अधिकारियों को सुराग मिला कि अजीज और रूपकिशोर जो जेल में बन्द था आपस में घनिष्ट मित्र हैं। इस तथ्य का मुख्य आधार यह था कि जेल के अन्दर एक दिन दोनों ने आपस में जूते बदले थे। अब रूपकिशोर से भी इस घटना के सम्बन्ध में पूछ-ताछ करना आवश्यक हो गया था, अतः रूपकिशोर को अनेकों लालच देते हुए बातें शुरू की गई । लेकिन

वह भी साथी तो अजीज का ही था। इतनी आसानी से उससे सुराग निकालना कठिन था। पुलिस की योजनायें और उनके हाथ बहुत लम्बे होते हैं, अगर कोई कातिल उनके जाल में फंस जाय तो आसानी से उनके हाथों से छूटकारा मिलना असम्भव है। जब अजीज और रूपकिशोर इस कत्ल के बारे में कुछ भी बताने को तैयार नहीं थे तो अधिकारियों ने अन्य बन्दियों को बाध्य किया कि वे रूपकिशोर के साथ मित्रता का सम्बन्ध स्थापित करें क्योंकि मनुष्य शराब के नशे में मित्रों के मध्य में या अपनी प्रेमिका से गोपनीय बातों को भी कह बैठते हैं।

एक दिन रूपकिशोर प्रसन्न मुद्रा में था। वह अपने हृदय में छिपे पाप के बोझ को सहन न कर सका और अपने जेल के साथियों के मध्य उसने स्वीकार किया कि श्री नन्दा का कत्ल उसने और अजीज खां दोनों ने ही किया था। इसके बाद रूपकिशोर ने श्री नन्दा के कत्ल की पूरी कहानी सुना दी। इतना कहना ही था कि जांच अधिकारी ने अपनी सफलता पर मुस्कान छेड़ी और अपने इष्टदेव का स्मरण किया।

खुफिया विभाग के अधिकारियों ने अन्य मनुष्यों के सम्मुख रूपकिशोर और अजीज खां के बयान लिये। अब उनके कथन की सत्यता के लिए गवाहों और तथ्यों की आवश्यकता थी, अतः अधिकारी उन व्यक्तियों की तलाश करने लगे जिनको इस घटना के सम्बन्ध में कुछ ज्ञान हो। खुफिया विभाग को यश प्राप्त होना था अतः सफलता उनके आगे-पीछे घूम रही थी। अधिकारियों को एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण गवाह ढूढ़ने में सफलता प्राप्त हुई। जब श्री नन्दा का कत्ल हुआ था उन दिनों शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के आस-पास बिना टिकट यात्रियों और रेलवे में चोरी करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही थी अतः ऐसे अपराधियों की खोज के लिए रेलवे मजिस्ट्रेट श्री बी० एन० खन्ना अधिकतर शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन जाया करते थे। उनसे पूछ-ताछ करने पर उन्होंने बताया कि 23 जुलाई 1947 को 5 अप पंजाब मेल गाड़ी जब शाहजहांपुर स्टेशन पर पहुंची और वहां से रवाना हुई उस समय वह प्लेटफार्म पर इधर-उधर घूम रहे थे। जब गाड़ी स्टेशन से धीरे चलने लगी तो दो आदमी प्रथम श्रेणी के डिब्बे के पायदान से प्लेटफार्म पर कूदे थे। उन व्यक्तियों का जो ढंग था उससे श्री खन्ना को संदेह था कि वे चोर होंगे। इतना ही नहीं श्री खन्ना ने जेल में बन्द अजीज और रूपकिशोर को पहचाना भी था कि वे वही व्यक्ति थे। श्री नन्दा के कत्ल करने वालों की पहिचान के लिए उच्च न्यायालय ने भी श्री खन्ना के बयानों को बहुत ही विश्वासनीय बताया क्योंकि उन्होंने यह पूर्ण रूपेण सिद्ध कर दिया कि ये ही दोनों अभियुक्त उस प्रथम श्रेणी के डिब्बे में चढ़े थे जिसमें यह कत्ल हुथा था।

अब जांच अधिकारियों ने उन चप्पलों और नेकरों को मंगाया जो कत्ल वाले डिब्बे में मिले थे। चप्पलों को अजीज को पहनाया गया तब उसके ठीक आई और रूपकिशोर जो शरीर में दुबला था, नेकर को पहनाया गया तो उसके पूरी तरह ठीक आया। इन तथ्यों के आधार पर अधिकारियों को पूर्ण विश्वास हो गया था कि कातिल ये ही दो व्यक्ति थे। उच्च न्यायालय ने भी इस प्रमाण को अपराधियों की पहिचान के लिये उचित बताया।

घटना की छान-बीन अभी पूरे जोर से चल रही थी कि अधिकारियों को सुराग मिला

ाके अजीज और रूपाकेशोर हलद्वानी में अधिकतर मिला करते थे और साथ-साथ वहां शहर के अन्दर घूमा करते थे। अधिकारियों ने हलद्वानी में भी छानबीन शुरू कर दी। वहां पर खून के धब्बों से युक्त श्री नन्दा के कपड़े और मेजर चौधरी का कैमरा भी प्राप्त हुआ। वास्तविकता की जांच के लिए अधिकारियों ने इन वस्तुओं को अपने कब्जे में किया। इस घटना की छानबीन के दौरान अधिकारियों का यह भी पता लगा कि जिस दिन यह घटना हुई थी उस दिन एक पाइन्टमैन गोबर्धन ने रेलवे जंक्शन पर दो मनुष्यों को रेलवे लाइन से जाते हुए देखा था। जब गोबर्धन ने उनसे पूछ-ताछ की तो उसने बताया कि वे ही यात्री थे।

इसके अतिरिक्त एक गवाह और भी मिला जिसका कि नाम था सरदार अहमद । वह रनिंग रूम में खानसामा का कार्य करता था। उसने बताया कि जिस दिन श्री नन्दा का कत्ल हुआ, उस रात को रूपकिशोर और उसका साथी पूरी रात रनिंग रूम में रहे थे अतः हो सकता है कि कत्ल के बाद दोनों ने रनिंग रूम में ही रात्रि व्यतीत की होगी। खानसामा को जेल ले जाया गया। वहां उसने रूपकिशोर और उसके साथी अजीज अहमद को तुरन्त पहचान लिया ।

अब खुफिया विभाग के पास श्री नन्दा के कत्ल से सम्बधिन्त पूरी रिपोर्ट तैयार हो चुकी थी। रिपोर्ट को निर्णय के लिए बरेली न्यायालय में भेजा गया। बरेली के न्यायाधीश ने खुफिया पुलिस द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के प्रत्येक पहलू का अध्ययन किया। इस रिपोर्ट में वैज्ञानिक रूप से की हुई श्री नन्दा के कत्ल की जांच और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायाधीश के सम्मुख रूपकिशोर और अजीज खां को कातिल घोषित करने में कोई भी संदेहात्मक पहलू नहीं था। अतः 8 मार्च 1949 को बरेली के न्यायाधीश ने अपने निर्णय में अजीज खां और रूपकिशोर को श्री नन्दा के कत्ल के अभियोग में मृत्यु दण्ड की घोषणा की और इसकी स्वीकृति 24 फरवरी 1950 को माननीय उच्च न्यायालय ने भी दे दी। इस सम्बन्ध में उनकी अपील को भी अस्वीकार किया गया ।

25 फरवरी 1950 को श्री नन्दा काण्ड को पूरी कहानी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई। श्री नन्दा की मृत्यु से लखनऊ की जनता का घाव तो कभी पूरा नहीं हो सकता था लेकिन जनता को इतनी सान्त्वना अवश्य मिली कि श्री नन्दा के कत्ल करने वालों को उचित फल मिल गया। अजीज खां और रूपकिशोर को फांसी दे दी गई। इस काण्ड की छानबीन करने वाले खुफिया विभाग ने सम्पूर्ण जनता का विश्वास एवं यश प्राप्त किया। इतना ही नहीं सरकार ने भी इस विभाग के अधिकारियों द्वारा इस घटना की जांच में ईमानदारी और सत्यता के साथ किये गये अथक परिश्रम की सराहना की और उनको उचित पुरस्कार प्रदान करके भविष्य के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

गौरव गाथा-

शौर्य पदक



श्री० के० नरसिंह राव



का० दीलीपकुमार सिंह

3 मई 1972 को नादिया जिले में कुछ प्रमुख उग्रवादियों के छुपने की सूचना पाते ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 5 बटालियन के जमादार कड़ियाला नरसिंह राव शांतिपुर पुलिस थाने के मण्डल निरीक्षक श्री एस० सी० कून्डू के नेतृत्व में एक पुलिस दल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। इस दल को तीन टुकिड़ियों में विभक्त किया गया और जमादार राव को बाजू का नेतृत्व दिया गया। उग्रवादियों ने गोलियों, हथगोलों की आड़ में बच निकलने का प्रयास किया। निज प्राणों को संकट में डालकर जमादार राव ने विरोधियों के एक मोर्चे का पता लगा लिया। पर अपनी पिस्तौल की मार से बाहर पाकर उन्होंने उसे अपने कान्स्टेबिल दलीपकुमार सिंह को दिखाया जिसने उस उग्रवादी को अतीव गंभीर स्थिति में उलझाये रखा। जमादार राव खुले स्थान पर चल

रही गोलियों तथा हथगोलों की बौछार की चिन्ता नहीं करते हुयें उग्रवादियों के निकट पहुंच गये। उनके इस निर्भीक तथा निश्चल संकल्प ने क्या अपने जवान तथा क्या स्थानीय पुलिस कर्मचारी सभी का मनोवल बढ़ाया । फलस्वरूप दो उग्रवादी और धराशायी हुये तथा दो बच कर भागने की चेष्टा करने लगे परन्तु कान्स्टेबिल दलीपकुमार सिंह ने एक पर ऐसी अचूक गोली चलाई कि वह वहीं खेत रहा और दूसरा भी अंतिम मुठभेड़ में मारा गया।

इस धावे में जमादार राव की उत्कृष्ट वीरता तथा अनुकरणीय नेतृत्व के प्रदर्शन के कारण उन्हें राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्निशमन सेवा का पदक प्रदान किया गया तथा कांस्टेबिल दलीप कुमार सिंह को उनके उदाहरणीय साहस एवं उच्चकोटि की सेवा भावना के दर्शाने हेतु पुलिस शौर्य पदक मिला।

दिनांक 5/6 दिसम्बर 71 की रात्रि को भारतीय तथा पाकिस्तानी सेनाओं की भयंकर गोलाबारी में काश्मीर क्षेत्र की चालीयारी चौकी की संचार व्यवस्था नष्ट हो गई । इस चौकी की रक्षा को नियुक्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 16 बटालियन के कांस्टेबिल जावकिम लेकरा ने अपने प्राण की चिन्ता नहीं करके अपने बंकर से तुरन्त बाहर आकर संचार-व्यवस्था ठीक की तथा निरन्तर गोलाबारी होते हुये भी उसे दो घण्टे तक चालू रक्खा। उनके इस संयमित धैर्य तथा उच्च कर्त्तव्य-परायणता के उपलक्ष्य में पुलिस शौर्य पदक प्रदान किया गया ।

कुछ सशस्त्र विरोधियों की उपस्थिति की मिजोराम के लुंगफो ग्राम में सूचना पाते ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के 23 बटालियन के सूबेदार सुल्तान सिंह की कमान में एक गश्ती दल ने दिनांक 19 सितम्बर 1972 को लगभग प्रातः 3 बजे पहुंच कर क्षेत्र की नाकेबन्दी की। समस्त दिन की छान-बीन के उपरान्त उन्हें एक विरोधी को पकड़ने में सफलता मिली तथा उसके ही द्वारा तीन अन्य विरोधियों को भी पकड़ लिया गया। साथ ही, 6 रायफलें, एक ग्रेनेड और गोलाबारूद के 550 राउंड प्राप्त हुए। इस सबका श्रेय श्री सुल्तान सिंह की अनुकरणीय निर्भीकता, नेतृत्व तथा उत्कृष्ट कर्त्तव्य परायणता को ही है जिसके उपलक्ष्य में उनको पुलिस शौर्य पदक मिला।

21 अप्रैल, 1972 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के 8 वीं बटालियन के उप-अधीक्षक श्री राजेन्द्र पाल सिंह को सूचना मिली कि अपने आप को विरोधी नागा कप्तान कहने वाला चारंग और उसके साथी, जो बढ़िया हथियारों से लैस हैं, मणिपुर के सदर पहाड़ी क्षेत्रों में तफोऊ गांव में पड़ाव डाले हुए हैं। 22 अप्रैल, 1972 की प्रातः को श्री सिंह ने टोह लेने के बाद जिस मकान में नागा ठहरे हुए थे उसे घेर लिया। दरवाजा तोड़ कर जब श्री सिंह ने उस स्वतः घोषित कप्तान को धर दबोचा और उसकी रायफल छीन ली तो विरोधियों द्वारा जवाबी हमले में मौत का खतरा बिलकुल साकार था । चारंग के दो साथियों को भी उसी मकान से श्री सिंह के साथियों ने गिरफ्तार कर लिया।

श्री राजेन्द्र पाल सिंह ने नागा विरोधियों का मुकाबला करने में उत्कृष्ट वीरता तथा उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया और पुसिल शौर्य पदक प्राप्त किया।

रिपोताज—

देश सेवा में

लेखक : श्री एच० एस० सेठी

अर्जुन से भगवान कृष्ण ने कहा है :-

"यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तादत्मानं सृजाम्यह्यम् ।
परित्राणाय साधुनाम् विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ।

हे भारत ! जब जब धर्म की हानि होती है और अधर्म की वृद्धि होती है तब तब ही मैं प्रकट होता हूं। क्योंकि साधु पुरुषों के उद्धार के हेतु तथा दूषित कर्म करने वालों के नाश के लिये एवं धर्म स्थापना के निमित्त मै युग युग में प्रकट होता रहता हूं।

तामिलनाडू

देश की सम्प्रति राजनीति में ऐसा कहा जा सकता है कि जब भी कानून तथा व्यवस्था की गंभीर हानि होती है, भगवान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के रूप में अवतरित होते हैं । नवम्बर 1973 में जब मद्रास विपुल छात्र-उपद्रवों तथा हड़तालों से सिहर उठा था उस समय स्थानीय प्राधिकारियों के परित्राण तथा शांति एवं सामंजस्य स्थापित करने के लिये केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज-II, रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र-II तथा ग्रुपकेन्द्र आवडी के जवान विधि एवं नियम के मनुष्यों का रूप धारण कर वहां पहुंचे । आवडी मे तो केवल हमारे प्रशिक्षण संस्थान तथा प्रशासनात्मक केन्द्र हैं । वहां पर विविध प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है किन्तु जब मद्रास से प्रार्त्त पुकार वहां पहुंची, सबने तुरन्त प्रशिक्षण तथा अन्य दिन चर्या स्थगित कर दी और 25 नवम्बर 1973 को चार कंपनियों में संगठित होकर पुलिस कमिश्नर आवडी की सहायता को चल पड़े। 5 दिसम्बर 1973 तक जब तक वहां हैदराबाद से नियमित कंपनियां नहीं आ गईं वे स्थानीय प्राधिकारियों को बहुमूल्य सेवा अर्पित करते रहे।

जम्मू तथा काश्मीर

नवम्बर 1973 में राष्ट्र विरोधी तत्वों तथा स्वार्थी राजनीतिज्ञों के प्रभाव में आ कर

छात्रों के अनेक आन्दोलन एवं प्रदशेनों के कारण जम्मू तथा काश्मीर मे कानून एवं व्यवस्था बिगड़ी रही। हमारे जवान इस समस्या के निपटने में अत्यन्त व्यस्त रहे और अत्यधिक संयम से काम लेते रहे। 7 नवम्बर 1973 को सरकारी महिला कालेज श्रीनगर की उपद्रवपूर्ण स्थिति पर नियंत्रण पाने हेतु 2 तथा 23 बटालियन की 6 कंपनियां नियुक्त की गई । चलते यातायात तथा सरकारी भवनों पर भीड़ ने पथराव किया तथा कालेज कैण्टीन में आग लगा दी। हमारे जवानों की अनुपस्थिति में तो वे प्रयोग शाला ब्लाक में भी आग लगा देते। जिसके कारण हमारे जवान जनघटी प्रकोप के मख्य लक्ष्य बन गये तथा पत्थरों, इंटों और सोडावाटर की बोतलों की बौछारों से आतिथ्य पाते रहे। फलस्वरूप हमारे कतिपय जवान और अधिकारी आहत हुये। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की एक जीप तथा पांच राइफलें टूट गई। हल्के लाठी प्रहार तथा अश्रुगैस द्वारा स्थिति पर नियंत्रण पाया गया और हमारे जवानों ने अत्यधिक संयम से काम लिया ।

16 नवम्बर 1973 को कुछ शठाशयों ने अमीर कादल पुल में आग लगने की चेष्टा की; किन्तु स्थानीय पुलिस के कंधा से कंधा लगाये हमारे जवानों ने यह प्रयास विफल कर दिया ।

14 नवम्बर 1973 से श्रीनगर की घटनाओं की प्रतिक्रिया स्वरूप जम्मू में घटनायें प्रारम्भ हुई । क्योंकि जम्मू में हमारी कोई नियमित बटालियन नहीं थी, हमने तुरन्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल से एक तदर्थ कंपनी भेजी जिसने स्थानीय प्राधिकारियों की जम्मू में सामान्य स्थिति लौटाने में सहायता की। तत्पश्चात् 20 बटालियन की 3 कंपनियां जम्म भेजी गई। महानिरीक्षक जम्मू तथा काश्मीर ने घाटी में नवम्बर 1973 की उत्पन्न विध्वंसात्मक स्थिति को सुलझाने हेतु हमारे जवानों ने जो संयम वरता उस पर उन्हें बधाई दी। कतिपयों को उनके उत्तम कार्य के लिए पुरस्कार भी दिये गये ।

मणिपुर

सितम्बर 1973 में असम से साहाय्य भेजे जाने पर भी मणिपुर में स्थिति सामान्य नहीं हो सकी । निष्काम कर्म की सच्ची भावना से तथा दल के सिद्धान्त 'सेवा और भक्ति' की सच्ची परम्पराओं के अनुकूल हमारे जवान अपने सेवा में संलग्न रहे । 17 अक्तूबर 1973 को 34 बटालियन के जवानों ने स्थानीय गुण्डों के आक्रमण करने पर अन्य दलों के दो सुरक्षा जवानों के प्राण बचाये। उन्हें 160 रूपये का पुरस्कार मिला । इसी प्रकार गश्त लगाते हुये इसी वटालियन की 'ए' कम्पनी ने 27 अक्तूबर 73 की रात्रि को एक चोरी पकड़ी। अधीक्षक पुलिस इम्फाल ने इसके उपलक्ष्य में 50 रूपये का परितोषिक दिया ।

11, 13 तथा 26 बटालियन के जवानों ने निज सेवा में सतर्कता तथा सत्वरता दर्शाने के उपलक्ष्य में इम्फाल से विविध अवसरों पर नकद पारितोषिक पाये हैं।

दिल्ली

स्थानीय प्राधिकारियों की सहायता के लिये राजधानी के सब थानों पर तथा सामारिक स्थलों पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की पांच बटालियन नियुक्त हैं। 38 तथा 59 दो बटालियन अति विशिष्ट व्यक्तियों के भवनों एवं अन्य महत्त्वशाली संस्थानों की स्थायीसुरक्षा कर रही हैं। जार्डन के राजदूत ने अपने दूतावास पर 59 बटालियन की सतत उच्चस्तर की सेवा विलोककर महानिदेशक महोदय को उनकी प्रशंसा में पत्र लिखा है - मैं निः– संकोच भाव से कह सकता हूं कि वे अत्यन्त सतर्कता तथा उत्तरदायित्व की पूर्ण भावना से युक्त अपना सेवा-भार उठा रहे हैं। वे स्फूर्त, साफसुथरे, अनुशासित, अध्यवसायी तथा सुगठित हैं। उनके उदात्त गुणों, सद्व्यवहारों तथा विनम्रता ने मुझसे आदर तथा अमित प्रशंसा प्राप्त की है । मैं सत्य कहता हूं कि इन युवकों की एक ऐसी टुकड़ी है जिसको पुलिस दल में पाकर प्रत्येक देश गर्व से सिर उठा सकता है" । अतिविशिष्ट व्यक्तियों से ऐसी अनाहूत प्रशंसा पाना इस बटालियन की कीर्ति में चार चांद लगाता है। तथैव सूडान एवं स्विटजरलैंड के राजदूतों ने भी निज दूतावासों पर नियुक्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों की सेवा के उच्च-स्तर की सराहना की है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों द्वारा इन बटालियन के जवानों को अपनी स्फूर्ति के लिये प्रशस्तियां, प्रमाण-पत्र तथा नकद परितोषिक मिले हैं।

भारत के उपराष्ट्रपति के आवास पर नियुक्त 38 बटालियन के जवानों को भी स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा उनकी कर्त्तव्य परायणता के उपलक्ष्य में प्रशंसा तथा नकद पुरस्कार मिले हैं।

सिक्किम

यह पार्वत राज्य अक्तूबर 1973 में प्रचुरमात्रा में बाढ़ ग्रस्त हो गया था । बटालियन के सच्चे जवानों ने बाढ़ग्रस्त स्थानीय जनता एवं संपत्ति को बचाने में पूर्ण योगदान दिया । मुख्य अधिकारी सिक्किम ने कहा है कि 5 बटालियन की 'ए' कम्पनी की सामयिक सहायता नहीं मिलने पर रंगपो पुल बाढ़ से बह जाता । इस बटालियन का स्वास्थ्य निरीक्षण-कक्ष पार्श्ववर्त्ती स्थानीय व्यक्तियों तथा सिक्किम पुलिस जवानों को मुफ्त चिकित्सा की सुविधा प्रदान कर रहा है । ऐसे दयापूर्ण कार्य हमारे जवानों को निश्चय ही जनता के निकट लाते हैं तथा दल की कीर्ति कौमुदी विकसित करते हैं।

आंध्र प्रदेश

उग्रवादियों के गढ़ खमाम जिले में नियुक्त 45 बटालियन के जवान पोलाराम ग्राम के निवासियों के कंठहार हो गये हैं। नर भक्षी चीते के आतंक के कारण जो छै व्यक्तियों को उदरसात् कर चुका था वहां के ग्रामीणों को नींद नहीं आती थी। इसकी सूचना पाते ही 5 अक्तूबर 1973 को 45 बटालियन की एक टुकड़ी ग्राम के चारों ओर घात लगाने के लिये विस्तारित हो गई। रात्रि को नर भक्षी ग्राम में घुसा और उसने एक

गृह में आक्रमण बोल दिया । गृह वासियों की चीत्कार श्रवण करते ही लांस नायक अमरजीत सिंह उस ओर दौड़ा तथा गोली से उस नर भक्षक का काम तमाम कर दिया। ग्राम में तुरन्त एक प्रसन्नता की लहर दौड़ गई और उस हिंसक से मनुष्यों को परित्राण दिलाने के निमित्त जनता ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की कृतज्ञता प्रकट की। हैदराबाद के 'देक्कन क्रानीकिल' ने इस घटना का विशाद विवरण प्रकाशित किया।

4 नवम्बर 1973 को एलरू में हुई पुलिस खेल प्रतियोगिता में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने अतीव उमंग से भाग लिया। इस अवसर पर 53 बटालियन के जवानों ने एक व्यायाम प्रदर्शन किया जो जिलाधीश के शब्दों में "एक अपूर्व प्रदर्शन था । 10,000 की संख्या के दर्शकों के लिये वह नेत्र भोज था।" उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों को 75 रुपये का नकद पारितोषिक दिया।

अरुणाचल, मिजोराम, नागालैंड इत्यादि कठिन तथा संकटास्पद क्षेत्रों से दीर्घकालीन स्थित बटालियनों को हम हटा रहे हैं। 39 बटालियन के प्रस्थान पर महानिरीक्षक मिजोराम ने कहा है "देश के इस दुर्गम्य भाग में जब विरोधी गतिविधियाँ एक उग्ररूप धारण कर रही थीं तब 39 बटालियन ने मिजोराम में प्रवेश किया। यह वह समय था जब अनुशासन, भक्ति तथा कार्यदक्षता के उच्चस्तर रखने वाले सशस्त्र दल की अपरिहार्यता थी । मझे प्रसन्नता है कि इस चनौती को 39 बटालियन ने प्रशंसात्मक ढंग से स्वीकार किया। यह अत्यधिक संतोष का विषय है कि विरोधीगण इस बटालियन से मुठभेड़ करने से भली भांति कतराते रहे और इसके दायित्व-क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना नहीं कर पाये। यह केवल प्रशिक्षण, सेवा एवं सतर्कता के उच्च स्तर के कारण ही संभव हो सका है।"

युद्धबंदी शिविर से 55 बटालियन के प्रस्थान पर ग्रुप कमांडेंट ने ये उद्गार व्यक्त किये हैं "मैं इनकी सैनिकता, उच्चस्तरीय प्रदर्शन तथा अनुशासन से अतीव प्रभावित रहा । बटालियन के सब वर्गों ने सतर्कता, स्फूर्ति और सेवा परायणता की उदात्त भावना दर्शायी है । अपने सेबा-अवधि में इन्होंने एक बच भागने का प्रयास विफल किया तथा खोज करते समय युद्धबंदियों से अवैध वस्तुयें प्रचुरमात्रा में प्राप्त की जिनमें एक पिस्तौल, 2 भरे ग्रिनेड, गोलाबारूद और भारतीय तथा पाक गुप्त मुद्रा राशि आदि । ये वस्तुएं उन पर रह जातीं जो वे बच भागने में इनका प्रयोग करते और कदाचित् हमारे दलों में प्राण क्षति करते । इस संदर्भ में खोज करने की उनकी संगठित चेष्टा परम प्रशंसा के योग्य है ।"

ऐसे महानुभावों से इस प्रकार के सच्चे उद्गार इस दल के सब सदस्यों को प्रोत्साहित करने में महा योगदान देते हैं जिससे निज दल का ही क्या अपितु मातृभूमि का गौरव दिन दूना रात चौगुना बढ़ता हैं ।

"जो व्यक्ति केवल अपने सम्प्रदाय का आदर करता है जिससे उसके अपने सम्प्रदाय का गौरव बढ़े, वह वस्तुतः ऐसे आचरण द्वारा स्वयं अपने सम्प्रदाय पर कुठारघात कर रहा होता है।"

-सम्राट अशोक

स्वास्थ्य सन्देश :--

धूम्रपान

लेखक : श्री श्यौनाथ सिंह

वैसे तो चरस, अफीम, भांग इत्यादि का भयंकर धूम्रपान जो पहले भारत में केवल साधु-संत ही करते थे अब हिप्पियों के आगमन से जन-जीवन में भी प्रवेश कर रहा है; परन्तु कुछ मतफिरे फैशन-परस्तों के अतिरिक्त उसकी कोई विशेष प्रगति नहीं हो पाई है। किन्तु हुक्का बीड़ी पीने वालों की संख्या अगणित है और क्या उच्च तथा क्या नीच, क्या नागरिक तथा क्या ग्रामीण एवं क्या नर तथा क्या नारी किम्बहुना क्या बाल और क्या वृद्ध-सभी प्रचुर संख्या में इनका धूम्रपान करते हैं प्रत्युत् वह एक सामाजिक अंग-सा बन गया है। जब भी किसी को जाति से बहिष्कृत किया जाता है तो जन-साधारण में यह कहा जाता है कि उसका हुक्का पानी बन्द कर दिया है। इससे धूम्रपान की विशिष्ट स्थिति की महत्ता आंकी जा सकती है। पाश्चात्य सभ्यता के चढ़ते रंग से हुक्का बीड़ी के साथ अपितु उनके स्थान पर सिगरेट ने प्रमुखता ग्रहण कर ली है। भारत में इन बातों के साथ-साथ यह अब फैशन तथा प्रतिष्ठा की वस्तु भी बन गई है। जिसकी प्रशंसा करते कई साहित्यकार के मुख नहीं थकते हैं। आस्कर वाइल्ड कहता है कि सिगरेट ही सर्वतोभावेन पूर्ण मनोरंजन है तथा इसकी इच्छा कभी तृप्त नहीं होती। इससे अधिक और तुम्हें क्या चाहिए? आर० एल० स्टीवेन्सन तम्बाकू की सुगन्ध को चिरस्मणीय बताता है। 'आह । वह कितनी शुष्क ! कितनी सुवासित ! कितनी पूर्णरूपेण तथा कितनी मनोरम है।' वह यहां तक फतवा दे देता है कि एक महिला को किसी निपट सात्विक जीवी अथवा सिगरेट पान नहीं करने वाले व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहिए।

जनश्रुति है कि 1498 में जब कोलम्बस ने अमेरिका का अन्वेषण किया तब वह अन्य वस्तुओं के अतिरिक्त वहां से तम्बाकू का पौधा लाया और तभी से पश्चिम देशों में इसका श्रीगणेश हुआ और शनैः शनैः बढ़कर चार सौ वर्ष में यह एक विश्व व्यापी व्यसन बन गया है। यही नहीं, इसका व्यवसाय आज असंख्य परिवारों की उदर पूर्ति का साधन हो गया है, प्रत्युत् राजस्व का अजस्त्र स्त्रोत भी है। इन्हीं दिनों बिहार राज्य में केण्डू पत्तों का घोटाला समाचार पत्रों तथा विधान सभा में बड़ी कुख्याति पाता रहा है ।

ये पत्ते धुम्रपान से सीधा सम्बन्ध रखते हैं क्योंकि इनसे ही बीड़ियां बनती हैं।

कतिपय व्यक्ति तो ऐसे भारी धूम्रपायी हैं कि एक सिगरेट-बीड़ी समाप्त नहीं हो पाती कि दूसरी सुलगा लेते हैं। ऐसे व्यक्ति 'चैन-स्मोकर' (अविरल धूम्रपायी) कहलाते हैं। कुछेक धूम्रपायी तो इतना धूम्रपान करने में आनन्द नहीं लेते जितना कश खींचकर नाक से बलखाते हुए धूम्रस्तम्भों को निकालने तथा निकाल कर दिखाने में आत्म-संतुष्टि अनुभव करते हैं। एक कहानी में यहां तक आता है कि एक धूर्त युवक ने नाक से धूम्र निकालने की कला सिखाने में एक बालक से खूब धन ऐंठा। वैसे भी धूम्रपायी पिता या शिक्षक नन्हें बालकों से सिगरेट-बीड़ी मंगवाते हैं तथा चिलम भरवाते हैं जिनके फलस्वरूप ये अबोध बालक इस व्यसन के बलि बन जाते हैं— आरम्भ में तो उत्सुकता तथा कुतूहल वश और कालान्तर में अभ्यास तथा लत पड़ने के कारण।

परन्तु बहुत कम मनुष्यों को ज्ञात होगा कि जो तम्बाकू इसमें प्रयुक्त होती है वह एक प्रकार की विष की गांठ है लोकोक्ति में नहीं, अपितु अक्षरशः सत्य। डाक्टरी परीक्षणों ने सिद्ध कर दिया है कि उसमें एक 'निकोटिन' नामक विष होता है जो खरगोश जैसे नन्हें पशु पर प्रयुक्त करने से उन्हें अकाल काल कवलित कर देता है। फिर मनुष्य ऐसा कौन-सा विचित्र प्राणी है जिसमें पशुओं जैसी मांस-मज्जा नहीं है अथवा जिसका अस्थि-पंजर लोहे से निर्मित है। अतः वह इस विकराल काल के क्रूर नख-पंजर से कैसे बच सकता है ? हन्त ! धूम्रपान मनुष्य के आत्महनन करने की एक कुचेष्टा मात्र है। इंगलैंड के शासक जेम्स प्रथम ने कहा है कि तम्बाकू मदोन्मत्ता के पाप की एक प्रशाख है जो सब अपराधों की जड़ है।

धूम्रपान से मुख्यतः अधोलिखित घातक हानियां होती हैं :--

1. शारीरिक और मानसिक शक्ति का ह्रास होता है।

2. तम्बाकू में उपस्थित निकोटिन गले तथा फेफड़ों में उत्तेजना उत्पन्न करती हैं जिसके फलस्वरूप खांसी हो जाती है। प्रायः यह दमा या राजयक्ष्मा (तपेदिक) का रूप धारण करती हैं।

3. हृदय की धड़कन की गति में वृद्धि हो जाती है तथा रक्त चाप बढ़ जाता है।

4. मांस पेशियों की कुशलता क्षीण हो जाती है। रक्त-नलिकायें फैल जाती हैं और हाथ-पांव कांपने लगते हैं।

5. मंदाग्नि, कब्ज आदि के रोग भी बहुधा हो जाते हैं।

और आजकल तो जनता-जनार्दन में यह संदेह बल पा रहा है कि सादी तम्बाकू या तम्बाकू पान में अधिक खाने से होंठ, जीभ तथा मह में कैन्सर का एवं सिगरेट बीड़ी आदि पान करने से गले तथा फेफड़े में कैन्सर का रोग बढ़ रहा है। आंकड़ों से सिद्ध होता है कि विगत बीस वर्ष में अन्य प्रकार के कैन्सरों की संख्या जबकि घट रही है तब फेफड़े के कैन्सर की संख्या बढ़ रही है। हो सकता है कि रोग-निर्णय के संयन्त्रों में सुधार होने के कारण आंकड़ों का सही ज्ञान मिलने लगा हो; कदाचित् रेफ्रीजरेटरों का प्रयोग तथा आइसक्रीम की लोकप्रियता भी इस वृद्धि के लिए कुछ अंश तक उत्तरदायिनी है, परन्तु यह निर्विवाद तथ्य है कि आइसलैंड में जहां अत्यन्त थोड़े व्यक्ति सिगरेट पीते हैं उनमें फेफड़ों के कैंसर का रोग बहुत कम पाया जाता है। इसके

विपरीत इंगलैंड तथा अमेरिका में चिकित्सा के अनुसंधानकर्त्ताओं ने पता लगाया है कि फेफड़ों के कैंसर के अधिकांश रोगी वे हैं जो प्रतिदिन बीस या उससे अधिक सिगरेट पीते हैं जबकि कम धूम्रपान करने वाले इस असाध्य रोग से मुक्त हैं।

यही नहीं, अमेरिकी चिकित्सकों ने यह आविष्कार किया है कि सिगरेट जलने के उपरान्त एक (कोलतार) राल निकालता है जो कुछ चूहों पर पुतने पर कुछ दिन पश्चात् कैंसर के लक्षण उत्पन्न कर देता है। इससे स्पष्टतः पुष्टि होती है कि अधिक काल तक सिगरेट पीने से फेफड़ों के कैंसर हो जाने की संभावना बढ़ जाती है।

कुछ चिकित्सकों की धारणा है कि सिगरेट से बीड़ी कम हानिप्रद तथा बीड़ी की अपेक्षा हुक्का कम हानिकारक होता है। परन्तु स्मरण रहे कि यह केवल अन्तर अनुपात में ही है। अन्ततः धूम्रपान, धूम्रपान है। जिस वस्तु में भी तम्बाकू का पान है वह अवश्य ही नाना प्रकार की विनाशकारिणी व्याधियों का 'दस्ती-वारण्ट' है।

किन्तु धूम्रपान का वह व्यसन है जिससे मकड़ी के जाल में फंस जाने पर मक्खी के सदृश बच निकलना निश्चय ही एक कठिन कार्य हो जाता है। इसके प्राणलेवा अवगुणों की सर्वत्र चर्चा होती रहती है और इससे उत्पन्न अगणित रोगों के नाम गिनाये जाते हैं। अपितु कहीं-कहीं तो सिगरेटों पर 'विष' तक लिख देने का सुझाव है। किन्तु आंकड़े कुछ अन्य ही इतिवृत्त बताते हैं। विगत तीन वर्षों में सिगरेटों की बिक्री आशातीत बढ़ी है। इसे विधि की विडम्बना के अतिरिक्त अन्य क्या कहा जा सकता है?

अस्तु प्रसन्नता की बात है कि धूम्रपान प्रतिरोध करने वाले कुछ संस्थानों का भी प्रादुर्भाव हुआ है इसमें "स्मोकर्स एमोनिमस" सबसे प्रख्यात है। इसकी एक गोष्ठी में मैसी-च्युसेट्स के वाल्यम नगर में इन्हीं दिनों हुई जिसमें धूम्रपान छोड़ने वालों ने भाग लिया।

हैक जानसन की दशा अत्यन्त दयनीय थी जो "स्मोकर्स एनोनिमस" संस्था की दो शाखाओं के अब संचालन-कर्त्ता हैं। वह एक दिन मे सिगरेट की 23 डिब्बियां समाप्त कर देते थे। प्रातः से रात में सोने के समय तक उनके हाथ में सिगरेट रहती थी। सड़क पर वाहन चलाते हुए जब रुकने का संकेत पाते थे तभी अनजाने में वह सिगरेट सुलगा लेते थे। किन्तु आज वह इस व्यसन से सर्वथा मुक्त हैं, और "स्मोकर्स ऐनोनिमस" नामक संस्था के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया है जिसने उनको इस व्यसन से परित्राण दिला कर एक नया कलेवर धारण कराया है।

धूम्रपान छोड़ने के लिए मनोवल की आवश्यकता है। प्रथम तो इसके परित्याग करने में अत्यन्त कष्ट होता है किन्तु दृढ़ संकल्प शनैः शनैः इस लत से पिण्ड छुड़ा देता है। व्यसन छुड़ाने के लिए 'स्मोकर्स एनोनिमस' संस्था में तीन सप्ताह का कार्यक्रम चलाया जाता है। इसमें प्रति सप्ताह दो घंटे की बैठक में सम्मिलित होना पड़ता है। धूम्रपान नहीं करने वालों के जीवन के उल्लासों के विषय में चल-चित्र दिखाये जाते हैं और सदुपदेश भी दिए जाते हैं। इनमें यह प्रोत्साहित किया जाता है कि वे धूम्रपान न करने वालों के स्थान पर स्वयं को रखकर आनन्द का अनुभव करें। इन कार्यक्रमों के परिणामों से ज्ञात हुआ है कि 80 प्रतिशत व्यक्ति इस प्रकार सिगरेट पीना छोड़ देते हैं और सच्चे जीवन का आनन्द भोगते हैं।

कभी इन्हें भी आजमाइये

1. बर्र या मधु मक्खी के काटने पर घाव को स्प्रिट से धोकर साबुन वाले (कास्टिक) सोडे का लेप कीजिए; नहीं तो, मीठा तेल या पिसा नमक हो घाव पर रखिए।
2. बिच्छू काटने पर घाव में नौसादर और चूने को बराबर मात्रा रखकर दो चार बूंद पानी की डालिए।
3. पागल कुत्ते के काटने पर घाव को स्प्रिट से धोकर कार्बोलिक एसिड से जला दीजिए।
4. सांप के काटने पर घाव के ऊपर इतना कस कर बांधिये कि रक्त प्रवाह रुक जाये तथा घाव को पोटाशियम परमेगनेट (लाल दवा) से धोइये और जब तक डाक्टर नहीं आये रोगी के मुंह पर ठंडे पानी के छींटे मारिये और चूने तथा नौसादर बराबर मिलाकर सुंघाते रहिये जिससे रोगी नहीं सोये।

शाक खोजिये

1. प्रीति की लौ की कीमत नहीं कूती जा सकती।
2. नगर नगर प्रेम सर सोहें।
3. रघुवर ! तालू में दवा लगा ले।
4. आयेगा जरठ बुढ़ापा तब क्या राम गुन गायेगा।
5. दीन दुखियों के तो भगवान ही पालक हैं।
6. एक समय एक सुन्दर रानी एक नगर में थी जो नशा करती थी।
7. तुझे अबे ! गन गन पसीने ठंड में भी आते हैं।
8. आज जग्गो भी मेरे घर आया था।
9. तुम चौकी पे ठाड़ो रहो। नाचना बन्द करो।
10. दिल्ली में ऊंट गाड़ी में भुस लादकर ढोया जाता है।

उत्तर—1. लौकी 2. सरसों 3. रतालू 4. गाजर 5. पालक 6. शाक, मेंथी 7. बैगन 8. गोभी 9. पेठा, चना 10. सलाद

पहेलियां

तीन अक्षर का मेरा नाम।
करे रोग मम जन बे काम।
मध्य काट में बम बन जाता।
अन्त छांट वह कर दिखलाता। 1।
मैं द्विवर्ण सब जन के पास।
मुझ से जग में आश निराश।

चालिस सेरों का कहलाता।
बिना बोझ द्रुततम उड़ जाता। 2।
तीन अक्षर का मेरा नाम।
उलट फेर वोही परिणाम।
जोगी खाये मुझे बौराता।
भोगी पाये मुझे मदमाता ॥ 3 ॥
बने सारथी सात ग्रह खेंचें मम रथ रोज।
बाबन बार ममान्त जन करे बर्ष में मौज। । 4।
पर मेरे पर चील नहीं।
खेंचू जन नहीं रेल कहीं। । 5।

उत्तर—(1) वहम (2) मन (3) कनक (4) सप्ताह (5) वायुयान

क्रीडा क्षेत्रे :

नीमच रेंज खेलों में फिर शिखर पर

दिनांक 27 से 30 अक्तूबर को झरोदा कलां (दिल्ली) में नव निर्मित स्टेडियम में 7वीं अन्तर रेन्ज एथेलेटिक्स प्रतियोगिता खेली गई। सिगनल रेन्ज सहित सभी रेन्जों ने इसमें भाग लिया।

श्री बी० बी० मिश्र, महानिदेशक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। ध्वजारों से सज्जित स्टेडियम में पांच ब्रास तथा पांच पाइप बैन्डों (बाजों) के साथ मार्च पास्ट ने एक भव्य झांकी प्रस्तुत की। अनेकों अधिकारियों, महिलाओं, आगन्तुकों तथा ग्रुप केन्द्र के पार्श्ववर्त्ती क्षेत्रों के निवासियों ने इस समारोह तथा अनुवर्ती घटनाओं का अवलोकन किया।

खिलाड़ियों के क्रिया-कलापों से स्पष्ट था कि सब रेंजों ने इस वर्ष उच्चतर स्थान पाने के हेतु अपनी टीमों के प्रशिक्षण में अत्यन्त रुचि ली थी। निरन्तर तीसरे वर्ष भी नीमच ने चैम्पियन ट्राफी जीती और अजमेर रेन्ज दूसरे स्थान (रनर अप) पर रही। इस प्रतियोगिता का सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ी नीमच रेन्ज का जमादार ओ० के० सिवन घोषित किया गया। प्रतियोगिता में कोई आपत्ति किसी ओर से नहीं उठी तथा सब खिलाड़ियों एवं अधिकारियों ने आचरण और अनुशासन का उच्च स्तर बनाये रखा।

समापन समारोह की अध्यक्षता श्री एन० के० मुकर्जी, केन्द्रीय गृह सचिव ने की और श्रीमती मुकर्जी ने पुरस्कार वितरित किये। मुख्य पेवेलियन (दर्शक स्थल) से हर्ष ध्वनि पाते हुए समवेत वाद्यों के अभियान प्रदर्शन ने खेल का समापन किया।

निर्वाचन समिति में बिग्रेडियर एस० बी० रजा, उपनिदेशक (प्रशिक्षण) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, स्पोर्ट (खेल) समिति के सभापति, केन्द्रीय स्पोर्ट (खेल) अधिकारी सभी प्रशिक्षक, टीम मैनेजर तथा कप्तान थे।

अस्थायी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उचित तथा विधि पूर्वक प्रशिक्षण के उपरान्त वांछनीय स्तर पर पहुचने की आशा है और यह भी आशा है कि ये खिलाड़ी आगामी अखिल भारतीय पुलिस प्रतियोगिता में उत्तम कौशल दर्शायेंगे तथा चैम्पियनशिप रखेंगे।

यद्यपि दौड़ पटरी नई थी, तद्यपि सात कीर्तिमानों (रिकार्डो) में इस प्रकार सुधार हुआ :--

	पिछला	अब
1. 3000 मीटर स्टेपिल चेज	9 मि० 50 से०	9 मि० 29.1 से०
2. मैराथान दौड़	2 घं० 34 मि० 12 से०	2 घ० 31 मि० 14 से०
3. तिकड़ी (ट्रिपिल) कूद	14.49 मी०	14.99 मी०
4. पोल वाल्ट	3.54 मी०	3.55 मी०
5. शाट पुट	13.61 मी०	13.73 मी०
6. हैमर फैंक	44.98 मी०	45.80 मी०
7. चक्का फैंक	40.16 मी०	40.97 मी०

100 मीटर दौड़

प्रथम-जमादार के० जी० जोजेफ (हैदराबाद) 10.7 से० **द्वितीय**-नायक कंजम्बू (अजमेर) 11. 1 से० **तृतीय**-जमादार हर्कमेश सिंह (दिल्ली) 11. 3 से०

200 मीटर दौड़

प्रथम-जमादार के. जी. जोजफ (हैदराबाद) 22. 6 से० **द्वितीय**-नायक कंजम्बू (अजमेर) 23. 1 से० **तृतीय**-जमादार भंवर सिंह (नीमच) 23. 5 से०।

400 मीटर दौड़

प्रथम-जमादार सतपाल सिंह (पूना) 51. 6 से०। **द्वितीय**–है. कां० राजदेव सिंह (अजमेर) 52.0 से०। **तृतीय**-जमादार पीटर जान (नीमच) 52. 3 से०।

800 मीटर दौड़

प्रथम-नायक चन्दर प्रकाश (नीमच) 1मि० 59.2 से०। **द्वितीय**-जमादार ओ० के० सिवन (नीमच) 2 मि०। **तृतीय**-कांस्टेबिल जत्रू खाल्को (गौहाटी) 2 मि० 1.1 से०।

1500 मीटर दौड़

प्रथम--जमादार ओ० के० सिवन (नीमच) 4 मि. 3.3 से०। **द्वितीय**-नायक चन्द्र

प्रकाश (नौमच) 4 मि॰ 6.2 से॰ । **तृतीय**-जमादार डी॰ मुजावर (अजमेर) 4 मि॰ 7.6 से॰ ।

3000 मीटर स्टीपिल चेज


प्रथम--जमादार डी॰ मुजावर (अजमेर) 9 मि॰ 29.1 से॰ (नया रिकार्ड) । **द्वितीय**-जमादार ओ॰ के॰ सिवन (नीमच) 9 मि॰ 29.4 से॰ । **तृतीय**-है. कां. हरीचन्द (दुर्गापुर) 9 मि॰ 55.6 से॰ ।

5000 मीटर दौड़

प्रथम-सूबेदार कृपालसिंह (दिल्ली) 15 मि॰ 3.7 से॰ । **द्वितीय**-जमादार सी॰ बी॰ एस॰ राठौड़ (नीमच) 15 मि॰ 12.6 से॰ । **तृतीय**--है॰ कां॰ हरीचन्द (दुर्गापुर) 15 मि॰ 12.7 से॰ ।

10,000 मीटर दौड़

प्रथम-सूबेदार कृपालसिंह (दिल्ली) 31 मि॰ 41.3 से॰ । **द्वितीय**-जमादार सी॰ वी॰ एस॰ राठौड़ (नीमच) 32 मि॰ 43 से॰ । **तृतीय**-नायक राजदेव सिंह (गोहाटी) 32 मि. 50.50 से॰ ।



मैराथान दौड़

प्रथम-नायक एम० डी० फाजिल (नीमच) 2 घं० 31 मि० 14 से० । **द्वितीय**-नायक राजदेव सिंह (गोहाटी) 2 घं० 32 मि० 49 से० । **तृतीय**-नायक सुरजीत सिंह (नीमच) 2 घं० 34 मि० 15 से ।

4 × 100 मीटर रिले दौड़

प्रथम-हैदराबाद रेन्ज (44.9 से०)। **द्वितीय**-दिल्ली रेन्ज (45 से०) । **तृतीय**-अजमेर रेन्ज (45.4 से०) ।

4 × 400 मीटर रिले दौड़

प्रथम-नीमच रेन्ज (3 मि० 32. 2 से०)। **द्वितीय**--अजमेर रेन्ज (3 मि० 34 से०) । **तृतीय**-हैदराबाद रेन्ज (3 मि० 34. 4 से०) ।

110 मीटर हाई हर्डिल

प्रथम-है० कां० दीदार सिंह (श्रीनगर) (15.2 से०)। **द्वितीय**--जमादार जोगिन्दर सिंह (नीमच) (15 मि० 3 से०) । **तृतीय**--जमादार वी० एस० वालिया (दिल्ली) (15.9 से०)।

400 मीटर हर्डिल

प्रथम--है० का दीदार सिंह (श्रीनगर) 56. 2 से० । **द्वितीय**-जमादार पीटर जान (नीमच) 56.8 से० । **तृतीय**-जमादार भंवर सिंह (नीमच) 58.2 से० ।

चौड़ी (ब्राड) कूद

प्रथम-डी० वाई० एस० पी० जे० एस० डाउसन (अजमेर) 6.77 मी० । **द्वितीय** है० कां० प्रभातीलाल (श्रीनगर) 6.65 मी० । **तृतीय**--है० कां० एस० मोहनदास 6.61 मी० ।

ऊंची कूद

प्रथम--जमादार छग्गन सिंह (सिगनल) 1.90 मी० । **द्वितीय**-है. कां० प्रभाती लाल (श्रीनगर) 1.88 मी० । **तृतीय**-जमादार नसीब सिंह (गोहाटी) 1.85 मी० ।

तिकड़ी (ट्रिपिल) कूद

प्रथम-डी० वाई० एस० पी० जे० एस० डाउसन (अजमेर) 14.99 मी० । **द्वितीय**-नायक के० सुधाकरन (सिगनल) 14. 58 मी० । **तृतीय**-है. कां० प्रभाती लाल (श्रीनगर) 14.43 मी० ।

पोल वाल्ट

प्रथम-है० कां० महरानी दीन (अजमेर) 3.55 मी० । **द्वितीय**-जमादार जोगिन्दर सिंह (नीमच) 3.48 मी० । **तृतीय**-है. कां० बाल गोपालन (हैदराबाद) 3.38 मी० ।

शाटपुट (गोला फेंक)

प्रथम-जमादार परमजीत सिंह (नीमच) 13.73 मी० । **द्वितीय**--जमादार आदर्शपाल सिंह (पूना) 13.23 मी0। **तृतीय**-जमादार हरप्रीत सिंह (दिल्ली) 12.91 मी० ।

हैमर (थ्रो) फेंक

प्रथम-है० कां० रघुबीर सिंह (नीमच) 45.80 मी० । **द्वितीय**-है. कां० रमा शंकर राई (अजमेर) 40.50 मी० । **तृतीय**-जमादार एम० एस० सिधु (पूना) 39.94 मीटर।

डिस्कस (चक्का) फेंक

प्रथम--जमादार हरप्रीत सिंह (दिल्ली) 40.97 मी० । **द्वितीय**-जमादार आदर्शपाल सिंह (पूना) 40.06 मी० । **तृतीय**-जमादार रघुवीर सिंह (नीमच) 38.83 मी० ।

जेवेलिन (नेजा) फेंक

प्रथम-जमादार बी० सुशीलन (नीमच) 53.41 मी० । **द्वितीय**-डी० वाई० एस० पी० आर रामन (दुर्गापुर) 50.11 मी० । **तृतीय**--है. कां० बैजनाथ सिंह (दुर्गापुर) 49.32 मी० ।

डैकेथलन

प्रथम-है. कां. बाल गोपालन (हैदराबाद) 5375 पाइन्ट । **द्वितीय**-- जमादार पोखरमल 5354 पाइन्ट । **तृतीय** जमादार वी० एस० वालिया (दिल्ली) 52.03 पाइन्ट ।

रेन्ज स्थिति (कोष्ठों में अंक लिखे हैं)

नीमच (223) । अजमेर (129) । (दिल्ली) (89)। हैदराबाद (87) श्रीनगर (65) । दुर्गापुर (42) । सिगनल ट्रेनिंग (34) । गोहाटी (30) । कोहिमा (5) ।

ट्राफियों के गर्वीले विजेता



॥ यह भी खूब रही॥

एक व्यक्ति निज मौन मित्र से "अरे भाई आज चुपचाप क्यों बैठे हो?"
मित्र—"आज तुम्हारी भाभी जी मां के चली गई हैं।"
व्यक्ति–"तब तो गम दूर करने को कुछ रम का दौर हो जाय।"
मित्र (हंसकर)–"पर जहां गम है ही नहीं तो।"
एक मनचले वृद्ध तांगे में एक सुन्दर लड़की को देख कर अपनी साइकिल तांगे के

काफी आगे पीछे करने लगे। उसे घूरते देख वह लड़की जोर से बोली- "मियां क्यों सफेद बालों पर कलंक लगा रहे हो। तनिक सोचो तो मैं तुम्हारी बेटी के बराबर हूं।"

वृद्ध—"तुम्हें भ्रम हुआ है । मैं भी तो अपने बेटे के लिए ही देख रहा हूं।"

सिपाही अभियुक्त से "अरे अभी तो कह रहा था कि मैं पढ़ा लिखा नहीं हूं और कहां प्रत्येक प्रश्न का उत्तर इतनी चतुरता से दे रहा है ?"

अभियुक्त—"हुजूर ! आपके प्रश्नों के लिए कोई शिक्षा की आवश्यकता नहीं।"

चौराहे पर एक स्कूटर वाला एक महिला को पीछे बिठाये सिपाही के मना करने पर भी बढ़ने की चेष्टा करने लगा। तब सिपाही क्रोध से बोला-"अरे क्यों बेटिकट मौत के घर जाना चाहते हो ? अपना नहीं तो कम से कम अपनी पत्नी का तो ध्यान करो।"

स्कूटर वाला—"बस सावधान । पत्नी होगी तेरी। मेरी तो बहिन है।"

पिता–"अरे रामू । यह सोख्ता क्यों खा रहा है।"

रामू–"पिताजी। गलती से दवा के स्थान पर रोशनाई पी गया हूं । सो सोख्ते से सुखाने की चेष्टा कर रहा हूं।"

एक व्यक्ति गलतफहमी में दूसरे से— "अरे सूरज । तुममें कितना परिवर्तन आ गया है। हिप्पी जैसे बाल, दाढ़ी, बूढ़ों का सा चश्मा और जोकरों जैसा कोट ।"

दूसरा-"श्रीमान् जी। आपको भ्रांति हुई है। मैं सूरज नहीं चंदा हूं।"

पहला—"वाह ! वाह ! तुमने तो नाम भी परिवर्तित कर लिया है । पर हम एक बात की प्रशंसा करते हैं कि सुरज चन्दा जैसे देव तानों का पिण्ड तुमने अब भी नहीं छोड़ा है।"

माता—"मालती तुम लू-धूप में बाहर क्यों पड़ी हो?"

मालती—"मम्मी। मैं धूप से पसीना सुखा रही हूं।"

सूक्ति सुधा

1. "हम कांपते हुए परमात्मा को सहायता के लिये पुकारते हैं पर अपने आप को क्यों नहीं पुकारते जिसमें परमात्मा निवास करता है"

ब्लैंक

2. "जो कोई कर्त्तव्य को समझता है और इसका निर्वाहन करता है भले ही उसे इसका मूल्य परिश्रम, कष्ट सहन और अपने रक्त द्वारा चुकाना पड़ता है; पर वह सुखी है"

डा० राधाकृष्णन्

3. "द्वेष द्वारा द्वेष का नाश नहीं होता, केवल प्रेम द्वारा ही द्वेष का नाश होता है।"

गौतम बुद्ध

4. "जो व्यक्ति प्रेम नहीं करता, वह पर मात्मा को नहीं जानता । कारण कि परमात्मा प्रेम है"

जॉन

विज्ञान के चढ़ते चरण

ब्रिटेन को दी रायल नेशनल इन्स्टीट्यूट ने अग्नि लगने के समय बहरों को जगाने का एक नवीन संयंत्र निकाला है। यह संयंत्र एक बैटरी चालित प्राप्ति यनिट से प्रयुक्त होता है। यह गद्दे के नीचे रख दिया जाता है और जैसे ही परम्परागत अग्नि चेतावनी दी जाती है तो यह चारपाई को हिला देता है जिससे सुप्त बधिर 5 सैकण्ड में जग जाता है।

ब्रिटेन में वैपाइप (वाष्प नलका) नामक एक संयंत्र आविष्कृत किया गया है जिससे कार्बन मानोग्राक्साइड 70 प्रतिशत तथा नाइट्रोजन आक्साइड 90 प्रतिशत कम हो जाती है यद्यपि हाइड्रोकार्बन पर अभी कारगर सिद्ध हुई है— इस युक्ति से स्वचालित वाहन इंजिनों द्वारा वायु दूषण कम होने की आशा है।

ऊर्जा के अभाव में अब सूर्य, वायु, ज्वार, ईंधन, सेलों बल्कि विकिरण पट्टियों तथा कास्मिक किरणों से ऊर्जा पाने की चेष्टा हो रही है।

मैं स्वयं रूठा रहा

रचयिता —श्री आर० डी० वर्मा

जिन्दगी जहर का प्याला बने, हंस कर पीले।
यार जब घात करे, प्राह न भर, मुह सी ले।
दर्द को इतना पिला अपने कलेजे का लहू।
खुद अगर जी न सके, दर्द तो जी भर जी ले॥
प्यार ने आवाज दी पर मैं स्वयं रूठा रहा।
मन ने मनुहार की पर मैं स्वयं रूठा रहा।
इस मरुस्थल में उफ ! भटका किया मैं चिर अभागा।
बूंद रस की सरस छलना ने मगर छलना न त्यागा॥
पर सदाशिव ने स्वयं जब सामने गंगा निचोड़ी।
रेत जल पीती रही पर मैं स्वयं रूठा रहा।
हन्त, मूढ़, विमूढ़ सा, अज्ञानवश नित छटपटाता।
क्यों, कहां, कैसे, करूं क्या, कुछ समझ मेरी न पाता।
स्वयं वीणापाणि ने पर जब मुझे हंस उर लगाया,
वादिनी गाती रही पर मैं स्वयं रूठा रहा।
बूंद या दो बूंद हो, मिल जाये मदिरा तो जरासी।
मयकदे से हर निकलते व्यक्ति से यह याचना थी।
पर स्वयं साकी सुराही ले निकट जब आन बैठी।
जाम हर ढुलता रहा पर मैं स्वयं रूठा रहा।

धमानेयों के तरल लाबे में सदा यौवन जलाया।
हृदय के हर कंप में चिर प्रणय हाहाकार छाया।
पर स्वयं रतिनाथ ने रति साथ ले जब रास साधा।
रागिनी बजती रही पर मैं स्वयं रूठा रहा।


1973 के शौर्य-पुलिस-पदक विजेता



34वें वार्षिकत्सव पर एक मधुर मुस्कान भरा क्षण




उप अधीक्षक राजेन्द्रपाल सिंह



कान्स्टेबिल जावकिम लेकरा



सूबेदार सुल्तानसिंह



क्रैपलर

के० रि० पु० दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिक
(द्वैमासिक)

खण्ड II] [संख्या 5
31 अक्टूबर 1973] [9 कार्तिक 189


CENTRAL RESERVE POLICE FORCE
SERVICE &

क्रै प ल र

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

[हिन्दी संस्करण द्वैमासिक]

खण्ड ॥
अंक 5

31 अक्तूबर 1973
9 कार्तिक 1895

सम्पादक :
जे० एस० शर्मा

मुख पृष्ठ छाया:
हिसार में अखिल भारतीव पुलिस तैराकी प्रतियोगिता में छलांग मारते हमारे जवान ।

सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल
वेस्ट-ब्लाक-8
रामाकृष्ण पुरम
नई दिल्ली-110022

मुद्रक तथा प्रकाशक:
महानिदेशक केन्द्रीय रिर्जव पुलिस दल की ओर से **श्री जे. एस. शर्मा** द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।

मुद्रक—दि कैक्स्टन प्रेस (प्राइवेट) लिमिटेड;
नई दिल्ली-110055

सम्मुख पृष्ठ की छाया :
जवानों की नगरी ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली का क्वार्टर गारद

31 अगस्त *1973* के हिन्दी 'क्रैपलर' में प्रकाशित निम्नलिखित प्रत्येक कृति रु० 40 से | पुरस्कृत हुई है :–

1. **कविताः**–"नारी" रचयिता–हवलदार विद्याधर उपाध्याय, 4 बटालियन ।
2. **कहानी:**–"जाल-साजी"–**श्री जे० एस० शर्म्मा,** प्रशासन अधिकारी।
3. **लेख:**–"मोटर दुर्घटना और उनके बचाव" लेखक–**श्री श्यौनाथसिंह,** कनिष्ट लिपिक, महानिदेशालय ।
   "रोग निवारण के सरल उपाय" लेखक–**श्री जे० एन० धमीजा,** मुख्य लिपिक, महानिदेशालय ।

इस अंक में :

1. शुभकामनायें

2. लेख

(क) 'पुलिस जवानों की नगरी'—लेखक श्री एच० एस० सेठी जन सम्पर्क अधिकारी।

(ख) 'बक्स में लाश'—लेखक श्री एस० पी० भारद्वाज, स्टेनो कार्यालय महानिदेशालय सैक्टर-3

(ग) 'सरहदी पोस्ट की एक रंगीन शाम'—लेखक श्री चिन्तामणि पाण्डेय, कमांडेंट 51 बटालियन।

3. कविता

'तुम भारत की शान'—रचयिता श्री एम० ए० अकबर अन्सारी, लिपिक 53 बटालियन।

4. क्रीड़ा क्षेत्र

खेल-कद की सर्वोत्तम वर्ष

5. एकांकी

'नरसिंह का शिकार'—लेखक श्री जे० एस० शर्मा, प्रशासन अधिकारी

6. गौरव गाथा

(क) 'देश सेवा में'—लेखक श्री एम० वधवा, सहायक निदेशक, महानिदेशालय।

(ख) शौर्य-पुलिस-पदक।

7. पहेलियां और चुटकले

(क) सूक्ति सुधा (ख) यह भी खूब रही (ग) फलों को खोजिये

(घ) पहेलियां।

8. स्वास्थ्य संदेश

'भोजन में मिलावट'—लेखक श्री निगमेन्द्रसैन सक्सेना, महानिरीक्षक से०–3

9. विज्ञान के चढ़ते चरण

10. विविध

(क) कभी इन्हें भी आजमाइये।

(ख) हिन्दी तार सस्ते बैठते हैं।

पुलिस जवानों की नगरी

—लेखक श्री एच० एस० सेठी



ग्रुप केन्द्र की परिकल्पना

एक पूरी नगरी की नगरी ठीक नई दिल्ली के अन्दर मानों जादू द्वारा स्थापित होने जा रही है। राजधानी में अनेकों व्यक्ति इस स्थिति से अपरिचित हैं।

यह नगरी पुलिस जवानों द्वारा पुलिस जवानों के लिए निर्मित की जा रही है दूसरे शब्दों में यह केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की नगरी है।

यह नगरी (जिसके निर्माण में 4.37 करोड़ रुपये लगने का अनुमान है) नजफगढ़ के निकट झरोदा कलां (नई दिल्ली-43) में स्थित है और इस वर्ष दिनांक 26 अक्तूबर से प्रारम्भ होने वाले इस दल का जयन्ती समारोह भी यहीं मनाया गया है ।

सन् 1967 की बात है जब इस दल के दो वरिष्ठ अधिकारी-महानिदेशक श्री वी० जी० कनेतकर तथा सम्प्रति महानिदेशक तथा तत्कालीन महानिरीक्षक श्री बी० बी० मिश्र ने एक केन्द्र की परिकल्पना की थी–एक स्वप्न देखा था जहां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवान एक लम्बे तथा दौड़ धूप के सक्रिय क्षेत्र में सेवा करने के उपरांत विश्राम

तथा चैन ले सकें। इस प्रकार ग्रुप केन्द्र का विचार उत्पन्न हुआ और कुछ ही वर्षों में ऐसे ग्रुप केन्द्र 12 नगरों में स्थापित हो गये। झरोदा जैसा कि वह सामान्यतः पुकारा जाता है इस श्रृंखला की (13वीं) अन्तिम कड़ी है।

स्वाभाविकतः ग्रुप केन्द्र की योजना में निवास स्थान को गर्वीला स्थान दिया गया है। कम से कम 5000 व्यक्तियों के लिए एक गृह-सम्मिश्र बनाया गया है। इसमें बटालियनों के लिये 8 दुमंजिली बैरकें, अकेले जवानों के लिए 2 तिमंजिली बैरकें, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के हेतु 64 पारिवारिक क्वार्टर, कन्स्टेबिलों के लिये 16, डिप्टी पुलिस सुपरिन्टेन्डेंट के लिए 16 तथा कमांडेंट के पद तक के अधिकारियों के लिये 8 क्वार्टरों की व्यवस्था है।

निम्न से निम्न चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिये चौमंजिले क्वार्टरों तक में स्नानागार तथा रसोईगृह तक का प्रबंध है। सबसे नीचे की मंजिल में एक छोटा सा शाकोद्यान की व्यवस्था है जबकि अन्य मंजिलों में छज्जे हैं तथा सबसे ऊपर वाली मंजिल को खुली छत है। साथ ही अनेक अविवाहित अफसरों तथा जवानों के रहने तथा भोजन के हेतु उत्तम 'मेस' है।

आय की अनुपूर्ति

झरोदा के आवास क्षेत्र में एक **परिवार, कल्याण केन्द्र** है। वहां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों के परिवार भांति भांति के काम सीखते हैं तथा खाली समय में बुनने तथा सीने में एवं हस्तशिल्पों में उन्हें लगाया जाता है। केन्द्र केवल उनका सम्मेलन कक्ष ही नहीं है साथ ही उनके बजट (आय व्ययक) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। झरोदा की महिलायें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की बर्दियां सीने में सिद्ध हस्त हैं जिनकी बिक्री की कोई समस्या नहीं है। इस प्रकार काम करके यहां के 100 परिवार 60 रुपये से लेकर 100 रुपये प्रतिमास तक की आय-वृद्धि कर लेते हैं।

बालकों को स्कूल

केन्द्र में एक नर्सरी स्कूल होता है । यहां जब माताएं काम करती हैं तब बालक यहां पढ़ते हैं इसके अतिरिक्त एक प्राथमिक पाठशाला (प्राइमरी स्कूल) केन्द्र में होती है जहां एक समय में 300 बच्चों तक को शिक्षा दी जाती है । प्राधिकारियों का विश्वास है कि वह समय दूर नहीं है जबकि वहाँ अथवा उसके निकट एक केन्द्रीय उच्च हाई स्कूल हो जायेगा। जवानों का अपना क्लब तथा कैन्टीन है, साथ ही वाचनालय एवं विविध मनोरंजन के लिये एक हाल भी है। वास्तव में वह एक बहुमुखी भवन है जो विभिन्न अवसरों पर विविध प्रकार से प्रयुक्त होता है।

जवानों के मनोरंजन के लिये परिसर में सप्ताह में एक बार फिल्म प्रदर्शन किया जाता है। वह कम से कम 2000 जवान उसे देख सकते हैं। उसके साथ ही,

मनोरंजनकक्ष तथा कैन्टीन में टेलीविजन सैट है।

सहकारी भण्डारों में दुकानदारी

पांच दुकानो का एक पणन-केन्द्र है। उसके अतिरिक्त एक सहकारी दुकान भी जहां जवान बाजार से कम भावों पर सारा राशन, शाक तथा फल खरीद सकते हैं।

एक डाकघर तथा 40 शय्या का यूनिट अस्पताल केन्द्र-परिसर में चालू है। अन्ततोगत्वा ग्रुप केन्द्र में 80 शय्या वाला बेस अस्पताल खुलने की योजना है।

वहां पर अन्य अनेकों भवन भी हैं। कार्यालयों के सम्मिश्र में ग्रुपकेन्द्र, विश्रामरत बटालियन, बेस अस्पताल तथा सिगनल बटालियन के लिए भवन हैं । साथ ही, प्रसिद्ध क्वार्टर गारद, मोटर गैराज तथा वर्कशाप है।

खेल-कूद

जवानों को खेल कूद प्रिय हैं। झरोदा वह स्थान है जहां उनकी अभिरुचि की तृप्ति होती है। वहां पर हाकी की दो, फुटवाल की एक, वालीबाल की तीन तथा बास्केट बाल की तीन फील्ड (क्रीड़ा क्षेत्र) हैं इसके अतिरिक्त दो टेनिस के लिए, एक बैडमिन्टन के लिए तथा एक स्क्वैश के लिए कोर्ट भी जवानों की नगरी ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली में निर्माण-काल में स्टेडियम निर्मित किये गये हैं।

आगे कुछ वर्षों में कतिपय अन्य क्रीड़ा क्षेत्र तथा एक संतरण ताल (स्वीमिंग पूल) भी निर्मित होगा।

प्रेम श्रम-दान

ग्रुप केन्द्र के कमांडेन्ट श्री ओहरी ने प्रोजस्वी नेत्रों से उस उमंग का वर्णन किया जिसके साथ यह परियोजना क्रियान्वित की गयी है । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों ने यह जानकर कि इसमें उनकी निजी तथा उनके परिवार का कल्याण निहित है अथक परिश्रम किया है। श्री ओहरी के शब्दों में "यह तो प्रेम-श्रमदान की भांति है"।

नौ पंक्ति वाले काष्ट पथ के एक सुयोजित स्टेडियम को जवानों ने ही मूर्त रूप दिया है जो देश में अपनी भांति का अकेला ही है। श्री ओहरी ने बताया "दो लाख रुपये की ही केवल राशि केन्द्रीय लोक निर्णाण विभाग (सी० पी० डब्ल्यू० डी०) को इस काम के लिए दी गयी है यदि जवानों ने इसके निर्माण में खून पसीना एक न किया होता तब आप इसके लागत-धन का भली भांति अनुमान लगा सकते थे।"


ग्रुप केन्द्र के फार्म में लगे जवान उसके विषय में उमंग भरे शब्दों में चर्चा करते हैं। वे धरती के लाल है और इस कार्य में एक बार तो निज अधिकारियों से स्वयं को ऊंचा समझते हैं। यद्यपि उसका कुछ अंश ही प्रयोग में आ रहा है तदापि उससे उत्तम प्राप्ति

हो रही है। जब 40 एकड़ के पूरे फार्म पर कृषि होगी उससे धन, अनाज तथा शाकों के रूप में काफी अधिक अतिरिक्त उपलब्धि होगी। कोई आश्चर्य नहीं है कि सब कामों में बस इसी ने जवानों को सर्वाधिक आनन्द दिया है। यह एक भव्य भविष्य का द्योतक है।

प्रश्न यह उठता है कि इतनी बड़ी एक योजना जो 1970 में प्रारंभ हुयी थी कैसे तीन वर्ष से कम अवधि में पूर्ण हो गई। वास्तव में बेस अस्पताल का शिलान्यास करने हेतु जनवरी, 1973 वाली प्रधानमन्त्री की यात्रा तथा इस वर्ष जयन्ती मनाने के निर्णय ने जवानों को एक प्रेरणा दी। एक बार निर्णय होते ही समस्त साधन जुटा दिये गये और इस परियोजना से संबंधित सभी व्यक्ति एक होकर केवल इस उद्देश्य पूर्ति में लग गये कि इस परियोजना को जयन्ती समारोह से पूर्व पूर्ण करना है।

शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल उन व्यक्तियों को कभी विस्मृत नहीं कर सकता जिन्होंने सेवा की बेदी पर अपने प्राण न्यौछावर किये हैं। झरोदा कलां में एक मनोरम शहीद-स्मारक निर्मित किया गया है। शहीदों की स्मृति अमर करने के लिए संगमर्मर के पटलो पर उनके नाम अंकित किये गये हैं। देश हेतु कम से कम 164 व्यक्तियों ने अद्यावधि अपने प्राण न्यौछावर कर दिये हैं। अतएव यह कोई व्यर्थ की आत्मश्लाघा नहीं कही जा सकती जब कि ग्रुप केन्द्र के ब्रास तथा पाइप बैण्ड (बाजे) जो कि एक वर्ष के भीतर की विरली अवधि में बनाये गये हैं, यह गान गायें कि "सी० आर० पी० महान् है।"



जवानों की नगरी ग्रुप केंद्र नई दिल्ली में निर्माण काल में स्टेडियम

गौरव गाथा—

देश-सेवा में

लेकख : श्री एम वधवा



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का झंडा ऊंचा रखते हुये तथा सेवा एवं भक्ति के सिद्धान्त के सच्चे अर्थ में, इस दल की टुकड़ियों ने इन दिनों अनेकों बार समस्त देश के स्थानीय अधिकारियों की सहायता की है।

मांणेपुर

इम्फाल (मणिपुर) का प्रत्यक्षरूप से शान्त तथा सुप्तप्राय नगर ने इन दिनों अचानक ख्याति पा ली जब कि एक उत्पाती भीड़ ने उसके पाअनी बाजार में दिनांक 9 सितम्बर सन् 1973 को एक गैर मणिपुरी व्यक्ति पर एक मणिपुर महिला पर आक्रमण के आरोप में धावा बोल दिया। नगर में सर्वत्र हिंसा का बाजार गर्म हो गया मानो कि कोई सुव्यवस्थित योजना है। और "मायांगो" (बाहर वालों) की पैंतीस दुकानें लूट ली तथा जला दी गई। अल्प काल में ही अनेकों कार, मोटर साइकिलें आदि वाहन भस्मसात् कर दिये गये। कितने ही व्यक्तियों के चोटें आई और उनमें से कुछ अस्पताल में मर गये। सारे दिन उत्तेजना व्याप्त रही। स्थानीय पुलिस सब साधन जुटाने तथा उपद्रवों को शान्त करने में असमर्थ रही।

इम्फाल में स्थित हमारी बटालियन ने नगर में जन-जीवन सामान्य करने के लिये सारा योगदान दिया। असम से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की अन्य टुकड़ियां तुरन्त इम्फाल में सहायता को पहुंचाई गई। उन्होंने दिन रात गश्तें लगाई, सामरिक महत्व के स्थलों पर अपने जवान नियुक्त किये तथा उपद्रव ग्रस्त नगर में कर्फ्यू कठोरता से लागू किया। हमारे कुछ जवानों के चोटें आई। यद्यपि उपद्रव पर तो नियंत्रण हो गया कि किन्तु समाज के विभिन्न वर्गों में उत्तेजना फिर भी चलती रही।

राजस्थान

साधारणतया शान्त एवं विश्रब्ध टोंक नगर में वर्षों से कोई भी साम्प्रदायिक उत्तेजना नहीं देखने में आई थी और ना ही हूये थे धर्मान्धता के दंगेफिसाद। किन्तु दिनांक 9 सितम्बर 1973 को एक छोटी सी बात पर साम्प्रदायिक उपद्रव उठ खड़े हुये और सारा नगर दुष्ट व्यक्तियों के चंगुल में फंस गया जिन्होंने कई दुकानें लूटी तथा जला दी और लगभग 3 5 व्यक्तियों को चोट पहुंचाई।

टोंक से देवली का ग्रुप केन्द्र 38 मील की दूरी पर स्थित है तथा टोंक के जिला न्यायाधीश की याचना पाते ही सशस्त्र टुकड़ियां भेजी गई। नगर में पहुंचते ही हमारी टुकड़ियों ने उपद्रवी भीड़ को छिन्न भिन्न कर दिया तथा स्थिति पर नियन्त्रण पाया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की बिजली सदृश तुरन्त कार्यवाही ने दुष्टों के मन मे परमात्मा का भय बैठा दिया। श्रीमति कुसुम प्रसाद जिला न्यायाधीश ने इस योगदान की चर्चा करते हुये इस प्रकार सराहना की है— "9 सितम्बर को अपराह्न 2 बजे के लगभग कम्पनी हमारे पास पहुंची और तुरन्त कार्यवाही करके करीब एक घंटे के अन्दर ही व्यवस्था को पहले जैसा सामान्य बना दिया। सदा की भांति मैं आपकी सहायता एवं सहकारिता की बड़ी आभारी हूं।"

टोंक के निवासियों ने तथा राज्य के अन्य अधिकारीगण ने केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री को एक याचना में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ियों का स्थायी रूप से शांति एवं समृद्धि के लिए वहां रखने के लिये लिखा। स्थानीय भाषाओं के समाचार पत्रों में टोंक


में सामान्य स्थिति लौटाने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की इस भूमिका की भूरि भूरि प्रशंसा की।

मैसूर

खाद्यान्नों तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के अत्यधिक प्रभाव के कारण अगस्त तथा सितम्बर में देश के विभिन्न भागों में अन्नउपद्रवों तथा गोदामों एवं दुकानों की लूट मार की सूचनायें मिलीं। तभी बंगलौर के भीतर तथा चारों ओर स्थिति ने भयंकर रूप धारण कर लिया तथा कई स्थानों को साम्प्रदायिकता ने धर दबोचा । निकटवर्ती स्थानों से कानून एवं व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को नियंत्रित करने के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को टुकड़ियां भेजी गई ।

दिनांक 15 सितम्बर से 23 सितम्बर 1973 तक आवडी (मद्रास) से 56 बटालियन की तीन कम्पनियों और आंध्रप्रदेश से 19 बटालियन की दो टुकड़ियों ने आकर बंगलौर में सेवाभार उठाया तथा कानून एवं व्यवस्था को लौटाने में सहायता की।

। एक प्रेक्षण-चौकी ।



तमिलनाडु तथा पांडोचेरो

आखेल तामिलनाडू में विरोधी दलों ने एक संयुक्त 'बन्ध' मनाया। यद्यपि आवडी में हमारी कोई नियमित कम्पनी नहीं थी, तामिलनाडू की आपात् प्रार्थना पर आवडी में केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज तथा रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र में जवानों की तदर्थ टुकड़ियां निमित की गई। मद्रास में इन टुकड़ियों के निरन्तर गश्त से तथा सामरिक महत्व के स्थलों पर जवानों को तैनात करने पर 'बन्ध' शांतिपूर्वक पूरा हुआ तथा स्थानीय प्राधिकारियों को शांति की श्वास मिली। हमारे जवानों के अनुशासन एवं निष्ठापूर्वक सेवा के लिए मद्रास के पुलिस कमिश्नर ने मुक्त कंठ से सराहना की।

जनसंख्या की तुलना में पांडीचेरी केन्द्र शासित राज्य का नन्हा सा क्षेत्र कानून एवं व्यवस्था की असंख्य समस्याओं से भरा पड़ा रहता है। वहां की जनता अपने राज नैतिक अधिकारों के प्रति अत्यंत सचेत एवं जागरूक है । अतः इस राज्य क्षेत्र में मोर्चा, धरनों तथा आन्दोलनों की प्रचुरता रहती है। दिनांक 11 से 13 सितम्बर 1973 तक विरोधी दल के सर्व साधारण 'बन्ध' के आह्वान पर इस केन्द्रशासित क्षेत्र में शान्ति रखने के लिए आवडी के ग्रुप केन्द्र तथा रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र ने तदर्थ कम्पनियां बनाई तथा सितम्बर 6 से 16 तक ऐसी दो कम्पनियां सहायता के लिए भेजी गई।

मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश का मन्दसौर जिला सम्प्रति अन्न-आन्दोलन में अग्रणी रहा है । 1973 के सितम्बर 26 से अक्तूबर 4 तक कानून एवं व्यवस्था स्थापित करने के लिये जिला प्राधिकारियों की सहायता हेतु नीमच के ग्रुप केन्द्र तथा 33वीं बटालियन एवं केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ियां भेजी गई । साम्यवादी मार्कसिस्ट दलों के आन्दोलनों का अत्यन्त प्रचण्ड रूप होते हये भी हमारे जवानों ने अपने कौशल एवं धैर्य से काम लिया । मन्दसौर के पुलिस सुपरिन्टेडेंट ने नीमच में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के सदस्यों को अनेक धन्यवाद दिये हैं और कहा है--"इस संकट में अपने पास एक सुशिक्षित, भली भांति सशस्त्र, अनुशासित तथा मधुर व्यवहार वाले दल को पाना वस्तुतः एक विशेषाधिकार था। मैं उसकी सेवा तथा कर्तव्य परायणता की प्रशंसा करता हूं। मैं जानता हूं कि अनेकों को इस संकट काल में मार्ग पर ही ठहरना पड़ा; किन्तु मैंने किसी के मुख पर असंतोष अथवा अनिच्छा के चिन्ह नहीं पाये। मेरी यह प्रार्थना है कि विभिन्न अवसरों पर तैनात सभी जवानों की सूची भेज दें जिससे उन्हें यथोचित पुरस्कार दिये जायें।" निज सेवा कार्यों के निभाने में जो हमारे जवानों ने निष्ठा का भाव दर्शाया है उसका प्रमाण प्राधिकारियों की इस स्वतः कृतज्ञता प्रदर्शन करने से आंका जा सकता है ।

आंध्र प्रदेश

कुरनूल के कलक्टर ने विभाजन की मांग की विकट घड़ी में 53 बटालियन के

जवानों को सर्वोतम निष्ठापूर्वक सेवाओं के उपलक्ष्य में उस बटालियन के जवानों को एक सहस्त्र रुपये का पारितोषिक दिया है। ओन्गोल जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 37 वीं बटालियन अनेकों बार आग बुझाने के मानवीय उपकृत्यों में संलग्न रही है। दिनांक 4 सितम्बर 1973 को शिविर क्षेत्र के निकट एक अग्नि काण्ड में हमारे जवान तुरन्त घटना स्थल पर पहुंच गये और उसे शमन करने में जनता की सहायता की। अग्नि से दो सहस्त्र रुपये की क्षति हो गई। यदि इस बटालियन के जवानों की सामयिक सहायता न पहुंचती तो अपेक्षाकृत कहीं अधिक की क्षति होती। पुलिस थाना चिराला में जयन्ती पथ पर एक प्रचण्ड अग्नि के शमन में इस बटालियन के जवान एक बार पुनः जुट गये। ओन्गोल के पुलिस सुपरिटैन्डैन्ट ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों को यथोचित नकद पुरस्कार प्रदान किया है।

उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश कानून एवं व्यवस्था रखने के लिये हमारी बटालियन स्थानीय प्राधिकारियों को सहायता हेतु संलग्न रहती हैं। अभी लोको (रेल इंजन) श्रमिकों की बड़ी भारी हड़ताल तथा विद्युयत कर्मचारियों की बारम्बार हड़तालों में स्वामिभक्त व्यक्तियों की मार्ग रक्षा एवं स रक्षा के लिये तथा तोड़ फोड़ के विरुद्ध परमावश्यक संस्थानों की देख रेख के हेतु हमारी बटालियनों को विस्तृत रूप से नियुक्त किया गया ।

बनारस से 44वीं बटालियन की भेजी गई दो कम्पनियों की सहायता से तथा स्थानीय अधिकारियों के सामयिक हस्तक्षेप ने जौनपुर का एक गम्भीर साम्प्रदायिक दंगा होते होते बचा लिया। बटालियन के कमांडैन्ट ने स्वयं संकट ग्रस्त क्षेत्रों में उन कम्पनियों का संचालन कर साम्प्रदायिक स्थिति को उग्र रूप धारण करने से बचा लिया। 44वीं बटालियन को सामयिक सहायता के प्रति स्थानीय रेन्ज के महानिरीक्षक ने अमित कृतज्ञता प्रकट की है।

विज्ञान के चढ़ते चरण

अमेरिका को एक फर्म दी पोलैराइड कारपोरेशन आफ कैम्ब्रिज ने एक नया माडल का फोटो कैमरा एस एक्स 70 का आविष्कार किया है जिसमें रंगीन फोटो आपके नेत्रों के सम्मुख तैयार हो जाता है। जब यह प्रयोग में नहीं आता है तो यह कैमरा एक इंच मोटाई का चपटा होता है किन्तु प्रयोग करते समय यह ऊपर उठ जाता है। इसके प्रयोग करने में फोटोग्राफर को चित्र को फोकस करने तथा कैमरे के बिजली शटर के बटन दबाने के अतिरिक्त कुछ नहीं करना पड़ता। एक्सपोज्ड (खुला) फिल्म दो सेकन्ड से भी कम समय में निकाल लिया जाता है और तेज से तेज प्रकाश में भी वह स्वयं डेवेलप होना (उभरना) प्रारंभ कर देता है। पहले वाले पोलैराइड प्रिन्ट से भिन्न इसमे कोई कोटिंग उतारना या फिक्सेटिव (जुड़नार) लगाना नहीं पड़ता।

कैलीफोर्निया (अमेरीका) की डोनल्ड ए डीकिन्स कम्पनी (डैडको) नामक एक

फर्म मोटरसाइकिल के लिए थर्मोप्लास्टिक पालीएस्टर के ब्रक-तथा-क्लच लेवर निर्माण कर रही है जो कठिन से कठिन दौड़ प्रतियोगिता अथवा लम्बी क्षेत्रगामी यात्रा तक में भली भांति काम देंगे। धातु के लेवर तो घटनाओं में प्रायः चकनाचूर हो जाते हैं और साइकिल वाहक को बुरी भांति चोट पहुंचाते हैं, किन्तु पालीएस्टर के लेबर में कोई ऐसा भय नहीं है । ये सभी प्रचलित मोटर साइकिलों में लगाये जा सकते हैं तथा जंग लगने वाले घोलों, तेलों तथा गैसोलिन का इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

स्वास्थ्य सन्देशः—

भोजन में मिलावट

लेखक : श्री निगमेन्द्रसेन सक्सेना

जब 1959 में अमेरिका ने मोरोको से अपना हवाई अड्डा उठाया तब उन्होंने कैसाब्लान्का के एक व्यापारी को 40 टन फालतू वायुयान का लुब्रीकेटिंग (स्निग्ध) तेल बेच दिया जिसने मेकेन्स के उन 25 खाद्य तेलों के सौदागरों को बेच दिया जिन्होंने स्वयं को मोटर गैराजों का स्वामी बताया था। यह जैतून के तेल में 4:1 के अनुपात में मिलाया गया और मोरोको के निर्धन परिवारों को बेच दिया गया। जिसके कारण चालीस सहस्त्र व्यक्तियों को पक्षाधात (फालिज) मार गया। एक राजकीय आदेश से वे सभी 25 व्यापारी फांसी पर चढ़ा दिए गए।

जैसा कि अलेग्जेण्डर कैम्पबेल ने अपनी पुस्तक “हार्ट आफ इंडिया” में चित्रित किया है, हमारे देश में विष तक में मिलावट होती है। खाद्य पदार्थों में मिलावट एक चिरन्तन अपराध है जो भारत में ही सीमित नहीं है। यह एशिया तथा अफ्रीका में एवं कुछ मात्रा में प्रगत देशों में भी पाया जाता है। तथा अमेरिका एवं रूस इस अपराध से विशिष्ट रूप से निर्मुक्त है।

हमारे देश में यह अपराध नया नहीं है । 1935 से पूर्व जब दूध एक रुपये का 7-8 सेर बिकता था उसमें पानी मिलाया जाता था। परन्तु नूतनता है इस पाप की प्रचुर मात्रा तथा रसायनों, रंगों, कूड़ाकर्कटों तथा अभक्ष्य पदार्थों का प्रयोग जिनसे मृत्यु तक हो जाती है । अतएव केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के अधिकारियों पर एक विशेष दायित्व आ पड़ता है कि वे सुनिश्चित करें कि जवानों को उत्तम एवं शुद्ध भोजन मिले ।

इस वर्ष के अभी पूर्वगत मासों में इस विषय में एक तुमुल कोलाहल हो रहा था, खाद्य निरीक्षक बड़े सतर्क रहे और परीक्षण के लिए अनेकों नमूने लिए गए । उनके परिणामों ने जनता के अनिष्टतम संदेहों की पुष्टि करदी है । 1973 के मध्य में कलकत्ते

के 12 खाद्य नमूनों में से 10, उड़ीसा में 68.2 प्रतिशत तथा 1972 में राजस्थान में 47.2 प्रतिशत मिलावट पायी गई। 1973 के मध्य में नई दिल्ली के बेसन में अस्सी प्रतिशत मानव उपभोग को अनुपयुक्त पशु भोजन मिला था। एक संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ ने सच ही कहा है कि भारतीयों की सम्प्रति समस्त पीढ़ी शुद्ध भोजन का बिना स्वाद लिए पनपी है।

आइये देखें मिलावट में कौन कौन से साधारण तत्व मिलाए जाते हैं । अपराधियों की धर्तता का कोई ठिकाना नहीं है। निम्नलिखित विवरण किसी भांति भी सम्पूर्ण नहीं कहे जा सकते:--

जीरा–इसमें सूखी तथा सूक्ष्म टुकड़ों में कटी एक प्रकार की घास अथवा मिट्टी से बना कृत्रिम जीरा मिश्रित होता है।

धनियां–इसमें घोड़े की लीद और धान की भुसी मिलाई जाती है।

मिर्च–पिसी मिर्चों में रंगा बुरादा, धान की भुसी तथा घोड़े की रंगी लीद मिली होती है।

हल्दी–इसमें पिसी ईटें तथा लेड क्रोमेट (सीसवर्णीय) मिश्रित होता है । लेड-क्रोमेट हल्दी में पीला रंग चमकीला कर देता है । तथा उपभोक्ताओं को अपने गुणों के प्रति धोखा देता है।

केशर–इसमें अधिकांश पटसन के रेशे तथा रंगा आटा मिलाया जाता है। एक बार तो ऐसा पाया गया कि दिल्ली में उस मात्रा से कहीं अधिक केशर बिका जितनी कि उसकी उत्पत्ति जन्म भूमि काश्मीर में भी नहीं हुई थी।

चावल–अनेकों बार इसमें संगमर्मर का कचरा पाया जाता है। दिनांक 2 सितम्बर, 1973 को राष्ट्रपति ने एक राशन की दुकान पर चावल के नमूने देखे तो एक दुकान के चावलों में रोड़े मिले थे।

आटा–बाजार में उपलब्ध आटे में मैदा तथा सूजी जैसे आवश्यक तत्वों का 15 प्रतिशत का अभाव होता है तथा और भी विकृत करने को सिंघाड़े का आटा तथा खड़िया कभी-कभी मिली पायी जाती है।

बेसन–बेसन में केशर दाल की मिलावट होती है जिससे मनुष्यों को पक्षाघात (फालिज) हो जाता है।

दुग्ध के पदार्थ तथा चाय–जल प्रायः मलिन होता है । दुग्ध के पदार्थों में मिलावट की मात्रा अत्यधिक होती है। आईसक्रीम में जो वैसे एक उत्तम दुग्ध पदार्थ है, प्रायः मिलावट मिलती है। आयकर अधिकारियों ने एक बार ऐसा पाया कि एक दुग्ध विक्रेता ने व्लाटिंग कागज (सोख्ता) भारी मात्रा में खरीदा था। स्पष्टतः दुग्ध-पदार्थ खोआ और रबड़ी को गाढ़ा करने के लिए उसका क्रय किया गया था।

चाय–चाय में बुरादे, चमड़े, तथा विविध छालों और पत्तों की प्रचुर मात्रा में मिलावट होती है । ये स्वतः इतनी हानिकारक नहीं होती किन्तु चाय में मिलाने से पूर्व इनको रंगा जाता है । और वे रंग स्वास्थ्य को हानिकारक होते हैं । बहुधा होटलों तथा रेस्टां से फेकी हुई तथा उबली चाय की पत्तियों को पुनः रंगा जाता है और नई पत्तियों में मिश्रित कर दिया जाता है। खुली चाय में तो अवांछनीय तत्वों का लगभग छटा भाग तक होता है।

पटरी वाले चाय होटलों में उस चाय के चूर्ण को नित्य ही काम में लाते हैं जो पहले ही उपयोग हो चुकी है।

अन्य अन्न पदार्थ–मृदु प्रस्तर को जो साधारणतः सेलखड़ी कहलाती है गन्ने के रस को ठोस रूप में गुड़ की भेली बनाने के लिए मिलाया जाता है। सन् 1968 में उत्तर प्रदेश में जब ईख की फसल को गम्भीर क्षति पहुंची थी तब उत्पादकों को सेलखड़ी चूर्ण भरे ट्रक के ट्रक खरीदते पाया था।

खाद्य तेल–सरसों के तेल में मिलावट और उसके दुष्परिणाम सर्व विदित हैं। अभी अभी 24 सितम्बर 1973 को ही जब जलंधर की महामारी की कई घटनाएं प्रकाश में आयीं तब केन्द्रीय मन्त्रालय ने दिल्ली की जनता को सरसों के तेलों की मिलावट के विषय में सचेत किया है। अन्य वनस्पति तेलों में भी मिलावट होती है। व्यापारीगण खाद्य तेल में श्वेत तेल तथा खनिज तेल तक मिला देते हैं। ऐसे भी उदाहरण सामने आए हैं कि जहां मोबिल तेल भोजन पकाने के प्रयोग में लाया गया है।

लवण–नन्ही प्लास्टिक की थैलियों में परिष्कृत लवण के नाम से बिकने वाले लवण में कच्चा लवण मिला रहता है जिसमें सल्फेट, पत्थर, पशु-पक्षियों की अस्थियां पाई जाती हैं जो लवण झीलों में मर जाते हैं तथा अन्य प्रकार की अशुद्धियां भी मिली रहती हैं।

मधु–सन 1973 के प्रारम्भ में चण्डीगढ़ से प्राप्त मधु तथा टिमाटर कैच-अप के नमूनों में 83% मिलावट पाई गई। मधु में गुड़, राब तथा अन्य प्रकार की शक्कर मिली होती हैं। मधु जैसे महंगे खाद्य पदार्थों में गुड़ जैसे सस्ते खाद्य पदार्थ मिलाना सरासर धोखे-बाजी है।

उपभोक्ताओं का विरोध–सरकार इस समस्या मे अतीव चिन्तित है। और अभी जो वक्तव्य निकले है उनसे स्पष्ट होता है कि उपभोक्ता द्वारा विरोध परमावश्यक है। इस समस्या को केवल सरकारी साधनों पर नहीं छोड़ा जा सकता। लोक सेवक तथा पुलिस अधिकारी होने के नाते हमें सरकार तथा अपने जवानों की सहायता करनी चाहिए जिनके लिए 'मेस' अत्यावश्यक है। सुतरां हमें समस्या की समीक्षा सावधानी पूर्वक करनी है। आइए इसके कानूनों पक्ष को भी देखें।

समाज को इस विभीषिका से परित्राण दिलाने के लिए सितम्बर सन् 1954 को खाद्यान्न मिलावट निराकरण अधिनियम पारित हुआ जिसके मख्य उद्देश्य हैं:—

जनता को हानिकारक एवं विषैले भोजनों से बचाना, हानिकारक तत्वों से पूर्ण निम्न स्तर के खाद्यान्नों के क्रम को रोकना तथा उपभोक्ताओं को ठगी तथा धोखेबाजी के चंगुलों से रक्षा करना।

इस नियम की 7वीं धारा कई प्रकार के खाद्यान्नों का उत्पादन एवं क्रय का निरोध करती है। खाद्य निरीक्षकों को ही इस अधिनियम के अधीन शक्तियां दी गई है और वे व्यापक हैं। इस अधिनियम के अधीन अपराध में छै मास की सजा है। कम से कम जो छै वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है तथा कम से कम एक सहस्त्र रुपए तक का जुर्माना अलग। प्रथम श्रेणी का दण्ड नायक (मजिस्ट्रेट) आपराधिक दण्ड संहिता के अधीन किसी भी अपराधी को दो वर्ष तक दण्डित कर सकता है किन्तु इस अधिनियम के

अधीन 6 वर्ष तक कठोर कारावास दिया जा सकता है।

अधिनियम का अनुपालन–यद्यपि इस अधिनियम में कुछ त्रुटियां तथा कमजोरियां हैं, साथ ही इसको लागू करने के लिए निष्ठावान तथा दक्ष साधन का अभाव रहा है। इसका पालन करवाने का भार नगरपालिका पर होता है जिनके पास खाद्यान्न निरीक्षक पर्याप्त संख्या में नहीं हैं जो ना तो भली भांति प्रशिक्षित हैं और ना ही उत्तम वेतन भोगी है। अधीक्षक गणों को अर्हता ख्याति तथा संख्या भी असंतोषजनक है। नगरपालिका को अभिकरण की सीमाओं के बाहर तो ये अयोग्य साधन भी नदारद हैं। एक सक्षम तथा प्रशिक्षित जांच अभिकरण की अत्यावश्यकता है क्योंकि उत्पादक, थोक व्यापारी, परचून तथा फेरी वालों के द्वारा अन्न वितरण एक लम्बी प्रक्रिया है । अतः हमें स्पष्ट रूप से सिद्ध करना है कि कौन मिलावट का वास्तव दोषी है।

न्यायायालय तथा अभियोजन कर्त्ताओं की प्रवृत्ति भी सदैव समीचीन नहीं होती। अधिकतम दण्ड तो कभी दिया ही नहीं जाता। नाम मात्र दण्ड मिलावट करने से लाभ 500 करोड़ रुपये के सम्मुख कोई प्रतिरोधक नहीं है।

मिलावट को व्यापक रूप देने में एक अन्य कारण है-तकनीकी ज्ञान एवं जांच की सुविधाओं का अभाव । खाद्य पथार्थों का निरीक्षण केवल क्रोमैटोग्राफ नामक नाजुक यन्त्र से ही प्रयोगशाला में किया जा सकता है । इस समय देश में केवल 70 खाद्यान्न परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं और वे भी आधुनिक तथा पेचीदे संयन्त्रों से परिपूर्ण नहीं है। एक अनुमान के अनुसार प्रयोगशालाओं के निर्माण के लिए तथा वर्तमान प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण हेतु आठ करोड़ रुपयों की आवश्यकता होगी।

क्या केन्द्रीय अथवा क्या राज्य सरकारें इस पाप से पूर्ण रूपेण परिचित हैं तथा ऐसे पगों को उठा रही हैं अथवा सोच रही है जिससे (i)मिलावट के विरुद्ध जन जीवन में जागृति उत्पन्न हो । (ii) यह अधिनियम और भी कठोर बने । (पश्चिमी बंगाल ने अपने अभिनव विधान द्वारा इस ओर पग उठाया है, जिससे खाद्यान्न और औषधि में मिलावट करने वालों को आजीवन कारावास की व्यवस्था है। (iii) भारतीय प्रमाप संस्था से उत्पादकों को प्रमाणपत्र प्राप्त करना अनिवार्य हो, (iv) अनुपालक कर्मचारियों की संख्या तथा क्षमता की वृद्धि हो (v) खाद्यान्न परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या को बढ़ावें और उनको आधुनिक संयन्त्रों से सज्जित करें और (vi) खाद्यान्नों में मिलावट से संबंधित अभियोगों से शीघ्र निर्णय के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना करें।

इन प्रबन्धों का पूर्ण पालन करने में वर्षों लगेंगे। इस बीच में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के अधिकारीगण अपने जवानों को उत्तम भोजन देने के दायित्व से पराङमुख नहीं हो सकते । अतः ये अधोलिखित सुझाव हैं :

(1) जिन पदार्थों में मिलावट की संभावना हो उनका यथा-संभव त्याग करना चाहिए।

(2) आटा, बेसन इत्यादि बाजार से क्रीत नहीं करना चाहिए । साबित गेहूं तथा चने को ही बाजार से क्रय करना और स्वयं पिसवाना एक मात्र विकल्प है।

(3) पिसे मसाले कदापि नहीं खरीदना चाहिए, प्रत्युत साबित मसाले क्रय करें और यूनिटों में पिसवायें।

(4) सरसों के तेल के स्थान पर सरसों के बीज क्रीत करना चाहिए और अपने प्रवन्ध से पिसवाना चाहिए। (रामपुर ग्रुप केन्द्र ने इस ओर पग उठाया है)

(5) मुरब्बे, टिमाटर सास इत्यादि परिवार कल्याण केन्द्र में निर्मित कराना चाहिए तथा जवानों को यूनिट कैन्टीन द्वारा बेचे जाना चाहिए।

(6) यह उत्तम रहेगा कि बिना रंग या सुवास के बने मिष्ठान्न को खाऐं। -

नर--सिंह का शिकार

(१८/१९ अगस्त रात की घटना का कल्पित नाटकीय रूप)

लेखक—श्री जे० एस० शर्मा

एकांकी स्थान :--रानीदंगा का शिविर]

[समय-पावस गोधूलि]

पात्र परिचय

राठौर :— सूबेदार
बुद्धिमान सिंह :— जमादार
पीर मुहम्मद :— नायक (कल्पिता)
भूपसिंह :— सिपाही

[केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के दो पुलिस जवान परस्पर वार्तालाप कर रहे हैं।]

एक— अरे भाई बुद्धिमान् । कुछ घर लौटने लौटाने की भी सनी।

बुद्धिमान — बैठे रहो पीर मुहम्मद ! प्रलय काल तक नेत्र बिछाए ।

पीर मुहम्मद— छिः तुम तो यार बुद्धू के बुद्धू ही रहे।

बद्धिमान — **(चिढ़कर)** मैं बुद्धू का बुद्धू होऊं या नहीं, किन्तु तुम बावले पीर अवश्य हो।

पीर मुहम्मद— भाई मैंने क्या बावलेपन की बात कही। अमां जब डी० आई० जी० साहब दौरे पर आए थे तो दरबार में क्या कहा था कि जल्द ही इस बटालियन

को नागपुर लौटा देंगे। क्या तुमने नहीं सुना था।

बुद्धिमान — बस सुनते रहो तुम। यों सुनते-सुनते इतने समय से तो हमारे कान पक गए हैं। किन्तु अब न तब।

पीर मुहम्मद— (दीर्घ श्वास लेते हुए) या अल्लाह ! बुरे फंसे।

बुद्धिमान — मियां-क्या बुरे फंसे हो। मजे के साथ भत्ते पर भत्ता उड़ाए जा रहे हो।

पीर मुहम्मद— ऐसे भत्ते से खुदा बचाए (रुक कर) लेकिन ठीक है बांझ क्या जाने जनने की तकलीफ। अभी मियां अकेले हो। जोरू न जाता-अल्लाह मियां से नाता। बस रुपये पैसे जोड़ने की पड़ी है।

बुद्धिमान — सब कोई दूसरे के प्रति ऐसे ही सोचता है। मियां कहा है--
पैसा ही रूप रंग है पैसा ही माल है।
पैसा बिन आदमी चर्खे की माल है।

पीर मुहम्मद— सो तो है ही। मगर मेरा मतलब था कि रुपये पैसे के साथ कुछ घर है, गृहस्थी है। (ठंडी सांस लेकर) फौज से निकले थे, तो सोचा था कि घरबार संभालेंगे लेकिन मुकद्दर में तो यहां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का दाना-पानी बदा था। खेती बाड़ी में मुनाफा नहीं था-वालिद और चचा के बंटवारे ने एक हल भी जमीन नहीं छोड़ी थी। इधर हमें नागपुर में सिर्फ सिपाही ले रहे थे और यहां नायक का ओहदा खींच लाया।

बुद्धिमान — अब बोलो खींच लाया रुपया-पैसा ना।

पीर मुहम्मद— मगर मुझे क्या खबर थी कि घर के बालबच्चों की सूरत भी नहीं देख पाऊंगा। (दीर्घ श्वास लेता है) या खुदा बन्द करीम ! रहमानुल रहीम !!

बुद्धिमान — **(समझाता हुआ)** परन्तु इसमें भाग्य के अतिरिक्त किसका दोष है ? देखो डी० आई० जी० साहब बारम्बार लौटने का बचन दे जाते हैं। सना है डी० जी० साहब भी इस बटालियन को कुछ विश्राम देने के हक में हैं। किन्तु भला हो देश की परिस्थितियों का जिन्होंने हमें यहां बन्दी बना रखा है।

पीर मुम्हमद — जिन्हें तुम परिस्थितियां कह रहो हो-वे भी तो हम ही लोगों की जुलमत और ज़लालत की ही वजह से हैं।

बुद्धिमान — मियां ? तुम्हें ज्ञात नहीं। इसमें सरासर हाथ विदेशियों का है जो साम्यवाद के नाम पर भारतवासियों को पथ भ्रष्टकर रहे हैं-जन-जीवन त्रस्त कर रहे हैं उनकी मतिनष्ट कर रहे हैं।

पीर मुहम्मद— मैं तुम्हारी यह दलील मान सकता था, अगरचे कोई देहाती गंवार इस तहरीक में शामिल होते। मगर इसमें तो बड़े बड़े तालीम याफता जुल्मे तुग यान ढाह रहे हैं, कयामत वरपा कर रहे हैं। बल्कि तहजीवो तमुद्दन के नाम पर बट्टा लगा रहे हैं।

बुद्धिमान — (रोकता हुआ) मियां। आवेश में ना आओ।

पीर मुहम्मद— (हाथ छुड़ाता हुआ) कैसे न आऊं तैश में। मेरा खून खौल जाता है-जब सुनता हूं इसे 'सोनार बांगला' कहते हैं, यहीं से अंग्रेजी हकूमत का आगाज़ हुआ। यहीं पर आकर रेलगाड़ी से पहले ऊंटों पर चढ़ कर लाखों मील का सफर तय कर मारवाड़ी करोड़पतियों ने यहां की सनतो-हरफत पर चार चांद लगाए। और आज यहीं के नौजवान नारों में बहक कर यहां की तिजारत बरबाद करने पर तुले हैं। खुशहाली नेस्तनाबूद करना चाहते हैं।

बुद्धिमान — मियां ! 'नौजवानी वह अल्हड़ उम्र होती है कि जो एक बार मस्तिष्क में बैठ जाए उसे कर गुजारते हैं। वास्तव में सारा दोष उनके मस्तिष्क पर प्रभाव डालने वाले उग्रपंथी नेताओं का है।

पीर मुहम्मद— मगर तुमतो बताते थे उस दिन कि उन नेताओं में भी एख्तलाफ पैदा हो गए हैं।

बुद्धिमान — सो तो मैने सही बताया था। समाचार-पत्रों की लिखी लिखाई बात है कि चारु मजूमदार और कानू सन्याल अब अपनी अपनी ढपली और अपना-अपना राग बजा रहे हैं।

पीर मुहम्मद— (मुस्करा कर) या परवर दिगार। इनकी रही सही ढपली फोड़ दे। इनकी बवी खुवी रागमाला तोड़ दे।

बुद्धिमान — चिन्ता मत करो-ऐसा ही.....

नेपथ्य से — होगा (तुरन्त भूप सिंह प्रवेश कर) होगा चलना। सभी को...

पीर कहां ? क्यों? कब ?

मुहम्मद—

भूपसिंह — यह सब सूबेदार साहब से पूछो। अभी-अभी एक टेलीफोन आया है। तभी से जमादार साहब ! आपकी पूछ पड़ रही है।

बुद्धिमान — मेरी।

भूपसिंह — जी हां आपकी ! आपकी !! आपकी !!! जिस दिन से आपने उस उग्रपंथी को क्या बन्दी बनाया है कि आपकी धाक बैठ गई है।

बुद्धिमान — नहीं। नहीं। उसमें आप सब का योगदान था।

भूपसिंह — ठीक है। किन्तु वहां सब खड़े थे पर यह आपने ही जाना कि वह चण्ड चण्डाल उग्रपन्थी बिना बनियान वाला है । वरंच सब वहां के मनुष्य एक से लगते थे।

बुद्धिमान — वस्तुतः बात ऐसी हुयी कि मैंने जब झुरमुटों में जाते देखा तो वह कच्छा बनियान पहने था परन्तु उसने स्वयं को बचाने के लिये बनियान उतार फेंकी। मैंने यह सब ताक लिया.....

(नेपथ्य में खड़म-खड़म की ध्वनि । सब का उस ओर ध्यान आकृष्ट होना और खड़े होकर अभिवादन करना)

भूपसिंह — देखिए मैं क्या कहता था ? सूबेदार साहब स्वयं आपको खोजते यहां आ पहुंचे।

बुद्धिमान — सूबेदार साहब । कहां को प्रयाण करना है ?

सूबेदार— (प्रवेश कर) भाई । मैं तुम्हें ही खोज रहा था।

बुद्धिमान — सो तो यह अकिंचन भूपसिंह के कहने पर आ ही रहा था।

सूबेदार— आने की आवश्यकता नहीं--बस जाने का प्रबन्ध करो। अभी अभी सिलीगुड़ी के थाने से फोन आया है कि हमें तुरन्त चाय बागान की ओर जाना होगा।

पीर मुहम्मद— खैर तो है हुजूर ।

सूबेदार— खैर तो जब उत्पन्न हुये थे तो खुदा के पास छोड़ आये थे मियां।

पीर मुहम्मद— हुजूर ! मैं भी अभी जमादार साहब से यही कह रहा था।

सूबेदार— (अनसुनी कह कर) सुना है कि किसी शेर बबर को पकड़ना है--अंधेरी-रात्रि ! कण्टकाकीर्ण मार्ग !! दीर्घ अपरिचित क्षेत्र !!!

बुद्धिमान— कोई चिन्ता नहीं करें। प्रभु सब भला करेंगे।
किसी ने कहा है कि--
"हारिये ना हिम्मत विसारिये ना राम" ।

सब— निश्चय ही।

सूबेदार— अच्छा चलें—अब शीघ्रता करें।

(सब का प्रस्थान)

(2)

स्थान— तक वीहड़ बन] [समय-रात्रि का अन्तिम प्रहर (निशा के निविड़ तिमिर में कुछ छाया चलती दृग्गत होती है)

एक छाया— उफ । बुरे फंसे । जमादार साहब ।

दूसरी छाया— ठीक है। पर भूपसिंह, जब ऊखली में सिर दिया तो मूसलों से क्या भय । (रुक-कर) फिर सोचो तो बंगाली पुलिस भी तो साथ है।

भूपसिंह— बंगाली पुलिस की भली चलाई। उनको यहां का चप्पा चप्पा मालूम है । फिर उनका एक जवान काम आता है तो सरकार दस सहस्त्र रुपये पुरस्कार उन्हें देती है।

सूबेदार— छि: तब तुम अपने प्राण का सौदा करते हो।

भूपसिह— नहीं। मेरा आशय यह कदापि नहीं था। किन्तु अपनी तथा बंगाली पुलिस की तुलना जब आपने की.....।

जमादार— तब तुम्हे ज्ञात हो कि सरकार यह व्यवस्था केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के लिये भी करने जा रही है।

तीसरी छाया— छि: ! क्या मरने की अशुभ बात करते हो। हम तो प्रत्युत मारने-पकड़ने आये हैं ।

जमादार ठीक है सूबेदार साहब । पर अभी कितनी दूर और चलना है।
—

सूबेदार— बस निकट ही समझो शिविर ।

भूपसिंह निकट सुनते सुनते एक प्रहर निकल गया है। वर्षा के कारण मार्ग में
— कीचड़ अलग है।

जमादार (हंस कर) भाई ! मलाई के लच्छे हो रहे हैं।
—

सूबेदार— छिः ! यह भी सौभाग्य समझो। शत्रु को पदचाप श्रुतिगत नहीं होते होंगे।

भूपसिंह किन्तु एकएक पग तो मनों का हो रहा है। शरीर थक कर चकनाचूर हो
— चुका है। इधर इतना भयंकर शत्रु अकेला तो होयेगा नहीं-उस पर भी अपना दल होगा। फिर विभिन्न थानों से अपहृत राइफलें बंदूकें, स्वचालित शस्त्र भी तो उस पर होंगे।

सूबेदार— तभी तो अंधेरी रात्रि में धनाच्छादित गगन का आश्रय लिया है। हमें ऐसी योजना बनानी है कि एक भी विद्रोही भागने नहीं पाये । इस बाघडोगरे से विकट वाघ को निकलने नहीं जाने देना है।

जमादार बुद्धिमान या यों कहें सिही जोड़ा में सिंह को धर दबोचना है। (सब हंसते हैं)
—

सूबेदार— शान्त ! शान्त !! अपना मरण तुम्हारी हांसी ! छि:! भूलते हो कि आज हमारा सामना एक ऐसे विराट चक्राट व्यक्ति से है जो व्याघ्र की भांति हिंस्रक, शेष नाग की भांति विषैला, श्येन की भांति सतर्क तथा सरट-गिरगट की भांति छद्मावरण धारण करने वाला है।

भूपसिंह निश्चय ही । पर आप भी तो राठौड़ है--दुर्गादास राठौड़ के वंशज जो
— मुगल सैन्य समूह के मध्य से राजकुमारों को साफ निकाल लाये थे ।

(सब हंसते हैं)

सूबेदार— छिः फिर हंसी।

बुद्धिमान (कान खड़े कर) हुजूर ! संभलिये। सामने कुटीर में कुछ हलचल है।
—

सूबेदार— अवश्य । हम गन्तव्य स्थल पर आ पहुंचे हैं । जमादार तुम इधर टुकड़ी

बढ़ाओ । भूपसिंह सतर्क रहो। पीर मुहम्मद आगे बढ़ो-व्यास मुनि सिंह तुम पीछे से इस कुटीर को घेर लो। देखो । प्राण पर खेलना है--विद्युत की भांति कौंध जाना है, श्येन की भाति ऐसा झपटा मारना है कि शत्रु किंकर्तव्य विमूढ़ रह जाय । एक भी उसका व्यक्ति उसका भाग न पाये।

सब— जो आदेश । (सूबेदार राठौड़ तथा भूपसिंह के अतिरिक्त सबका प्रस्थान)
(तुमुल कोलाहल.....घेरो.....मारो.....पकड़ो)

भूपसिंह — देखिये सरकार वह कोई छिप छिप कर झाड़ियों में भागना चाहता है। (संगीन लिए दौड़कर) सावधान ! यदि आगे बढ़ने की चेष्टा की तो प्राण से हाथ धो बैठोगे। (भागती हुई छाया रुकती है, भूपसिंह संगीन उसके वक्ष स्थल पर रख देता है)

छाया— मुझे परमात्मा के लिए जाने दो। तुम्हें ज्ञात नहीं कि मैं कौन हूं। मैं तुम जैसे कम वेतन भोगियों के लिए संघर्ष कर रहा हूं।

भूपसिंह — शान्त ! तब तुम्हीं वह हो जिसने देश की सुव्यवस्था भंग कर रखी है, विदेशियों के चंगुल में पड़ राष्ट्र को ज्वालामुखी के मुख में ढकेल दिया है, जन-जीवन की सुख शान्ति छीन ली है । दुत्कार है तुम्हारी बुद्धि को जो विदेशियों को नेता मान कर देश-द्रोह का झंडा उठा रहे हो । धिक्कार है तुम्हारी भारतीयता को जो उसकी पीठ में छुरा घोंप रहे हो। सूबेदार साहब ! सूबेदार साहब !! कदाचित् यह वही कृतान्त, दुर्दान्त नर-पिशाच है जिसकी खोज में आप थे।

सूबेदार— बना लो बन्दी तुरन्त ।
(भूप सिंह बंदी बनाता है)
(बंदी के प्रति) तुम्हारा क्या नाम है ?

बन्दी— नाम है नहीं; क्षण भर पूर्व था।
(तत्काल एक बंगाली पुलिस जवान आकर) ओह ! क्यों नही। क्यों नहीं। आप ही तो हैं । निखिल बंगाल के कानून तथा व्यवस्था के खूंखार जंजाल । राठौड़ साहब ! आप से परिचय कीजिये ! जिनकी हमें खोज थी, वही हैं आप कानू सन्याल ।
(नेपथ्य में--केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की जय)

बुद्धिमान — (सबके साथ प्रवेश करके सगर्व) तुमने तो एक ही उग्रपंथी पकड़ा है परन्तु हमने तो एक दर्जन

सूबेदार— किन्तु भूपसिंह की पकड़ तुरुफ के इक्के की है जिसके आगे एक दर्जन क्या एक सहस्त्र भी तुच्छ हैं । यह है पकड़ कराल काल से भी विकराल

मूधन्य उग्रपंथी कानू सान्याल की।

बुद्धिमान — क्या ही उत्तम ? तब तो हमने उग्रपंथियों का मेरुदण्ड तोड़ दिया है, उनका दुर्जेय दुर्ग जीत लिया है। देश में सुख शांति लौटाने का सफल प्रयास किया है।

सूबेदार— निश्चय ही।

भूपसिंह — तब तो हमारे दल ने वस्तुतः स्वयं को सौरव्य-शांति का अमर दूत आज बना कर दिखा दिया है।

आहा ! हा ! हा ! हा !
"नगर नगर में, डगर डगर में,
यशोगान गुंजित यह केवल ।
सौरव्य शान्ति का अमर दूत, यह–
आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल ।

सब— (सोल्लास गाते है) "सी० आर० पी० महान् है ।
इसकी अजीब शान है।

[पटाक्षेप]



शुभ कामनाएं

श्री बी० बी० मिश्र महानिदेशक की ओर से- गर्व है

"आज केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के 34वें वार्षिकोत्सव पर आप सबका अभिनन्दन करने में मुझे यथार्थत प्रसन्नता हो रही है।

वार्षिकोत्सव स्कन्ध मूल्यांकन का दिन होता है। आज मैं उस अवधि का ध्यान करता

हूं जो विगत वार्षिकोत्सव में इस वर्षगांठ तक के मध्यव्यतीत हुई है तब मुझे संतोष होता है कि आप पर गर्व करने का प्रचुर आधार मिलता है ।

इस अवधि में आपने वह सेवा की है जिसका अनेकों राज्यों ने कृतज्ञता पूर्वक स्वीकार किया है। नागालैंड तथा मणिपुर का राज्य विद्रोह, बंगाल में उग्रपंथी निरोधकार्य, बिहार में छात्र क्षोभ, आंध्र प्रदेश में मुल्की नियम क्रांति, उत्तर प्रदेश में सशस्त्र पुलिस का विप्लव, असम में भाषा संबंधी उत्पात, तामिलनाडू में बंध, श्रीनगर में आंदोलन तथा मैसूर में अन्न उपद्रव-कुछ ऐसे आंदोलनों को गिनाया जा सकता है जो राज्यों को विभिन्न गंभीर समस्याओं से उद्वेलित करते रहे हैं। मैं यह स्मरण दिलाने की आवश्यकता नहीं समझता कि हमारी सफलता के कारण थे शीघ्रातिशीघ्र उपद्रवग्रस्त क्षेत्र में पहुंचना, हल्के बिस्तर ले जाना, एकता से कार्य करना, आज्ञापालन तथा निष्पक्षता की भावना। इनको हमें स्थिर रखना है।

निरंतर दो वर्ष एथलेटिक्स (खेलों) में विजयी रहने पर तथा अग्नि, बाढ़, अकाल, हिम-झंझावात आदि प्राकृतिक आपदाओं में मानवीय कार्यों में अग्रणी रहने पर आपकी उपलब्धियों पर मुझे **गर्व है।**

मैं आपको अश्वासित करना चाहता हूं कि क्या आपके तथा आपके परिवार कल्याण का ध्यान मुझे तथा सरकार दोनों का अत्यधिक है । थोड़े दिन हुये मैंने यह निर्णय लिया है कि यदि कोई दुर्भाग्यवश सेवारत मारा जाता है तब उसके परिवार को तुरन्त ही अनुग्रह पूर्वक 5000 रुपये का अनुदान तथा साथ ही बटालियन कल्याण निधि से 500 रुपये मिलना चाहिये । इसके अतिरिक्त कुछ विचारणीय परिवारों को दस वर्ष तक 150 रुपये पेंशन देने की व्यवस्था की गई है।

आज दल को 33 वर्ष हो गये। मेरी उस्कट इच्छा है कि यह आयु की प्रौढ़ता आपके सब क्रिया-कलापों में झलके तथा आप सब मिल कर ऐसे कार्य करने से कतराये जिससे इस दल के नाम पर कोई लांछन लगे। यह 'सेवा तथा भक्ति' के हमारे सिद्धांत तथा "करो या मरो" के हमारे शहीदों के संदेश के सर्वथा अनुकूल हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे में प्रत्येक व्यक्ति इसी का अनुकरण करेगा।

एक बार फिर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के प्रत्येक अधिकारी, जवान, अस्पताली तथा लिपिक वर्ग के कर्मचारी एवं पेन्शन पाने वालों को मैं अपनी शुभकामनायें प्रदान करता हूं।" ।

भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार श्री रमा प्रसन्न नायक, सचिव गृह मंत्रालय को ओर से--प्रशंसनीय है

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि अब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने अपनी सचित्र पत्रिका 'कैपलर' का हिन्दी संस्करण भी प्रकाशित करना शुरू कर दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि यह प्रकाशन **प्रशंसनीय** है। इससे पाठकों को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के कार्यकलाप के बारे में जानकारी तो मिलती ही है, लेकिन इससे भी अच्छी बात यह है कि इस पत्रिका के प्रकाशन से पुलिस दल के कर्मचारियों को हिन्दी में कहानी,

कविता आदि लिखने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है, क्योंकि यह पत्रिका उनके प्रकाशन के लिए एक सुलभ माध्यम उपलब्ध कराती है। यह प्रसन्नता की बात है कि इस प्रकार की पत्रिका के प्रकाशन द्वारा आप अपने विभाग के कर्मचारियों को हिन्दी में लिखने पढ़ने की प्रेरणा देते हैं, और मुझे आशा है कि दूसरे विभाग भी आपकी देखा-देखी ऐसी पत्रिकाएं निकालने का प्रयत्न करेंगे। अच्छा हो, यदि इस पत्रिका में कुछ ऐसे स्तम्भ भी रखे जाएं जिनसे पाठकों को अपना अधिक से अधिक सरकारी कामकाज हिन्दी में करने के लिए सहायता मिल सके।

मैं इस प्रकाशन के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी **शुभ कामनायें** भेजता हूं।"

वर्नात्मक लेख

बक्स में लाश

लेखक--श्री एस० पी० भारद्वाज

यह वर्णन पुलिस ट्रेनिंग कालेज के एक प्रकाशन-कुछ अच्छी छानबीन-पर आधारित हैं। यह इसलिये चुना है कि पाठक यह देखें कि एक अच्छी जांच केवल योग्यता पर ही निर्भर नहीं है बल्कि वास्तविक कठिन परिश्रम पर भी।

निगमेन्द्र सेन सक्सेना
महानिरीक्षक, सैक्टर-3

करीब पचास वर्ष पूर्व की घटना है। अक्टूबर 1924 की दो तारीख का दिन था।

शाम के 4 बजकर 55 मिनट हो रहे थे कि कालका से हावड़ा जाने वाली डाउन पंजाब मेल आकाश में धुआं उड़ाती हुई प्रान्तों के एक बड़े जन्क्शन मुगलसराय पर 1 घंटे 15 मिनट देरी से पहुंची। गाड़ी की प्रतीक्षा में आतुर भीड़ तुरन्त डिब्बों में चढ़ने लगी। तीन यात्री एक द्वितीय श्रेणी के खाली डिब्बे में चढ़े और उन्होंने देखा कि एक जस्तीकृत फौलाद का बड़ा बक्स सीटों के मध्य में पड़ा हुआ है। उन्होंने तुरन्त ही इसकी सूचना मुगलसराय के रेलवे कर्मचारियों को दी। जब उन्होंने देखा कि दूसरे स्टेशन पर भी कोई उस बक्स को लेने नहीं आया तो गार्ड को भी इसकी सूचना दे दी। गाड़ी लेट चल रही थी इसलिये सुबह हावड़ा पहुंचने तक इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाई नहीं की गई। हावड़ा स्टेशन पर बक्स के खुलने की इन्तजार में रेलवे पुलिस और

तमाशगीर विभिन्न विचार लिये टक-टकी लगाये देख रहे थे। बक्स खोला गया। उसमें रखी नंगी लाश को देखकर उपस्थित जनता दंग रह गई और उनके मुख से 'हा राम' 'हा अनर्थ' की आवाज सुनाई दी। इतना ही नहीं उनमें जो मनुष्य दयालु प्रकृति के थे आंखें बन्द करके दूसरी जगह चले गये। इस काण्ड की सूचना कानों कान सारे शहर (कलकत्ता) में फैल गई और देखने वालों का स्टेशन पर तांता लग गया यहां तक कि भीड़ कम करने को बाहर से पुलिस बुलानी पड़ी।

वह एक आदमी की लाश थी। उसकी गर्दन और घुटने एक धोती के टुकड़े से बंधे थे और मुंह एक कुर्ते के टुकड़े से ढका हुआ था। गला पूरा काटा हुआ था और पेट पर छुरे का गहरा घाव था। इसके अलावा छोटे मोटे भी बहुत घाव थे।

इस दर्दनाक घटना की जांच शुरू हुई। उस लाश, बक्स और मृत आदमी की उंगलियों के चिन्हों के फोटो लिये गये। इसके बाद लाश को उसी दिन शाम के 4 बजे पोस्ट मार्टम की जांच के लिये भेजा गया। डाक्टर की पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट से पता चला कि आदमी की मृत्यु रक्त-स्राव और शरीर पर आये हमें तेज छरे के घावों के सदमा लगने से हुई है। डाक्टर ने यह भी बताया कि पोस्ट मार्टम की जांच से करीब 36 घण्टे पूर्व आदमी की मृत्यु हुई है और मृत्यु से करीब 4 घण्टे के बीच उसने किसी भी समय भोजन किया होगा क्योंकि उसके पेट में आधा पचा हुआ शाकाहारी भोजन था। बक्स की पूरी तरह जांच शुरू की।

वह 36" x 18" x 15" माप का जस्तीकृत फौलाद से हिन्दुस्तानी फैशन में बना था। इसमें सख्त सांकल और कुण्डा था और बौड़ी के ताले के अलावा एक और ताला लगा था। एक "मिलर" मेक का साधारण ताला और बौड़ी लौक पर "मुखत्यार अहमद बनारस" छपा था। लेकिन ऐसा कोई संकेत नहीं था कि बक्स कहां बना है और बनाने वाला कौन है। फिर भी जांच के लिये बक्स पर बने उंगलियों के तीन निशानों के फोटो लिये।

गवर्नमेंट रेलवे पुलिस ने मुगलसराय स्टेशन से जहां पर बक्स को देखा गया था, पंजाब की तरफ जिन-जिन स्टेशनों पर मेल गाड़ी खड़ी होती है पूरी छान-बीन की, लेकिन स्टेशनों पर तैनात रेलवे कर्मचारी और कुली कोई भी इस सम्बन्ध में सूचना न दे सका।

बनारस में ताले बनाने वाले 'मुखत्यार अहमद' से भी पूछ-ताछ की लेकिन उसने बताया कि वह केवल ताले ही बनाता है और अधिकतर ये ताले उसी इलाके में बिक्रीत होते हैं। उसने दिल्ली के चार दुकानदारों के नाम भी बताये जिनको ताले भेजे थे। दिल्ली पुलिस की सहायता से दिल्ली में भी जांच की और मुखत्यार अहमद के बताये हुये दुकानदार और अन्य बहुत से दुकानदारों को वह बक्स दिखाया गया लेकिन कोई ऐसा दुकानदार नहीं मिला जो यह स्वीकार करे कि बक्स उसने बनाया है। मृत आदमी का फोटो भी काफी मनुष्यों को दिखाया लेकिन कोई भी उसको नहीं पहिचान सका। उत्तर प्रदेश के मुख्य-मुख्य शहर इलाहाबाद, कानपुर, आगरा, अलीगढ़ और मथुरा एवं पंजाब में भी जांच की गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

हावड़ा रेलवे पुलिस को बुलन्दशहर में पता लगा कि एक विधवा स्त्री ने 12 अक्टूबर

को वहां की स्थानीय पुलिस को सूचना दी है कि राम स्वरूप जिसके साथ वह पिछले पांच माह से रह रही थी कुछ दिन पहले बिना कुछ बताये चला गया है और स्त्री को शंका है कि रामस्वरूप का कत्ल कर दिया गया है। पुलिस ने लाश की फोटो उस स्त्री को दिखाई लेकिन वह पहिचान न सकी। परन्तु रामस्वरूप के बारे में जो हवाला दिया वह कत्ल हुये आदमी से मिलता था। पुलिस को इस जानकारी से कुछ सहारा मिला और 24 अक्टूबर 1924 को उत्तर प्रदेश की खुफिया पुलिस को यह कार्य सौंप दिया क्योंकि बुलंदशहर उत्तर प्रदेश में स्थित है।

उत्तर प्रदेश खुफिया विभाग ने इस केस की जांच के लिए एक योग्य, अनुभवी और ईमानदार इन्सपेक्टर गोबिन्द बिहारीलाल को नियुक्त किया। यद्यपि इन्सपेक्टर के सामने बुलन्दशहर का संकेत था लेकिन उसने केस की दुबारा जांच प्रारम्भ की। इन्सपेक्टर ने बक्स और लाश के साथ मिले कपड़ों को भली-भांति देखा और रेलवे पुलिस की डायरी, पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट और पंजाब मेल की समय सारिणी पर भी एक दृष्टि डाली। इन बातों को ध्यान में रखकर इन्सपेक्टरइस निष्कर्ष पर पहुंचे कि :

(1) चूंकि हावड़ा पुलिस रेलवे कर्म-चारियों और कुलियों से इस सम्बन्ध में कुछ पता नहीं लगा सको अतः कत्ल करने वालों ने स्वयं ही रात्रि में बक्स को डिब्बों में रखा होगा और बक्स को रखने के लिये जरूर कम से कम दो आदमियों की जरूरत पड़ी होगी। अतः कातिल एक से अधिक होंगे।

(2) कत्ल करने वालों ने बक्स को डिब्बे में रखने के लिए टिकट अवश्य खरीदा होगा। चूंकि मेल गाड़ियों में द्वितीय श्रेणी की टिकिट 200 मील से कम यात्रा के लिये नहीं मिलती है अतः उस स्थान से 200 या इससे अधिक दूरी के टिकिट खरीदे होंगे । लेकिन वे इतने मूर्ख नहीं होंगे कि जहां तक की टिकिट हो वहां तक यात्रा करें । इसलिये अवश्य ही उन्होंने कहीं मध्य में अपनी यात्रा समाप्त कर दी होगी। अतः जहां की वे टिकिटें होंगी वहां पर वे नहीं ली जा सकी होंगी। रेलवे अधिकारियों से भी पूछ-ताछ की कि 1 अक्टूबर की शाम को कालका से चलने वाली डाउन पंजाब मेल के कालका और मुगलसराय के मध्य के स्टेशनों के कितने द्वितीय श्रेणी के टिकिट खरीदे गये।

(3) जिस जगह कत्ल हुआ उसका पता लगाने के लिये मृत्यु और पोस्ट मार्टम की जाँच के मध्य का समय मालूम करना जरूरी था। अतः इसकी जानकारी डाक्टर से प्राप्त की।

(4) जब लाश को बक्स से निकाला गया बहुत थोड़ा खून उसमें मिला था। इससे इन्सपेक्टर इस निष्कर्ष पर पहंचे कि लाश को बक्स में कत्ल के कुछ समय बाद रखा होगा क्योंकि जब तक खून का बहना स्वयं बन्द हो चुका होगा।

(5) डाक्टर की रिपोर्ट में किसी भी हड्डी के टूटने का कोई संकेत नहीं है लेकिन लाश बक्स में मुड़ी हुई रखी थी इसलिये लाश अडोले होने से पहिले बक्स में रखी होगी अतः कत्ल करते समय लम्बी नहीं रही होगी।

(6) जैसा कि डाक्टर ने रिपोर्ट में बताया कि मृत आदमी के पेट में शाकाहारी भोजन था, इन्सपेक्टर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि अवश्य ही वह हिन्दू होगा कोई

मुसलमान या अन्य किसी जाति का नहीं। अतः कत्ल दुपहर के करीब या रात को 8 बजे तक हुआ होगा क्योंकि हिन्दू सुबह 10 से 12 बजे के बीच और शाम को 5 से 8 बजे के बीच ही खाना खाते हैं। इसके आधार पर पंजाब मेल के समय और डाक्टर की रिपोर्ट कि लाश के पोस्ट मार्टम से पहिले मृत्यु को 36 घण्टे से अधिक हुए हैं, अतः हो सकता है कि बक्स रात के समय गाड़ी में रखा होगा। अतः इन्सपेक्टर ने सोचा कि बक्स शाम के 7 बजकर 35 मिनट और सुबह 4 बजे के बीच कालका और हाथरस के मध्य गाड़ी में रखा होगा।

(7) जब उस कुर्ते के टुकड़े को इन्सपेक्टर ने देखा, जिससे मुह ढका था, वह वास्तव में कुर्ता नहीं था बल्कि एक अच्छे कपड़े की फैशनदार पुरानी कमीज थी। उसके कालर के पास 7/MM स्याही से लिखा था। कमीज पर कटा हुआ कोई निशान नहीं था। अगर कमीज को कत्ल के समय मृत आदमी पहिने होता तो अवश्य वह कटी होती। अतः कमीज कल करने वालों की होगी।

(8) जिस धोती के टुकड़े में लाश बंधी थी उसकी किनारी काली थी और उसके कोने पर काले धागे से 'टी' का निशान बना हुआ था। धोती खून से मामूली भीगी हुई थी। अगर उस धोती को मृत व्यक्ति पहिने होता तो धोती पूरी तरह भीगी होती। अतः धोती भी कत्ल करने वालों की ही होगी।

(9) मृत व्यक्ति के फोटो और डाक्टर की रिपोर्ट से पता चला कि उसके बाल अंग्रेजी फैशन में थे। अतः वह मध्यम श्रेणी या उच्च श्रेणी के स्तर का होगा क्योंकि छोटी श्रेणी के मनुष्य अक्सर हिन्दुस्तानी फैशन में ही बाल रखते हैं।

इन्सपेक्टर गोबिन्द बिहारी लाल ने इलाहाबाद में भी जो कि उसका हैड क्वार्टर है, बक्स बनाने वालों को वह बक्स दिखाया। उन्होंने बताया कि वक्स दिल्ली का बना है क्योंकि उस पर तिरछी और खड़ी दोनों ही रेखायें थी जैसी कि दिल्ली के बने बक्सों के ऊपर होती हैं और इलाहाबाद के बने बक्सों पर इन दोनों में से एक ही तरह की रेखायें होती हैं।

इन सभी बातों से इन्सपेक्टर को विश्वास हुआ कि वह लाश उस रामस्वरूप की नहीं है जो बुलन्दशहर से गायब है। अतः उसका ख्याल छोड़ दिया।

चंकि अलीगढ़ भी तालों के लिये प्रसिद्ध है अतः इन्सपेक्टर इस आशय से कि शायद वहां से भी कुछ भेद मिले, अलीगढ़, आगरा और मथुरा में भी भ्रमण करने गये। इन्स पेक्टर के परिश्रम और भाग्य में श्रेय था; अलीगढ़ में धोबियों से पूछ-ताछ करने पर एक वृद्ध धोबी ने, जो पहिले दिल्ली में कार्य करता था, बताया कि उस धोती पर 'टी' का निशान अवश्य दिल्ली के धोबियों का है क्योंकि वे लोग धोती की किनारी के धागे से ही थोड़ा बुनकर ऐसा निशान बनाते हैं ।

सभी जानकारी प्राप्त करके इन्सपेक्टर दिल्ली पहुंचे। गोबिन्द बिहारी लाल का अनुभव प्रत्येक जगह की जांच में अपना चमत्कार दिखा रहा था। जब इन्सपेक्टर ने देखा कि दिल्ली और हावड़ा पुलिस उस बक्स को दिल्ली के सभी बनाने वालों को दिखा चुकी है और इतना भी पता नहीं लगा कि इस तरह के बक्स दिल्ली में बनते भी हैं तो इन्सपेक्टर तीन दिन तक बक्स वालों की दुकानों पर चक्कर लगाते रहे।

आखेरकार उनको एक दुकान पर उसी तरह का बक्स जिसमें लाश थी दिखाई पड़ा। इन्सपेक्टरने उस बक्स को खरीद लिया और उसकी रसीद भी ले ली। दूसरे दिन दुकानदार को स्थानीय पुलिस स्टेशन पर बुलाया गया और उससे पूछा कि क्या यह नया बक्स उसी की दुकान से खरीदा है। उसने स्वीकार किया और कहा कि ऐसे बक्स उसी के वर्कशाप में बनते हैं। इसके बाद जिस बक्स में लाश रखी थी वह दिखाया । दुकानदार ने बताया कि वह बक्स भी उसी के वर्कशाप में बना है। दुकानदार की किताबों को देखने से पता चला कि ऐसा बक्स 29 सितम्बर और दूसरा 1 अक्तूबर को उसकी दुकान से खरीदा है। अभाग्यवश खरीदने वालों का नाम किताबों में नहीं मिला। लेकिन दुकानदार का नौकर खरीदने वाले को उसकी प्राकृति से पहिचानता था, नाम से नहीं । काफी खोजने पर वह आदमी मिल गया लेकिन व्यर्थ ही रहा। साथ ही इन्स-पेक्टर ने हजारों धोबियों से भी पूछ-ताछ की और मृत आदमी का फोटो भी सभी को दिखाया लेकिन कोई सहारा न मिला।

6 दिसम्बर को इन्सपेक्टर दिल्ली की खुफिया पुलिस के अफसरों से बातें कर रहे थे, तो अचानक एक हवलदार बोल उठा कि जब से यमुना में बाढ़ आई है तब से उसके मिन का कोई पता नहीं है। उसी समय इन्सपेक्टर को ख्याल आया कि 1 अक्तूबर को डाउन पंजाब मेल ही आखिरी गाड़ी थी क्योंकि बाढ़ से रेलवे लाइन टूट जाने पर हावड़ा की तरफ जाने वाली गाड़ियां बन्द कर दी गई थीं। इन्सपेक्टर ने बड़ी उत्सुकता से हवलदार से उसके मित्र का हवाला पूछा तो हवलदार ने बताया कि उसके मित्र का नाम उदैचन्द था। वह सोने का काम करता था। अपने काम में वह बहुत निपुण था लेकिन वह चरित्रहीन था। हीरे-जवाहरात के गहने पहनने का शौकीन था। वह 1 अक्तूबर की शाम को खाना खाकर बाहर गया था और अभी तक नहीं लौटा है। उसकी मां और रिश्तेदार यह सोचे हुये हैं कि वह अमृतसर गया होगा और किसी भी दिन वापिस आ जायेगा। लाश का फोटो वे लोग नहीं पहचान सके लेकिन उनको संदेह था कि यह उदैचन्द का ही फोटो हो सकता है। उदैचन्द के कागजात देखने पर पट्टे के कागजों पर उसकी उंगलियों के निशान मिले जो लाश की उंगलियों के निशानों के लिये गये फोटो से पूरी तरह मिलते थे।

उदैचन्द के रिश्तेदारों ने अमृतसर में कुछ आदमी भेजे लेकिन किसी ने यह नहीं बताया कि उदैचन्द पिछले दिनों अमृतसर आया है। इन सभी बातों से इन्सपेक्टर को विश्वास हो गया कि कत्ल उदैचन्द का ही हुआ है, क्योंकि उदैचन्द जिस दिन (1 अक्तूबर) से गायब है और पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट आदि के अनुसार तथ्यों में काफी समानता है। इसके आधार पर विश्वास किया जा सकता है कि लाश के बक्स को 1 अक्तूबर को रात के समय दिल्ली स्टेशन पर गाड़ी में रखा होगा।

अतः इन्सपेक्टर के सामने प्रश्न पैदा हुआ कि कत्ल का उद्देश्य क्या होगा? उसने सोचा, चूंकि उदैचन्द स्वर्णकार था और हीरे-जवाहरात का शौकीन था इसलिए हो सकता है हीरे जवाहरात के लालच में कत्ल किया गया हो। चूंकि लाश बक्स के अन्दर गाड़ी में मिली थी अतः यह काम डाकुओं का नहीं हो सकता है। इन्सपेक्टर अब इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि कत्ल का कोई भी उद्देश्य रहा हो, चाहे हीरे-जवाहरात का

लालच, औरतों से गलत सम्बन्ध या और कोइ भी लेकिन कत्ल अवश्य उदैचन्द के रिश्तेदारों या उसके साथी ने ही किया होगा।

इन्सपेक्टर को पता चला कि उदैचन्द सम्बन्ध अपने घर वालों और रिश्तेदारों से बहुत अच्छे थे, अतः उसने उदैचन्द के सहयोगी, स्थान जहां वह जाया करता था, स्त्रियां जिनसे वह मिला करता था और आदमी जिसने उदैचन्द को आखिरी दिन देखा था। इन सभी बातों की छान-बीन शुरू कर दी। इस सम्बन्ध में इन्सपेक्टर को निम्न जानकारी प्राप्त हुई :

(1) उदैचन्द और उसके साथियों ने दिल्ली में एक घर किराये पर लिया, वहां वे चरित्र हीन औरतें लाये।
(2) उदैचन्द, शंकर लाल की जवान स्त्री कलावती से अक्सर मिला करता था इसलिए वह उदचन्द से दुश्मनी रखता था।
(3) जनेश्वर जो उसका सहयोगी बताया जाता था, 1 अक्तूबर को दोपहर बाद उदैचन्द की दुकान पर आया और उसे वहां न पाकर एक समाचार दुकान पर छोड़ गया कि एक आदमी जनेश्वर के घर आया हुआ है और वह उदैचन्द से मिलना चाहता है।

इस जानकारी के बाद इन्सपेक्टर ने ऊपर नं० 1 में बताये गये घर की पूरी तरह देख-भाल की और लाश के ऊपर कपड़ों पर बने धोबी के निशान को अन्य कपड़ों से मिलाया। कलावती और शंकरलाल से पूछ ताछ की लेकिन सब व्यर्थ ही रहा। इससे इन्सपेक्टर कुछ हतोत्साहित हो गये। लेकिन उसने साहस नहीं छोड़ा और जनेश्वर से पूछ ताछ शुरू कर दी। जनेश्वर ने बड़े अजीब ढंग से बातें की और साफ उसने इंकार कर दिया कि वह 1 अक्तूबर को उदचन्द की दुकान पर गया था, लेकिन इन्पेक्टर ने उसे सवालों के जाल में ऐसा फंसा दिया कि उसे स्वीकार करना पड़ा कि उदैचन्द की दुकान पर उसी ने संदेश छोड़ा था। इन्सपेक्टर को इतना कबूल करने पर कहां संतोष था, उसने जनेश्वर के सहयोगी को बुलाने के लिए सोचा, और सारी बातें उससे पूछने के लिये योजना बनाई कि जनेश्वर के साथी को बुलाकर जनेश्वर के द्वारा उसे शराब पिलाई जाय। अगर वह शराब नहीं पिये तो उसके कपड़ों पर फैला दी जाय। और जनेश्वर के द्वारा उसकी कमीज को उतरवाकर उसकी जाँच की जाय। इन्सपेक्टर ने ऐसा ही किया और उसकी कमीज देखकर संतोष की सांस ली, क्योंकि कमीज के ऊपर वही निशान था जो कि लाश के ऊपर मिली धोती के टुकड़े पर था।

इन्सपेक्टर दिल्ली पुलिस के साथ जनेश्वर के घर गया और उसके घर की तलाशी बहुत से गवाहों के सामने शुरू की। वहां बहुत से कपड़े उसी निशान वाले मिले। कमरे की दरी पर नीचे की तरफ तो ऐसे काफी निशान थे और उस पर खून के धब्बे भी थे जो ऐसे लग रहे थे मानो उन्हें धो दिया गया हो। कमरे की दीवार और फर्श पर भी खून के निशान थे। जनेश्वर के नौकर रामप्रसाद के कमरे की भी तलाशी ली। वहां कुछ ऐसी पैन्टें मिली जिनके ऊपर वही निशान थे जो लाश पर मिली कमीज के टुकड़े पर था। रामप्रसाद अपनी सफाई पेश करते हुए बोला कि उसने जनेश्वर के यहां केवल एक माह से नौकरी शुरू की है। अतः कत्ल के बारे में उसे कोई ज्ञान नहीं है और ये पैन्टें भी

उसे जनेश्वर के दोस्त इनायतुल्ला ने दी है। वह अक्सर इस कमरे को काम में लेता रहता है। इन्सपेक्टर ने उस मकान में ताला लगाकर सील कर दिया और देख-रेख के लिये गार्ड तैनात कर दी। जनेश्वर और रामप्रसाद के हाथों को लोहे के सरकारी गहनों से सुसज्जित कर दिया। इसके बाद इन्सपेक्टर ने इनाय तुल्ला को उसके घर जाकर फौरन पकड़ा और उसे रामप्रसाद के कमरे में मिली पैंटें दिखाई लेकिन वह इतना शरीफ कहां जो इनको स्वीकार करे। परन्तु वह इंसपेक्टर से झूठ बोलकर ही छुटकारा नहीं पा सकता था। उसके घर की भी तलाशी ली और उसी निशान के बहुत कपड़े वहां मिले । इंसपेक्टर ने उन सभी कपड़ों को अपने कब्जे में किया और इनायतुल्ला को भी सरकारी सुसराल के मकान में छोड़ दिया जहां पर उसे वैसे बहुत मेहमान स्वागत के लिये मिले।

13 दिसम्बर को जनेश्वर ने बयान दिया कि कलावती के कारण उदैचंद का अमृतसर के मुन्नीलाल और उसके एक साथी के साथ झगड़ा हो गया था। मुन्नीलाल ने अपने साथी की सहायता से उदैचंद को छुरा मार दिया। मुन्नीलाल बाजार से एक बक्स खरीद कर लाया और लाश को उसमें बन्द करके स्टेशन ले गया था। इन्सपेक्टर को यह कहानी मन गढन्त मालूम पड़ी फिर भी इस आशय से कि किसी निर्दोषी को सजा न हो जाय और केस की बारीकी तक पहुंचा जा सके, इन्स पेक्टर उसी समय अमृतसर को रवाना हो गये । वहां छान-बीन करने से पता चला कि मुन्नीलाल का इस कत्ल के साथ कोई संबंध नहीं है।

16 दिसम्बर, 1924 को इन्सपेक्टर दिल्ली वापिस आ गये, लेकिन उनको चैन नहीं पड़ा और इनायतुल्ला के ऊपर प्रश्नों की बौछार शुरू कर दी। इनायतुल्ला, इंसपेक्टर के प्रश्नों के चक्रव्यूह में ऐसा फंस गया कि उसने इस अपराध को स्वीकार किया और इस कत्ल की कथा को बहुत से श्रोतागणों के सामने प्रारंभ किया। उसने बताया कि जनेश्वर के घर पर उसी ने उदैचंद को बुलाया था और हीरे-जवाहरात के लालच में उदचंद का कत्ल कर दिया था। इतना ही कहना था कि इंसपेक्टर ने संतोष की ठंडी सांस ली और होठों पर जरा मुस्कराहट लेते हुये मन ही मन अपने इष्ट देव को स्मरण किया। इनायतुल्ला ने साफ-साफ बताया कि किस प्रकार उदैचंद का कत्ल हुआ; कहां से बक्स खरीदा और लाश को स्टेशन पर कैसे लाये। स्टेशन पर जनेश्वर ने कानपूर के लिये द्वितीय श्रेणी का एक टिकिट और इनायतुल्ला ने प्लेटफार्म टिकिट खरीदा। पंजाब मेल में उस बक्स को रखकर वे दोनों गाजियाबाद तक उसी द्वितीय श्रेणी के डिब्बे में बैठकर गये। गाजियाबाद में गाड़ी ठहरी और बक्स उसी में छोड़कर वे वहीं उतर गये। सुबह 3 बजे दिल्ली की तरफ आने वाली गाड़ी से वापिस आ गये। इनायतुल्ला ने बताया कि कुछ गहनों को तो बेच दिया है। और बाकी को गला डाला है। इस प्रकार इनायतुल्ला ने गबाहों के सामने सारी बातें सुना दी और उसके बयानों को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा मृत आदमी को काफी चीजें उनसे बरामद की जिनको उदैचंद के रिश्तेदारों ने भी पहिचाना। जनेश्वर ने भी अपने अपराध को स्वीकार किया और जो कुछ इनायतुल्ला ने कहा उसकी सत्यता का प्रमाण दिया।

जनेश्वर और इनायतुल्ला का कत्ल के अभियोग में चालान किया गया। 1 जुलाई

1925 को दिल्ली के सब न्यायाधीश ने दोनों को मृत्यु दण्ड दिया जिसको स्वीकृति पंजाब उच्च न्यायालय ने दी। इस संबंध में उनकी अपील को भी अस्वीकार कर दिया गया। जनेश्वर और इनायतुल्ला को फांसी दे दी गई।

इंसपेक्टर गोबिन्द बिहारी लाल के अथक परिश्रम और योग्यता की सभी ने सराहना की। सब न्यायाधीश ने अपने फैसले में इंस पेक्टर के द्वारा इस केस में किये गये परिश्रम, योग्यता, अनुभव, बुद्धिमानी, बफादारी और ईमानदारी को बहुत प्रशंसा की।

गौरव गाथा शौर्य -पुलिस-पदक विजेता

-श्री धनेश्रर झा

शौर्य पुलिस पदक

मणिपुर और असम सीमा पर मणिपुर के जिरीबाम क्षेत्र में विरोधियों की गति विधियों को नियंत्रित करने तथा उस क्षेत्र में सामान्य स्थिति पुनः स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रशासन की सहायता के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की चौथी बटा लियन की “ए” कम्पनी को तैनात किया गया था। 29 दिसम्बर, 1971 को यह सूचना मिलने पर कि कुछ विरोधी छापामार युद्ध कौशल में प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् सम्भवतः मणिपुर में प्रवेश करने वाले हैं, इस कम्पनी को आदेश दिया गया कि वह सीमा बन्द कर दें । 2 जनवरी, 1972 को “ए” कम्पनी का एक गश्ती दल इस क्षेत्र में घने जंगल के एक दल-दल वाले स्थान में स्थित एक झोंपड़ी के समीप पहुंचा। गश्ती दल को तीन भागों में विभाजित किया गया और उनसे कहा गया कि वे उस झोपड़ी को तीन और से घेर लें जहां कि विरोधी छिपे हुए हैं, ताकि भागने के रास्ते बन्द हो जायें । श्री धनेश्वर झा उस दल के कमांडर थे जो झोंपड़ी की और सीधा बढ़ा। जब गश्ती दल झोंपड़ी से मुश्किल से 75 गज की दूरी पर था तो विरोधियों ने उन पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी कर दी। श्री झा निर्भीक रहे और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए तेजी से झोंपड़ी में घुस गये। उनके दल के अन्य सदस्य भी उनके पीछे गये। श्री झा के इस यकायक तथा वीरतापूर्ण कार्यवाही से विरोधी भयभीत हो गये । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल द्वारा उन्हें शीघ्र ही वश में कर लिया गया । सात विरोधी तथा बड़ी संख्या में स्वचालित और अन्य हथियार तथा गोला बारूद पकड़ा गया।



श्री धनेश्वर झा ने विरोधियों के साथ हुई मुठभेड़ में सूझ-बूझ तथा अद्वितीय उत्साह का परिचय दिया। उन्होंने अनेक विरोधियों को उनके हथियारों और गोलाबारूद सहित पकडा।

'यह भी खूब रही'

एक थानेदार के सम्मुख दो सिपाहियों में कहा सुनी हो गई।
एक सिपाही :—" तुम क्या समझो ? मुर्ख ।"
दूसरा सिपाही :—"मूर्खो के मूर्ख तो तुम हो।"
थानेदार :—"शान्त । शान्त । तुम्हें सोचना चाहिये कि तुम्ही नहीं यहां एक मैं भी हूं ।"

# # #

कमांडैट एक बहुत मोटे रंगरूट से :— "क्या तुम भाग सकते हो ?"
रंगरूट :—"हुजूर । भागने नहीं शत्रु से जूझने आया हूं।"

# # #

एक धनी बनिये की तेरहवीं पर पाधा और पुरोहित का दान के बंटवारे पर झगड़ा हो गया। सीधा हल नहीं पाकर पाधा बोला "इस बार तू मझे ले जाने दे । अगली बार सब तू ले जाना ।"

इस पर धनिक पुत्र ने दोनों को मारकर घर से निकाल दिया "कम्बख्तों काला मुंह करो । तुम अभी से मेरा बुरा चाहते हो ।"

# # #

फेल होने के कुछ दिन बाद पुत्री : "मम्मी फेल होने से मेरा हिसाब ठीक हो गया ।"
मम्मी अश्चर्य मुद्रा में :– "सो कैसे । तू तो अब भी हिसाब में अण्डा लाती है।"
पुत्री :—"नहीं। मेरा आशय था कि पहले मैं हायर सेकेन्ड्री में 15 वर्ष की होती तो

बोड बैठने नहीं देता। पर फेल होने से यह कांठेनाइ दूर हो गइ । हो गया न मेरा हिसाब ठीक।"

# # #

पिता के सिर के बाल सफेद देखकर पुत्र :—"पिताजी आपके सिर के कुछ बाल सफेद क्यों हो चले हैं ?"

पिता ने पुत्र की नटखटी कम करने के ध्यान से कहा :—"बेटा । जब भी तुम कोई नटखटी करते हो हमारा एक बाल सफेद हो जाता है।"

पुत्र :—"अच्छा मैं अब समझा। दादा-जी के सिर के बाल सबके सब सफेद क्यों हो गये हैं।'

# # #

पुत्री :—मम्मी । डैडी गंजे क्यों हैं।

मम्मी :—"चुप नटखट । बड़ों को ऐसा नहीं कहते । जो मस्तिष्क से काम लेते हैं उनके केश झड़ जाते है।"

पुत्री :—अच्छा आपके केश लम्बे लम्बे होने का कारण आज मैने जाना।"

'कभी इन्हें भी अजमाइये'

यदि धब्बे छुड़ाने हों तो :—

1. रोशनाई के धब्बे टमाटर के कटे रस में धोओ या नमक से रगड़ कर धोओ ।
2. लोहे को जंग में आक्रसोलिक एसिड में भिगोकर सुहागे के घोल में खगोल लो या फिर चूने के लवण के घोल में भिगोओ ।
3. कोलतार के धब्बे के ऊपर ग्रीज के घोल लगाओ।
4. अण्डे के धब्बे को ठंडे जल में धोकर गर्म जल व साबुन से धोओ ।

सूक्ति सुधा

उमंग के बिना कोई महान् कार्य सम्पूर्ण नहीं होता।

(इमर्सन)

यदि तू धर्मयुक्त संग्राम को नहीं करेगा तब तू स्वधर्म को और कीर्ति को खोकर पाप को भोगेगा।

(गीता)

अनुशासन संख्याओं की अपेक्षा अधिक शक्तिशाली है तथा अनुशासन अर्थात् पूर्ण-रूपेण सहकारिता तथा सभ्यता का एक वरदान है।

(जे एस मिल)

क्रोध बुद्धिमत्ता को घर से निकाल कर द्वार पर चटखनी लगा देता है।

(प्लूटो)

बीर पुरुष पर ही सौभाग्य तथा प्रेम अनुग्रह करते हैं।

(ओविड)

सच्ची देश भक्ति सब दलों से ऊपर है।

(स्मौलेट)

फल खोजिये

1. सरदार नहीं जो सरेदार नहीं।
2. रामू देखना ! रंगीन साड़ी कहीं इन पर खिलती है।
3. तुम्हें साड़ी पहनने तक की तमीज नहीं कि इसका फाल सारा खराब कर दिया।
4. आप पानी बूंद बूंद क्यों पीती हैं ? क्या ऐसी डाक्टर ने बड़ी वी हिदायत कर रखी है।
5. तनिक देर को आजा, मन लग जायेगा। वरना मुझसे बकवास ना कर।
6. दूध को भी आप पीते नहीं हैं।
7. देर सबेर इधर से आ मत। उधर बगीची कूद जा।

(उत्तर)

1. सरदा 2. नारंगी 3. फालसा 4. नीबू, वीहि 5. जामुन, सेब 6. पपीते 7. बेर, आम, चीकू।

—तुम भारत की शान —

रचयिता श्री एम० ए० अकवल अंसारी

तुम भारत के वीर सिपाही, तुम भारत की शान।
तुम सीमाओं के रक्षक, तुमही रणवीर जवान।
तुम्हीं दबाते होने वाले, दंगे और उत्पात।
देश की खातिर हंसते हंसते, करो वीर गति प्राप्त।
जान चली जा सकती लेकिन, आती नहिं है आन।
तुम भारत के वीर सिपाही, तुम भारत की शान। 1।
अनथक श्रम के आदी हो नित, तुम वलिष्ठ बलवान।
खाते रूखी सूखी रोटी, खाते नहिं पकवान।
फिर भी चुश्ती फुर्ती से तुम, पूर्ण करो सब काम।
हटें न पीछे, बढ़े तुम्हारे, पग आगे अविराम॥
तुम अपनी सेवा के सम्मुख, रहते निष्ठावान।

तुम भारत के वीर सिपाही, तुम भारत की शान। 2।

भावात्मक लेख


सरहदी पोस्ट की एक रंगीन शाम

लेखक : श्री चिन्तामणि पांडेय

"साहब, सूबेदार साहब आये हैं।"
अर्दली ने कहा।
"अन्दर आने को बोलो।"
"राम-राम साहब" सैलूट की टक् की आवाज के साथ ही साथ सूबेदार नसीब लाल ने कहा।
"राम-राम। कहिये कोई खास बात है?"
"साहब, शाम को बड़ा-खाना है। कुछ गाने बजाने का भी प्रोग्राम है।"
"ठीक है यह तो होना ही चाहिए। क्या टाइम रक्खा है ?" मैने आश्वस्त हो पूछा।
"जो भी समय आप कहेंगे।"
"तो सात बजे रहा। 5 मिनट पहले ही हमें जरा खबर कर देना।"
और सैलूट के साथ ही साथ सूबेदार साहब बाहर। मैं चारपाई पर लेटा ही पड़ा रहा। सारा शरीर थक कर चूर था। घुटनों में दर्द तथा पिंडलियां सख्त हो गई थीं। पंजे भी दर्द से बेहाल थे। पैर के तलुओं में रह-रह कर सिहरन पैदा हो जाती थी। शायद हरारत की वजह से। लेटे ही लेटे बोतल से पानी गिलास में उड़ेला और एक नोवलजिन की टिकिया ले ली। रजाई झटक कर, पैरों में चप्पल डालते हुये, बाहर आ गया।

—सरहद पर गश्त—
[के० रि० पु० दल के सतर्क प्रहरी]

नागालैंड का सुदूर सरहदी पोस्ट। सामने ऊंची-ऊंची पहाड़ियों का सिल-सिला, उसके पार बर्मा देश। वार्डर पिलर यही कोई आठ-एक मील होगा—ऐसा ही तो सूबेदार नसीब लाल ने बताया था। हवा थम गई है, लेकिन रह-रह कर ठंडे झोंके आ जाते हैं। आसमान ऊपर से स्वच्छ है। बादलों के कुछ टुकड़े अस्त-व्यस्त बिखरे हुये, नीचे घाटी में ऐसे दीख रहे हैं मानों बड़े-बड़े रुई के फाहे आसमान में लटक रहे हों। दूर सरहद वाली चोटियों पर गाढ़े-हरे दरख्तों से उलझे हुये बादल। नीचे गाढ़ा काला, फिर हल्का, फिर भूरा, फिर सफेद बादलों का धुन्ध।



वालीबाल ग्राउण्ड में जवान इकट्ठे हो रहे हैं, शायद रोलकाल की तैयारी हो रही है। नजदीक ही नागा बस्ती है, थोड़ी निचाई पर । एक दो-तीन कुल 34 झोपड़ियां हैं। बेतरतीब घास-फूस से छाई हुई। बीच-बीच में सुअर, सुअरों के छौने, छाटे-छोटे विभिन्न रंग, हिन-हिनाते, दौड़ते दीख जाते हैं। ढेर सी मुर्गे-मुर्गियां कुत्ते उन्हीं के बीच में नागाओं के बच्चे खेलते हुये नंग-धडंगे।

सहसा हे अ-अ-अ... हा-आ-आ-आ की आवाज सुनाई दी, बिल्कुल भेड़ों जैसी आवाज । समझ गया नागे खेतों से लौट रहे हैं। पैरामीटर के नजदीक आ गया । उसी के नीचे से वस्ती की ओर जाता हुआ रास्ता। नागाओं का एक लम्बा काफिला चला आ रहा है। सबों के हाथ में भाले हैं। पीछे कमर से बंधा लटकता हुआ दाव। दो-चार के पास गन भी हैं । अजीब आदमी हैं; बिना हथियार कोई नहीं चलता। पीठ पर भारी-भारी बोझा, कमर झुकी हुई लेकिन किसी के भी चेहरे पर थकावट का नाम नहीं । दस दस पन्द्रह मील तो रोजाना खेतों में चले जाते हैं और चले आते हैं। औरतें भी साथ है भारी-भारी बास्केट पीठ पर लादे कसी देह, मोटी पिंडलियां, हंसती-खिलखिलाती चली जा रही हैं।

सूरज डूब रहा है । लाल-लाल किरणें ऐसी छिटक रहीं हैं मानों अंधेरे में लुप्त होने से पहले असंख्य मशालें जला रक्खी हों । टहलते हुये मैं कमरे के सामने लगे पैराशूट में आ गया। सुबह की याद आ रही है। तड़के 5 बजे पिछली पोस्ट से रवाना हुआ था। 29

मील चलकर 4 बजे यहां पहुंचा हूं। कितना पसीना निकला-रास्ते भर बेहिसाब । कहीं समतल जमीन नहीं । ऊंचे-नीचे, नाला-पहाड़ी, जंगल झाड़ी, दूर-दूर तक कोई गांव-गिरांव, बस्ती का नाम नहीं । चढ़ाई पर दम फूलता । दिल धक्-धक् करता । पैर भर जाते । फिर कुछ देर बाद सब एक लय में आ जाते। रह-रह कर जंगली झाड़ियों और फूलों की मंहक मिलती। बीच-बीच में तेज तम्बाकू की गंध और फिर कहीं-कहीं खट्टी-मीठी तीव्र मधु की गंध, इस बात का आभास देती कि नागे कुछ ही देर पहले इधर से गुजरे हैं । पोस्ट पर पहुंचते-पहुंचते थक गया था । आते समय ध्यान नहीं दिया था। एक नजर पोस्ट के चारों तरफ दौड़ाई। देखकर संतुष्ट हुआ तो किसी ने सैलूट की आवाज से चौंका दिया । मुड़कर देखा, सूबेदार साहब खड़े थे।

"साहब, जवान तैयार हैं"।

"दो मिनट रुकिये; मैं अभी आया ।" कह कर मैं कपड़े बदलने कमरे में चला गया ।

आकर कुर्सी पर बैठ गया हूं। सामने मेज, मेज पर पानी से भरी कई बोतलों की कतार । दो-चार गिलास भी रक्खे हुये हैं। एक बोतल रम की भी और लालटेन के प्रकाश में रम का झलकता लाल रंग। दो बोतलें रंगीन द्रव से भरी, कुछ फूल-पत्तों के साथ दांये-बांये, सजावट के लिये भी रख दी गई है । जवान आकर, ग्राउन्डशीट विछाकर नीचे ही बैठ गये हैं। दो चार बेन्च भी हैं जिन पर जूनियर कमाण्डर विराजमान हैं। सबके सामने मग प्लेट तैयार; केवल हुक्म का इन्तजार ।

"शुरू कराइये साहब" मैंने सूबेदार साहब को कहा । हां तो बड़ा खाना शुरू हो गया है। दो-दो औन्स रम के दौर के साथ । प्लेट में छन्न-छन्न की आवाज के साथ भुजे चने की दाल बांटी जा रही है। अब चारों तरफ कुरुर-कुरुर की आवाज और फिर रम के घूंट । बूढ़ा कुक त्रिवेदी सामने ही बैठा है, एक खाली जरीकेन के साथ। कोई बढ़ा कहदे तो चिढ़ जायेगा । एक ही सांस में दो औन्स खाली करके मग रख दिया है। दायें-वायें उसने नजर इस तरह फेरी मानो कह रहा हो कि दो-औंस से होता ही क्या है ? अब, उसने जरीकेन संभाल लिया है और बिना आवाज ही ताल दे रहा है। त्रिवेदी जरीकेन के साथ ही गाता है । इसी बीच हारमोनियम, ढोलक भी आ गई है। एक जवान के हाथ में मंजीरे भी हैं। गाने का मूड बन गया है।

बूढ़े त्रिवेदी ने ही शुरू किया तुलसीदास के एक भजन के साथ। "मोसो कौन कुटिल खल कामी ।" हां, त्रिवेदी भजन के साथ ही प्रोग्राम शुरू करता है। पिछली बार भी ऐसा ही हुआ था। उसे तुलसी, सूर, मीरा और कबीर के कई भजन याद है। केशवदास के कवित्त भी और विदेशिया के भोजपुरी गीत भी खूब गाता है । सब कुछ गाता है,– प्रेम गान, रसिक और अश्लील गान भी। गाने से पहले आदाब करके कहेगा-गुस्ताखी माफ हो। लेकिन कैसा अश्लील ? अश्लील कहने वाला यहां कोई नहीं। सब खुश होते हैं, इन्जवाय करते हैं।

लीजिए हरियाणा की रागिनी भी शुरू हो गई । शायद ही किसी दूसरी भाषा-बोली में फौजी जीवन का ऐसा चित्रण मिले । हरियाणा भूमि वीर-प्रसवनी है । घर-घर में फौज पुलिस के जवान मिलेंगे। यहां का सामाजिक-जीवन फौजी-जीवन से मिलकर एक अभिन्न अंग बन गया है । फौज का कोई पहलू नहीं जिस पर रागिनी नहीं। एक

हरियाणवी जवान छुट्टी से आया है। छुट्टी खत्म हुई। हाजिरी का समय आ गया लीजिये रागिनी पेश हैं—

छुट्टी मेरी खत्म हुई, आज हाजिरी आई।
मेरे गम में मेरी बहू ने रोटी तक ना खाई।
बहू भी क्या कम, जिद कर ली है कि मैं भी तेरे साथ चलूंगी—
गोरी तूं मत जा फौज में, उड़सें मर्दा का काम, तू कर घर आराम, गोरो रहन दें।
उड़ बम्ब के धमाके होंगे, सों-सों जान रासे होंगे, रण-भूमि के खेत में, गोरी रहन दे॥

लेकिन छोरी भी हरियाणे की बम्ब-धमाके से नहीं डरने वाली है। मानती ही नहीं—

झांसी वाली रानी की तरियां,
हम केशरिया बाने की।
देश धरम पर मरना सिख्यां,
हम छोरी हरियाने की।
मत घबड़ाओ बालम,
हम भी देंगी थारा साथ।
मरदाना हम काम करेंगी,
बेशक से वीरां की जात।

आखिर मजबूरी है। जवान भी क्या करे—

मेरी जान मेरी मतना, गैल चलिये,
सखी-सहेलिन मिल,
अपना सांवण मना लिये।
दस दिन का पैदल रास्ता,
रास्ते में गाम ना,
शेर भगेरे चीते हांडे,
जण मानस का नाम ना।
उस जंगल में गोरी,
तेरा कोई काम ना,
मेरे नाम का पीपल में पानी ढालिये,
सास ससुर की सेवा कर दिल बहला लिये।
मेरी जान मेरी मतना, गैल चालिये।

मजबूरी दोनों तरफ है। लीजिए एक और रागिनी—

मानूंना मैं चालूंगी, अब संग तेरे बालम।
मैं भी तो देख लूंगी, कुछ रंग तेरे बालम॥
रहने दे क्या करेगी, तूं संग मेरे जालिम।
खुद भी रहेगी दुःख में, हों तंग तेरे बालम।
नाले में चलते-चलते, काजल से बहज्या पानी।
रायफल हो कमर पर, ढल जाये तेरी जवानी।
सानेन्द्र मोर्चे में दिन-रात का है रहना।

"मेरे पास ना रहते," फिर बाद में न कहना ॥

साज बाज सब दुरुस्त, गाना जम गया है । एक के बाद एक गाने वाले तैयार हैं। जरा हरकत हुई। एकाध ने दबी सीटी भी मारी । हैरान मत होइये, यहां कोई लड़की नहीं, एक राजस्थानी जवान है, साड़ी में । बांये हाथ से घूंघट एक तरफ खींचा, दाहिना हाथ कूल्हे पर, गाना शुरू हो गया। साथ ही साथ डान्स भी।

पल्लो लटके, गोरी को पल्लो लटके,
जरा सा टेढ़ा होजा बलमा—पल्लो . .
जयपुर के राजाजी, थारी चरबा की सुणी,
कमला रांणी न मत कीज्यो बा तो रोवणी धंणी
जरा सा टेढ़ो...
माता थारी डूंगरीम, आज आयो हूं।
जरा सा टेढो...
ढूगरपुर का किला ऊपर मोर बोल है,
पांछी मोड़ल्या गायां ना, आगा चोर डोल है ।
जरा सा टेढो. .

प्रोग्राम खत्म हुआ। जवान मग-प्लेट लेकर लंगर की तरफ चल पड़े हैं। खाना उधर ही होगा। मैं बाहर आ गया। घना अंधेरा, न जंगल, न पहाड़, न नाले, न नागे, कुछ भी तो दिखाई नहीं देता। सब कुछ तिमिराच्छन्न। ऊपर असीम-अनन्त गगन है। दूर, बहुत दूर कहीं तारे टिम-टिमा रहे हैं । शाम की थकावट रफा-दफा हो गई है। लगता है मैं अपने गांव में, घर में, पहुंच गया हूं, अपने आस-पास के सम्पूर्ण अस्तित्व को खोकर।

—खेल कूद का सर्वोत्तम वर्ष—


पिछले वार्षिकोत्सव और इस के बीच का वर्ष खेल-कूद के सर्वतोमुखी क्रिया-कलापों के विषय में श्रेष्ठ रहा है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों ने सब ओर अपना पौरुष दर्शाया। यहां इस भव्य प्रयास का दिग्दर्शन कराया है।

नई दिल्ली (राष्ट्रीय) नेशनल स्टेडियम में पिछले वर्ष के नवम्बर में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित युवारैली में हमारे इन चार व्यायामियों (जिम्नास्टों) ने भाग लिया—1. जमादार बलबीर सिंह 2. हैडकास्टेबिल मूलचन्द 3. शंकर लाल और 4. नायक पीतम्बर सिंह ।

संगठन समिति ने इनके सुन्दर प्रदर्शन के उपलक्ष्य में प्रत्येक को व्यायामिक सामान (जिमनास्टिक किट) प्रदान किया।

१९७२ को अन्तर रेन्ज एथलेटिक प्रतियोगिता

वार्षिकोत्सव-सप्ताह में यह प्रतियोगिता नीमच में हुयी। दिल्ली रेन्ज के सूबेदार कृपाल सिंह ने 5000 तथा 10,000 मीटर दौड़ों के कीर्त्तिमानों को सुधारा।



श्री के० एल० पासवाल हरियाणा मंत्री द्वारा पारितोषिक-वितरण

आंखेल भारतीय खुले खेल :

दिनांक 10 से 14 जनवरी 73 की दुर्गापुर में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक प्रतियोगिता में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के दो खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व किया तथा तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किये। ये थे खिलाड़ी—1. डी वाई एस पी डाउसन जिन्होंने ट्रिपिल जम्प (तिकड़ी छलांग) जीती और 2. सूबेदार कृपाल सिंह जिन्होंने 5000 तथा 10,000 मीटर दौड़ों में विजय पाई।

१९७२ की अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी प्रतियोगिता :

त्रिवेन्द्रम में दिनांक 10 से 17 दिसम्बर 1972 को अखिल भारतीय ड्यूटी प्रतियोगिता आयोजित की गई। चैम्पियनशिप तथा विशिष्ट पदों के साथ साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ी ने तीन स्वर्ण पदक तथा पांच रजत पदक प्राप्त किये। स्वर्ण पदकों के विजेता थे—1. सूबेदार मनिकम (200 गज राइफल) 2. नन्दा थापा (25 गज रिवाल्वर) और 3. नायक जी० बी० एस० नायर (बेतार प्रतियोगिता व्यक्गित दक्षता) रजत पदक हैडकान्स्टेबिल ज्योति स्वरूप, हजारा सिंह, बख़्तावर सिंह तथा नायक जी० बी० एस० नायर की टोली ने पाये। इस टोली को एक शील्ड भी मिला।



के रिपु दल तथा स्टेट बैंक आफ इण्डिया की दिल्ली में हाकी मैच में तनावपूर्ण क्षण

१९७२-७३ के अखिल भारतीय पुलिस के खेल :

फरवरी 12 से 18 तक मधुबन (करनाल) में अखिल भारतीय पुलिस खेल खेले गये। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने हाकी, बास्केट बाल, जिम्नास्टिक दंगल तथा एथ्लेटिक्स में भाग लिया। हाकी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों ने ट्राफी प्राप्त करने के लिये एक तेजस्वी प्रयास किया और तामिलनाडू को पराजित कर (2-0) फाइनल में पहुंच गये।

बास्केट बाल में भी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल केवल फाइनल में ही हारे। इन्होंने करनाल टीम को 59-25 (अंक) पाइन्टों से पराजित किया परन्तु सीमा सुरक्षा दल से हार गये। स्कोर 41-58 का था।

जिम्नास्टिक में हमारी टीम द्वितीय रही तथा सीमा सुरक्षा दल के प्राप्त 571 . 04 अंको के विरुद्ध हमने 457. 36 अंक पाये। हैडकान्स्टेबिल (अब जमादार) मूलचन्द ने वाल्टिंग हार्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दंगल में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने दो स्वर्ण पदक, दो रजत पदक और एक

कांस्य पदक प्राप्त किये। सुपर हैवी वैट (सर्वाधिक भार) में (100 किलोग्राम से अधिक) में डी वाई एस पी सुखवन्त सिंह तथा जमादार ईश्वर सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। रजत पदक हैडकांस्टेबिल रघुबीर सिंह ने मिडिल वेट (मध्यम भार-32 किलोग्राम) में तथा जमादार दीवान सिंह ने हैवी वेट (भारी भार 100 किलोग्राम) में प्राप्त किये। हैडकांस्टेबिल बैजनाथ ने लाइट वेड (हल्के भार-68 किलोग्राम) में एक कांस्य का पदक पाया।

एथ्लेटिक्स में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल सर्वोत्तम स्थान पर रहे। फाइनल में सीमा सुरक्षा दल को इस दल ने 59 पाइन्टों (अंकों) से पराजित किया। अंतिम स्कोर था- के० रि० पु० दल 279 तथा सीमा सुरक्षा दल 250। हमारे जवानों ने आठ स्वर्ण पदक सात रजत पदक तथा दस कांसे के पदक पाये। हमारे खिलाड़ियों की निम्नलिखित स्थिति रही:—

1. जमादार के० जी० जोसेफ	100	मीटर	दौड़	ii
2. है० कां० एम० डी० पूमयिहा	200	,,	,,	ii
3. जमादार के० जी० जोसेफ	200	,,	,,	iii
4. हैड कां० एम० डी० पूमयिहा	400	,,	,,	ii
5. जमादार भंवर सिंह	400	,,	,,	iii
6. है० कां० (अब जमादार) ओ० के० सिवन	800	,,	,,	ii
7. नायक चन्द्र प्रकाश	800	,,	,,	iv
8. हैड० कां० (अब जमादार) ओ० के० सिवन	1500	,,	,,	i
9. जमादार डी० मुजावर	1500	,,	,,	iv
10. जमादार सी० बी० एस० राठौड़	5000	,,	,,	i
11. जमादार डी० मुजावर	5000	,,	,,	iii
12. जमादार सी० बी० एस० राठौड़	10000	,,	,,	i
13. जमादार जे० एस० जेंडा	10000	,,	,,	ii
14. जमादार जोगिन्दर सिंह	110	मीटर	हर्डिल	iii
15. नायक दीदार सिंह	110	,,	,,	iv
16. नायक दीदार सिंह	400	,,	,,	i
17. जमादार पीटर जान	400	,,	,,	ii
18. जमादार डी मुजावर	3000	स्टीपिल	चेज	i
19. हैड० कां० पूरन सिंह	3000	,,	,,	ii
20. नायक सुरजीत सिंह		मैराथान	दौड़	i
21. नायर एम० डी० फाजिल ,, ,,		,,	,,	iii
22. हैड कां० बाला गोपालन		डिकेथलन	दौड़	v
23. कांस्टेबिल राधाकृष्णन्		,,	,,	vi
24. हैड कां० एस मोहन दास	(चौड़ीकूद)	ब्राड	जम्प	iv
25. जमादार नसीब सिंह	(ऊंचीकूद)	हाई	जम्प	i
26. जमादार छगन सिंह		,,	,,	iii
27. हैड कां० महरुद्दीन			पोलवाल्ट	iii
28. जमादार सुरेश पाल सिंह			,,	iv
29. डी० वाई० एस० पी० डाउसन	(तिकड़ी कूद)	ट्रिपिल	जम्प	i
30. हैड कां० ए० एस० त्रिपाठी	,,		,,	vi
31. जमादार परमजीत सिंह			शाटपुट	iii
32. जमादार एस० एस० बाल			,,	vi
33. जमादार भगवान सिंह	(नेजा)		जेवेलिन	iii
34. जमादार वी सुशीलन			,,	v
35. जमादार एस० एस० बाल	(चक्का)		डिस्कस	iv
36. हैड कां० रमाशंकर			,,	vi
37. जमादार रघुबीर सिंह			हैमर	iii
38. हैड कां० रामाशंकर			,,	iv
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल टीम	4×100	मीटर	रिले	i
,, ,, ,,	4×400	,,	,,	i

१९७३ को अखिल भारतीय पुलिस तैराकी प्रतियोगिता :

दिनांक 5 से 7 सितम्बर 1973 तक हिसार (हरियाणा) में आखेल भारतीय पुलिस तैराकी प्रतियोगिता हुयी। हमारे दल ने अच्छे संतोषजनक फल प्राप्त किये। हमारे गोते खोरों (डाइवरों) ने उत्तम कार्य कर दिखाया। कान्स्टेबिल कपूर सिंह ने हाई बोर्ड डाइविंग में अपने प्रदर्शन के लिए एक स्वर्ण पदक तथा कप प्राप्त किया। उसने तथा जमादार ए० एस भाकूनी को हरियाणा के मंत्री श्री के० एल० पासवाल ने 100 रुपये का पुरस्कार दिया। हमारे तैराकों ने निम्नलिखित स्थान प्राप्त किये--400 **मीटर फ्री स्टाइल**-जमादार टी० वी० नायर (v) 15000 **मीटर फ्री स्टाइल**/जमादार टी० वी० नायर (vi) 100 **बैक स्ट्रोक**-जमादार सी०के० विश्वनाथन (iii) और लांस नायक वी० एम० ए० नायर (vi) 200 **मीटर बैक स्ट्रोक** लांस नायक वी० एम० ए० नायर (iv) और लांस नायक पी० पी० नायर (vi) 100 **मीटर बेस्ट स्ट्रोक**-जमादार के० जी० जोसेफ (iii) 200 **मीटर बेस्ट स्ट्रोक**- कान्स्टेबिल राधा बल्लभ (iv) 100 **मीटर वटर फ्लाई स्ट्रोक**-लांस नायक रणजीत सिंह (iv) 200 **मीटर वटर फ्लाई स्ट्रोक**-लास नायक रणजीत सिंह (vi) 400 **मीटर इण्डोवीज्युएल (व्यक्तिगत) मेडले**-लांस नायक आर० एन० सिंह तथा नायक डी० क्लैमान्ड (vi) 4x100 **मीटर फ्री स्टाइल रिले**-के० रि० पु० दल० (iii) **हाई बोर्ड डाइविंग**-कान्स्टेबिल कपूर सिंह (i) तथा जमादार ए० ए० भाकूनी (iii) **स्प्रिंग बोर्ड डाइविंग** जमादार ए० एस० भाकूनी (iii)।

हाकी तथा फुटबाल टूर्नामेण्ट :

के० रि० पु० दल ने 1973 का संस्थानक (इंस्टीट्यूशनल) दिल्ली हाकी टूर्नामेण्ट जीता जिसमें 23 टीमों ने भाग लिया।

के० रि० पु० दल की हाकी तथा फूटबाल टीमों ने और भी विभिन्न अखिल भारतीय टूर्नामेण्टों में भाग लिया तथा जय-पत्र प्राप्त किये।

इस वर्ष जनवरी में के० रि० पु० दल ने अखिल भारतीय ध्यानचन्द हाकी टूर्नामेण्ट ट्राफी प्राप्त की। दिनांक 20 से 23 नवम्बर 1972 को छत्तरपुर (म०प्र०) में हुये एस० एन० बनर्जी स्मारक फुटबाल टूर्नामेण्ट में तथा गत बर्ष दिनांक 21 से 25 वर्ष नवम्बर को पन्ना (म० प्र०) में हुये श्री गोबिन्द स्मारक फुटबाल टूर्नामेण्ट में चैम्पियनशिप जीती।

वालीबाल टूर्नामेण्ट।

दिनांक 27 अगस्त से 2 सितम्बर 1973 तक ग्रुप केन्द्र हैदराबाद में अन्तर रेन्ज बाली बाल टूर्नामेण्ट लीग तथा नाक आउट आधार पर आयोजित हुआ जिसमें दस टीमों ने भाग लिया।

1 सितम्बर 1973 को हैदराबाद रेन्ज ने सेमी (अर्द्ध) फाइनल में नीमच को 15-12, 15-10, 15-12 से हराया जब कि पूना रेंज ने अजमेर को 15-11, 13-13, 8-15, 15-15, 15-10 से खदेड़ भगाया।

फाइनल में हैदराबाद ने पूना को सीधे खेलों में 15-13, 15-12, 15-5 से पराजित किया।

अंतिम स्थानों का विवरण क्रमानुसार इस प्रकार रहा--हैदराबाद, पूना, नीमच, अजमेर, श्रीनगर, दुर्गापुर, गोहाटी, ट्रेनिंग/ सिगनल, कोहिमा तथा दिल्ली।

कदाचित् वालीबाल इस दल का सर्वाधिक प्रिय खेल है। यह सुदूर चौकियों तक पर खेला जाता है। तथापि यह हतोत्साह की बात है कि इसमें कोई नई प्रतिभा नहीं थी। वे ही खिलाड़ी जो कई वर्षों से अपनी रेन्जों तथा बटालियनों में खेल रहे थे भेजे गये।

अन्तर रेन्ज मोटर प्रतियोगिता

4 से 8 जून 1973 तक दिल्ली ग्रुप केन्द्र में अन्तर रेन्ज मोटर प्रतियोगिता संगठित की गई। क्रमानुसार अधोलिखित स्थान रहे--

नीमच, अजमेर, गोहाटी, ग्रुप केन्द्र सिगनल नीमच, कोहिमा तथा पूना (बराबर), दिल्ली, हैदराबाद, श्रीनगर और दुर्गापुर।

क्या आप जानते हैं?

[केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद से साभार प्राप्त]

कि देवनागरी लिपि में तार सस्ते बैठते हैं क्योंकि :—

(1) दस अक्षरों तक के भब्द पर एक शब्द का तार चार्ज लिया जाता है। यदि एक शब्द में इस से अधिक अक्षर बचें तो उनका भी एक शब्द माना जाएगा।

(2) मात्राओं को अलग अक्षर के रूप में नहीं गिना जाता। जैसे ज+ी—जी एक अक्षर माना जाएगा।

(3) अधिक से अधिक दस अक्षरों वाला संयुक्त क्रियावाचक वाक्यांश भी तार चार्ज के लिए एक ही शब्द गिना जाता है। जैसे— आरहा हूं, भेज दिया गया, पहुंचा दिया जाएगा, इनको एक ही शब्द माना जाएगा। (अंग्रेजी तार के हिसाब से has been sent आदि तीन शब्द माने जाएंगे)

(4) विभक्तियों के चिन्ह अथवा सम्बन्ध सूचक शब्द (जैसे ने को, से, केलिए, का, के, को, मैं, पर आदि) को पहले शब्द के साथ मिलाकर लिखना चाहिए। जैसे— मोहनको, दिल्लीमें, रामकेलिए, स्टेशनपर विभक्ति मिला हुआ शब्द एक ही गिना जाता है?

(5) सन्धि और समास से युक्त शब्द भी एक ही गिने जाते हैं, जैसे—उत्तरा-भिलाषी, पराधीन, संतोषजनक, अत्यावश्यक आदि एक ही शब्द माने जाते है।

(6) क्रियावाचक वाक्य (वाक्यांश जैसे—तारदो, जल्दीकरो, प्रबन्धकरो, इत्यादि को जो अंग्रेजी wire, expedite, arrange etc के समानार्थक हैं, यदि मिलाकर एक शब्द के रूप में लिखा जाए और अक्षरों की संख्या दस से अधिक न हो तो उन्हें भी एक शब्द माना जाएगा।

(7) यदि बीच में स्थान न छोड़ा जाए और दस से अधिक अक्षर न हों तो प्रधानमंत्री,

प्रधानसम्पादक, सहायकसम्पादक आदि एक ही शब्द गिने जाएंगे।

पहेलियां

तीन अक्षर का मेरा नाम।
जमुना पर मैं तीरथ धाम।
मध्य काट मैं मरा कहाऊं।
अन्त छांट मथ कर दिखलाऊं ॥ 1 ॥

\# # #

दो अक्षर का मेरा खेल।
सबको खेचूं ठेलमठेल।
बिन मेरे सब बेबस होते।
पंक्ति मार पथ पर वे रोते ॥ 2 ॥

\# # #

जरा सी डिबिया में बोले चिरैया ॥3॥


\# # #

ताने बाने पड़े हैं दोनों पन्द्रह बार।
चार पांव का पालना पाल रहा संसार ॥4॥


\# # #

उत्तर

1. मथुरा 2. बस 3. ट्रांजिस्टर 4. महीना



जवानों की नगरी ग्रुप केन्द्र दिल्ली में जवानों की विधवाओं के बीच प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी



[R.N. 23783/72]

ताज महल के प्रांगण में (बांये से दायें) श्रीमति जयसिन्हा, कुमारी मिश्रा, श्रीमति मिश्रा तथा श्रीमति शेट्टी


के० रि० पु० दल के युगान्तर-चित्र



के० रि० पु० दल के उन्नायक सर डेविड आक्टरलोनी



ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली के बेस अस्पताल का प्रधान मंत्री द्वारा शिलान्यास



दल के रुस्तमए हिन्द श्री सुखवन्तसिंह


कैपलर

द्वैमासिक (हिन्दी संस्करण)

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

31 अगस्त 1973 | खण्ड 2 संख्या 4 | 4 भाद्रपद 1895

चरामेति ! चरामेति !! प्रचलामः निरन्तरम् !!!





क्रै प ल र

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

[हिन्दी संस्करण द्वैमासिक]

खण्ड 2

अंक 4

31 अक्तूबर 1973

4 भाद्रपद 1895

हिन्दी सम्पादक :
जे० एस० शर्म्मा

मुख पृष्ठ छाया:
नयी चुनौतियों के लिये निरन्तर बढ़े चलो
(स्वतंत्रता दिवस 1973 पर के० रि० पु० दल की शानदार परेड)

सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल
वेस्ट-ब्लाक-8
रामा कृष्ण पुरम
नई दिल्ली-110022

मुद्रक तथा प्रकाशक :
महानिदेशक केन्द्रीय रिर्जव पुलिस दल की और से श्री **जे० एस० शर्म्मा** द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।

मुद्रक—दि कैक्स्टन प्रेस (प्राइवेट) लिमिटेड;
नई दिल्ली—110055

पृष्ठ 2 की छाया :
नई दिल्ली में के० रि० पु० दल का डयूटी पर तैनात एक सजग प्रहरी ।

दिनांक २८ फरवरी, १९७३ के क्रैपलर के पृष्ठ ३ पर बाक्स में प्रकाशित अनुरोध के संदर्भ में निम्नलिखित व्यक्तियों की रचनायें प्रशंसित/पुरस्कृत हुई हैं:—

लेखः-"मदिरा पान पर प्रकाश" लेखक-चिकित्सा अधिकारी **श्री एस के सेठ (प्रशंसित)**

कहानीः-"अनजाना नौकर" लेखक-श्री **एस पी भारद्वाज** स्टेनो कार्यालय महानिरीक्षक (४० रुपये पुरस्कृत)

सेक्टर-३

कविताः-"अमर द्त" रचयिता-**श्री जे एस शर्म्मा** प्रशासन अधिकारी (४० रुपये पुरस्कृत)

क्रैपलर के खण्ड 2 संख्या 3 दिनांक 30-6-73 का हिन्दी संस्करण देखकर मुझे प्रसन्नता हुई। यह संस्करण बहुत अच्छा तथा रोचक है।

दयाशंकर भटनागर

पुलिस उपमहानिरीक्षक, के० रि० पु० दल, गौहाटी

इस अंक में

1. नई दिल्ली ग्रुप केन्द्र का नया अफसर मेस

2. लेख

(क) प्रयाग में कुम्भ के पुण्य मेले की दुर्घटना—लेखक श्री निगमेन्द्रसैन सक्सेना, महानिरीक्षक से० 3

(ख) आपके मित्र पुलिस जवान— लेखक श्री जे० एस० गिल, 35 बटालियन

(ग) मोटर दुर्घटनायें और उनके बचाव—लेखक श्री एस० एन० सिंह, कनिष्ट लिपिक, महानिदेशालय

3. कहानी—जाल साजी—लेखक श्री जे० एस० शर्म्मा, प्रशासन अधिकारी

4. कविता : नारी—रचयिता
हवलदार विद्याधर उपाध्याय

5. क्रीड़ा क्षेत्रे

(क) हाकी लीग कप

(ख) अन्तर रेन्ज बास्केट बाल चैम्पियनशिप

(ग) 1973 का अन्तर रेन्ज हाकी टूर्नामेन्ट

(घ) अंतर रेन्ज कुश्ती प्रतियोगिता

(ङ) 1973 की 7वीं अन्तर रेन्ज जिमनास्टिक (व्यायाम) चैम्पियनशिप

6. गौरव गाथा

(क) देश सेवा में

(ख) स्वातंत्र्य दिवस 1973 पर सराहनीय सेवाओं के लिए पदक

7. पहेलियां और चुटकले

(क) सूक्ति सुधा

(ख) पहेलियां

(ग) यह भी खूब रही

(घ) सिनेमा अभिनेता और अभिनेत्रियां खोजिए

8. स्वास्थ्य संदेश—रोग-निवारण के सरल उपाय--लेखक श्री जे० एन० धमीजा, मुख्य लिपिक

9. विज्ञान के चढ़ते चरण

10. विविध

(क) 42 तथा 55 बटालियनों का जन्म दिवस उत्सव।
(ख) कभी इन्हें भी अजमाइये।
(ग) नये गृह सचिव से के०रि०पु० दल के अधिकारियों की भेंट

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ग्रुप केन्द्र दिल्ली में अफसर मेस का शिलान्यास

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली ने निर्माण कार्यक्रम में पर्याप्त प्रगति की है। बैरकों, विभिन्न वर्ग के परिवार हेतु क्वार्टर तथा कल्याण केन्द्र, स्कूल, मनोरंजन कक्ष, कैन्टीन इत्यादि दल के संस्थानिक भवनों को पूर्ण करने का कार्य पूरे वेग से चल रहा है।



महानिदेशक श्री बी. बी. मिश्र तथा महानिरीक्षक सेक्टर 3 श्री निगमेन्द्रसेन सक्सेना

दिनांक 26 जून, 1973 इस दल का एक ऐतिहासिक दिवस था । उस दिन को सायंकाल छः बजे महानिदेशक महोदय ने ग्रुपकेन्द्र नई दिल्ली के अफसर मेस का शिलान्यास किया। यह एक पुनीत अवसर था। महानिदेशालय, ग्रुपकेन्द्र, एवं तीन कर्तव्यरत बटालियनों के अनेकों अधिकारियों तथा कर्मचारियों के अतिरिक्त केन्द्रीय

लोक निर्माण विभाग तथा गृह मंत्रालय के अधिकारी गणों ने पधार कर इस समारोह की शोभा बढ़ायी थी। ग्रुप केन्द्र के अधिकारियों तथा जवानों ने अपनी परम्परा के अनुसार इस समारोह का अत्युत्तम आयोजन किया था जिससे विशिष्ट आगन्तुकों को अत्यन्त सुविधा प्रतीत हुयी । इस सब सुव्यवस्था का श्रेय उपमहानिरीक्षक नई दिल्ली को है जिन्होंने इस समारोह को दल के आगामी वार्षिकोत्सव का मंगलाचरण माना जिसको इस वर्ष अक्तूबर मे इस ग्रुप केन्द्र में मनाने का निर्णय हुआ है ।

शिलान्यास समारोह के उपरान्त चाय-पानी हुआ । सायंकालीन शीतल समीर, पूर्ण विश्रान्त वातावरण तथा ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली के आदर-सत्कार ने इस संध्या को चिरस्मरणीय बना दिया । इसी कारण नियत समय से कहीं अधिक देर तक यह समारोह चलता रहा । हमारा फोटोग्राफर भी गोधूलि की विश्रान्त भावना के चित्र खींचने में व्यस्त रहा। अफसर-मेस के लिये यह समारोह सर्व प्रकार से प्रशस्त रहा।

महानिदेशक महोदय ने इस अवसर पर एक ओजस्वी भाषण में 26 जून 1973 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के इतिहास में एक भव्य दिवस बताया क्योंकि उस दिन दल के अफसर मेस की आधारशिला रखी जा रही थी। मेस अधिकारियों के सामाजिक जीवन का मेरुदण्ड तथा आदि स्त्रोत है। यह अविवाहित अधिकारियों का गृह है, विवाहित अधिकरियों का विश्राम केन्द्र है और है उनके मित्र गणों के लिए सुविधाओं एवं मनोविनोद का सम्मेलन । अन्ततः यह एक 'संस्था की भावना है और भावना की संस्था है।' भाषण जारी रखते हुए महानिदेशक महोदय ने कहा कि एक रेजीमेन्टी दल को निज महत्व रखने के लिये ये आवश्यक वस्तुएं हैं:

(1) कि दल का अपना एक ध्वज होना चाहिये।

(2) कि प्रयाण करते समय उसका "कौमी गान" होना चाहिये ।

(3) कि परिस्थतियों के अनुसार बजने वाला उसका अपना 'बैण्ड' (बाजा) होना चाहिये।

(4) कि जवानों में प्रेरणा लाने के लिए उसका अपना रेजीमेन्ट इतिहास अथवा परम्परायें तथा लेख होने चाहिये।

(5) कि उसकी अपनी आचारसंहिता होनी चाहिए, तथा

(6) होनी चाहिए उसकी अपनी परम्परायें ।

दल की परम्परायें उसके अधिकारियों से स्थिर रखी जा सकती हैं जो उसके ध्वज-वाहक हैं । मेस वह स्थान है जहाँ दल के स्तर एवं परम्पराओं को दृढ़ रखा जाता है। मेस से ही रेजीमेण्टी प्रभाव परेड भूमि में जाता है और फिर लौट आता है, जो छोटे अधिकारीगण आगे ले जाते हैं और पुनः मेस को ले आते हैं । मेस में रेजीमेण्ट के प्रभावोत्पादक विचार स्वर्णिम शब्दों में लिखे जाते हैं और पटलों पर परिरक्षित रखे जाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को उन्हें स्मरण रखना तथा उन पर चलना होता है; अन्यथा वह मेस के योग्य नहीं है। ये सब भाव नीमच के अफसर मेस में पाये जाते हैं। क्योंकि अब दिल्ली हमारा मुख्यालय हो गया है, महानिदेशक महोदय ने यह आशा व्यक्त की कि यहाँ का मेस भी हमारे नीमच की भांति फले फूलेगा और ख्याति पायेगा।

समारोह के प्रारम्भ में श्री बी० के० राय, उपनिदेशक (प्रशा०) ने महानिदेशक तथा

अन्य विशेष्ट आगन्तुकों का स्वागत करते हुए यह बतलाया कि यह महानिदेशक महोदय ही हैं जिन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के दीर्घकालीन सम्पर्क द्वारा दल की परम्परायें सूत्र-बद्ध की हैं। उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को नगण्यता से आज दक्षता तथा कर्त्तव्यनिष्ठा के उच्चतम सोपान पर लाने के हेतु श्री मिश्र की सेवाओं की सराहना की। कर्नल पी०के० जैन, सहायक निदेशक (संभरण) ने अफसर मेस का शिलान्यास करने के लिए महानिदेशक महोदय को धन्यवाद दिया। उन्होंने यह बताया कि महानिदेशक महोदय के ही प्रयत्न थे कि जिनके द्वारा अफसर-मेस की यह भूमि प्राप्त हुयी थी जब कि वे सन् 1968 में इस दल के महानिरीक्षक थे। कर्नल जैन ने केन्द्रीय लोक निर्माण के अधिकारियों के उस निश्चल कार्य की प्रशंसा की जिससे अफसर मेस तथा वेस अस्पताल के उत्तम निर्माण की शीघ्रातिशीघ्र काल में पूर्ण होने की आशा है ।

आवे तवे तनूर का जिसजां जबां पै नाम ।
या चक्की चूल्हे का गुलज़ार हों तमाम ।
वाँ सर झुका के कीजिए दंडौत औ सलाम ।
इस वास्तें कि खास ये रोटी के हैं मुकाम ।
पहले इन्हीं मकानों में आती हैं रोटियाँ ।

(नज़ीर)

देश सेवा में

हमारी यूनिटें देश के कोने-कोने में फैली हुई हैं तथा अपने विस्तार-क्षेत्र की प्रमुख घटनाओं से चोली-दामन सी जुड़ी हई हैं। विस्तार के उलट-फरों में वे हर किसी से कभी प्रशंसा का पात्र बनती हैं तो कभी पथराव · का लक्ष्य । उनके कर्त्तव्य ही इस प्रकार के हैं कि पथराव तथा आलोचना उनके भाग्य में अधिकतर बदी है। किन्तु जिन मनुष्यों के साथ आप कार्य कर रहे हों उनसे प्रशंसा-पत्र पाना एक अत्यन्त उत्साह वर्द्धक बात है और अपने जवानों में प्रेरणा और उमंग भरने का विषय है।




जम्मू तथा काश्मीर के मुख्यमंत्री श्री सैय्यद मीरकासिम श्रीनगर में हमारे जवानों को 'शाबाशी' देते हुए

जम्मू तथा काश्मीर

अभी अभी दिनांक 22 तथा 23 जून 1973 को श्रीनगर में हमारी बटालियनों ने कानून तथा व्यवस्था की सबसे निषिद्ध परिस्थिति का मुकाबला किया। "ज्ञान-पुस्तक—बच्चों की ज्ञान गंगा" (बुक आफ नालेज-चिल्ड्रन इन्साइक्लोपीडिया) नामक पुस्तक के प्रकाशन से श्रीनगर का नगर भयंकर दंगों से ग्रस्त हो गया । स्थानीय पुलिस की सहायता के लिए वहां 2 तथा 22 बटालियनों की टुकड़ियां दूर-दूर तक विस्तारित कर दी गयीं। नगर में चतुर्दिक फैलते हुए उपद्रवों को निबटाने के लिये हमारे जवानों की सहायता के लिए श्रीनगर के निकटवर्ती स्थानों से 50वीं बटालियन के कुछ भाग सत्वर पहुंचाये गये । हमारी टोलियों की सहायता तथा मार्ग निर्देशन के लिये श्रीनगर वाले हमारे उप महानिरीक्षक तुरंत परिचालन क्षेत्र में कूद पड़े और स्थान-स्थान का दौरा किया। अधिकांश कमांडेण्ट तथा कम्पनी कमांडर अपने जवानों के साथ घटना स्थानों

पर तैनात थे। नगर में बहुत जगह अत्यन्त उत्तेजित स्थिति तथा उपद्रवियों के भारी पथराव के होते हुए हमारे जवानों ने निज अधिकारियों के नियंत्रण में अपना मानसिक सन्तुलन बनाये रखा और स्थिति का शांति तथा आत्मविश्वास से सामना किया । बिगड़ती हुयी स्थिति अधिक बल (आग्नेय अस्त्रों) का प्रयोग चाहती थी किन्तु कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को सुलझाने में पारंगत हमारे अधिकारी तथा जवानों ने लाठी प्रहार तथा अश्रुगैस का कम से कम प्रयोग किया । स्थानीय पुलिस को हमारी सुनिश्चित एवं ठोस सहायता से स्थिति को शीघ्र सामान्य करने में बड़ा योगदान मिला । अत्यन्त आदर्शनीय प्रकार से स्थिति पर नियंत्रण पाने में हमारे जवानों को भारी मूल्य चुकाना पड़ा। पथराव से 150 व्यक्तियों के (जिनमें कुछ के गम्भीर) चोट आई। उन सबकी यथोचित चिकित्सा की गई। उनकी बलि व्यर्थ नहीं गई। जम्मू तथा कश्मीर के महानिरीक्षक ने उनके बलिदान के उपलक्ष्य में तुरन्त 2265 रुपये का पुरस्कार दिया। जम्मू तथा कश्मीर के मुख्य सचिव अस्पताल में जाकर हमारे जवानों से मिले और 'शाबाशी' से उनकी पीठ ठोंकी।

श्री आर० एन० मिर्धा, केन्द्रीय सरकार के गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री ने हमारे अधिकारियों तथा जवानों के संयम पर उन्हें बधाई दी और हमारी बटालियनों के नाम को सदा ऊंचा रखने की मंत्रणा दी जिस पर उन्हें गर्व है। हमारे महानिदेशक महोदय ने भी उनको प्रोत्साहित किया । उन्होंने उनकी सेवाओं की प्रशंसा की तथा अन्य बटालियनों से दल की सच्ची परम्पराओं के अनुसार इन बटालियनों के उदाहरण को अनुकरण करने की मंत्रणा दी ।



दिनांक 22 तथा 23 जून 1973 को हमारे वीरबांकुरे जिन्हें श्रीनगर में शान्ति स्थापित करने का भारी मूल्य चुकाना पड़ा था

नागालैण्ड

नागालैण्ड में हमारी बटालियनें राज्य-विद्रोह-निरोध की भूमिका उत्साहपूर्वक निभा रही हैं। दिनांक 25-7-73 की रात्रि को लासूमी और काउनी के बीच एक भूमिगत गुप्त स्थान पर छापा मारा और गोला-बारूद, औषधियां तथा बर्तनों की भारी मात्रा के साथ दो छिपे कुख्यात कार्यकर्त्ताओं को बन्दी बनाया।

नागालैण्ड के भीतरी क्षेत्रों में अति विशिष्ट व्यक्तियों के दौरे के दौरान में उन्हें पूरी पूरी सुरक्षा देने में ये बटालियनें सेवारत लगी हैं। श्री वाई० डी० गुण्देविया केन्द्रीय सरकार के भूतपूर्व विदेश सचिव ने दिनांक 17-6-73 को 3 बटालियन की फोमचुंग पर की चौकी का निरीक्षण किया और हमारे जवानों के सेवाभार के उच्च स्तर, परिवेश तथा अनुशासन पर बधाई दी। 14 बटालियन की विभिन्न चौकियों पर अपने भ्रमण में नागालैण्ड के मुख्यमंत्री ने 17-6-1973 को 100 रु० का तथा 30-6-73 को 200 रु० का पुरस्कार दिया। दिनांक 7-7-73 तथा 11-7-73 को इस . बटालियन के जवानों को नागालैण्ड के अध्यक्ष तथा उपमंत्री (चिकित्सा) ने भी पुरस्कार दिये । नागालैण्ड की सरकार के मुख्य तथा अन्य मंत्रियों से प्राप्त प्रशंसाओं की अमित संख्या से यह प्रतीत होता है कि यह बटालियन दल की सेवा तथा भक्ति की उच्च परम्पराओं को निभा रही है।

मणिपुर

केन्द्रीय योजना राज्य मंत्री श्री मोहन धारिया ने 8वीं बटालियन के भ्रमण पर 26-5--73 को हमारे जवानों के अनुशासन तथा विनम्रता की सराहना की।



रानी गैडिनल्यू

रानी गैडिनल्यू भूतपूर्व स्वतंत्रता सेनानी (छिपी रानी) तथा नागालैण्ड की प्रख्यात विद्रोह विरोधिनी नेता ने 6 बटालियन, के०रि०पु० दल की एक चौकी पर भ्रमण करते समय इस दल के कार्यकलापों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा स्वयं और निज दल के लोगों के प्रति इस दल के जवानों के आदर-सत्कार से अत्यन्त प्रभावित हुयीं। 1973 के मई मास के अन्त में पश्चिमी मणिपुर की स्वायत्त पर्वतीय जिला परिषद् के चुनाव हुए। इस वर्जित भूमि के भीतरी क्षेत्रों में आजकल की लोकतांत्रिक प्रथाओं के दिग्दर्शन होने लगे हैं। यह लोकतंत्रीय मार्ग छिपे विद्रोहियों की इच्छा के अनुकूल नहीं था और चुनावों के अस्त व्यस्त होने का बड़ा भय था। परन्तु हमारी 10 बटालियन ने निर्वाचन को ठीक प्रकार से पूर्ण कराने में जिला प्रशासन की अत्यधिक सहायता की। टैमैन्गलांग के डिप्टी कमिश्नर के शब्दों में-"जो एक अप्रिय आपत्ति आती अवश्यम्भावी प्रतीत होती थी—केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की समय पर की गई कार्यवाही ने उससे बचा दिया। निर्वाचन कार्य में लम्बी थकाने वाली यात्रा के करने पर भी तथा दुर्गम भू प्रदेश होते हुए भी विभिन्न स्थानों पर नियुक्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के अधिकारियों तथा जवानों ने अपने कार्य-प्रभार को प्रसन्नतापूर्वक तथा सत्यनिष्ठा से निभाया। उन्होंने सेवाभक्ति का उच्च स्तर तथा कार्य-प्रभार करने की उत्तम दक्षता दर्शायी। मैंने यह इसलिए लिखा कि मैं सोचता हूं जिसे सराहना उचित है उसे सराहना चाहिए।"

दिनांक 1-7-73 को एक क्षेत्र में जहाँ कुछ विद्रोही गतिविधियां बताई गयीं वहां 10 बटालियन की एक बड़ी टुकड़ी ने घात लगाई। वे 3 आतंकवादियों को दाओं से लैस बन्दी बनाने में सफल हुए जिन्हें स्थानीय अधिकारियों को फिर उन्होंने दे दिया। 25-7-1973 को तदवाउई ग्राम में एक अन्य धावे में 6 बटालियन की एक टुकड़ी ने 9 मि०

मी० के 21 गोले तथा अन्य गोले बारूद की प्रचुर मात्रा प्राप्त की। तदुपरान्त 28-7-73 को 6 बटालियन की दूसरी टुकड़ी ने काकचेंग ग्राम से अत्यधिक मात्रा में गोला बारूद पाया जिसमें थे 9 मि० मी० के तैंतीस गोले तथा . 303 के पांच गोले ।

मिजोराम

एम०एन०एफ० के स्वतः घोषित ले० कर्नल लालावाता तथा एक लांस कोर्पोरल को बन्दी बनाने में सहायता हेतु 35 बटालियन के जवानों को मिजोराम सरकार के मुख्यमंत्री ने 300 रुपये पुरस्कारस्वरूप प्रदान किये । छिपे आतंकवादियों को बन्दी बनाने में द्राविण अध्यवसाय के कारण इस बटालियन के जवान इस पुरस्कार के सर्वथा उचित पात्र थे।

असम

47 बटालियन की (अ) कम्पनी के जवानों ने दिनांक 6-7-73 को डाकू निरोधी अभियान की उदात्त परम्पराओं को बनाये रखते हुए तिनसुकिया के स्थानीय पुलिस की सहायता से इलेननियोंग नामक एक कुख्यात डाकू को बन्दी बनाया । विक्रांत अपराधी को स्थानीय पुलिस विगत 9 वर्षों से पकड़ना चाहती थी और सन् 1968 तथा 1972 में दो बार मजिस्ट्रेट (दण्ड न्यायिक) तथा जेल (बन्दीगृह) की हिरासत से भाग निकला था। स्थानीय अधिकारियों ने उसके सिर के लिये 1000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। उसको बन्दी बनाने का गौरव हमारे जवानों की सुयोजित कार्यवाही के कारण ही प्राप्त हो सका।

असम के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक ने धूबरी में 5-6-73 को 27 बटालियन की एक कम्पनी का निरीक्षण किया। वह हमारे जवानों की स्फूर्त चाल ढाल से अत्यन्त प्रभावित हुए और धूबरी में इस कम्पनी के जवानों की उत्तम ख्याति अर्जित करने पर उन्होंने अतिशय प्रसन्नता दिखलाई।

दिनांक 12-7-73 को 26 बटालियन के जवानों ने सुनील देव नामक एक खूंखार अपराधी को चाकू से लैस पकड़ने में अनूठा ही शौर्य दिखाया जो शिलांग के एक बाजार में एक अन्य व्यक्ति के चाकू मार कर चम्पत हो गया था। मेघालय के उपमहानिरीक्षक विशिष्ट शाखा ने इस बटालियन को उपयुक्त आर्थिक पारितोषिक प्रदान कर उस शूर-वीरता का मूल्य आंका ।

सिक्किम

इस पर्वतीय राज्य में 5 बटालियन स्थानीय अधिकारियों की पूर्ण सन्तुष्टि के साथ उत्तम कार्यकलाप करने में संलग्न है। श्री के०एस० बाजपेयी राजनैतिक अधिकारी ने 15

से 17 जून 1973 को गौंजेंग तथा नानगोइ पर उसकी कम्पानेयों का निरीक्षण किया तथा जवानों के आचरण, क्रिया कलाप, परिवेश तथा कर्त्तव्य-निष्ठा की अमित सराहना की। सिक्किम के पुलिस आयुक्त ने हमारे जवानों को दक्ष एवं प्रसन्न पाया। उत्तरखण्ड के जिलाधिकारी ने अभिव्यक्त किया है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने मेनगन ग्राम को एक नया कलेवर धारण करा दिया है तथा स्थानीय व्यक्तियों से नियमित रूप से उनके साथ वालीबाल खेलने से क्रीडा क्षेत्र में एक अभिरुचि उत्पन्न कर दी है। बटालियन ने प्रविस्तार के दिन से अब तक सभी शस्त्र गोला बारूद, तार यंत्र तथा अन्य सरकारी सम्पत्ति जो पुलिस थानों से 1973 की फरवरी तथा मार्च में लूट ली गयी थी पुनः प्राप्त कर ली है। शान्ति-स्थापन से इस राज्य में शीघ्र चुनाव मिनकाय में होने जा रहे हैं।

लकादीप तथा मिनिकाय (द्वीपमाला)

42 बटालियन की एक कम्पनी का दौरा करते हुए एल० एम० सी० द्वीप माला के प्रशासक ने हमारे जवानों के उत्कृष्ट क्रिया कलापों की विशद विरुदावलि गाई है। उन्होंने महानिरीक्षक सेक्टर 1 के प्रति अर्द्धशासकीय पत्र में लिखा है "कम्पनी ने जनता के प्रति अत्युत्तम सहयोग दिखाया है तथा स्थानीय प्रशासन से सुन्दर संबंध स्थापित किए हैं।" इस कम्पनी के जवानों को उन दूरस्थ द्वीपमालाओं में ख्याति का पाना उनके अनुशासन तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रमाण है। श्री के०सी० पंत, गृह राज्य मंत्री, वायस एडमिरल वी० ए० कामय तथा केरल के महानिरीक्षक श्री सिंगारावू ने भी इन द्वीपमाला में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ियों का निरीक्षण किया तथा हमारे जवानों की कार्यक्षमता से प्रसन्न हुए।

उत्तर प्रदेश

निज सेवा तथा अनुशासन की उदात्त भावनाओं के कारण 1 बटालियन ने शिक्षा अधिकारियों से जयपत्र प्राप्त किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के उपकुलपति श्री राम सहाय आई०ए०एस० ने एक अर्द्धशासकीय पत्र में महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को वार्षिक परीक्षा होने की कड़ी घड़ी में इस बटालियन की सामयिक सहायता की गुणावलि रंजित की है। उत्तर प्रदेश की हमारी बटालियन की रिपोर्टों से पता लगता है कि विश्वविद्यालयों की परीक्षायें समस्त राज्य में सफलता पूर्वक हो गयी और नकल करते हुए अनेक विद्यार्थी परीक्षा केन्द्रों के निकट केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की उपस्थिति के कारण निरीक्षकों द्वारा पकड़े गये। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की उपस्थिति-मात्र ही अन्य कानून पालक व्यक्तियों को निज सेवाभार उठाने की साहस बंधाती है।

युद्धबन्दी शिविर

दिनांक 24-7-73 की रात्रि को एक युद्धबंदी अफसर को पकड़कर, जब वह शिविर के कांटेदार तारों को काटकर भाग बचने की चेष्टा कर रहा था, 33 (एफ) बटालियन के जमादार रामसिंह ने एक अत्यंत श्लाघनीय तथा उत्तम कार्य किया तथा कर्त्तव्यपरायण एवं उत्तरदायित्व की उत्कृष्ट भावना का प्रदर्शन किया। ऐसी स्थिति में गोली से उड़ा देने का स्थानीय परिचालन-नियम होते हुए भी जमादार रामसिंह ने अंधकार के गर्त में भी भागते अफसर को धर दबाया। उसके इस शौर्य-कृत्य के उपलक्ष्य में सैनिक अधिकारियों तथा उपमहानिरीक्षक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, अजमेर ने उसे सौ रुपये का नकद पारितोषिक दिया।

एक युद्धवंदी की इसी प्रकार युद्धबंदी अस्पताल से भाग वचने की चेष्टा विफल करने के हेतु सैनिक अधिकारियों ने 57 बटालियन के कान्स्टेबिल शिवराजसिंह को 120 रुपये तथा महानिरीक्षक सेक्टर 2 ने 100 रुपये के पुरस्कार दिये।

रेल

दिनांक 4-6-73 को नीमच के निकट , हारियाखाल पर पश्चिमी रेलवे की 90 डाउन रेलगाड़ी में एक गम्भीर दुर्घटना घटी। सूचना पाते ही तत्काल 3 चिकित्सा अधिकारी ग्रुपकेन्द्र नीमच की कम्पनियां तथा एम्बुलेन्स कार लेकर दुर्घटना स्थल पर पहुंच गये और हताहतों की निकासी में यथासंभव सहायता पहुंचायी। दो महिलाओं का निधन घटनास्थल पर ही हो गया और अन्य व्यक्तियों के चोट आई। पश्चिमी रेलवे के जनरल मैनजर ने ग्रुप-केन्द्र नीमच के कमांडेंट को हमारे जवानों की तात्कालिक सहायता पर धन्यवाद दिया है।

अग्निशमन कार्य

दिनांक 25-7-73 को जम्मू तथा काश्मीर में 50 बटालियन के मुख्यालय पर सोपोर के निकट संग्राम ग्राम में अग्नि लग गई। इससे 52 भवन तथा 33 अस्थाई गृह अग्नि में भस्मसात् हो गये जिसके कारण छ-सात सहस्त्र रुपयों की क्षति हो गई। 50 बटालियन के जवान प्रचुर संख्या में अग्नि शामक यन्त्रों के साथ दौड़ गये, उन्होंने अग्नि को बुझा दिया तथा बहुमूल्य जीवन एवं सम्पत्ति को बचाने में सहायता की। कुछ क्षतिग्रस्ति परिवारों में वितरण के लिये इस बटालियन के जवानों ने कुछ चीनी तथा दो क्विंटल चावल भी भेंट किये। इस उदार हृदयता के लिये बारामूला के जिला अधिकारियों तथा स्थानीय जनता ने इस बटालियन की बड़ी कृतज्ञता प्रकट की।

कविता

*नारी *

रचयिता-हबलदार बिद्याधर उपाध्याय

प्रातः उठते ही सोचता हूं
पूरे दिवस के साथ-साथ अवसान तक सोचता रहता हूं,
निशा के आंचल में सोने से पूर्व तक सोचता हूं,
नारी क्या है ? जग का सबसे बड़ा प्रश्न चिह्न यही है।
हल नहीं मिलता, सब लोग भी मुझसे पूछते हैं,
तुझ से पूछते हैं,
सबसे पूछते हैं,
“नारी क्या है ?”
कहीं से आवाज आती है, समाधान कर जाती है।
नारी त्रियक् रेखा है—जीवन की।
नारी तम में ज्योति है, पुण्य स्त्रोत है,
नारी बिन्दु है,
अपार सिन्धु है—
मृग जल है,
शाद्वल है,
हिम है माघ की
गर्मी निदाघ की,
उभयकुल कीर्ति है, छिः छिः अमिट दाग भी!!!
नारी समाज की, राष्ट्र की, विश्व की,
मनुज मात्र क्या ? सब जीवों की,
जगज्जननी है, पत्नी है; पुत्री है, भगिनी है
नारी राम की सीता है, नारी राधा है
कृष्ण की,
पाण्डु की सत्यवती, पांडवों की द्रौपदी नारी है।

राम और कृष्ण की पूज्या कौशेल्या और यशोदा भी तो नारी है।
नारी तुलसी की हुलसी और रत्नावली भी है।
कालिदास की विद्योत्तमा, गौतम की यशोधरा
शंकर की पार्वती नारी है,
नारी कल की सावित्री और उर्मिला है तो
आज की इन्दिरा है
नारी एक अबला है, नारी दुर्गा सबला है नारी सरस्वती है, लक्ष्मी है, लक्ष्मीबाई है,
नारी भरत की माँ, दुष्यन्त की प्रेयसी
शकुन्तला है,
नारी को देखिये.. परखिये...पूजिये
अहा ! मुझे आज हल मिल गया
अपने गन्तव्य पर पहुंच गया हूं
आइये प्रश्न कीजिये, पूछिये
“नारी क्या है ?”
मेरा यही उत्तर है, यही इति सिद्धम् है
हाँ..री में नारी है, ना..री में नारी है,
युद्ध में काल है; शांति में ऊंकार है
इसकी समानता विश्व में कोई नहीं
नारी की परिभाषा नारी है, हे नारी
धन्य हो, जघन्य हो, स्तुत्य हो, तुम जो
कुछ हो तुम्हें नमस्कार है।

* सूक्ति -सुधा *

“अन्धी उमंग केवल हानिकारक होती है”

—एम सी लाइटवर (जर्मन)

“सच्चरित्रता ही बस सज्जनों का धन होता है”

—रामायण।

“आज्ञाकारिता ही केवल शासनाधिकारिणी है”

—इमर्सन।

वह ही पांडेत है जो परस्त्री को माता के समान, परधन को ढेले के सदृश्य तथा सब जीवों को अपनी भांति समझता है

—एक संस्कृत लोकोक्ति

मित्रता हर्ष को दुगनी और संकट को आधी करती है

—बेकन

“बड़ों की उपयोगिता-मरने पर कम नहीं होती। शेर के मरने के उपरान्त भी उसका चर्म उपयोग में आता है”

—एक फारसी कहावत

42 तखा 55 बटालियनों का जन्मदिवस उत्सव

दिनांक 1—6—73 को 55 बटालियन ने अपनी वर्ष गांठ बड़े धूम-धाम से मनायी। समारोह के कार्यक्रम का श्री गणेश समारम्भ-परेड से हा जिसकी सलामी कर्नल रेवत सिंह ग्रुप कमाण्डर नियंत्रण ग्रुप, युद्ध बन्दी शिविर ने ली। दिन के कार्यक्रम में खेलकूद, बड़ा खाना तथा जवानों के नाना प्रकार के रंगारंगी क्रिया कलाप सम्मिलित थे। युद्ध बन्दी-शिविर में आने के दिवस से ही इस नवजात (केवल दो वर्ष वाली) बटालियन की सेवा और भक्ति की ऊंची भावना दिखलाने के कारण ग्रुप कमांडर ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस बटालियन ने अनको बार युद्ध बंदियों के बच भागने की चेष्टाओं को विफल किया है।

केनजोर के मंगात परम्बा शिविर में 42 बटालियन ने दिनांक 1-7-73 को अपना जन्म दिवस मनाया। नये नियुक्त कमांडेंट श्री जेईपेन ने बटालियन में अत्यन्त उमंग और ‘जोश’ की नयी लहर दौड़ा दी। अन्तर कम्पनी बाली-बाल टूर्नामेण्ट का आयोजन किया गया और उस दिन फाइनल मैच खेले गये जिससे 42 (डी) और 42 (ई) कम्पनियों में बड़ा उत्साह था क्योंकि दोनों ने प्रसिद्ध “बी बी मिश्र रोलिंग ट्राफी” को पाने के लिए अपनी ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगा दिया था। मौसम की खराबी ने ना तो खिलाड़ियों के उत्साह को कम किया और ना ही अगणित दर्शकों की चाह को। 42 (ई) ने उस आकर्षक ट्राफी को जीत लिया और अपने कमाण्डर तथा उस सुन्दर ट्राफी के साथ फोटो खिचवाये। ‘मातृभूमि’ तथा ‘मलयालम मनोरम’ स्थानीय पत्रों ने इस समारोह तथा मैच को खूब ख्याति दी। समारोह का समापन विविध भांति के मनोरंजन तथा बड़े खाने के साथ हुआ जिसमें स्थानीय उच्च पदाधिकारियों ने भाग लिया।

दिनांक 3 फरवरी 1954 को प्रयाग कुम्भ

मेले की दुर्घटना

लेखक श्री निगमेन्द्रेसन सक्सेना

शाश्वत निष्कर्ष

आप पूछेंगे कि जिस दुर्घटना को लगभग बीस वर्ष ब्यतीत हो गये हैं उसके विषय में आज हम क्या लेखनी उठा रहे हैं ? वस्तुतः जिन कारणों से वह दुर्घटना हुई थी वे पुलिस शासन एवं प्रबंधों के विविध क्षेत्रों में अब भी विद्यमान है तथा उनके परिणाम महान् विनाशकारी हो सकते हैं । साथ ही ये कारण ठोस भी कहे जा सकते हे क्योंकि इस दुर्घटना की उच्च स्तरीय छान बीन की गयी थी जो दीर्घकालीन गहन व्यापक तथा अन्वेषात्मक थी । अत: किसी विवाद इत्यादि के उठने का भी प्रश्न नहीं उठता।

भीड़ नियंत्रण का अनन्य उदाहरण

प्रत्येक देश की पुलिस को विभिन्न अवसरों पर इकत्रित जनसमूह के नियंत्रण के लिए प्रबंध करने पड़ते हैं । अधिकतर जनता मनोविनोद अथवा उत्सव मनाने को एकत्र होती है और उसका व्यवहार मैत्री पूर्ण होता है। अतएव प्रश्न नियंत्रण का नहीं होकर केवल नियम का रह जाता है। पुलिस के लिए उत्तर प्रदेश के हरिद्वार तथा प्रयाग के मेले विरला ही महत्व रखते हैं। जनसमूह तथा यातायात की उनमें अनकों ऐसी समस्यायें उठ खड़ी होती हैं जिनके विश्व में कदाचित् कोई उदाहरण नहीं मिलते । घने बसे हुए भारत जैसे देश में ही धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत ऐसे विशाल जनसमूह के दर्शन हो सकते हैं। चीन एक साम्यवादी देश है। अमेरिका में अवश्य ऐसे सादृश्य पाये जा सकते हैं ।

पौराणिक परिप्रेक्ष्य

इस प्रकार के सामूहिक उत्साह के कारण खोजने के लिये हमें कुम्भ के पौराणिक परिप्रेक्ष्य को जानना पड़ेगा। 1950 की हरिद्वार कुम्भ रिपोर्ट में कुछ इस प्रकार इस विषय में प्रकाश डाला गया है:-

“खगोल” विज्ञान में राशिचक्र बारह समभागों में विभक्त है और प्रत्येक भाग को राशि कहा जाता है । ये राशियां हैं मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ और मीन । ऐभा कथन है कि जब वृहस्पति कुम्भ राशि में प्रवेश करता है और सूर्य मेष राशि में तव हर की पैढ़ी पर कुम्भ के दिन स्नान करने से

अत्यन्त पुण्य होता है कुम्भ शन्द पुराणों से लिया गया है जिनमें संयुक्त श्रम द्वारा अमृत मंथन के उपरान्त अमृत के समुचित वितरण पर सुरों तथा असुरों के मध्य संग्राम ठन गया था । कुम्भ वस्तुतः उस पावन पात्र की ओर संकेत करता है जिसमें अमृत या स्वर्गीय मधु प्राप्त हुआ था। यह सुरासुर संग्राम बारह दिन तक चला और इस विमीषक अवधि में कुम्भ से कुछ विन्दु—हरिद्वार, प्रयाग, उज्जैन तथा नासिक—चार स्थान पर गिर गये जिन्होंने इन चार स्थानों को विशिष्ट पावनता प्रदान की है और जहां ही केवल भारत में कुम्भ मेले मनाये जाते हैं। क्योंकि आर्य पुराणों के अनुसार सुरों का एक दिन मनुष्यों के एक वर्ष के बराबर होता है । इस संग्राम की बारह वर्ष तक चलने की कथा है और इसी कारण इन स्थलों पर प्रत्येक बारह वर्ष के पश्चात् कुंभ का मेला होता है । साधारणतः प्रत्येक कुम्भ प्रत्येक बारह वर्ष के उपरान्त होता है, किन्तु प्रत्येक आठ कुंभ के पश्चात् कुम्भ ग्यारह वर्ष के उपरान्त ही पड़ जाता है जैसा कि 1938 में पड़ा था । इसका कारण यह बताया जाता है कि उस वर्ष वृहस्पति मकर में प्रवेश करते हुए वक्री हो जाता है और कालान्तर में धन की ओर लौट पड़ता है तथा अपनी पूर्व चाल ग्रहण कर लेता है। अतः जब वृहस्पति और सूर्य अपनी कुंभ तथा मकर राशियों में साधारण अवधि से एक सम्वत् पूर्व प्रवेश करते हैं, कुंभ भी बारह वर्ष की अवधि से एक वर्ष पूर्व मनाया जाता है।

दुर्घटना

जनवरी फरवरी 1954 में प्रयाग का । कुंभ मेला गंगा-यमुना वे मिलन स्थल पर संगम पर हुआ। किन्हीं कारणों से इस वर्ष अन्य कुंभों की अपेक्षा-जनता अधिक थी। दिनांक तीन फरवरी को माह की अमावस्या को मुख्य स्नान दिवस था उस दिन प्रातः एक ऐसी दुर्घटना हुई जिसमें लगभग 500 पूरुष, स्त्री तथा बच्चे अकाल काल कवलित हो गये। जांच कमेटी ने संख्या की छान बीन नहीं की अत: यह संख्या सही नहीं कही जा सकती। उत्तर प्रदेश सरकार ने दुर्घटना के तुरन्त पश्चात् ही इलाहाबाद के मुख्यालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश श्री कमला कान्त बर्मा के सभापतित्व में एक परिपृच्छा समिति नियुक्त की जिसके सदस्य थे सेवानिवृत्त डा० पन्ना लाल, आई०सी०एस० तथा श्री ए०सी० मित्रा, आई०एस०ई०, प्रमुख सिंचन अभियन्ता ।

दुर्घटना के पूर्व प्रवृत्तिकारो कारण

पूर्व इसके कि हम तात्कालिक कारणों के विषय में बतलायें, आइए पूर्व प्रवृत्तिकारी कारणों का अवलोकन करें :

1. यात्रियों के लिए छोटा क्षेत्र : संगम के निकट एक दुर्ग है तथा कई मील लम्बा बांध भी है। प्रत्येक वर्ष गंगा अपना क्षेत्र परिवर्तित करती रहती है और बांध तथा गंगा के मध्यवर्ती भाग में भी प्रतिवर्ष फेर फार होती रहती है । यदि क्षेत्र विस्तृत हुआ तब

आधिकारियों का कार्य सुगम रहता है। किन्तु दुर्भाग्यवश 1954 में यह क्षेत्र संकीर्ण था तथा दूरदर्शिता के अभाव एवं नाना हितों के प्रभाव में आकर यह और भी छोटा कर दिया गया था जैसा कि :–

(क) सब प्रकार के शिविर एवं दुकान उसी में लगाने की आज्ञा दे दी गयी थी।

(ख) मेले अधिकारियों की परियोजना से पूर्व ही रेलवे ने एक स्टेशन संगम रेलवे स्टेशन के नाम से स्थापित कर लिया था।

2. प्रबन्ध में विलम्ब : मेले के प्रशासनात्मक प्रबंधों में कई कारणों से विलम्ब हो गया। इसे दुर्भाग्य ही कहिए कि 1953 के मध्य इलाहाबाद के मुख्य प्रशासनात्मक प्राधिकारियों के स्थानान्तरण हो गए। जब नये प्राधिकारियों ने कार्य प्रारंभ किया तब पर्याप्त देर हो चुकी थी। मेला क्षेत्र के वास्तविक रेखांङ्कन तथा निर्माण के सही तथा गम्भीर व्यावहारिक कार्य 1953 से नवम्बर के तीसरे या चौथे सप्ताह से पूर्व प्रारंभ नहीं हो सके। परिणामस्वरूप अत्यधिक रेल पेल, ताबड़ तोड़ क्रिया-कलाप तथा पराभिभूतकारिणी दुश्चिन्ता उत्पन्न हुयी कि येन केन प्रकारेण 14 जनवरी 1954 तक तैयारी अवश्य हो जानी चाहिए सूक्ष्म विश्लेषणों पर ध्यान देने तथा शान्त एवं स्पष्ट सोचने-विचारने का समय ही नहीं था।

3. वर्षा एवं खाई :- 2 फरवरी 1954 को तथा 3 फरवरी से पूर्व रात्रि को वर्षा हो गई, जिससे धरातल पर फिसलन हो गई पुलिया संख्या 1 और 2 के बीच में कई खाइयां थीं जो मृत्यु जाल सिद्ध हुयीं।

4. अनिवार्य टीके लगवाने का विलोपनः विशूचिका के विरुद्ध टीके लगाने की योजना जल्दी-जल्दी तैयार की गई और कार्यान्वित की गई। यह योजना केवल यात्रियों के लिए ही नहीं समस्त देश के हित में आवश्यक है। 3 फरवरी 1954 से कुछ ही दिन पूर्व इस आदेश का विलोपन एक गलत कदम था। इस कारण एक अपूर्व झटपटी मच गयी जिसके लिये प्राधिकारी गण तत्पर नहीं थे।

5. त्रुटिपूर्ण योजना : मेले की योजना तथा यातायात के प्रबंध त्रुटिपूर्ण थे। ये त्रुटियां दो मनोवैज्ञानिक कारणों से उत्पन्न हो गई थीं। रिपोर्ट में लिखा है–

"प्रथम, यद्यपि प्रत्येक व्यक्ति पचास से साठ लाख के जन समूह की उपस्थिति बताता था किन्तु किसी को भी यह जानने की कल्पना तथा दृष्टि नहीं थी कि इसके अर्थ क्या होंगे कि इतने छोटे से कालावधि में बांध के पूर्व तथा पश्चिमी अपेक्षाकृत छोटे क्षेत्र में इस जनता का कितना आगमन होगा जो सबके सब एक निर्दिष्ट समय पर संगम में स्नान करेंगे और तदुपरान्त शीघ्र बाहर चलने के इच्छुक होंगे। द्वितीय, मुझे प्रतीत होता है कि मेला प्राधिकारी आवश्यकता से अधिक यातायात नियन्त्रण के नियमों को तिलांजलि देकर मनुष्यों को प्रसन्न करने को प्रेच्छुक थे। उदाहरणार्थ, काली सड़क को बहिर्मार्ग बनाया गया जब कि उसे प्रवेश मार्ग बनाना चाहिये था। प्रत्यक्षतः इस कारण कि काली सड़क के दुकानदारों ने विरोध किया कि जब यात्री लौटते हैं तभी वे वस्तुएं खरीदते है।

6. यातायात योजना में त्रुटि : प्रवेश हेतु केवल एक ही मार्ग नियत किया गया। उस समय तक जबकि यात्री दुर्घटना-स्थल तक पहुंचे वे थक कर चूर हो गये थे। पीछे

इतनी भीड़ थी कि वे लौट नहीं सकते थे और पीछे से दबाव उनको आगे खदेड़ रहा था । पुलिया संख्या 1 के नीचे पद यात्रियों के तथा अखाड़ों के मार्ग परस्पर काटते थे और उन्होंने एक भयानक स्थिति उत्पन्न कर दी थी। दुर्घटना का मुख्य कारण था कि नागों और यात्रियों में मुठभेड़ हो गयी क्योंकि यात्री गण अखाड़ों के जलूस मार्ग पर जा पहुचे और जिस से नागे बिगड़ गये । अधिकांश प्राशसनिक प्रत्यक्ष-दर्शकों का यही अभिमत था कि दोनों मार्ग अलग-अलग होने चाहिये थे और यही परिपृच्छा समिति ने भी स्वीकार किया ।

दुर्घटना के तात्कालिक कारण

प्रथम जलूस महावीर मन्दिर तथा पुलिया संख्या 1 के मेल पर 8 बजे के स्थान पर 9 बजे लौटा क्योंकि उस जलूस में जो मोटर कार थे उनके इंजन गर्म हो गये और तभी एक घंटे की देरी हो गई । इसने जलूस का समस्त कार्यक्रम अस्त-व्यस्त कर दिया । दूसरा जलूस उसी मिलन स्थल पर 9 बजे आ पहुंचा जबकि उसे 7.20 पर पाना था । तदुपरान्त एक दारुण व्यथा है दुर्व्यवस्था की, त्राहि-त्राहि की, और अगणित व्यक्तियों के शवों पर यमराज के अकाण्ड ताण्डव की। साधुओं की नृशंसता का दिग्दर्शन परिपृच्छा रिपोर्ट से आंकी जा सकता है।

"प्रथम जलूस का अग्रणी भाग कुछ क्षण पुलिया संख्या 1 पर रहा। पुलिया के सम्मुख दो हाथी थे और उनके बीच पचास पगों का अन्तर था। पीछे के दबाव को सहन नहीं कर सकने पर पुलिया पर का जन समूह उन दो हाथियों के अन्तराल दौड़ पड़ा । जलूस के पूर्वीभाग की भीड़ में इस भगदड़ ने आतंक फैला दिया । अनेकों व्यक्ति गिर गये तथा कुचल गये। लौटने वाले जलूम के अग्रणी भाग भी तब चल पड़ा और पुलिया पर खड़े लोग आगे बढ़ने न पाये। कुछ समय पश्चात् उस जलूस का पिछला भाग जिसमें पचास साठ नागे थे और जो किसी कारणवश अगले भाग से बिछुड़ गये थे महावीरजी के मन्दिर तथा पुलिया सं० 1 के मिलन स्थल पर आ धमके और ढलान पर नीचे जाने वाले यात्रियों का मार्ग पुनः अवरुद्ध हो गया। पीछे वाले असह्य दबाव को सहन नहीं करने पर कुछ यात्री उस मार्ग को पार करने की चेष्टा करने लगे जहां से नागों का आना था। इस पर नागे भड़क उठे और एक नागे ने एक यात्री पर चिमटे से बार किया और भीड़ में फेंक दिया। इससे जन समूह भयातुर हो उठा और नागों तथा यात्रियों में मुठभेड़ छिड़ गयी । नागों ने भीड़ पर चिमटों से प्रहार प्रारंभ कर दिया जिसके फलस्वरूप आतंकित जनता सुरक्षा के लिये यत्र तत्र सर्वत्र भागने लगी । कतिपय ग्रामीणों ने जिन पर लाठियां थीं स्वयं को बचाने के लिये भागती हुयी जनता पर लाठी की बौछार प्रारंभ कर दी और कई यात्रियों को चोटे आई। तभी एक भयावनी भगदड़ पड़ गई । पुलिया सं० 1 के निकट उत्तर में से पूर्वोक्त बड़ी खाई थी और वो ही एक दिशा थी जहां पुलिया संख्या 1 से भागते हुये यात्री जीवन-त्राण पा सकते थे । खाई के चारों ओर साधुओं, यात्रियों तथा भिखारियों की भारी संख्या थी। इन साधुओं ने उन यात्रियों पर चिमटों से निर्मम आक्रमण बोल दिया जो उस ओर दौड़ रहे थे । इसने

भगदड़ को और भी भयावह बना दिया। अनेकों मनुष्य गिर पड़े तथा यात्रियों एवं भूमि पर बैठे हुये भिखारियों को कुचल डाला पर साथ ही उनसे जो पीछे से आ रहे थे उनसे वे स्वयं भी कुचल गये।"

ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के सुझाव

एक बार यदि दुर्घटना के होने के कारण बुद्धि में आ जायें तब ऐसी दुर्घटनाओं के निराकरण-हेतु परिपृच्छा समिति की सिफारिशों का समझना सरल है जिनका सारांश निम्न प्रकार से हो सकता है :–

1. स्नान दिवसों से बहुत समय पूर्व योजना की तैयारी होनी चाहिए।
2. लगभग 18 मास मेले से पूर्व सरकार को मूर्धन्य प्रशासनिक अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं करना चाहिए।
3. विशूचिका के विरुद्ध टीके लगवाना अनिवार्य होना चाहिये और मेले की समस्त अवधि में इसे लागू रखना चाहिए।
4. यात्रियों तथा जलूस का क्षेत्र दुकानों, कार्यालयों तथा भडारों इत्यादि से दूर होना चाहिए।
5. अखाड़े के जलूसों नथा यात्रियों के मार्ग इस प्रकार परियोजित किये जायें कि वे एक दूसरे को नहीं काटें। अखाड़े के जलूसों तथा यात्रियों वाले मार्गों के मध्य दृढ़ अगम्य अवरोधक निर्मित करने चाहिए।
6. अखाड़ों को उकसाना नहीं चाहिये। जो भी उनकी न्यायसंगत मांगें हो उनको पूर्ण कर देना चाहिये परन्तु तुष्टि करने की नीति उनके प्रति नहीं अपनानी चाहिये। जलूसों में हाथी घोड़े ऊंट मोटर कार तथा अन्य ऐसी चीजें नहीं लेजानी देनी चाहिये। नागाओं को जलूसों में भाग लेने की अनुमति नहीं देनी चाहिये।
7. संगम क्षेत्र में यात्रियों तथा भिखारियों का पड़ाव नहीं पड़ना चाहिये यात्रियों को मुफ्त आवास की व्यवस्था होनी चाहिए और उनके मार्ग दर्शन का समुचित प्रबंध होना चाहिए। भिखारियों को किसी भी ऐसे स्थान पर नहीं रहने देना चाहिए जहां यातायात में बाधा पड़े और उनके लिये समुचित स्थान आरक्षित किये जाएं।
8. गुमटियां भली भांति कर्मचारियों से पूर्ण हों और उनमें बेतार संचार की व्यवस्था हो।
9. वहां एक नियन्त्रण कक्ष का उचित प्रबंध हो।
10. अधिकारियों की पर्याप्त संख्या के साथ उचित प्रशिक्षित पुलिस-दल पर्याप्त संख्या में रहना चाहिए।

पुलिस प्रबन्ध के लिए दो मूल निष्कर्ष

यद्यपि परिपृच्छा समिति की सिफारिशें 3 फरवरी 1954 वाली दुर्घटनाओं से

ानेवारण हेतु दो गइ हैं तथाापे दो ावेशद ानेणय सभी पुालेस प्रबंन्ध पर लागू होते हैं :–

1. **समय से पूर्व योजनाः** प्रथम अन्तरंग प्रशासनिक प्रबंधों से संबंध रखता है। कार्य-भार को निर्दिष्ट दिनांक से काफी पूर्व हाथ में ले लेना चाहिए जिससे सोच-विचार-योजना, काम चलाना तथा परीक्षण के लिए भली भांति समय प्राप्त हो सके । बाद के प्रबंध सदैव जल्दी में होते हैं जिससे मानव शक्ति एवं साधनों की क्षति होती है, क्रुद्ध स्वभाव उत्पन्न कर देते हैं और अभावों को जन्म देते हैं जो सर्वनाश का कारण होता है।
2. **निहित स्वार्थों की धमकी से बचना :–** द्वितीय निष्कर्ष वर्तमान काल में पुलिस को और भी मूर्धन्य है। हमें विनम्र होना चाहिए तथा झगड़े से बचना चाहिए; किन्तु इसके अर्थ यह कदापि नहीं है कि हमें सर्व प्रकार के दबाव के सन्मुख घुटने टेक देना चाहिए तथा निहित स्वार्थों को तुष्ट करने में जन-जीवन के कल्याण को विस्मृत कर देना चाहिए । हमें उन उत्पाती तथा विक्षुब्ध तत्वों से जूझने में कभी भयाक्रान्त नहीं होना चाहिए जो अधिकारी गणों को धमकी द्वारा काम निकालने की चेष्टा करते हैं । इस संम्बन्ध में परिपृच्छा समिति को ही उद्घृत करना उत्तम रहेगा (संदर्भ में प्रकाशित पुस्तक की पृष्ठ संख्या दी है)

पृष्ठ-31 “इसमें मैं बताना चाहता हूं कि (अखाड़ों) इनमें कुछ कष्टदायक तथा विक्षुब्ध तत्व हैं और सदा मेले अधिकारियों को दुश्चिन्ता बनाये रखते हैं कि कहीं कोई उत्पात न कर बैठें ।”

पृष्ठ 32- “आजकल के सम्प्रति अधिकारियों की यह भावना भी रहती है कि उनसे सतर्क रहना चाहिए कि कहीं साधू किसी न किसी राजनैतिक अथवा राजनीत्यर्थ धार्मिक संगठनों की समवेदना नहीं प्राप्त कर लें और कोई आन्दोलन न छेड़ बैठें जिसमे वे विपदा-ग्रस्त हो जाएँ। सम्प्रति अधिकारीगण प्रत्यक्षतः अपेक्षाकृत सावधान रहने के इच्छुक हैं और विरोध कम से कम करते हैं।”

पृष्ठ 67- “दुखार्त्त (पुरुष स्त्री तथा बच्चों) को निज शामियानों से गुजरने की मदद देने के स्थान पर साधूगण गुजरते हुए स्त्री पुरुषों को अपने लम्बे चिमटों से बिना भेद किये प्रहार करने लगे ।”

पृष्ठ 98-99: मैं यह सोच-सोच रह जाता) हूं कि (जिलाधीश) श्री उग्र साधुओं को प्रसन्न करने की नीति में जिसे उन्होंने प्रारम्भ से अपनायी थी कुछ आगे बढ़ गये थे। उन्होंने स्वयं कहा है “आरंभ से मेरी अपनी धारणा यह थी कि कुंभ तभी सार्थक होगा जब साधू संतुष्ट रहेंगे क्योंकि वह मूलतः उनका ही पर्व है। मैं यथा-सम्भव उनकी अभ्यर्थनाएं सन्तुष्ट करने का प्रेच्छक रहा।” मैं समझ नहीं पाता हूं कि श्री उग्र के इस कथन का क्या अर्थ है कि कुंभ मेला साधुओं का मूख्यतः पर्व है। सहस्त्र वर्ष पूर्व चाहे साधुओं ने ही पुनीत सरिताओं में स्नान की प्रथा का श्रीगणेश किया हो; किन्तु यह तर्क अब नहीं जच सकता कि केवल वे ही व्यक्ति हैं जिनका ही ध्यान स्नान-पर्वों पर केवल रखा जा सकता है। कुछ भी हो यदि लाखों साधारण यात्री नहीं आवें तो कोई मेला नहीं हो सकता। लाखों व्यक्तियों की सुरक्षा कुछ हठीले एवं अविवेकी साधुओं को सन्तुष्ट रखने के हेतु खटाई में नहीं डाली जा

सकती।" शिक्षायें स्पष्ट हैं और हमने उनको पारेपुच्छा सामोते के शब्दों में ही कहने का प्रयास किया है।

स्वतन्त्रता दिवस 1973 पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को सराहनीय सेवाओं हेतु पुलिस पदक

स्वतंत्रता दिवस 1973 के पुनीत अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के निम्नलिखित नौ अधिकारी तथा जवानों को उनके गुणोत्कृष्ट सेवा निर्वाहन के उपलक्ष्य में सराहनीय सेवाओं के पुलिस पदक केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदान किये गये जिन्होंने इस दल की कीर्ति में चार चांद लगा दिये:–

1. ले० कर्नल यू० पी० सिन्हा-कमांडेण्ट 3 सिगनल बटालियन
2. मेजर बी०एस० बाल-कमांडेण्ट 16 बटालियन अब कमांडेण्ट 22 बटालियन
3. श्री एम० आर० गुण्ड—कमांडेण्ट 20 बटालियन अब कमांडेण्ट 37 बटालियन
4. श्री के० करुणा करन नायर, डी वाई० एस० पी० —57 बटालियन
5. जमादार हरबंस सिंह—14 बटालियन
6. जमादार दलीप सिंह—1 बटालियन
7. जमादार हजारी लाल—60 बटालियन
8. जमादार श्री राम आर्य—रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र-1
9. हेडकान्स्टेबिल बचना राम—27 बटालियन।

पहेलियां

बक बक करना मेरा काम।
नहीं रेडियो मेरा नाम।
जब जब कील चुभे मन-नर के।
न्याय हेतु आवे मम घर पै। (1)
तीस बार ताना बुना, बाना बारह बार।
ओढ़ उसी की चूनरी, जिये सभी संसार। (2)
तीन अक्षर का मेरा नाम।
जल्दी ले जाना मम काम।
मध्य काट में मोर बना दूं।
आदि छांट टर टर बुलवा लूं ॥(3)
छोटे से डिब्बे में दुनिया के दर्शन। (4)

उत्तर :—1. वकील, 2. वर्ष, 3. मोटर, 4. टेलीविजन

कभी इन्हें भी आजमाइए

1. यदि कपड़ों को कीड़ों से बचाना चाहते हैं तो वर्षा ऋतु में कपड़ों को धूप दीजिये और नीम के पत्ते उनमें रखिये।
2. राख मिला कर रखने से चावल सुरक्षित रहते हैं जबकि गेहूं नीम के पत्तों से।
3. बरसात में शिकंजी पान करने से मलेरिया नहीं सताता ।
4. तख्त पर सोने से कमर का दर्द जाता है और आयु बढ़ती है ।
5. जलती मोमबत्ती का पिघलता मोम एक दीये में भर लीजिये और रुई की बत्ती बनाकर दीया जलाकर फिर प्रकाश पाइये।
6. उदर शूल में हींग को पानी में घोल पेट पर मलिये और मुख्य कर नाभि में ।
7. दंत शूल में लौंग का तेल, क्रियोज़ोट या किलोरोफोम की फुरेरी लगाइये और कुछ नहीं मिले तो अमृतधारा।

विज्ञान के चढ़ते चरण

चमकीली बाइसिकल

बाइसिकल को सुरक्षित चलाने हेतु, ओहियो में आक्रान की दी गुड ईयर टायर एण्ड रबर कम्पनी इस प्रकार के बाइसिकल के टायरों का निर्माण कर रही है जो अन्धकार में चमकते हैं परन्तु दिन में वे साधारण टायर से प्रतीत होते हैं। रात्रि में टायरों के दोनों ओर सूक्ष्म काँच की लाखों सटी हुई गोलियों से निर्मित पाश्र्वों में प्रतिक्षिप्त पदार्थ की नन्हीं धारियां इतनी चमचमाती हैं कि कोई मोटर चालक उनको सुगमता पूर्वक दूर से पहचान सकता है और दुर्घटना होने से बच सकती है ।

उठाने योग्य प्रोजेक्टर

कैलीफोर्निया के टेकनीकल इन्कारपोरेशन ने एक शो केश प्रोजेक्टर का आविष्कार किया है। बक्से को खोलते ही और एक सुपर 8 फिल्म का कारतूस खींचने से तथा बटन दबाने से चलचित्र स्वतः ही 7 से 10 इंच के पीछे स्क्रीन पर आने लगता है। प्रोजेक्टर का भार केवल 17 पौण्ड है।

आपके मित्र पुलिस जवान

लेखक श्री जे० एस० गिल

द्वेष भावना-ग्रस्त पुलिस जवान लोकसेवाओं का वह सदस्य है जिसको कम से कम प्रशंसा मिली है। भारत की सीमा की प्रतिरक्षा करते हुए, जासूसों तथा चोर व्यापारियों से जूझते हुए, तथा बंगाल, आंध्र प्रदेश, पंजाब एवं अन्य राज्यों में जहां इन दिनों अराजकता का बोल-बाला है नागरिकों को हत्याओं से बचाते हुए सैकड़ों पुलिस जवानों ने, सहर्ष वीरता पूर्वक प्राण बलिदान किये हैं। परन्तु जनता एवं समाचार पत्र हमारे पुलिस जवानों को मित्र एवं रक्षकों के रूप में नहीं प्रत्युत भूतपूर्व शासकों के एजेन्ट के समान समझते रहे हैं। यदि पुलिस जवानों को एक सप्ताह के लिये अनिवार्य छुट्टी पर भेज दिया जाय तब कोई भी हमारे जैसे देश के जन-जीवन का चित्र आंक सकता है जो सीमा के बाहर और भीतर शत्रुओं से परिपूर्ण है।

ये अभागे पुलिस जवान ही हैं जो देश की बढ़ती हुई अराजकता से लोहा लेते हैं। चाहे वे कैसा भी कार्य क्यों नहीं करें उनके भाग्य में आलोचना तथा निन्दा ही वदी है। यदि वे किन्हीं स्थितियों में उदारता व्यवहृत करते हैं जैसा कि उन्हें प्रायः, छात्र प्रदर्शनों के समय करना पड़ता है तब उन पर निकम्मेपन तथा अयोग्यता का लांछन लगाया जाता है और यदि वे कठोर पग उठाते हैं तब उन पर क्रूरता का दोष आरोपित किया जाता है ।

अतः यह स्पष्ट है कि पहले किसी अन्य समय में पुलिस दल को इतनी खींचातानी नहीं करनी पड़ी जैसे आजकल । देश में राजनैतिक तथा सामाजिक क्रान्ति तथा अशान्ति बढ़ रही है जिससे पुलिस दल के सदस्यों की जान बड़ी जोखिम में रहती है।

समाज को प्रचण्ड विघटन से बचाने में पुलिस जवान महान् भूमिका निभा रहे हैं। वे कानून पालन करने वाले सभी नागरिकों के सच्चे मित्र हैं। हमें ऐसे व्यक्तियों को कभी विसारना नहीं चाहिये जो अपने प्राणों की बाजी चोर व्यापारियों का पीछा करने में, हमारी सीमाओं की प्रतिरक्षा में, भयानक डाकुओं से युद्ध करने में, राष्ट्रीय सम्पत्ति के संरक्षण में, तथा तरुण क्रान्तिकारियों का शमन करने में लगा देते हैं; जो बमों, पटाखों, सोडे की बोतलों, इंटों तथा पत्थरों की बौछार करते हैं । अनेकों पुलिस जवानों ने हमारी संरक्षा के हेतु अपने जीवन बलिदान कर दिये हैं। जब हम अपने घरों में लम्बी तान कर सोते हैं तब पुलिस जवान अर्द्ध रात्रि के दारुण शीत में पहरा देता है। क्या हमको उसके त्याग की सराहना नहीं करनी चाहिये ?

हमें पुलिस जवानों को अपना शासक नहीं समझ निज मित्र तथा संरक्षक मानना चाहिए। हमें ना तो उससे भय खाना चाहिये और ना ही चाहिए उससे घृणा करना । हमें उनके प्रति स्नेह, कृतज्ञता, आदर तथा सत्कार का व्यवहार करना चाहिए। पुलिस जवान भी तो मनुष्य ही हैं, उनके भी पत्नी एवं सन्तान हैं, जो दुखार्त होते हैं जब पुलिस जवान कृतघ्न, मतिभ्रांत तथा राजनैतिकता में विक्षिप्त युवकों द्वारा मार दिये जाते हैं।

हमारे देश में प्रेम का अकाल है। पुलिस जवानों को जानना होगा कि वे जनता के सखा तथा संरक्षक हैं ना कि अत्याचार के साधन । इधर जनता को भी मानना होगा कि कानून एवं व्यवस्था को बनाये रखने में पुलिस जवान हमारे मित्र हैं।


यदि हम सब प्रेम की भावना जगमगा सकें चाहे वह संविधान के प्रति हो, जनता के प्रति हो, देश के प्रति हो अथवा चाहे हो उनके प्रति जो हमारी सेवा करते हैं तो यह देश

निश्चय ही प्रेम तथा समृद्धि का कलेवर धारण कर सकता है।

प्रेम द्वारा ही रुग्ण देश स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं, उसके ही द्वारा राष्ट्रों के प्रसुप्त भाग्य जागत किये जा सकते हैं।

अगस्त मास १९७३ को जब जम्मू और काश्मीर में बाढ़ जनजीवन की प्यासी थी

अखिल राज्य में बाढ़ पीड़ित मनुष्यों के बचाने में हमारे जवानों के सराहनीय कार्य



"हन्त ! मेरे पशु वह गए; मेरा घर बरबाद हो गया" . . . एक बाढ़ पीड़ित की मर्मान्तक कथा सुनते हुए श्रीनगर में उपमहानिरीक्षक श्री एस० एस० साहनी । जवानों द्वारा प्रदत्त । सहानुभूति और सहायता ने पीड़ित लोगों को नवजीवन प्रदान किया।



अधिक से अधिक अनाज तथा सम्पत्ति बचाने के अभियान में हमारे जवानों का योगदान



बाढ़ ग्रस्त मनुष्यों की भूख मिटाने हेतू हमारे जवानों का अन्नदान



एक ग्राम के निकट भंग बांध को ठीक करने में व्यस्त हमारे जवान



बाढ़ पीड़ितों को हमारे जवानों का अपने वस्त्रों तक का दान

कहानी

जाल-साजी

लेखक श्री जे० एस० शर्मा

"कमाल है ! यह हुआ कैसे ?"
"यही तो बुद्धि में नहीं आता।"
"इसमें बुद्धि की कौन सी बात है ?"
"बड़े डाकघर में कौन किसी की देख-रेख करता है । यह सब वहीं गड़बड़-घोटाला हुआ दीखता है।"
"नहीं! नहीं। वहां तो बड़ी देखभाल रहती है। रजिस्टर्ड व इन्शेयोर्ड पारसल डबल

रूम में रखे जाते हैं।"

"सो तो सब जगह बड़े डाकघरों में होता है। क्या कूडापेह में ऐसा नहीं हुआ होगा ?"

"तो क्या दश हजार रुपये मोर चुग गये?"

"चुग भी जाते तो उनके स्थान पर उतने ही भार की ईंटें भी रख जाते। क्या आश्चर्य है ?"

"और सबसे आश्चर्य की बात यह है कि एक भी पारसल होता तो भी कोई कहता; पर वहां से तो दो पारसल आये हैं। एक पारसल में दस हजार के गंदे नोट हैं, तब दूसरे पारसल में ऐसा क्यों कर नहीं ?"

"इसमें कौन अचम्भे की बात है ? एक में ही बस जालसाजी करने का अवसर मिल पाया होगा।"

"किन्तु यह तो देखिये दोनों एक ही नाप के हैं, दोनों में स्टैम्प भी एक ही डाकखाने की है।"

"क्या खूब ? जब आये ही एक दिन के हैं, एक ही बैंक से, तथा एक ही डाकखानों द्वारा तब इतनी तो सावधानी बरतनी ही हुई।"

—इसी प्रकार भांति-भांति के तर्क-वितर्क मद्रास के इन्डियन बैंक के कर्म-चारीगणों में प्रारंभ हो गए जब कि दो पार्सल वहां के खजान्ची ने डाकिये से लिये और खोले। खोलते ही उसके हाथों के तोते उड़ गए। यद्यपि दोनों ही पार्सल अनन्तपुर वाली उस बैंक की शाखा से चले थे, दोनों एक ही परिमाप के थे, दोनों का भार भी ठीक एक सा था, दोनों की रजिस्ट्री भी जार्जपत डाकघर से हुई थी तथा दोनों मद्रास में भी एक ही बड़े डाकखाने से भेजे गये थे।" किन्तु कितना महान् अन्तर था। एक में सड़े-गले दस सहस्त्र के नोट थे जबकि दूसरे में ईंटें के टुकड़े तथा अनन्तपुर के बैंक वाली शाखा के एजेन्ट के नाम के लिफाफे हालांकि दोनों पार्सलों में दस-दस सहस्त्र सड़े गले नोटों की रजिस्ट्रियां थी; बीमे थे। ऐसे नोट प्रायः अनन्तपुर वाली इन्डियन बैंक की शाखा निज मद्रास के मुख्यालय में टिनों में बन्द करके, सील लगा कर तथा पते चिपका कर भेजा करती थी। किन्तु कभी ऐसी धूर्तता; ऐसी प्रवंचना; ऐसी जालसाजी नहीं हुई।

सबका मस्तिष्क चकरा रहा था। आखिर हुआ तो कैसे हुआ और कहां हुआ ?

"अपने पास देर तक इस प्रकरण को विचाराधीन रखने पर सन्देह ही सन्देह है" एजेण्ट ने कहा।

"प्रत्युत आतंक ही आतंक। कहीं हम ही बलि के बकरे नहीं बन जायें" खजान्ची ने भर्रायी हुई कण्ठ ध्वनि में कहा।

"नहीं ! नहीं ! ऐसा होना कठिन ही नहीं असंभव है। आखिर तुमने सबके सामने इसे खोला है।"

"सो तो ठीक है। किन्तु पुलिस के हथकण्डे आप नहीं जानते। उन्हें काले को गोरा और गोरे को काला करना बांये हाथ का खेल है।"

"ऐसा कदापि नहीं हो सकता जब तक कि उन्हें ठोस प्रमाण नहीं मिले। अब वह समय गया जो बाबा वाक्यं प्रमाणं वाली बात चलती है। तनिक त्रुटि करने पर उनको ही लेने के स्थान पर देने पड़ते हैं"—कहते कहते एजेण्ट ने फोन हाथ में उठा लिया और

सत्वर मद्रास बीच के थाने तथा अनन्तपुर के उपनगर थाने को फोन खटखटाया।

अत्यंत उहापोह हुयी, छान-बीन की गई । किन्तु रहस्य का उद्‌घाटन लगाये नहीं लगता था । जार्जपत के डाकघर में उन दोनों पर 295 तथा 296 का पंजी-क्रमांक पड़ा था । मार्ग में कतिपय व्यक्तियों के पाणि द्वारा वे निकले थे, कुडापेह के रेल डाकघर में रखे रहे थे और मद्रास के बड़े डाकखाने में कुछ काल रहे थे । 23 जून को सवा तीन बजे अनन्तपुर वाली इन्डियन बैंक के खजान्ची नारायण राव एवं चपरासी त्रिपतिराव ने इन सीलबन्द पार्सलों को। प्राप्त किया तथा उसी दिन जार्जपत के डाकघर में साढ़े तीन बजे रजिस्ट्री कराई। इनको 295 तथा 296 को क्रम संख्या पड़ी । वे कुडापेह के रेल डाक थैले में जार्जपत से तीन बज कर चालीस मिनट पर उसी दिन बस से भेजे गये और कुडापेह के रेल डाक घर को बम्बई-मद्रास डाक गाड़ी से भेजे गये। सुतरां यहां भी कोई अनुचित विलम्ब दृष्टिगत नहीं होता था । डाक थैला कुडापेह के रेलडाकघर में खोला गया तथा दोनों पार्सल दो ताले वाले स्ट्रांग रूम में उसी रात्रि को रखे गये। दूसरे दिन वे मद्रास जाने वाले डाक थैले में रखे गये और रात्रि के 11 बजे बम्बई मद्रास डाकगाडी से मद्रास भेज दिये गये। मद्रास केन्द्रीय स्टेशन पर 25 जून को प्रातः पांच बजे वे आ पहुंचे फिर वे वहां वितरित हुए और मद्रास के बड़े डाकघर में प्रेषित किये गये। उस समय भी उनकी स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं था । वहां भी वह दो तालों वाले तिजोरी में रखे , गये तथा दूसरे दिन 26 जून को रविवार होने के कारण उनकों बैंक पहुंचाने की सुविधा नहीं मिली । तीसरे दिन 27 जून को ठीक पौने एक बजे वे इन्डियन बैंक के खजान्ची को सौंप दिये गये । इन समस्त गतिविधियों में पार्सल अच्छी स्थिति में रहे और मुहरे ठीक प्रकार जैसी की तैसी रहीं। मद्रास में उन पार्सलों को इतना समय नहीं लगा था कि वहां पर कोई चोरी की जा सके । तब क्या ये सब गोलमाल अनन्तपुर में हुआ ?

प्रश्न निरुत्तर था । पुलिस भी सिटपिटा रही थी । अतः मामला गुप्त-चर विभाग को सौंपा गया ।

सबसे भारी समस्या यह थी कि नोटों का पता नहीं था । उनकी अनुपस्थिति में केवल दैहिक प्रमाण की आवश्यकता थी । गुप्त चर विभाग का निरीक्षक बारम्बार उन पार्सलों को विलोकता था और रख देता था किन्तु उसकी बुद्धि आज काम नहीं कर रही थी। तभी उसके मस्तिष्क में कुछ विचार आया । उसने पुनः दोनों पार्सलों को निज पाणि में उठाया और निष्पलक कुछ क्षण उन्हें विलोकता रहा।

“हूं ! बनते तो बड़े होशियार हो किन्तु पुलिस की दृष्टि में धूलि नहीं झोंक सकते” — बुद बुदाता हुआ निरीक्षक उठा और सीधा अनन्तपुर के इन्डियन बैंक में दाखिल हुआ । उसने जाते ही एजेण्ट से पूंछा “क्यों साहब ! ये डिब्बे एक ही दिन भेजे गये थे ।”

“इसमें क्या सन्देह ? यह तो डाकघर की क्रम संख्या बता रही है।”

“हूं ! ये डिब्बे भी कॉफी के हैं । किसी एक ही कवाड़ी से मंगाये गये होंगे”

“क्यों नहीं ! क्यों नहीं ! भला दो डिब्बों को दो स्थान पर से खरीदने की कोई तुक नहीं।”

“ठीक । ठीक । और यही दशा उनके वस्त्रों की भी दीखती है जिनमें ये लपेट सीकर

भेजे गये”

“निश्चय”

“इन्हें किसने खरीदा था ?”

“अजी साहब। कोई मैं तो गया नहीं”

“आप मेरे प्रश्न का सीधा उत्तर देने का कष्ट करिये, एजेण्ट साहब यह किसने खरीदा था ?”

एजेन्ट कुछ घबड़ाया। उसने तुरन्त खजान्ची नारायण राव को बुलाया।

“क्यों भाई। उन पार्सल पर लपेटने का वस्त्र किसकी दुकान से खरीदा था ?”

“हुजूर। इकट्ठा खरीद रखा है। उसी में से जब आवश्यकता पड़ती है काट कर सी लेते हैं”

तभी निरीक्षक ने कहा “तब एक ही वस्त्र को काम में लाया गया”

एजेण्ट झुंझला गया। “यह तो खजान्ची साहब ने अभी आपके सम्मुख फर्माया है”

“एजेण्ट साहब। रुष्ट होने का कोई कारण नहीं। यह जाल साजी का अभियोग है। इसमें छान बीन की जाती है। उसमें उल्टे सीधे प्रश्न पूछे जाते हैं”

“शौक से पूछिये”

“अच्छा खजान्ची साहब तो इन दोनों को आपने अपने सम्मुख ही सिलवाया होगा”

“निश्चय ही ऐसे महत्व पूर्ण कार्य को कैसे अन्य को सौंप सकता था।”

“ठीक। तो क्या वह टाट दिखा सकते हैं जिससे दोनों डिब्बों को लपेटा था।”

“क्यों नहीं ! त्रिपति ! त्रिपति”

एक मेचकवर्णी दैत्याकार व्यक्ति ने एजेण्ट के कमरे में प्रवेश किया और सबको झुककर अभिवादन किया।

“वह टाट तो लाओ जिनसे इन डिब्बों को बन्द किया था”

“वह तो हुजूर खत्म हो गया”

निरीक्षक चिल्ला पड़ा—“अभी तो खजान्ची साहब कहते हैं कि उसी टाट से काट कर हम डिब्बों को बन्द करते हैं और अभी वह खत्म भी हो गया।”

“दोनों ही बातें मेरे हुजूर ठीक हैं। पार्सल एक ही टाट के टुकड़े काट काट कर बनाये जाते रहे है किन्तु उसको कभी तो खत्म होना ही था। ये पार्सल भी बड़ी कठिनता से उससे बनाये थे” त्रिपति ने निर्भीक स्वर में उत्तर दिया। “अच्छा त्रिपति महोदय ! एक बात यह तो बताइये कि टाट खत्म हो गया तो हो गया इनका धागा भी समाप्त हो गया था क्या ?” निरीक्षक ने दोनों पार्सलों के सिलेधागों को दिखाते हुए कहा “एजेण्ट साहब। आप ही देखिये इन धागों के रंग और मोटाई में अन्तर।”

“हुजूर। तनिक मेरी विनती भी सुनने की कृपा तो कीजिए। इतनी बारीकी से यहां काम नहीं होगा। इतना यहां कोई ध्यान नहीं देता कि कौन सा धागा किस पार्सल में प्रयोग करें।

“तब इसके अर्थ वह हुये कि दोनों पार्सल दो विभिन्न समय में बनाये गये।”

“नहीं तो साहब”।

“फिर त्रिपति साहब। आपने बैंक में विभिन्न धागों की दुकान खोल रखी है। एजेण्ट

साहब तानेक दिखाइये तो कौन कौन रंग के धागे आपके बैंक में प्रयुक्त होते हैं ।" एजेण्ट लज्जित थे । निरीक्षक बिखर पड़ा "त्रिपति । बने तो बहुतं होशियार । किन्तु पुलिस के कान नहीं कतर सकते । मैं कहता हूं चलो जहां तुम पार्सल बनाते हो ।"

एजेण्ट उठा और उस ओर ले गया जहां त्रिपति पार्सल सीता था । वहां पर केवल एक गुल्ला धागे का पड़ा था । "आप देख रहे हैं एजेण्ट साहब स्वयं और इस 296 के पार्सल में इस रंगीन धागे को देखिए ।"

"हूं" कह कर एजेण्ट मौन था । तभी निरीक्षक ने दूसरा प्रश्न किया

"तुम तो कहते थे कि यह टाट समाप्त हो गया और यह क्या पड़ा है ?"

"हुजूर वह टाट समाप्त हो गया । ऐसा तो आता जाता ही रहता है"

"क्या खूब । परन्तु 295 वाले पार्सल का टाट तो इसी से मिलता जुलता है". . . घोर नीरवता थी ! तत्काल निरीक्षक ने दूसरा प्रश्न किया ।

"क्या तुम गाय भैंस पालते हो"

"कुछ नहीं।"

"हूं"

"तब खजान्ची साहब आप पालते होंगे?"

"आप मुझे क्यों नाहक में सानते हैं"

"आप मेरे प्रश्न का उत्तर दीजिए आपके पास कोई गाय भैंस है"

खजान्ची हिचकिचाया । फिर बोला "नहीं"

"अच्छा, हम आपके घर चलेंगे"

खजान्ची की सुधि बुध जाती रही। किन्तु उसने स्वयं को संभाला तथा बोला "चलिये"

निरीक्षक एजेण्ट के साथ नारायण राव के घर पहुंचा। उसने चतुर्दिक दृष्टि दौड़ानी प्रारंभ कर दी । नारायण राव निज शौचालय के निकट एक कोने में ईंटों के ढेर पर पड़े टाट पर बैठ गया। निरीक्षक का अनायास ध्यान उस ओर आकृष्ट हुआ।

"उठिये तो कृपानिधान"

खजान्जी उठ बैठा । निरीक्षक ने उस टाट से 296 वाले पार्सल के टाट से तुलना की ।

"कुछ आप इन दोनों में समानता विलोकते हैं एजेण्ट साहब ! देखिए दोनों में मूंगफली की खली की गंध आती है" कहते हुए निरीक्षक ने एजेण्ट की नाक पर लगाया और सुंघाया।

"अहा । यही नहीं और लीजिए" कहते कहते खजान्जी के ढेर पर पड़ी ईंटों के टुकड़े उठा कर उन ईंटों के टुकड़ों से मिलान किया और दोनों को एक ही भट्टे का बना पाया ।

"खचान्जी साहब । कुछ इन ईंट के टुकड़ों में समानता विलोकते हैं ।

"यह भी एक ही रहीं । भला ऐसी ईंटें हीं और नहीं हो सकती है।"

"खबरदार ! तब यह लिखावट भी किसी और की हो सकती है, यह मुहर भी किसी और बैंक की हो सकती है, यह टाट भी किसी अन्य घर में पाया जा सकता है। क्यों एजेण्ट साहब"

एजेण्ट अब लज्जा के कारण नत मस्तक था। तुरन्त घर की छान बीन हुई। प्रचुर मात्रा में गन्दे नोट भी वहां पाये गये। फिर क्या था ? देखते ही देखते पुलिस ने खजान्ची नारायण राव और चपरासी त्रिपति के हाथों में लोहे के बड़े-बड़े कड़े पहना दिये।

क्रीड़ा क्षेत्रे



श्री ए० एम० शाह के साथ अजमेर रेन्ज के बास्केट बाल विजेता

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की अन्तररेंज बास्केटबाल प्रतियोगिता

जुलाई 1973 को किशनगढ़ में हुई अंतर रेंज बास्केट बाल चैम्पियनशिप को अजमेर रेंज बास्केटबाल ने जीता। सेमी फाइनल में गोहाटी रेन्ज का मुकाबला अजमेर रेन्ज से हुआ। किन्तु अजमेर रेन्ज के 80 अंकों के विरुद्ध वह 57 अंक पाकर पराजित हुई। विजेता टीम पूना रेन्ज से फाइनल में भिड़ी और 49 अंकों के विरुद्ध 58 अंक पाकर विजयी हुई।

सी० आर० पी० एफ० लिफ्ट इन्स्टीट्यूशन हाको लोग कप :

भारी बूंदा बांदी तथा क्रीडा स्थल भीगे होने पर भी दिनांक 5 अगस्त, 1973 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टीम ने नई दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में दिल्ली के स्टेट बैंक आफ इंडिया को समग्रंथिभञ्जक (टाई ब्रेकर) काल के अन्तिम क्षणों में 3–0 से पराजित किया । वह मैच समस्त अनिश्चितता के साथ थरथराने वाला था क्योंकि किसी टीम ने निर्धारित 60 मिनट तथा 10 मिनट के अतिरिक्त समय कोई गोल नहीं किया था। गीली भूमि होने के कारण पांव जमाना तथा गेंद नियन्त्रण दोनों टीमों को कठिन हो रहा था। जब 10 मिनट अतिरिक्त समय में भी वह अनिर्णीत रहा तब समग्रंथिभञ्जक (टाई ब्रेकर) नियम लगाया गया। बायें के इनसाइड नायक अहमद के एक स्ट्रोक ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को 1–0 से जिताया । तत्काल ही बायें के आउट साइड एक्का तथा विंगहाफ प्रकाश बारा ने और दो स्ट्रोकों से अपनी टीम को 3–0 से विजय तथा ट्राफी दिलाई। संस्थानक हाकी दिल्ली की यह उद्घाटन-लीग प्रतियोगिता थी जिसमें प्रमुख राष्ट्रीय टीमों ने भाग लिया था।

नव गृह सचिव का के० रि० पु० दल के महानिदेशालय में पदार्पण



महानिदेशक श्री बी बी मिश्र (बायें) तथा गृह सचिव श्री एन० के मुखर्जी (दायें)

दिनांक 25–7–73 को सायंकाल 5 बजे महानिदेशक महोदय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के कार्यालय में श्री एन० के० मुखर्जी साहब नये गृह सचिव ने चालू संसद सत्र की भाग दौड़ में भी कुछ अवकाश निकाल कर महानिदेशक महोदय तथा अन्य वरिष्ट

अधिकारियों से वार्तालाप करने की अनुकम्पा की । महानिरीक्षक, सेक्टर-3 दुर्गापुर तथा दिल्ली के उपमहानिरीक्षक तथा महानिदेशालय के उपनिदेशकों, बेतार सलाहकार तथा सहायक निदेशकों से परिचय के पश्चात्, उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के राष्ट्र के प्रति सभी क्रिया कलापों तथा उद्देश्यों को शीघ्र निज मानसिक पटल पर अंकित कर लिया । महानिदेशक महोदय ने दल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसकी प्रमुख उपलब्धियां, प्रशासन तथा प्रबंधों से संबंधित समस्याओं इत्यादि प्रमुख बातों से उन्हें अवगत कराया । इससे पूर्व गृह सचिव को चार्टो तथा मानचित्रों द्वारा बटालियनों से लेकर महानिदेशालय तक का संघटन तथा परिचालन संबंधी व्यवस्था का ज्ञान कराया। भारत के मानचित्रों में बटालियनों को चमचमाती स्थिति-निश्चय के आविष्कार का श्रेय हमारे सदैव उद्यमशील बेतार सलाहकार तथा उनके अधिकारियों को है। इस अधिवेशन ने मंत्रालय तथा महानिदेशालय के मध्य उभयनिष्ट उद्देश्यों की पूर्ति के लिये सच्ची घनिष्ठता स्थापित करी जिससे सब को ज्ञात हो गया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल सेवा तथा भक्ति की सर्वोत्तम परम्पराओं द्वारा राष्ट्र सेवा में निरंतर रत है।

लेख

मोटर दुर्घटनाओं और उनके बचाव

लेखक-श्री श्यौ नाथ सिंह

दिनांक 23-9-72; नागालैंड का ढलवां मार्ग;—36वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की गाड़ियां धड़धड़ाती चली जा रही हैं कि अचानक एक गाड़ी मोड़ पर बड़े पत्थर से टकरा कर संभल नहीं पाती है। कई बार उलट-पुलट होकर पिछले दो पहियों से नाले में खड़ी हो जाती है। अन्दर बैठे आठ जवान चपेट में आ जाते हैं। हैड कांस्टेबल रामचन्द्र निज प्राणों पर खेल कर एक को अतीव कठिनता से बचा पाता है। तथापि दो बेचारे दुर्भाग्य के मारे अकाल काल के गाल में जा पड़ते हैं—उफ ! कितनी दुःखद घटना है ! कितनी मर्मान्तक पीड़ा है !

किन्तु यह दुर्घटना अकेली नहीं है। आप कोई भी दैनिक समाचार पत्र किसी भी भाषा का किसी भी दिन का उठा कर देख लीजिए उसमें कोई न कोई मोटर दुर्घटना अवश्य मिलेगी जो आपके रोंगटे खड़े कर देगी। एक दिन एक सत्तर वर्षीय वृद्धा का वृतांत मिलेगा जो एकमात्र पौत्र को जिसके माता-पिता मर चुके हैं मार्ग पर गोद में लिये चली जा रही है कि अचानक पीछे से आती एक टैक्सी की चपेट में आ जाती है और तत्काल अकाल-काल कवलित होती है और हन्त ! नन्हा पौत्र बचकर भी मरने से

बदतर हो जाता है—उसका चीत्कार कठोर से कठोर हृदय वाले व्यक्ति का हृदय भी द्रवीभूत किये बिना नहीं रहता।

दूसरे दिन एक पुलिस वैन सामने से आते हुए एक ट्रक से टकराती है; मार्ग में दोनों वाहन आगे का भाग उठाकर त्रिकोण बना देते हैं। उसी मुठभेड़ में एक साइकिल चलाता हुआ युवक आ जाता है जो अपने मरणासन्न पिता को बचाने के लिए औषधि लेने चला जा रहा था। देखते ही देखते उसकी साइकिल गेंद की भांति आकाश में उछल पड़ती है और युवक एक मांस का लोथ मात्र रह जाता है जिसका धड़ बिजली के तारों पर अजस्त्र रक्त वर्षाता जा लटकता है।

तीसरे दिन बारात से भरी एक बस सायंकाल लौट रही हैं अचानक आंधी वर्षा आ जाती है। जिस नदी को बस पार कर रही होती है वर्षा जल से लबालब भरने से क्या बाल, क्या वृद्ध, क्या नर, क्या नारी सब यात्रियों में हृदय विदारक त्राहि-त्राहि का तुमुल नाद हो पड़ता है। जहां क्षण भर पूर्व मंगलाचार हो रहा था वहां मृत्यु अपना अकाण्ड तण्डव करने लगती है। बड़ी कठिनता से स्थानीय पुरुष कुछ को जीवित निकाल पाते हैं और कुछ के केवल शव। किन्तु शोक ! जिस अबला निगोड़ी का कंगना भी नहीं खुला है वह वैधव्य धारण करती है।

इससे भी अधिक दुःखदायी घटना तीसरे दिन की पढ़िये। युवा माता पिता रात्रि भर अत्यन्त चिन्तित रहे हैं। उनके नेत्रों का एकमात्र तारा विषम ज्वर से ग्रस्त है। डाक्टरों ने उसे अस्पताल जाने की मंत्रणा दी है। पिता ने अपना स्कूटर घर छूते हुए मार्ग पर खड़ा किया और बच्चे को मां के साथ पीछे बिठा ज्यों ही स्टार्टर पर किक लगाया ही था के पीछे से मिलिट्री वैन का धड़-धड़ाते धक्का लगा। बच्चा और पिता दोनों वैन के नीचे आ रक्त सरोवर में सदा को समा गये। बेचारी अबला आहत हो अवश्य दूर जा गिरी किन्तु जब उसको अस्पताल में सुधि आई तो पति पुत्र को नहीं पाकर उसकी हृदय गति रुक गई और निज प्राण खो बैठी। क्षण भर में समस्त गृह बरबाद हो गया और कोई नाम लेवा और पानी देवा नहीं रहा।

अवश्य ये लेखन-चित्र काल्पनिक हों परन्तु नित्य प्रति की मोटर दुर्घटनाओं के विवरणों से दूर नहीं। दिन रात इन्हीं चार प्रकार की दुर्घटनायें मुख्यतः पढ़ने में आती हैं जिनका अनुपात आल इंडिया इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेज के डाक्टरों के अनुसार निम्नलिखित है:

वाहन यात्री	6.9 प्र० श०
स्कूटर। मोटर साइकिल चालक	14.5 प्र० श०
साइकिल चालक	16.1 प्र० श०

पैदल यात्री 62.5 प्र० श०

वाहन में बैठे यात्रियों के अधिकतर चोटें वक्षस्थल तथा बड़ी हड्डियों पर आती हैं जो टूट जाती हैं। स्कूटर मोटर साइकिल चालकों के चोटें सबसे अधिक सिर में तथा वक्षस्थल में आती हैं। जो प्रायः घातक सिद्ध होती हैं। साइकिल चालक के भी चोट सिर तथा वक्षस्थल पर बहुत आती है। पदयात्रियों के चोटें सिर, वक्षस्थल तथा बड़ी हड्डियों पर लगती हैं।

जैसा कि प्रारम्भ में दिखाया जा चुका है। इनसे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल अपवाद नहीं है और हो भी कैसे? एक दिन इसको अपार जन समूह को चीरकर वाहनों को चलाना पड़ता है तो दूसरे दिन बीहड़ ऊबड़-खाबड़ जंगलों में और तीसरे दिन पर्वतीय ढलानों पर। कभी अंडा देती हुई चील की चिलचिलाती धूप में राजस्थान की मरुभूमि में अपने वाहन ले जाने होते हैं तो कभी शीत कटते चिल्ले के जाड़े में लेह और लद्दाख में।

अभी तक प्राप्त प्रांकड़ों के अनुसार पिछले तीन वर्ष में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में दुर्घटनायें तथा हताहतों का विवरण इस प्रकार है :

सन्	दुर्घटनायें	आहतों (चोटों) की संख्या	हतों (मौतों) की संख्या
1971	54	53	7
1972	95	82	6
1973 (अगस्त तक)	97	124	10

इन आकड़ों से कई प्रमुख दुश्चिन्ताएं उभर कर आती हैं कि :

(1) सर्वप्रथम प्रतिवर्ष दुर्घटनाओं, आहतों और हतों की संख्या में अभिवृद्धि हो रही है। यद्यपि कुछ बटालियन भी बढ़ी है तथा वाहन में भी वृद्धि हुई है किन्तु वे दुर्घटनाओं की विपदाओं और विभीषकाओं को कम नहीं कर सकतीं।

(2) वाहनों की टूट फूट से सरकार को भारी क्षति पहुंचती है।

(3) वैसे तो नागरिकों का जीवन भी बहुमूल्य है किन्तु एक-एक जवान की मृत्यु तो सरकार को बड़ी महंगी पड़ती है क्योंकि :–

(क) जवान के प्रशिक्षण में पर्याप्त व्यय होता है

(ख) मुख्यकर ड्राइवर (चालक) को विशिष्ठ प्रशिक्षण केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में ही नहीं अन्य साधनों द्वारा भी दिया जाता है जैसा कि सेना के कोर्स कराये जाते हैं, गृह मंत्रालय द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाता है तथा गैर सरकारी फर्मों में प्रशिक्षण दिलाने को भेजा जाता है और इस प्रकार अत्यन्त सरकारी धन काम में आता है।

(ग) मृत जवान के विक्षुब्ध परिवार को पेन्शनादि अनेक सुविधायें देनी पड़ती हैं।

अब प्रश्न यह उठता है कि अन्ततः ये दुर्घटनायें होती क्यों है? वैसे तो इसके कारण अगणित हो सकते हैं, प्रत्येक दुर्घटना दूसरी से नहीं मिलती; परन्तु मुख्य दोष एवम् असावधानियां कुछ निम्न प्रकार हैं:–

1. वाहनों का विवेहत गति से तेज चलाना।
2. मार्ग के बीचों बीच चलाना और अन्य वाहनों को मार्ग नहीं देना।
3. मार्ग के मध्य में वाहन को रोक देना तथा संकीर्ण मार्गों में खड़ा कर देना।
4. वाहन को छोड़कर इधर-उधर निर्द्वन्द घूमना।
5. आगे-जाते हुए वाहन के चालक वायीं ओर से बिना स्वीकृति संकेत पाये उससे आगे निकलने की चेष्टा करना।
6. आगे जाने वाले वाहन के बायें से आगे बढ़ने का प्रयत्न करना।
7. दूसरे वाहन से आगे निकलते समय बीच में कम स्थान रखना।
8. अपने वाहन की गति तेज करना जबकि दूसरा तुमसे आगे निकल रहा है।
9. मार्ग में वाहन टेढ़े मेढ़े चलाना।
10. वाहन के द्वार खुले छोड़ देना।
11. अंधकार में धीमे प्रकाश से या बिना प्रकाश के वाहन चलाना।
12. वाहन को इतने निकट से चलाना कि अपनी दृष्टि पूरा काम नहीं कर सके।
13. ढलान पर इन्जन बन्द करके चलाना।
14. न्यूटरल में गीयर को रख ढलान से वाहन उतारना।
15. हार्न से ब्रेकों का काम लेना।
16. वाहन चलाते समय गप-शप हांकते रहना।
17. वाहन के निकट अथवा अन्दर धूम्रपान करना और कराना।
18. नशे में वाहन चलाना।
19. बिना शिरस्त्राण (क्रैस हेलमेट) के वाहन चलाना।
20. वाहन चलाते समय सलाम करना।
21. टूटे फूटे खराब वाहन चलाना।
22. चालकों को नियुक्त करते समय असावधानियां बर्तना—बहरे या ऊंचा सुनने वाले, दूषित या कम दृष्टि वाले, हृदय रोगी तथा बहुमूत्र या मृगी आने वाले चालकों से वाहन चलवाना।
23. नींद सताते हुये वाहन चलाना।
24. शरीर या मानसिक रूप से थक कर चूर होने पर वाहन चलाना।

अब आप समझ गये होंगे कि जब तक इन त्रुटियों तथा असावधानियों का निराकरण नहीं होता तब तक दुर्घटनाओं में कमी होने की आशा नहीं की जा सकती। साथ ही अधोलिखित सतर्कताओं को व्यवहृत करना परमावश्यक है :—

1. सदा अपने बायें चलिये।
2. वाहन को चलाते, धीमी गति करते, मोड़ते तथा रोकते अथवा दूसरे वाहन को आगे बढ़ने देने में अवश्य हाथ से संकेत दीजिए तथा उस संकेत पालन के लिए पर्याप्त समय दीजिए।
3. जब चौरस्ते पर पहुंचे या धीमा करें तव रुकें और पल के लिए दांये बांये निश्चय ही

दोखेए ।के कहीं दूसरे वाहन से टकरा न जायें।
4. मार्ग चिन्हों तथा सावधानियों पर विशेष ध्यान दीजिये।
5. यातायात के विद्युयत संकेतों तथा पुलिस के आदेशों का सदैव पालन कीजिए।
6. वाहन से आगे निकलते हुए दूसरे वाहन को निकल जाने को संकेत दीजिए।
7. दूसरे वाहनों से सदैव दायीं ओर से आगे बढ़िए।
8. पदयात्रियों तथा साइकिल चालकों प्रधानतः वृद्धों, स्त्रियों एवं बच्चों के प्रति विशेष सावधानी बरतिये।
9. दूसरे से मार्ग पाने के लिए हार्न को जोर से तथा पर्याप्त दूरी से बजाइये।
10. सदैव धीमी गति से वाहन उस समय चलाइये जिस समय :—
    (क) आपको कहीं मुड़ना हो,
    (ख) सैन्य दल चल रहे हों,
    (ग) अपार जन समूह हो,
    (घ) शोक अथवा अन्य प्रकार के जलूस जा रहे हों।
11. प्राथमिकता का नियम निम्न परिस्थितियों में वर्तना चाहिए :—
    (क) किसी अन्य वाहन से पहले जो मार्ग में प्रवेश कर रही हो अथवा किसी स्थान से निकल रही हो आप अपना वाहन पहले निकाल सकते हैं।
    (ख) यदि आपका वाहन बड़े मार्ग पर है तो चौराहे पर आप उस वाहन से पहले निकाल सकते है जो छोटे मार्ग पर है।
    (ग) यदि आप मार्ग में वाहन को सीधा लिये जा रहे है तो अन्य मुड़ने वाले वाहन से आपको प्राथमिकता प्राप्त है।
    (घ) चौराहों के पारपथों पर चाहे वे चिह्नित हैं अथवा नहीं पद यात्रियों को वाहन से पहले निकलने का अधिकार प्राप्त है। अतएव आप चौराहों पर गति अति धीमी कीजिए।
12. वाहन के निकट या अन्दर अग्नि लगने पर सारी अग्नि शमन चेतावनियों का निष्ठापूर्वक पालन कीजिए।
13. दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों की प्राथमिक सहायता (फर्स्ट एड) अवश्य कीजिए।
14. रात्रि को धीमे प्रकाश से चलाइये।
15. वाहन खराब होने पर मार्ग के किनारे लगाइये और किसी प्रहरी को खड़ा कीजिए।
16. अपने चलाने का लाइसेन्स, दुर्घटना रिपोर्ट फार्म, कार डायरी, आदेश पत्र (इन्डेंट) इत्यादि सभी आवश्यक कागजों को अपने साथ रखना चाहिए।
17. निश्चय कीजिए कि मार्ग के लिए पर्याप्त पेट्रोल, पानी धूप वर्षा से बचने के लिए त्रिपाल आदि आप पर सब हैं।
18. वाहन चलाने से पूर्व भली भांति निरीक्षण कीजिए कि वह ब्रेक, हार्न, टायरों आदि में सब प्रकार से गंतव्य स्थान तक पहुंचने योग्य है।
19. छुट पुट वाहन-त्रुटियों के लिए सब आवश्यक संयंत्र रखिये।
20. सदैव अपने वाहनों को अधोलिखित अधिकतम गति के अनुसार चलाइये:–

वाहन वर्ग	अधिकतम गति	
	मैदानी	क्षेत्रगामी
(क) जीप/स्टाफ	किलो मीटर प्रति घंटा	
कार	60	40
(ख) एक टनी सारे		
वाहन	40	25
(ग) 3/5 टनी वाहन	35	20

इसके अतिरिक्त महानिरीक्षक महोदय सेक्टर 3 ने दुर्घटनाओं को कम करने के लिये आर्थिक पुरस्कारों की यह प्रोत्साहन-योजना चलाई है :–

बिना दुर्घटना के चलाने पर	पारितोषिक राशि (रुपयों में)
1. 5,000 किलो मीटर तक	30
2. 10,000 किलो मीटर तक	70 (यह प्रथम पुरस्कार के ऊपर)
3. 15,000 किलो मीटर तक	100 (दो पहले पुरस्कारों के अतिरिक्त)

"मोर लाइफ इन ईयर 2001, (2001 वर्ष में अधिक जीवन)" नामक पुस्तक में लिखा है कि 21वीं शताब्दि के आरम्भ तक परिवहन दुर्घटनाओं की चर्चा तक नहीं रहेगी जब कि आजकल की गति से कई गुणा तेजी से वे चलाये जायेंगे। वाहनों में लगे मीटर को केवल सूचित कर देना होगा। तदुपरान्त वाहन स्वयं मोड़ों पर मुड़ते हुये गन्तव्य स्थानों पर पहुंच जायेंगे। उनमें लगे कम्प्युटर दो वाहनों के बीच की दूरी का निर्णय तथा नियंत्रण करेंगे। अन्त में लगे हुए आपात्कालीन राडार मुठभेड़ होने वाले वाहनों में ब्रेक लगाकर दुर्घटना से बचा देंगे।

परन्तु जब तक ऐसे महत्वपूर्ण एवं कुतूहलप्रद परिवर्तन नहीं आते तब तक उपर्युक्त बातों पर ध्यान दिया ही जायेगा तथा अधिक प्रोत्साहन-योजना सभी सैक्टरों में प्रचलित करनी ही होगी जिससे कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के सब मोटर चालक और भी सावधानी से वाहन चला सकेंगे तथा सरकारी सम्पदा तथा जन जीवन की सुरक्षा करने में नितान्त योगदान दे सकेंगे।

एक अमेरिकन आविष्कारक ने कार को अलग होने वाले दो कक्षों में बांटा है-शैशी कक्ष तथा यात्री कक्ष। यात्री कक्ष को शैशी के खाली स्थान में लगा दिया जायेगा। मुठभेड़ होते ही शैशी रुक जायेगी तथा यात्री कक्ष लेवर द्वारा अलग होकर उतर जायेगा जिससे कोई विशेष धक्का नहीं लगेगा और यात्री-गण सकुशल सीट से पीठ के सहारे बिना किसी कष्ट के बैठे रहेंगे।

सन 1973 का 7वा अन्तर रेन्ज हाकी टूर्नामेण्ट

दिनांक 26 जून से 3 जुलाई 1973 तक अजमेर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का 1973 का सातवां अन्तर रेन्ज की टूर्नामेन्ट लीग तथा नाक आउट आधार पर खेला गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की समस्त दसों रेन्जों ने इस टूर्नामेन्ट में भाग लिया। 'क' और 'ख' टीमें दो संघों (पूलों) में विभक्त हो गयी 'क' संघ (पूल) में दुर्गापुर, कोहिमा, पूना, गोहाटी और हैदराबाद की टीमें सम्मिलित हो गयीं और 'ख' में श्रीनगर, दिल्ली, सिगनल ट्रेनिंग, नीमच तथा अजमेर रेन्ज। टीमें 'क' संघ में गोहाटी रेन्ज विजयी हुई तथा पूना रेन्ज दूसरे नम्बर (रनर अप) पर और 'ख' संघ में अजमेर रेन्ज विजयी हुई तथा दिल्ली दूसरे नम्बर (रनर अप) पर। दिनांक 2 जुलाई को सेमी फाइनल खेल गोहाटी तथा दिल्ली के बीच और अजमेर तथा पूना के बीच खेले गये। इनमें गोहाटी दिल्ली की अपेक्षा 3-0 से जीती और अजमेर पूना के विरुद्ध जीती। अन्तिम (फाइनल) मैच गोहाटी तथा पूना रेन्जों के बीच अत्यन्त रोचक सिद्ध हुआ जिसमें खूब ही अनिश्चय तथा रोमांच था। गोहाटी रेन्ज ने अजमेर रेन्ज के अनुभवी खिलाड़ियों से 1-0 से ट्राफी छीन ली। पांच विशेष पारितोषिक निम्नलिखित खिलाड़ियों को खेल-खिलाड़ी-भावना में तथा अनुग्रह के क्षेत्र में उच्चस्तर की दक्षता दर्शाने के लिये प्रदान किये गयेः

(1) नायक बरला (दिल्ली रेन्ज)
(2) कान्स्टेबिल सुशील टेटे (अजमेर रेन्ज)
(3) हैड कान्स्टेबिल राम निवास (दिल्ली रेन्ज)
(4) सबइन्स्पेक्टर आई० एम० देवप्पा (पूना रेन्ज)
(5) नायक प्रकाश बारा (नीमच रेन्ज)


राजस्थान हाकी एशोसियेशन के रेफरियों (निर्देशियों) ने अत्यन्त निष्पक्ष तथा दक्षतापूर्ण रीति से विविध मैचों को खिलाया।



सर्वोतम जिमनास्ट सिगनल ट्रेनिंग रेन्ज के जमादार एल० एम० खन्ना

१९७३ की अन्तर रेन्ज कुश्ती प्रतियोगिता

दिनांक 12 अगस्त को नीमच में अन्तर रेन्ज कुश्ती प्रतियोगिता नीमच में हुई। अजमेर तथा नीमच रेन्ज प्रत्येक 62 अंक पाकर संयुक्त विजेता घोषित हुई तथा दिल्ली रेन्ज रनर अप (द्वितीय) दिल्ली रेन्ज का जमादार ईश्वर सिंह सर्वोत्तम मल्ल माना गया। ब्रि० एस० वी० रजा, उप निदेशक (प्रशिक्षण) ने पारितोषिक वितरण किये।



दिल्ली रेन्ज के सर्वोत्कृष्ट मल्ल जमादार ईश्वरसिंह

स्वास्थ्य-सन्देश

रोग-निवारण के सरल उपाय

लेखक श्री जे० एम० धमीजा

अंग्रेजी में एक लोकोक्ति है "चिकित्सा की अपेक्षा निवारण उत्तम है।" सच भी है कि जब बांस ही नहीं होगा तब बांसुरी कैसे बज सकती है। औषधि की आवश्यकता तो तब होती है जब रोग आता है किन्तु जब रोग को आने ही नहीं दिया जाए तब चिकित्सा की अनिवार्यता ही समाप्त हो जाये।

वैसे तो रोग-निवारण के अनेकों उपाय हैं किन्तु प्रमुख ध्यान इन बातों की ओर देना परमावश्यक है :

1. वायु, 2. जल, 3. आहार, 4. व्यायाम व्यायाम का तो सैन्य तुल्य केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में नाना प्रकार से प्रशिक्षण दिया जाता है किन्तु अन्य विषयों पर कुछ प्रकाश डालना अपेक्षित है।

वायु: वायु को जगत्प्राण कहा जाता है। प्राणी मात्र वायु के अभाव में चार मिनट से अधिक जीवित नहीं रह सकता। इससे मानव शरीर के विभिन्न गैसों का परिवर्तन होता है तथा होता है देह के ताप का नियमन।

वैसे तो वायु कई गैसों का मिश्रण है किन्तु सामान्यतः वायु में मिश्रण इस प्रकार है।

आक्सीजन —20.95 प्रतिशत

नाइट्रोजन —78.08 ”

कार्बनडाई आक्साईड — 0.03 ”

ओजोन — 0.02 ”

हाइड्रोजन — 0.01 ”

साथ ही अमोनिया, जलवायु, धूलिकण, वैक्टेरिया भी स्थान स्थान के अनुसार मिश्रित होते हैं। वायु में अशुद्धियों के मुख्य कारण हैं।

(1) श्वास क्रिया, (2) जलना (3) सड़ना, (4) धूलिकण, (5) रोग के जीवाणु एवं कीटाणु।

तनिक भी अशुद्ध वायु हुयी कि मनुष्य बेचैनी अनुभव करता है, तथा अनेक रोग उत्पन्न हो जाते हैं। वैसे तो प्रकृति निज साधन सूर्य, वनस्पति, आंधी, वर्षा आदि से वायु को शुद्ध करती है किन्तु मनुष्य भी स्वच्छता तथा समुचित व्यवस्था द्वारा वायु को शुद्ध बनाये रख सकता है।

आजकल मोटर वाहनों, फैक्टरी तथा अणुअस्त्र विस्फोटकों एवं जनसंख्या की अभिवृद्धि इत्यादि से शुद्ध वायु की प्राप्ति एक समस्या बन गयी है। अखिल विश्व संगठनों में इस ओर गम्भीर चिन्ता प्रकट की जा रही है ।

आजकल मोटर वाहनों, फैक्टरी तथा अणुअस्त्र विस्फोटकों एवं जनसंख्या की अभिवृद्धि इत्यादि से शुद्ध वायु की लेखक श्री जे० एम० धमीजा प्राप्ति एक समस्या बन गयी है। अखिल विश्व संगठनों में इस ओर गम्भीर चिन्ता प्रकट की जा रही है ।

यद्यपि रोगियों के लिये 1500 घन फुट वायु वाला स्थान आवश्यक है तथापि एक साधारण स्वस्थ मनुष्य के लिये 1000 घनफुट वायु का स्थान चाहिये जिसके अर्थ हुए कि उसे प्रत्येक घण्टे में 3000 धन फुट शुद्ध वायु चाहिए।

इसीलिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के ग्रुप केन्द्र घनी आबादी से दूर बनाये जा रहे हैं, जहां आवासों की व्यवस्था है तथा वायु के यातायात के उत्तम प्रबन्धों की ओर ध्यान दिया जाता है । जहाँ वायु स्वतंत्र रूप से आ जा नहीं सकती है जैसे वर्कशाप, कैन्टीन इत्यादि वहाँ ऐसे पंखों की व्यवस्था होती है जो शुद्ध वायु को अन्दर धकेलते हैं तथा दूषित वायु बाहर निकालते हैं। साथ ही ऊंची चिमनियां कारखानों में ही नहीं अब तो बसों तक में वायु को शुद्ध करने हेतु लगायी जाती हैं

किन्तु जब तक प्रत्येक मनुष्य स्वय वायु की ओर ध्यान नहीं देगा तब तक जन

जीवन स्वस्थ नहीं हो सकता । उसे अपने शरीर, घर तथा वस्त्र स्वच्छ रखने होंगे, गन्दे पानी की नालियां, शौचालय साफ रखने होंगे, पालतू जानवर दूर बांधने होंगे, धूलिकण के बचाव को वनस्पति लगानी होंगी। छूत के रोगियों को अलग रखना होगा तथा स्वयं भी खांसते तथा छींकते समय नाक और मुख पर रुमाल रखना होगा एवं हर स्थान पर थूकना नहीं होगा।

जल-जल का हिन्दी में पर्याय 'जीवन' है । वस्तुतः पौराणिक मत है कि सृष्टि का आदि एवं अन्त जल में ही है। वैसे भी ध्यान देने से पता लगता है कि जल पृथ्वी का 5/7 भाग ढके हुये है । ऊंचे पर्वत की चोटियों तथा ठण्डे देश धरातल हिमाच्छादित हैं, जो. जल का ठोस रूप नहीं तो और क्या है ? हमारे श्वास लेने की वायु में जल वाष्प कण के रूप विद्यमान हैं जब कि सिर के ऊपर भी मेघों के रूप में उसी की छत्र छाया है ।

स्वास्थ्य के लिये जल की नितान्त आवश्यकता है। वायु के उपरान्त जल ही वह तत्व है जिसके अभाव में मनुष्य 6 दिन से अधिक दिन तक जीवित नहीं रह सकता है और रहे भी कैसे जब हमारा शरीर का ही तीन चौथाई भाग जल से परिपूर्ण है। हम उससे प्यास बुझाते हैं। भोजन बनाते हैं, रक्त बनाते तथा रक्त के प्रवाह को चालू रखते हैं, भीतरी अशुद्धियां धोकर मलमूत्र पसीने के रूप में निकालते हैं, शरीर के तापक्रम को अनुकल रखते हैं तथा वस्त्रों की सफाई करते हैं और सबसे बढ़कर भीजन हेतु अनाज उसी की कृपा से पाते हैं।

जल वैसे द्रव्य है किन्तु इसका निर्माण दो गैसों-आक्सीजन के एक भाग के हाइड्रोजन के दो भाग के रासायनिक मिश्रण द्वारा हुआ है। किन्तु कितने आश्चर्य की बात है कि जब कि एक गैस जलाती है तथा दूसरी गैस स्वयं जलती है तब जल प्रज्वलित-अग्नि को बुझाता है । परन्तु इसमें घुलनशील और अघुलनशील तत्व मिले रहते हैं जैसे रेत, मिट्टी, वृक्षों के पत्ते, रोग के जीवाणु एवं कीटाणु, सड़े गले पशु पक्षी इत्यादि । जिनसे हैजा, पेचिश, टाइफाइड, ज्वर आदि उत्पन्न होते हैं।

यद्यपि प्रकृति तो स्वयं ही वायु धूपादि से जल की इन अशुद्धियों को निराकृत करने में संलग्न है, तद्यपि मनुष्य भी इस कार्य में हाथ बंटा सकता है। वह अर्को की भांति उबालकर जल शुद्ध कर सकता है। घड़ों, फिल्टर कागज इत्यादि से छान सकता है। उसमें फिटकरी, निर्मली, चूना, पोटाशियम परमैगनेट, कापर सल्फेट, सोडियम सल्फाइड, क्लोरीन, प्रोजोन, अल्ट्रा वाइलेट किरणों द्वारा शुद्ध कर सकता है। अब तो नगर पालिकायें वाटरवर्क्स आदि से स्वच्छ जल की व्यवस्था करती हैं ।

भोजन: भोजन वह वस्तु है जो शरीर की वृद्धि करता है, जो ताप तथा काम करने की शक्ति उत्पन्न करता है, जो टूटे फूटे शरीर के सेलों की मरम्मत तथा अन्य नये सेलों का निर्माण करता है, तथा देह को सम्पोषक तत्व प्रदान करता है। एक शब्द में भोजन जीवन का आधार है।

क्योंकि हमारा शरीर कार्बन, हाइ ड्रोजन, आक्सीजन, लोहा, कैलशियम, फासफोरस आदि तत्वों से मिल कर बना है अतः हमारे भोजन में इन सब तत्वों का होना अनिवार्य है।

शरीर में आहार-तत्वों को उनके गुणों के अनुसार कुछ इस प्रकार बांटा गया है।

1. प्रोटीनः शरीर का निमाण तथा रचना करने वाले पदाथ हैं । ये प्रधानतया काबन, हाइड्रोजन, आक्सीजन, नाइट्रोजन, तथा फास्फोरस के रासायनिक मेल से बनते हैं। इनकी प्राप्ति हरे शाक, दालों, दूध के बने पदार्थ, अंडे, मांस मछली से होती है। केवल इनमें ही नाइट्रोजन होता । है जिसके बिना शरीर की वृद्धि नहीं हो सकती। साथ ही इनसे गर्मी, कार्य शक्ति तथा पाचनशक्ति पाने में सहायता मिलती है।

2. कार्बोजः में हाइड्रोजन तथा आक्सीजन उसी अनुपात में रहते हैं जो अनुपात जल में इन गैसों का होता है। शक्कर देने वाले तथा श्वेत क्षार या गर्मी देने वाले पदार्थ होते हैं । ये सस्ते खाद्य पदार्थों जैसे आलू, शकरकन्द, मटर, मक्का, गेहूं चावल, गुड़, मधु, चीनी, फलों से प्राप्त होते हैं तथा निर्धनों को सहज प्राप्य हैं। इनसे गर्मी और शक्ति प्राप्त होती है जिससे नये सेल बनते हैं। यद्यपि इनकी न्यूनता से शिथिलता तथा शरीर की संचित चर्बी काम में आ जाती है तथापि इनके अधिक प्रयोग से अजीर्णता, बहुमूत्र आदि रोग लग जाते हैं।

3. बसाः चर्बीदार अम्ल तथा ग्लेसरीन का मिश्रण है वैसे तो ये कार्बोज से मिलते जुलते हैं किन्तु इनमें नाइट्रोजन तत्व नहीं होते हैं ये उनकी अपेक्षा ढाई गुणा शक्ति एवं गर्मी उत्पन्न करते हैं। इनसे चिकनाई के अतिरिक्त चर्बी बनती है। शरीर सुडौल बनाते हैं तथा आन्तरिक अंग, हड्डियां और जोड़ों को सुरक्षित रखते हैं। इनमें स्वास्थ्य वर्धक विटामिन ए, डी और ई होते हैं।

वसा दो प्रकार के होते हैं—(क) पशुओं से प्राप्त (ख) वनस्पति से प्राप्त । अंडे, पशुओं की चर्बी, मछली का तेल, घी से प्राप्त वसा प्राणिजन्य है। मूंगफली, सरसों, नारियल, मेवे, तरकारियों तथा फलों से वनस्पतिक वसा प्राप्त होती है। अधिक परिश्रम करने वालों तथा ठंडे जलवायु में रहने वालों को प्रचुर मात्रा में वसा प्रयोग करना चाहिये किन्तु ध्यान रहे अत्यधिक मात्रा के सेवन से अपच और बेकार का मोटापा हो जाता है।

4. खनिज लवणः लगभग 20 क्षारीय रक्षक पदार्थ हैं जिनसे रोगों तथा दुर्बलता से रक्षा प्राप्त होती है जैसे कैलशियम, सोडियम, पोटाशियम, फासफोरस, लोह, मैगनीशियम, आयोडिन, फ्लोरीन, क्लोरीन सिलोकोन सल्फर आदि । ये दांतों, हड्डियां और रक्त को लाभ पहुंचाते हैं। शरीर में उनका 1/25 भाग है । इन पदार्थों से लवणों की अधिक प्राप्ति होती है—फल, सब्जी, मेवे, मांस, मछली, दूध, दही की बनी वस्तुएं।

5. रेशेदार पदार्थ : मांस पेशियों को क्रिया शील रखने के लिये आवश्यक होते हैं तथा कब्ज दूर करते हैं। ये पकाने पर भी घुलते नहीं। पौधों के रेशे, डण्ठल, अनाज का चोकर आदि इनमें आते हैं। ये झाड़ू की भांति समस्त मल देह से बाहर बुहारते हैं।

6. जलः जैसा ऊपर कहा जा चुका है यह जीवन का मुख्य आधार होने के कारण स्वयं जीवन कहलाता हैं।

7.विटामिन या खाद्योज : स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिये अत्यंत उपयोगी तत्व है। ये रक्त को शुद्ध करते हैं । उसकी मात्रा बढ़ाते हैं; रोग की रोकथाम करते है, पाचन शक्ति बढ़ाते हैं तथा दांतों तथा हड्डियों को दृढ करते हैं । इसकी थोड़ी मात्रा ही स्वास्थ्यवर्द्धक होती है तथा भोजन के सभी पदार्थों में किन्हीं किन्हीं अंशों में विद्यमान रहती है। अभी छै: विटामिनों की खोज हुई है-ए, बी, सी, डी, ई और के । कुछ विटामिन

पानी में घुलनशील होते हैं तब कुछ वसा में।

इन सब आहार तत्वों में ताप उत्पन्न करने की शक्ति भिन्न भिन्न होती है। भोजन के मुख्य तत्व प्रोटीन, कार्बोज तथा वसा हैं जिनसे प्राप्त ताप की मात्रा इस प्रकार पायी गई है :

1 ग्राम प्रोटीन —4 कैलोरी
1 ग्राम कार्बोज —4 ”
1 ग्राम वसा —9 ”

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में जहां कठिन चंचल परिश्रम करना पड़ता है कम से कम 250 कैलोरी प्रति घंटा प्रत्येक मनुष्य को आवश्यक है तथा सोते समय 55 कैलोरी। अतः प्रत्येक जवान को कम से कम 3600 कैलोरी की अपरिहार्यता है।

8 घंटे सोने में 55 कैलोरी प्रति घंटा 440 कैलोरी
8 घंटे कठोर चंचल परिश्रम में 250 कैलोरी प्रति घंटा 2000 कैलोरी
8 घंटे चलने फिरने हल्के व्यायाम में 145 कैलोरी प्रति घंटा 1160 कैलोरी
कुल 3600 कैलोरी

वैज्ञानिकों ने 3600 कैलोरी प्राप्त करने के लिये निम्न प्रकार के नित्य आहारों की मात्रा पौष्टिक भोजन के लिए निश्चित की है:

अनाज	450 ग्राम
फल	300 ग्राम
दालें	80 ग्राम
शक्कर	60 ग्राम
तरकारी	150 ग्राम
मांस*	150 ग्राम
शाक	250 ग्राम
अंडा*	2 अंडे
घी मक्खन	60 ग्राम

*नोट : शाकाहारी दूध की मात्रा से पूर्ति कर सकते हैं।

जलवायु, स्थान तथा व्यक्ति के अनुसार अनुभव से कुछ परिवर्तन किया जा सकता है। परन्तु सबसे मूर्धन्य बात यह ध्यान में रखने की है कि ‘भोजन जीवन के लिए है ना कि जीवन भोजन के लिए।’ एक लोकोक्ति है–

खाने को आधा करो, पानी को दूना, कसरत को तिगुना करो, हंसना चौगूना।

साधारणतः भोजन के समयों में नियमित अन्तर होना चाहिये। प्रातः को साधारण

नाश्ता, दोपहर को भोजन, सायं-काल फिर हल्का भोजन करना चाहिये और वह भी चबा चबा कर तथा शान्त चित्त से। नाश्ते में निम्नलिखित प्रत्येक वर्ग में से एक पदार्थ कम से कम अवश्य होना चाहिये :

1. दूध, काफी, चाय गर्मियों में लस्सी, मट्ठा या शर्बत।
2. मौसम का कोई फल या कच्ची खाने योग्य सब्जी।
3. कोई अन्न, दलिया, सत्तु, परांठा, रोटी या टोस्ट।
4. अंडा, मांस या इनके स्थान पर दूध।
5. मक्खन पनीर या क्रीम।
6. चीनी, गुड़, शहद या मुरब्बा।

रात्रि तथा दोपहर के भोजन में कम से कम एक पदार्थ प्रत्येक अधौलिखित वर्ग में से होना आवश्यक है :

1. अनाज-गेहूं, जौ, चना, बाजरा, इत्यादि।
2. दालें-उड़द, मूंग, मलका, अरहर आदि।
3. मांस दही या पनीर।
4. हरी पत्तेदार सब्जी या सलाद।
5. बसा युक्त पदार्थ।
6. कोई भी मौसमी फल तथा सब्जी।

नोट--रात्रि का भोजन हल्का तथा प्रोटीनपूर्ण होना चाहिये। दूध तथा दूध से बने मिष्ठान्न रबड़ी, खीर, फल क्रीम आदि लेना चाहिये, साथ ही रेशेदार सब्जी का जरूर सेवन करना चाहिये।

साथ ही भोजन के बाद ही जल पीना तथा कभी-कभी का व्रतोपवास पाचन शक्ति को लाभदायक होता है। सबसे पहले नम और हलके तब कठिन और मीठे, फिर नमकीन और अन्त में फल खाना चाहिये। अधिक चपटपटे मिर्च, मसालेदार, चटनियां खटाई और मिठाई हानिकारक सिद्ध होती हैं। परस्पर विरोधी पदार्थ एक साथ नहीं खाना चाहिए जैसे दूध के साथ नींबू भोजन के शीघ्र बाद भी सोना या दिन में सोना लाभकारी नहीं होता तथा इसी प्रकार रात्रि में जागरण। मध्याह्न के भोजन के उपरान्त थोड़ा विश्राम एवं रात्रि के भोजन के पश्चात् कुछ टहलना स्वास्थ्य बर्द्धक होता है। अंग्रेजी में कहावत है

After dinner rest a while
After supper walk a mile

मध्यान्ह भोज के बाद विश्राम।
व्याल बाद टहल व्यायाम।

1973 की 7वीं अन्तर रेन्ज जिमनास्टिक (व्यायाम) चौम्पियन-शिप :

दिनांक 23 से 27 जुलई 1973 तक ग्रुप केन्द्र पूना ने इस वर्ष अन्तर रेन्ज जिमनास्टिक प्रतियोगिता खिलायी। सिगनल रेन्ज सर्व प्रथम रही जबकि पूना और अजमेर रेन्ज द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहीं। सिगनल रेन्ज का जमादार एल० एम० खन्ना 77.30 अंक के निजी स्कोर से सर्वोत्कृष्ट जिमनास्टिक (व्यायाम व्यायामी) निर्णीत हुआ। इस प्रतियोगिता में हमारे हृष्ट पुष्ट पहलवानों को अपने व्यायामी कुतूहल दर्शाने का अवसर प्राप्त हुआ।

श्री बी० के० त्रिपाठी उपमहानिरीक्षक के रि० दल पूना ने इस प्रतियोगिता का 23-7-73 को समारम्भ किया और 27-7-73 को श्रीमती त्रिपाठी ने पुरस्कार वितरित किये। परिणाम इस प्रकार रहे :

वाल्टिग हार्स (छलांग घोड़ा)

नायक पीताम्बर सिंह (सिगनल) I हैड कान्स्टेबिल मूलचन्द (सिगनल) II, नायक हवलदार दुबे (सिगनल) III

पैरेलल बार (समान्तर दण्ड)

जमादार एन० बी० भोसले (पूना) I, जमादार एल० एम० खन्ना (सिगनल) II, जमादार बलबीर सिंह (पूना) III **रोमन रिंग (रोमन छल्ला)**

हैड कान्स्टेबिल शंकरलाल (अजमेर) I सूबेदार धर्मबीर सिंह (कोहिमा) II, जमादार एल०एम० खन्ना (सिगनल) III

पोमेल्ड हार्स (घुण्डीदार घोड़ा)

जमादार एन०बी० भोसले (पूना) I, हैड कान्स्टेबिल शंकरलाल II, जमादार एल० एम० खन्ना (सिगनल) III

होराइजन्टल बार (क्षैतिज दण्ड)

जमादार एल०एम० खन्ना (सिगनल) I, जमादार एन० बी० भोसले (पूना) II, नायक पीताम्बर सिंह (सिगनल) III **फ्लोर एक्सरसाइज (भूतल अभ्यास)**

हैड कान्स्टेबिल विजय भोसले (सिगनल) I हैड कान्स्टेबिल मूलचन्द (सिगनल) II, जमादार एल० एम० खन्ना (सिगनल) III

आलराउण्ड चैम्पियन (सर्वतोमुखी मल्ल)

जमादार एल०एम० खन्ना (सिगनल) I जमादार एन० बी० भोसले (पूना) II, नायक पीताम्बर सिंह (सिगनल) III

अन्तर रेन्ज मोटर चालन तथा प्राथमिक सहायता प्रतियोगिता :

दिनांक 4 से 8 जुलाई 1973 तक ग्रुप केन्द्र, नई दिल्ली में अन्तर रेन्ज मोटर चालन तथा प्राथमिक सहायता प्रतियोगिता हुई। सदा की भांति नीमच रेन्ज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अजमेर और गोहाटी, रेञ्ज ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान।

केन्द्रीय टीम में सम्मिलित होने के लिये अधोलिखित व्यक्तियों की सिफारिश की गई है :

कान्स्टेबिल ईश्वर चन्द (25 बटालियन) कान्स्टेबिल मंगर राय (25 बटालियन) कान्स्टेबिल गोथ सिंह (13 बटालियन), हैड कान्स्टेबिल जाहर सिंह (ग्रुप केन्द्र-1 अजमेर)।

फिल्म अभिनेता तथा अभिनेत्रियां को खोजिए

1. मजनू तन-बदन की सुधि खोये रहता था।
2. हिन्दू सिक्ख जैन सभी मत प्रारंभ में ओम प्रकाशित करते हैं
3. लक्ष्मण के प्राण मूर्छा से बचाने को महावीर संजीवन बूटी लाये थे
4. 'देन वहे-लेन रहे' यह भी कोई रीति है।
5. उषा किरण के दर्शन से पूर्व ही गुलशन में चटकि शोर मचाती है ।

उत्तर :—1. नूतन, 2. ओम प्रकाश, 3. प्राण, संजीव, जीवन, 4. हेलेन, 5. उषा किरण, किशोर, गुलशन।

यह भी खूब रही

"पिता जी ! सरकार ने प्रतिवर्ष 12 दिन की छट्टी देकर प्राकृतिक नियम निभाया है"

"सो कैसे ?"

"देखिये ना! चन्द्रमा प्रतिमास एक दिन काम पर नहीं जाता। उसे भी प्रति वर्ष 12 दिन की छुट्टी प्रकृति देती है सो ही सरकार आपको ।"

* * *

एक गंजा नाई से "भई तुमने बाल काटने के दाम तिगुने क्यों कर दिये ?" नाई "हुजूर ! क्या करें ? महंगाई जो तिगुनी हो गई है।"

"यदि कुछ नहीं करो तो तुम यह तो ध्यान करो कि मेरे बाल तिगुने छोड़ पहले से दस गुने कम रह गये हैं।"

* * *

मुब्बकिल "वकील साहब ! मैंने सुना है कि आप मुवकिल लाने पर भारी कमीशन देते हैं।"

वकील "क्यों नहीं ? क्यों नहीं ? पर मुब्बकिल कहाँ है ?"

मुब्बकिल "मैं खड़ा तो हूं हुजूर ।"

* * *

ट्रैफिक सिपाही बूढ़े ज्योतिषी से— "बच्चू ! बहुत खोजते खोजते तुझे आज पाया है।

बता झूठे । तूने मेरी मां को क्या बताया था कि मैं इतना महत्वशील व्यक्ति हूंगा कि बड़े से बड़े मनुष्य मेरे संकेत पर चलेंगे।"

बूढ़ा ज्योतिषी—"इसमें मैंने क्या बात गलत कही थी? क्या देखते नहीं कि आपके संकेत पर ही तो साधारण जनता छोड़ बड़े बड़े नेता मंत्री चल पाते हैं अन्यथा टस से मस नहीं हो सकते ।"

* * *

अंग्रेजी पढ़ी लिखी स्त्री सहेली से "तुम्हें किस बुक के पढ़ने का चाव है ? "सहेली-"पति के पास बुक के ।"

* * *

एक प्रेमी मित्र से "उस अनिंदनीय सुन्दरी से अन्त में तुम्हारे कहने से मैंने विवाह का प्रस्ताव रख ही दिया किन्तु उसने स्पष्ट मना कर दिया ।"

मित्र "छि: तुम भी बुद्ध ही ठहरे । अरे भई जानते नहीं कि प्रेयसी की ना-ना कभी कभी नहीं नहीं होती ।"

प्रेमी–"परन्तु उसने ना कही कब । उफ! उफ करके नकारात्मक ग्रीवा हिलादी"।

* * *


फोन पर क्लर्क "दुःख है जैन साहब अपनी पत्नी के साथ लंच पर गये हैं।"

श्रीमती जैन "तब कह देना कि उनकी पी० ए० ने फोन किया था।"

* * *

एक लोभी डाक्टर सदा रोगियों से आपरेशन थियेटर में मुह मांगे दाम मौत की धमकी देकर ऐंटा करता था। उसी भांति वह एक दिन एक रोगी से बोला 'तुम्हें मौत चाहिए या पांच सौ रुपये।'


रोगी—"हुजूर । बड़ी दया होगी — मुझे पांच सौ रुपये चाहिये।"



श्रीमती त्रिपाठी ने किमनास्टिक चैम्पियनशिप, 1973 पारितोषिक वितरण किया



बिग्रेडियर एस ० बी ० राजा तथा ले० क० उमराओसिंह कुस्ती शील के संयुक्त विजेताओं के साथ



के० रि० पु० दल के ग्रुप केन्द्र दिल्ली के अफसर मेस का महानिदेशक श्री वि० वी० मिश्र द्वारा शिलान्यास

क्रै प ल र

द्वैमासिक (हिन्दी संस्करण)

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

खण्ड 2 संख्या 3 30 जून 1973 9 आषाढ़ 1895




आवादी की दीक्षान्त परेड


दिनांक 19 मई 1973 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज-II, आवादी (मद्रास) में श्री के० आर० शेनाई, आई० पी० एस०, मद्रास के पुलिस कमिश्नर ने सीधे नियुक्त अधीन तथा अवर अधिकारियों की 24वीं दीक्षान्त अभिप्रमाणन परेड में सलामी ली। इस कोर्स के सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थी होने के कारण चौथी बटालियन के हैडकांस्टेबिल धानेश्वर झा को महानिरीक्षक की ट्राफी प्राप्त हुई। स्थानीय थल जल एवं वायु सेनाओं के विशिष्ठ तथा मद्रास के प्रतिष्ठित महानुभाव इस रंगारंगी तथा प्रभावशाली समारोह में पधारे थे।

आगमन पर केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज के प्रिंसिपल कर्नल वी० के० सैवनिस ने श्री के० आर० शेनाई का स्वागत किया। परेड में भाषण देते हुए श्री शेनाई ने प्रशिक्षणार्थियों के शस्त्राभ्यास तथा चाल ढाल के उच्च स्तर की प्रशंसा की। देश के विभिन्न भागों में तथा मुख्य करके उसके अधीक्षण में मद्रास में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के कार्य में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की भूरि भूरि सराहना की।

श्री शेनाई ने नव अभिप्रमाणित अधीन तथा अवर अधिकारियों को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के ध्वज को सदैव ऊंचा उठाने रखने की सलाह दी। कालेज के प्रशिक्षक गणों को भी जिन्होंने इन प्रशिक्षणार्थियों को भद्र नागरिक एवं उत्तम पुलिस जन बनाने में में प्राण पण से चेष्टा की थी श्री शेनाई ने उनको भी बधाई दी।



श्री के० आर० शेनाई प्रशिक्षणार्थियों के समय भाषण देते हुए



सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थी हेड कान्सटेबल धानेश्वर झा को महानिदेशक-ट्राफी

क्रैपलर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

[हिन्दी संस्करण द्वैमासिक]

खण्ड 2

अंक 3

30 जून 1973
9 अषाढ़ 1895

हिन्दी सम्पादक :



मुख पृष्ठ छाया:
डा० जोगिन्दर सिंह का नीमच में सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के दीक्षान्त समारोह पर सम्मान गारद का निरीक्षण ।

सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पलिस दल
वेस्ट-ब्लाक-8
रामाकृष्णपुरम
नई दिल्ली-110022

मुद्रक तथा प्रकाशक :
महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की और से **श्री जे० एस० शर्मा** द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
मुद्रक—दि कैक्स्टन प्रेस (प्राइवेट) लिमिटेड, नई दिल्ली-110055

'क्रैपलर' के हिन्दी-संस्करण का सम्पादन-भार **श्री जे० एस० शर्मा,** प्रशासन अधिकारी, महानिदेशालय, के० रि० पु० दल को सौंपा गया है। इस बार इसमें कुछ नये मोड़ भी दिये गये हैं। 'चुटकले', 'सूक्ति-सुधा' इत्यादि स्तम्भों का समावेश किया गया है। साथ ही 'स्वास्थ्य-संदेश' नामक स्तम्भ में कुछ शारीरिक परिचर्चा की भी योजना है। इस संस्करण में **डा० एस० के० सेठ,** ग्रुप केन्द्र, के० रि० पु० दिल, नई दिल्ली ने मदिरा पान की समस्या पर अच्छा प्रकाश डाला है।

—**निगमेन्द्रसेन सक्सेना,** महानिरीक्षक के०रि०पु०दल, नई दिल्ली-110022

इस अंक में

1. शिक्षा दीक्षा
(क) केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज आबादी में अभिप्रमाणन परेड
(ख) सीधे नियुक्त राज्यपत्रित अधिकारियों की 12वीं दीक्षांत परेड
(ग) राजस्थान के राज्यपाल का भाषण

2. लेख
भारत की अनुसूचित आदिम जातियों का जीवन
लेखक-श्री निगमेन्द्रसेन सक्सेना, महानिरीक्षक

3. कहानी
(क) अनजाना नौकर लेखक श्री एस० पी० भारद्वाज, स्टेनो सैक्टर-3
(ख) निरन्तर भ्रमण चक्र

4. कविता
अमरदूत-रचयिता श्री जे०एस० शर्मा प्रशासन अधिकारी

5. स्वास्थ्य संदेश
मदिरा पान पर प्रकाश–श्री एस० के० सेठ चिकित्सा अधिकारी, ग्रुप केन्द्र दिल्ली

6. क्रीड़ा क्षेत्रे
(क) अन्तर रेन्ज तैराकी प्रतियोगिता
(ख) नीमच ड्यूटी प्रतियोगिता
(ग) अन्तर बटालियन बास्केट बाल प्रतियोगिता
(घ) रेंज बास्केटबाल प्रतियोगिता

7. विज्ञान के चढ़ते चरण

8. सूक्ति सुधा

9. चुटकले और पहेलियां
(क) यह भी खूब रही
(ख) क्या आपने अपना वेतन अर्जित किया है ?
(ग) पहेलियां

10. निरीक्षण
केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज-II में पुलिस कमिश्नर का निरीक्षण 27वीं बटालियन में महानिदेशक का निरीक्षण

11. गौरव गाथा

(क) उत्तम पुलिस-जनता सम्पर्क
(ख) पुलिस पदक
(ग) गृहमंत्री द्वारा सराहना
(घ) अनुशासन तथा अध्यवसाय
(ङ) होनहार व पारिवारिक परम्पराओं का पालन

12. संक्रमण

(क) गृहमंत्री श्री गोविन्द नारायण
(ख) उपमहानिरीक्षक श्री जे. एफ० रिवीरो
(ग) महानिरीक्षक सैक्टर-3, श्री श्रवण टंडन

13. विवध

(क) के०रि०पु० दल की आठ परम्परायें
(ख) पुलिस आचरण के नौ सुनहरे सिद्धान्त

सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों की बारहवीं दीक्षान्त परेड

एक प्रभावोत्पदक एवं रंगारंगी समारोह



डा० जोगिन्दर सिंह

शिक्षा-दीक्षा

राजपत्रित अधिकारियों का नीमच में दीक्षान्त समारोह

मौसम की खराबी होने पर भी पूर्व निर्णय के अनुसार बारह वीं सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों की दीक्षान्त परेड हुई। विशिष्ठ आगन्तुकों के लिये शामियाने लगाये गये थे और सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों की दो पलटनें पंक्ति-बद्ध की गई थीं। रंग बिरंगे तम्बू और शामियाने अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के लिये लगे थे और पूर्व इसके कि डा० जोगिन्दर सिंह जिन्होंने सलामी लेनी थी आये, सब स्थान भर चुके

थे।


सर्व प्रथम महानिदेशक आये और उनका सामान्य सलामी से स्वागत हुआ। तुरन्त ही राज्यपाल आये और महानिदेशक ने उनका स्वागत किया । तदुपरान्त उनको सामान्य सलामी दी गयी। परेड कमांडर श्री दुब विशिष्ट आगन्तुक महोदय के पास आये जिन्होंने जीप में घूमकर परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात् परेड ने मार्च पास्ट किया। सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के भाग का नेतृत्व सर्व श्री नरेन्द्र भारद्वाज और हरप्रीत सिंह ग्रेवाल ने किया। परेड तब पुनर्विलोकन (रिव्यू) क्रम में आगे बढ़ी। डा० जोगिदनरसिंह का स्वागत करते हुए महानिदेशक ने कहा—"वास्तव में यह एक सुनहरा अवसर है कि मौसम की खराबी तथा यात्रा के कष्टों की चिन्ता नहीं करके वायुयान तथा स्थलमार्ग द्वारा राज्यपाल महोदय ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को उसके पुण्य जन्म स्थान पर तथा उसके नये नेताओं को देखने का कष्ट उठाया है जो अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण ग्रहण कर देश सेवा तथा राष्ट्र भक्ति के लिये स्वयं को कटिबद्ध कर रहे हैं।"

महानिदेशक ने बताया कि डा० जोगिन्दरसिंह एक प्रमुख राजनीतिज्ञ तथा राजकर्मज्ञ हैं और देश के राजनैतिक क्षेत्र में 34 वर्ष की युवावस्था से ही अग्रणी रहे हैं। आप एक विधायक विधान तथा संविधान सभाओं, लोक सभा तथा राज्य सभा के सदस्य रहे हैं।

आपको पुलिस के प्रति मुख्य करके केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के प्रति जिसका यदा कदा अवलोकन करते रहे हैं प्रगाढ़ प्रेम तथा स्नेह है। महानिदेशक ने कहा कि मुझे विश्वास है कि "भविष्य में आप हमारे मित्र, दार्शनिक तथा मार्ग दर्शक रहेंगे।" उन कठिन परिस्थितियों तथा कष्टों की चर्चा करते हुए जिनको केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल सहन कर रही है महानिदेशक ने कहा—

"हम इन युवकों को दीक्षित कर रहे हैं जो अपने अधीनस्थों को अपने नेतृत्व तथा निर्देशन तथा सबसे बढ़कर अपने उदाहरण द्वारा मार्ग प्रदर्शित करेंगे। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल तथा इन युवाधिकारियों की ओर से आपके क्षेम की प्रभु से प्रार्थना करता हूं।"

तदुपरान्त महानिदेशक महोदय ने डा० जोगिन्दरसिंह से उन नवदीक्षित अधिकारियों को मंत्रणा तथा शुभकामनायें देने की प्रार्थना की।



डा० जोगिन्दर सिंह भाषण देते हुए

राजस्थान के राज्यपाल का भाषण

डाक्टर जोगिन्दर सिंह ने परेड में भाषण देते हुए सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों को मानव-प्रबन्ध के विशेष महत्व की मंत्रणा दी। उन्होंने बताया कि यूनिटों में उनको विभिन्न स्वभावों, अभिवृत्तियों एवं दृष्टिकोणों के तथा देश के विविध भागों के मनुष्य मिलेंगे।

"आपका कर्त्तव्य है कि चाहे कोई भी कार्यभार आपको सौंपा जाये उसके लिये आप इनको एक समरूप, कार्यदक्ष, सहकारी, अनुशासित, अभिप्रेरित तथा निष्ठावान मनुष्यों के निकाय रूप में बनावें।" राज्यपाल ने कहा कि यह एक महान् कार्य है तथा उसके लिये अत्यन्त परिश्रम, पहलशक्ति, ज्ञान, चतुराई, सच्चाई की आवश्यकता है।

"निस्सन्देह आपके उच्च अधिकारी, आपके सहयोगी तथा अधीनस्थ लोग जिन्हें आपकी अपेक्षा अधिक अनुभव है आपको मार्ग दिखायेंगे और सहायता करेंगे किन्तु मुख्य चेष्टा तो आपकी ही होगी कि आप अपने सेवाभारों को सुचारु रूप से चलाने के लिये अपने कार्य में निष्ठा तथा उसके जानने में अभिरुचि लें।" उन प्रतिष्ठित आगन्तुक महोदय ने परेड में भाग लेने वाले उन अधिकारियों को जिन्होंने उच्च स्तर दर्शाया था उसके निमित्त उनको बधाई दी। 'परेड में आपकी दृढ़ता, अभ्यास-गति में स्फूर्ति और

आपकी वेशभूषा की उत्तमता से मैं अत्यधिक प्रभावित हुआ हूं। मेरी मुख्य बधाइयां "सम्मान खड्ग" तथा दो पदक विजेताओं के प्रति हैं।"



नीमच में ले० कर्नल जी० एस० ग्रेवाल निज पुत्र हरप्रीत के साथ



एक गर्वोला क्षण—नीमच में ले० कर्नल और श्रीमती एम० एल० भारद्वाज सम्मान खड्ग के उपस्थापन समारोह के उपरान्त निज पुत्र के साथ

पुलिस-जनता सम्पर्क

भाषण जारी रखते हुए डा० जोगिन्दर सिंह ने पुलिस जनता सम्पर्क के महत्व पर अत्यन्त जोर दिया । "दुर्भाग्यवश ब्रिटानियों की वसीहत में (जिसको पुलिस ने उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त किया है) जहां तक सर्व साधारण जनता का सम्बन्ध है

उसमें पुलिस के प्रति सद्भावना एवं विश्वास का अभाव है। हमने पुलिस वालों को मंत्रणा दी थी कि चाहे वे ड्यूटी पर हों या नहीं उन्हें अपने सेवाभार का सुचारु रूप से पालन हेतु जनता की सम्वेदना एवं सहयोग प्राप्त करना है।"

डा० जोगिन्दर सिंह ने उन्हें उत्प्रेरित किया कि वे सुन्दर जनता सम्पर्क से सम्बंधित समस्याओं का अध्ययन करें और अपने जवानों को जनता से मधुर सम्बंध बनाये रखने की शिक्षा दें।

उन्होंने पुलिस वालों से कहा कि वे जनता के सदस्यों के प्रति ही नहीं वरंच जनता के दुर्बल वर्ग के प्रति भी सत्यनिष्ठ तथा विनम्र रहें जिससे उनका नितान्त निष्पक्षता तथा निष्कपटता का रूप निखर कर आवे।

डा० साहब ने प्रशिक्षणार्थियों से अनरोध किया कि वे नेतृत्व तथा सुन्दर जन-प्रबन्ध की प्रविधियों को सीख लें जिससे वे अधीनस्थ कर्मचारियों से आदर एवं निष्ठा अर्जित कर सकें।

उच्च प्राचरण

"आपका स्वयं का आचरण सदैव अनिन्दनीय हो और आप अपने अधीनस्थों की समस्याओंपर विशेष ध्यान दें और जिन्हें आपकी सहायता की आवश्यकता है उनकी मदद के लिए आप यथाशक्ति उपचार करें। आप अपने जवानों के प्रति निष्पक्ष एवं निष्कपट रहें। आपके प्रयत्न समुचित अनुशासन तथा मनोबल को बनाये रखने में लगना चाहिए जिससे आपके दल की कार्यक्षमता में क्षीणता नहीं आने पावे।"

डाक्टर साहब ने आगे कहा कि भारत के लगभग सभी राज्यों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की बटालियनों का प्रविस्तारित होना इस बात का प्रमाण है कि राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्रों की सुरक्षा दलों को कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के सहयोग में इस दल की कार्य कुशलता पर भारत सरकार को कितना विश्वास है।

डाक्टर साहब ने कहा जहां तक कोई देख सकता है "आपका कार्य सरल नहीं है किन्तु आपको कुछ रचनात्मक एवं पारितोषिकप्रद कार्य करने का सन्तोष तो है।"

इससे पूर्व डा० साहब ने प्रशिक्षणार्थियों को केन्द्रीय सरकार के सबसे पुरातन परिसैनिक दल के सदस्य होने के नाते बधाई दी।

महान परम्पराएं

"इस दल ने कठोर परिश्रम, निष्ठा, कर्त्तव्य परायणता एवं त्याग द्वारा महान-परम्परायें स्थापित की हैं। क्या युद्ध-स्थल में, क्या राज्य विद्रोह दमन की कार्यवाही में और क्या कानून तथा व्यवस्था की विविध परिस्थितियों में— इसने अपना पौरुष सिद्ध किया है।

"दिनांक 2 अक्टूबर 1959 को हाट स्प्रिंग पर चीनियों से सर्व प्रथम प्रतिरोध लेने का

परम श्रेय इसी दल को प्राप्त है। यह दिवस हमारे देश के पुलिस दलों द्वारा 'शहीद दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

"1965 में कच्छ के रन में, तथा दिसम्बर 1971 में जम्मू और कश्मीर के चिकेन नेक और शम्भा क्षेत्र में, अगरतला और मेघालय क्षेत्रों में इस इस दल की बटालियनों ने बाहरी आक्रमणों के विरुद्ध सराहनीय शौर्य दिखलाया। पशिचमी बंगाल को मार्च 1970 से लेकर मार्च 1972 तक निज भगीरथ-श्रम द्वारा अराजकता एवं दुर्व्यवस्था से लगभग बचा लिया। अभी आंध्र प्रदेश में भी आपके दल ने कानून एवं व्यवस्था को पुनःस्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया।

"इस प्रकार आपको उस दल में सम्मिलित होने का विशेष अधिकार मिला है जिसने सेवा, त्याग, एवं निष्ठा की उच्च परम्परायें स्थापित की हैं और केन्द्रीय सरकार का पूर्ण विश्वास प्राप्त किया है। अधिकारी होने के नाते आपको यह सुनिश्चित करना है कि ये उच्च परम्परायें बनी रहें और सरकार तथा जनता का इस दल में विश्वास कायम रहे।"

यह भी खूब रही

एक फौजी अफसर जिसकी कई प्रेमिकायें थीं पाक युद्ध में गोली लग जाने पर घबरा गया कि अब वह बचेगा नहीं। पास के खड़े जवान से कहा, "भाई हम तो जा रहे हैं । पर मेरी एक अंतिम इच्छा है ।"

"सो क्या, हुजूर"

"तनिक रीता को लिख देना कि, मरते समय मुझे तुम्हारा ही ध्यान था। और हां, इसकी कारबन कापी गीता और सीता जो अक्सर हमारे पास आती थीं उन्हें भी दे देना।"

* * *

कमांडर—"आप आज जो इस युद्ध स्थल में जूझने खड़े हैं, भला बताइए तो वह कौन चीज है जो यहां आपको खींच लाई है।"

एक जवान (पीछे से)—"बटालियन की गाड़ी।"

* * *

पुलिस जवान (चोर से)—"अबे । तूने कैसे चोरी की ?"

चोर—"हुजूर। यह तरकीब आप जानकर क्या करेंगे?"

* * *

कचहरी में बढ़ते हुए शोर को सुनकर जज ने कहा—"अब कोई जरा भी शोर करेगा तो मैं यहां से तुरन्त निकाल दूंगा।

"हो । हो । हो।" कटहरे में खड़े मुलजिम ने बड़े जोर से अट्टहास किया।

* * *

गधा और कानून

कहरा से समाचर प्राप्त हुआ है कि एक लड़का गधे पर जब चला जा रहा था मार्ग के बीच पाने से उसने लगभग एक बस को उलटा दिया। परन्तु वह गधे को छोड़कर दुम दबाकर भागा निकला। बस ड्राइवर के हाथ केवल गधा लगा। वह थाने में उसकी रपट लिखाने ले गया किन्तु पुलिस ने यह कहकर रपट लिखने से साफ मनाही कर दी कि गधा किसी भी भांति कानून की दृष्टि में इसका उत्तर दायी नहीं ठहराया जा सकता।

पहेलियां

(1)

तीन अक्षर का मेरा नाम।
शान्ति दिलाना मेरा काम।
पहले दो यदि गन्द बताते।
दूजे दो तब तान मिलाते। मलय।

(2)

तीन अक्षर का मेरा नाम।
उलट फेर वोही अंजाम।
कुंवर बैठ राजा कहलाता।
निर्धन को मैं सेज बिछाता। तखत।

सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारी का सर्वोत्कृष्ट त्रिकट



नरेन्द्र भारद्वाज



हरप्रीत ग्रेवाल



महिन्दर प्रताप

अनुशासन तथा अध्यवसाय

नरेन्द्र में जिसने दीक्षान्त परेड में सम्मान-खड्ग (स्वर्ड आफ आर्नस) जीता है इन गुणों का समावेश पाया जाता है—प्रौढ़ता के चिन्ह, सद्भाव, गम्भीरता पूर्वक कर्त्तव्य पालन उत्तम नेता के गुण, उद्ग्रहण में स्फूर्ति तथा अत्यन्त फुर्तीलापन।

नरेन्द्र ने स्वीकार किया है कि मध्यावधि तक वह साधारण प्रकार से चलता रहा। मध्यावकाश के उपरान्त ही उसने गम्भीर चिन्तन प्रारम्भ किया। यह कदाचित् पारिवारिक परम्परा के कारण हुआ।

गोरखा राइफल के लेपटीनेंट कर्नल एम० एल० भारद्वाज के पुत्र होने के नाते नरेन्द्र में स्वयं को सुधारने हेतु परम्पराओं का पर्याप्त भण्डार है। वह कटिबद्ध हो गया और गम्भीर चिन्तन में तल्लीन तथा जबकि एक अभ्यास में उसे एक बटालियन कमांडर बनने का अवसर प्राप्त हुआ तब उसने निज शौर्य दिखाया। सेण्ट जासेफ अकादमी

देहरादून की उपज स्वरूप नरेन्द्र ने प्रारम्भ में राष्ट्रीय डिफेन्स अकादमी में प्रवेश पाने का प्रयत्न किया। उसमें असफल होने पर उसने कालिज शिक्षा ग्रहण की। वह अपने माता-पिता के साथ ढाई वर्ष नागालैंण्ड रहा और तत्पश्चात् चण्डीगढ़ से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इतिहास उसका प्रिय विषय होने के कारण उसने सन् 1971 में इतिहास में एम० ए० किया।

उसके पास में एन० सी० सी० का 'बी' प्रमाणपत्र है; परन्तु प्रशिक्षण काल में उससे कोई विशेष सहायता नहीं मिली। एन० सी० सी० के कैडेट होने से उसने 1968 के गणतन्त्र दिवस परेड में सम्मिलित होने की प्रतिष्ठा पाई।

उसे सशस्त्र दलों में प्रवेश पाने की लगन लगी रही। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के लिये द्वार खुला था। उसने प्रार्थना की और वह ले लिया गया।

उसके माता पिता का गर्व जो दीक्षान्त परेड देखने आये थे सहज में ही समझा जा सकता है । नरेन्द्र छै भाइयों में दूसरे नम्बर पर है। ले० क० एम० एल० भारद्वाज से पूछे जाने पर, उनके उद्गार इस प्रकार थे – "मुझे नरेन्द्र पर गर्व है। नरेन्द्र के सम्मान-खड्ग जीतने में मुझे कोई आश्चर्य नहीं हुआ है।"

होनहार

महिन्दर प्रताप जिसने अन्तरंग विषय में सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थी होने के नाते पदक प्राप्त किया है एक पुलिस परिवार का सदस्य है । उसके पिता श्री ईश्वर दास गुलाटी दिल्ली पुलिस में सेवारत हैं।

महिन्दर प्रताप ने प्रशिक्षण के प्रारम्भ से ही अपनी होनहारी दर्शाना प्रारम्भ कर दी थी। सभी समस्याओं के प्रति उसका एक अनुशासित एवं सुयोजित दृष्टिकोण है और इसी ने केन्द्रीय प्रशिक्षण कालिज के कठिन प्रशिक्षण में उसकी सहायता की।

महिन्दर प्रताप की समस्त शिक्षा दिल्ली में ही हुई। उसने हंसराज कालेज से बी० एस० सी० (आनर्स) भौतिकी में किया और हिन्दू कालिज में सर्वप्रथम रहा जब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में उसका चयन हुआ।

उसे साहित्य से अभिरुचि है और अन्य विषयों के साथ-साथ वह साहित्य अध्ययन में ही घर में जुटा रहता है।

केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज के कर्मचारी गणों के मुख से महिन्दर प्रताप की बड़ी प्रशंसा सुनी है। उसका भविष्य अत्यन्त उज्ज्वल है।

पारिवारिक परम्पराओं का पालन

बहिरंग विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी होने के नाते पदक-विजेता हरप्रीत सिंह ग्रेवाल को एक दिन पुलिस सेनानी बनना ही था ।

उसके पितामह श्री लक्ष्मण सिंह पंजाब के सहायक कमिश्नर (आयुक्त) थे। तथा

उसके पिता लेफ्टीनेन्ट कर्नल जो० एल० ग्रेवाल तीस वर्ष सेना में रह चुके हैं। उन्हें प्रसन्नता थी कि उनका पुत्र कुल की पुलिस परम्परा को बनाये रख रहा है।

दुर्बल तथा ऊंचा (6 फीट 2 इंच) हरप्रीत परेड में सबसे फुर्तीला अधिकारी था जबकि उसने अफसर टुकड़ी को सलामी आधार स्थल पर निकलने का नेतृत्व किया जहां राजस्थान के गवर्नर डाक्टर जोगिन्दर सिंह ने सलामी ली।

विशप काटन शिमला के उपज स्वरूप हरप्रीत ने अपनी बी० ए० की डिग्री गवर्नमेंट कालेज चण्डीगढ़ से ली और पंजाब विश्वविद्यालय से इतिहास में एम० ए० किया।

पहले वह आई० पी० एस० में बैठ चुका था। परीक्षाफल में वह रुग्ण हो गया। यद्यपि परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया तथापि वह योग्यता सूची में स्थान नहीं पा सका। 'केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल उतना ही उत्तम है'—ऐसा हरप्रीत अनुभव करता है।

* * *

कविता

अमर दूत

श्री जे० एस० शर्मा

नगर नगर में, डगर डगर में, यशोगान गुंजित यह केवल।
सौख्य-शान्ति का अमर दूत यह, आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल॥
लूटपात-उत्पात मचा नित, करें खून नित, नक्सलवादी।
बरबस बसें जला छात्र शठ, पथ पथराव करें बरबादी।
चोर-मुनाफा-खोर रोर कर, डालें जन जीवन पर डांके,
सीमा की दीवार झांक कर, घात लगाते रिपु उन्मादी।
आकर तुरत 'राम दल' सा यह, दले खलजनों की सब खल-भल।
सौख्य - शान्ति का अमर दूत यह, आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल॥
हृष्ट पुष्ट, रणधीर, बीर सब, युद्ध बांकरे इस दल के नर।
सभी धर्म के—सभी जाति के, इसमें मिलते हैं प्रतिनिधि वर।
प्रलयंकर हो शीत-धूप या, आवे आंधी--वर्षा-ओले,
सेवा भार उठाते मिल सब, कर्म-सूत्र में बंधे निरन्तर।
सेवा तथा वफादारी ही, लक्ष्य यही इन सब का निश्चल।
सौख्य-शान्ति का अमर दूत यह, आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल॥
उन्निस सौ उन्तालिस का सन् चिर-संस्मृत इस दल का उद्गम।
नृप—शहजादे रानी बेगम, को यह बना बनाने बे ग़म।

गांधी की आंधी ने चल जब, अंग्रेजी साम्राज्य उखाड़ा,
शांति-व्यवस्था-हित इस दल की, पड़ी जरूरत अरु भी हरदम।
बिना किये पग इसने डगमग, सेवा धर्म निभाया निश्छल।
सौख्य-शांति का अमर दूत यह, आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल।
पूर्व दिशा से—एक घातकी, च्याऊं म्याऊं करता धाया।
'हाट स्प्रिंग' जो गर्म स्त्रोत है—किन्तु वहां हिम पड़ता पाया।
रण-कौशल दर्शा इस दल ने, किये दांत खट्टे रिपु दल के।
उस अरि से लड़ 'नेफा' में फिर, इस दल ने जौहर दिखलाया।
कीर्ति-दुन्दुभि चाँद-सितारे, बजा रहे अब तक हैं अविरल।
सौख्य-शान्ति का अमर दूत यह, आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल।
पश्चिम दिशि से सन् पैसठ में, उठा एक विकराल बवंडर।
पाक बना नापाक पड़ौसी, ले आया दल-बादल वर्वर।
लोहे का प्राचीर बना यह, लघु-दल, रिपु-अक्षौहिणि-सम्मुख,
टकराते अरि भागा घबड़ा, लेकर जर्जर अंजर-पंजर।
कलपाता नहीं कलपाता रिपु, कहतीं कच्छ-किलोले कल्कल्।
सौख्य-शांति का अमर दूत यह, आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल।
वृद्ध सिंह की मूंछ मोड़ने, सन् एकत्तर गीदड़ आया।
पूंछ पकड़ उसको इस दल ने, घुमा घुमा झट मार भगाया।
पूंछ छिपा 'तोबा तोबा' वह, कहता भागा लहु से लथ-पथ,
कभी नाम नहिं ले लड़ने का, ऐसा उसको मजा चखाया।
नभ-जल थल पर कीर्ति-कौमुदी, छायी इस दल की अब प्रतिपल।
सौख्य-शांति का अमर दूत यह, आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल।
यही प्रार्थना है प्रभु वर से, यही कामना है मम-मन से।
दिन दूना अरु रात चौगुना, पनपे यह दल जय-यश-धन से।
जन-जीवन का कंठहार बन, सेवा में रत रहे निरन्तर,
साहसवल श्रम-शौर्य स्त्रोत सम, अर्चित-चर्चित हो जनगण से।
आरक्षण है नाम तभी जब, पावे आ रक्षण दुखि-निर्बल।
सौख्य शांति का अमर दूत यह, आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल।
नगर-नगर में, डगर-डगर में, यशोगान गुंजित यह केवल।
सौख्य-शांति का अमर दूत यह, आरक्षित केन्द्रीय पुलिस दल।

कहानी (3 क)

अनजाना नौकर

लेखक एस० पी० भारद्वाज

शीतकाल की गोधूलि—दिसम्बर का मास--बस यों दिन आया, यों दिन गया । दिन ही मरी मरी सी धूप रहती है किन्तु तीसरे पहर होते ही तो कुहासा आ धमकता है। जब कि ग्रीष्म ऋतु में सायंकाल छैः बजे चिलचिलाती धूप में मनुष्य बाहर निकलने को सौ बार सोचते हैं, तो अब सर्वत्र धुंध छा जाता है और कठिनता से आगे सूझता है। किन्तु थाने दार उपाध्याय को तो बिल्कुल ही आज नहीं सूझ रहा था कि . . . . ?

वह द्वार खटखटा कर हार गया था । समला आदमी था, कोई कुंभकरण तो नहीं था जिसको खटखटाने की ध्वनि श्रुतिगत नहीं होती थी। साथ ही द्वार भी बंद था जो इस बात का निर्देशक था कि नौकर घर को छोड़कर नहीं गया है। तब कहीं वह आत्म-हत्या तो नहीं कर बैठा ! उसका स्वभाव भी कुछ गमगीन सा दृष्टिगत होता था। कृशकाय व्यक्तित्व, दुखार्त मुखाकृति एवं मौन रहने की प्रवृति इन्हीं सब बातों से उपाध्याय जी ने उसके विषय में कुछ अधिक नहीं जानते हुए अपने पास नौकर रख लिया था जब उनके नौकर लाल बहादुर ने उसे अपनी एवजी में लाकर छुट्टी मांगी थी। परन्तु उन्हें क्या विदित था कि उसकी खिन्नता इस सीमा तक पहुंच सकती है। प्रथम तो उपाध्याय जी ने कपाट तोड़ने की सोची किन्तु फिर उन्होंने गृह के पीछे के द्वार से अन्दर जाने की सोची। परन्तु यह क्या ? उनके नेत्रों के आगे अधा-धुंध धुन्ध छा गयी। उनको सूझ नहीं रहा था कि करें तो अब क्या करें। "यह नामाकूलियत, यह दया करने का परिणाम", वह अधरों में बुदबुदाये । उन्हें अब निज बुद्धि पर पश्चात्ताप हो रहा था कि क्यों उन्होंने लाल बहादुर के कहने में बिना सोचे समझे समला को रख लिया, जिसके घर का अता-पता तक विदित नहीं था।

पृष्ठ द्वार खुला देखकर जो उपाध्याय जी अन्दर घुसे तो सर्व प्रथम उन्होंने उस बक्से को खोला जिसमें उन्होंने उसी दोपहर को भत्ते के लाये हुए रुपयों का थैला रखा था। पर वहां थैला का थैला अन्तर्धान था।

उपाध्याय जी के मस्तिष्क में चक्कर आया। आजकल वैसे ही उन्हें रातोंरात नालन्दा क्षेत्र में दुसाड़ आतंकवादियों की खोज में परिभ्रमण करना पड़ रहा था। ऐसा करते उन्हें कई रातें हो गयी थीं किन्तु एक दुसाड़ी थे जो निज काली करतूतों के करने से बाज नहीं आते थे। आज कई रात्रि चक्कर लगाते लगाते उपाध्याय जी के मस्तिष्क में चक्कर आने लगे थे और इसी कारण उन्होंने प्रातः से मध्याह्न तक पलंग से आज उठने का नाम नहीं लिया था। परन्तु इस समय मस्तिष्क में चक्कर आने का कारण उनके भत्ते चले जाने का था।

ऊंट की चोरी निहुरे निहुरे । किसी अन्य के कोई चोरी हो जाती तो कदाचित् इतनी उत्सुकता पास पड़ौसी नहीं दिखाते परन्तु यह तो एक थानेदार के यहां चोरी थी। सब इधर उधर के मनुष्य तत्काल एकत्र हो गये। कोई समला को धिक्कारता था तो कोई थानेदार की बुद्धि को दुतकारता था। "छिः पुलिस के मनुष्य होकर इतने नासमझ बन गये कि बिना जाने पहचाने एक नौकर को रख लिया ।" तब कोई कहता—"आज तो चोरों के चोरी हो गई" और बिहसता। यद्यपि ये वाक्य इतने उच्च स्वर में नहीं थे कि

उपाध्याय जी के कर्ण तक पहुंच सकते । किन्तु मनुष्यों की अपारिमेत विवहसता से उनकी सब समझ में आ रहा था कि उनके क्या अर्थ थे।

साथ ही उनकी आत्मा भी स्वयं को कचोटती थी कि "कहां तो तुम मानपुर के मानी अभिमानियों का मान चूर करने पर तुले थे और कहां तुम्हारे मान पर तुम्हारा एक अदना नौकर लांछन लगा गया और केवल तनिक सी उदार हृदयता के कारण — तनिक पहले वाले नौकर पर विश्वास करके । पर विश्वास न करने का कोई विशेष कारण भी नहीं था। उनका पिछला नौकर लाल बहादुर बड़ा ही निष्ठावान् एवं स्वामी भक्त था । फिर उसका ममेरा भाई भी वैसा क्यों नहीं होगा जैसा उसने उपाध्याय जी को बताया था... ।

(2)

अब उपाध्याय जी को प्रथम लाल बहादुर की खोज लगाने के अतिरिक्त अन्य कोई चारा नहीं रह गया था। उन्हें चिन्ता धन की तो थी ही किन्तु सबसे भारी घबड़ाहट इस बात की थी कि उसी थैले में उनकी सरकारी रिवाल्वर भी थी जिसको समला ले भागा था। रिवाल्वर का सुरक्षित रखना उनका दायित्व था और उसका खोना उन पर अपराध । अतः पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के अतिरिक्त कोई अन्य उपचार नहीं रह गया था।

लाल बहादुर का उन्हें ध्यान आया कि उनके हवलदार शकलदीप सिंह ने उसको उनके पास लगाया था। हवलदार शकल दीप सिंह नेसारी चौकी का व्यक्ति था। उसे सत्वर साथ ले उपाध्याय लाल बहादुर के गृह जा पहुंचे।

"क्यों बे, लालबहादुर के बच्चे । तेरा वह ममेरा भाई कहां है ?"

"कौन हुजूर ?"

"अच्छा तू इतने दिन में उसको भी भूल गया जिसे हमारे पास लगा आया था ?"

"हुजूर मैं समझा। आप समला की बात करते हैं।"

"समला नहीं वह शर्म ला निकला। उसने अपने पर ही नहीं वरंच अपने संबंधियों पर भी शर्म लाद दी।"

"नहीं हुजूर । हमारी उससे कोई रिश्तेदारी नहीं थी।"

"अबे यह क्या बकता है ? क्या वह तेरा ममेरा भाई नहीं था ?"

"नहीं हुजूर, वह तो बारवीघा के दफ्तर में नौकरी खोजने आयन रहा । मुझसे कई बार गिड़गिड़ान रहा । सो मैं जब छुट्टी पर जाने वाला हुआ और हुजूर ने एवजी मांगिन तब हम वाको ममेरा भाई हुजूर को बताइन रहे। हुजूर, बड़ी गलती हुई, माफ करि है।" लाल बहादुर के अश्रु छलछला आये । वह पाणि जोड़कर गिड़गिड़ाने लगा।

"छि: पहले तो चोर को नौकर कराता है फिर रोता है।"

"हुजूर गलती हुयी पर क्या करते सरकार जब बिना एवजी के लिये छुट्टी देने को तैयार नाहीं होयन रहा।"

"हूं" उपाध्याय ने जोर से हुंकार भरी—"तब तुझे उसका पता भी नहीं मालूम है ।

"नहीं हुजूर ।" लाल बहादुर ने पुनः पाणि जोड़े।

"अच्छा तब तुझे यह भी नहीं मालूम कि कौन से दफ्तर में वह नौकरी की खोज में आया था।"

"सो क्यों नहीं मालूम सरकार, वहां के अफसर का अर्दली हमें समला से मिलावत रहिन।"

फिर क्या था। उपाध्याय जी लाल बहादुर के साथ वारबीघा गये। वारबीघा पटना के पुरसीम से मुंगेर जिले में कोई 27 मील की दूरी पर है। किन्तु मरता क्या नहीं करता? वह उस अर्दली से मिले किन्तु उसने टालमटोल की तब हताश होकर उस अर्दली के अफसर से भी मिले। अफसर अत्यन्त उदार-चित्त निकला। उसने तुरन्त निज अर्दली को बुलाया—

"क्यों महतो। वह कौन था जिसे तुमने नौकरी को कहा था ?"

अर्दली अपने स्वामी के सम्मुख भयभीत हो गया। उसे सत्य वचन के अतिरिक्त अब कुछ नहीं बन पड़ा। अन्ततः उसे उदरपूर्ति का प्रश्न था। 'यदि तनिक मिथ्या भाषण किया नहीं कि नौकरी से बर्खास्त' यह अर्दली भलीभांति जानता था क्योंकि नियन्त्रण के विषय में उसका अधिकारी अत्यन्त कृतसंकल्प था।

"सरकार वह हमारा दूर का नातेदार है। उसका असली नाम बनारसी है।

"उसका घर कहां है ?"

"भागलपुर में।"

"तुमने तो ऐसे कह दिया मानो वह गांधी नेहरू है जिसे वहां सब जानते हैं। कुछ मुहल्ला वगैरह तो बताओ।"

"हुजूर—भीकमपुर मुहल्ले में वर्षों से उसके मां बाप रहते हैं।"

उपाध्याय जी ने समला उर्फ बनारसी के माता पिता एवं अन्य संबंधियों के पते लिये और पुनः बिहार शरीफ लौटे। प्रात हो रहा था किन्तु धुंध और भी गहरा रहा था ठीक उसी भांति जैसे उपाध्याय जी का प्रयास धुन्ध भरा हो रहा था। आखिरकार उन्होंने तुरन्त भागलपुर के थाने में फोन किया। एक घंटे के उपरान्त वहां के थानेदार ने बताया कि बनारसी मध्य रात्रि को अवश्य आया था किन्तु तब से उसका कुछ पता नहीं।

उपाध्याय जी शीघ्र भागलपुर के थाने पहुंचे। वहां से दो सिपाही लिये और बनारसी के घर जा धमके। किन्तु बनारसी के माता-पिता बनारसी से भी एक पग आगे थे। उन्होंने बनारसी का कुछ भी पता लाख बार पूछने पर भी नहीं दिया। उपाध्याय जी की विचित्र ही वेदना थी। कहां तो वह दूसरों की चोरी का पता लगाते थे और कहां निज चोरी का पता नहीं लगा पा रहे थे ?

यदि किसी का पता लगाना हो तो कई व्यक्ति इसमें परदेशियों के बड़े सहायक सिद्ध होते हैं। मुहल्ले का मोची, दूधिया, साइकिल संभालक तथा पनवाड़ी। इन सबसे बहुसंख्यकों का सम्पर्क रहता है और बहुधा वे बिचौलियों का काम करते हैं।

उपाध्याय जी वैसे भी सिग्रेट पीने के आदी थे। उन्होंने पड़ोस के पनवाड़ी से सिग्रेट का एक पैकट लिया। उसमें से उन्होंने एक सिग्रेट निकाली और एक एक उन दो सिपाहियों को दी जो उन्होंने स्थानीय थाने से लिये थे। सिपाहियों ने सहमते हुए विनय की "हुजूर पीते नहीं हैं।"

उपाध्याय जी समझ गये कि ये सब सभ्यता व्यवहृत कर रहे हैं पर उन्होंने भी सभ्यता के नाते ही उन्हें प्रस्तुत किये थे। तब उपाध्याय जी ने दुकान पर लटकती हुई

जलती डोरी से सिग्रेट सुलगायी और दो लम्बे लम्बे कश खींचे। फिर इधर उधर की बात करके उन्होंने पनवाड़ी से बनारसी के विषय में पूछा।

"श्रीमान् ! मुझे तो मालूम नहीं।"

"ठीक । ठीक । तुम्हें क्या मालूम हो सकता है पर मेरा मतलब था कि तुम किसी को यहां जानते हो जो बनारसी के बारे में बता सके।"

पनवाड़ी ने मस्तिष्क खुजलाया। "हां । एक अधेड़ उम्र की बीरबानी है जो चौका बासन करती है। पर वह अब घर मिलेगी।"

"कहां ?"

"अच्छा । अच्छा रुकिये, वह एक साहब के घर से काम करके इधर से ही जायेगी।"

उपाध्याय जी ने प्रतीक्षा की। इतने में एक प्रौढ़ा उन्हें आती दृष्टिगत हुयी। पनवाड़ी की मुखाकृति ने भी साक्ष्य दी। किंचिंत्काल में वह पनवाड़ी के पास आ निकली।

"क्यों चाची। बनारसी की कुछ खबर है।"

"देख मैं कितनी बार मना कर चुकी हूं कि मुझे चाची मत कहा कर।"

"फिर दादी कहूं । नानी कहूं" कहता हुआ पनवाड़ी हंसा ।

प्रौढ़ा और तिलमिला उठी और तुनक कर आगे बढ़ी। परन्तु पनवाड़ी ने दुकान से उतर कर रोका।

"अरी भाग्यवान् ! ये बिचारे परदेशी बनारसी के बारे में पूछते हैं सो तो बता जा।"

इतने में उपाध्याय जी भी बोल उठे "आपकी बड़ी कृपा होगी।"

प्रौढ़ा ने आपाद-मस्तक उपाध्यायजी को विलोका। उन्हें भद्रपुरुष जाना और बोली "मुझसे तो वह बरारी जाने को कह गया है।"

जब प्रौढ़ा चली गई तो पनवाड़ी ने कहा, "भाई साहब, इसकी बात सोलह आने सच जानिये।" आंख मारते हुए यह प्रकट किया कि इसका और बनारसी का परकीया संबंध है। पर उपाध्याय जी के मस्तिष्क में यह विचार बारम्बार चक्कर खा रहा था कि हो न हो बनारसी अवश्य कलकत्ता भाग गया है। इतनी असंख्य जनता जनार्दन में उसका विलीन रहना अत्यन्त सरल है। उन्होंने बनारसी के पिता से पुनः वार्तालाप किया, पर वृद्ध आठो गांठ कुम्मैत था। उसने घुमा फिरा कर एक भी सहयोग अपना नहीं दिया । परन्तु पुलिस के व्यक्ति इतनी सरलता से पराजय नहीं मानते। **वह सघन वनों में सर्पों की भांति प्रवेश कर जाते हैं, शत्रुओं के सम्मुख सिंहों की भांति गर्जना करते हैं एवं काक की भांति सतत प्रयत्नशील रहते हैं।**

जब बनारसी के कलकत्तावासी संबंधियों का किसी प्रकार भी पता नहीं लगा तब उपाध्याय जी ने डाकघर की सहायता ली। उन्होंने उसके आने जाने वाले पत्रों की जानकारी की और पंचषः पते लिये। परन्तु उनसे यह विदित नहीं हुआ कि कौन संबंधी सर्वाधिक घनिष्ठ है। तद्यपि उन्होंने निज द्राविण अध्यवसाय चालू रखा और कलकत्ता को प्रयाण कर ही दिया।

(3)

सन् 1954 के 11 दिसम्बर को कौन नहीं जानता ? आज वहां हड़ताल हथौड़े बजा रही थी। बंगालियों से तो ब्रिटिश सरकार तक भयाकुल रहती थी। बंगभंग में उनकी

क्रांतिकारिणी शक्ति का वह अनुमान लगा चुकी थी। सर आशुतोष मुखर्जी की सिंह गर्जना, अरविंद की हिंसात्मक गतिविधि, चितरंजन दास की देश बंधुता प्रभृति अब भी बंगालियों को उत्प्रेरित करती है। किन्तु देश स्वतंत्रता के उपरान्त तो उनके मस्तिष्क ने एक अन्य दिशा को मोड़ दिया है जो उन्हें ही नहीं स्वयं निखिल देश को ही अक्षुण्ण अहितकर है। कुछ भी हो जिस आन्दोलन में वे उतर पड़ते हैं शासन के छक्के छुड़ा देते हैं। यही कारण था कि आज पुलिस को क्षण भर को विश्राम नहीं मिला था। दिन की भूख एवं रात्रि की नींद उनसे डेढ़ हाथ का नमस्कार कर गयी थी।

ऐसी स्थिति में उपाध्याय जी कैसे किसी पुलिस अधिकारी से याचना करते। हां, जब सायंकाल को अवश्य हड़ताल सकुशल बीत गयी तब सिपाहियों ने शांति एवं सुख की श्वास ली। उस समय उपाध्याय जी ने अपनी राम कथा वहां के डिप्टी कमिश्नर साहब को सुनाई। उन्होंने तुरन्त दो थानेदार एवं दो सिपाही विभिन्न पतों पर उपाध्याय जी के साथ भेजे।

कई स्थानों पर पता लगाया परन्तु सब प्रयास विफल मनोरथ। हां, चित्तरंजन मार्ग पर अवश्य एक चाय वाले से कुछ ज्ञात हुआ कि बनारसी के चालढ़ाल वाला कोई व्यक्ति सामने वाले ऊपर के फ्लैट में दो चार दिन से चक्कर मारता है और आज भी सायंकाल को वह उनके जाने से पूर्व आया था। विभिन्न पतों का पर्यावेक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि यह स्थान वह था जहां बनारसी का ममेरा भाई घरेलू नौकर की भांति काम करता था।

उपाध्याय जी ने अन्य पुलिस साथियों के साथ बनारसी के ममेरे भाई को जा घेरा। उस समय उसका स्वामी उत्तर भारत गया हुआ था।

"भाई सुना है बनारसी आजकल तुम्हारे पास रहता है।"

"नहीं हुजूर। हमने तो उसके वर्षों से दर्शन तक नहीं किये।" सब अत्यन्त निराशित हुये।

"भाई सच सच बता दो।"

"सरकार हमें झूठ बोलने से क्या स्वर्ग मिल जायेगा ?" तत्काल पास के फ्लैट से एक धनाढ्य मारवाड़ी महिला आ निकली। उपाध्याय जी ने उससे उस नौकर के आगन्तुक के विषय में जा पूछा।

"क्यों माता जी इसके पास इसका संबंधी आजकल रहता है ?"

"रहता तो नहीं है किन्तु आता रहता अवश्य है।"

महिला ने उस नौकर की ओर घूर कर देखा। नौकर के काटो तो रक्त नहीं था.....।

"क्यों भाई वह माता जी क्या कहती हैं ?" उपाध्याय जी बोले। तभी दूसरे थानेदार ने कड़क कर..... कहा "भाई ताई की ऐसी तैसी। अबे सच बताता है कि बच्च हवालात का मुंह देखना चाहता है।"

चोर में साहस कहां। तुरन्त थानेदार के पैरों पर गिर पड़ा। "हुजूर माफ करें। आप माई बाप हैं।"

थानेदार ने झिड़क कर कहा, "छोड़ इन बातों को बनारसी का ठीक ठीक पता बता।"

"बताना क्या सरकार साथ चलकर पता लगाता हूं।"

रात अधिक बीत चुकी थी। तारा गण आंख मिचौली खेल रहे थे। उपाध्याय जी को ऐसा लगता था कि उनके भाग्य का तारा भी उनसे इतने दिनों से आँख मिचौली खेल रहा है। तभी उन्होंने एक दीर्घ श्वास ली।

"अरे साहब ! अब ठंडी श्वास क्यों लेते हो ? काम तो बना समझो।"

"ऐसी कई बार आशा ने पिशाच दीपिका दिखाई है।"

"तब हम साथ नहीं थे।" कहता हुआ दूसरा थानेदार खिलखिला पड़ा। अन्य तीनों पुलिस वालों ने भी उसी प्रकार हंस कर अनुमोदन किया।

कलकत्ते के केले बम्बई वालों से स्वाद में अधिक मीठे और तुलना में छोटे होते हैं। इसी कारण कलकत्ते में छोटे केलों के बाग थे और अब भी उन बागों के उठ जाने पर उस स्थान का नाम छोटी केला बागान कहलाता है। यहां पर एक मारवाड़ी ने बड़ी अच्छी कोठी बना रखी है जिसमें एक अच्छा बाग भी है। इसके ऊपर के खंड में मिथिला के एक पंडित रहते थे। उसके द्वार को उस नौकर ने बारम्बार खटखटाया किन्तु सब निरुत्तर रहा । अन्त में घुमावदार सीढ़ियों से वे पीछे की ओर से उस गृह में घुसे । घुसते ही वहां समला उर्फ बनारसी राम को उपस्थित पाया। किन्तु वह स्पष्ट नट गया।

"वाह । वाह । कौन समला। कैसा समला। कहां समला।" यही पंडित जी न भी अनुमोदन किया।

"यह तो विचारा कष्टों का मारा दरभंगा का रहने वाला है। राम ! राम ! आप क्यों इसे और कष्ट देते हैं ?"

"हूं। यह तो अभी पता लग जायेगा कि इसने हमें परेशान किया है कि हम इसे परेशान करते हैं" उपाध्याय जी बोले ।

"राम । राम। यह कैसे परेशान आपको कर सकता है। छै मास से तो यह मेरे पास रहता है।"

"अबे छै मास से रहने वाले के ताऊ । यह चन्दन छापे सब कुकर्म झूठ कमाने को लगा रखे हैं। क्या खुद को बड़े घर जाने की सलाह है ?" उपाध्याय जी ने कड़क कर कहा।

पंडित सम्भ्रमित हुआ, समला का रंग उड़ा। तभी उपाध्याय जी ने समला के कुर्ते के गले से पकड़ लिया। समला समझ गया कि अब पुलिस के चंगुल से निकलना कठिन ही नहीं असम्भव है। उसने हांफते हुए अपराध से स्वीकृति में ग्रीवा हिलाई।

"बोल । तूने सरकारी रिवाल्वर कहां छिपा रखी है।"

"हुजूर—गला छोड़ो, तो बताऊं।"

उपाध्याय ने गला तो छोड़ दिया किन्तु सिपाहियों ने तुरन्त हाथ में मोटे मोटे लोहे के कड़े पहना दिये । तब समला ने बताया कि उसे रिवाल्वर लेने की कोई इच्छा नहीं थी। प्रत्युत जब उसने रिवाल्वर को थैले में देखा तो उसे गृह लौटाना असम्भव पाकर पास के खजूर के वृक्ष में छिपा दी। बिहार शरीफ के थाने में फोन करने पर पता लगा कि वस्तुतः उसने रिवाल्वर वहीं छिपा रखी थी और वहाँ से प्राप्त हो गयी है :

सिपाहियों ने डराते हुए हथकड़ी लेकर पांडेत की ओर पग बढ़ाये। अब पांडेत जी महाराज बच्चों की भांति आठ आठ आंसू बहा रहे थे और गिड़गिड़ा कर कह रहे थे—

"साहब-क्षमा ! हुजूर-क्षमा ! महाराज क्षमा ! मैं आपके पांव पकड़ता हूं।"

क्या आपने अपना वेतन अर्जित किया है ?

एक सिपाही को जिसने दो सप्ताह का अवकाश मांगा अपने कम्पनी कमाण्डर के सम्मुख प्रस्तुत किया गया।

कं० कमां०—वर्ष में कितने दिन होते हैं ? सिपाही—365 दिन हुजूर।

कं० कमां०—तुम नित्यप्रति कितने घंटे काम करते हो ?

सिपाही—8 घंटे जनाब।

कं० कमां०—सो तुम वर्ष के एक तिहाई। भाग में अर्थात 122 दिन काम करते रहे।

सिपाही—जी हुजूर।

कं० कमां०—वर्ष में कितने सप्ताह होते हैं ?

सिपाही—52 सप्ताह हुजूर।

कं० कमां०—सो तुम 52 रविवार की छुट्टी मनाते हो।

सिपाही—जी हुजूर।

कं० कमां०—तुम प्रत्येक मास दूसरे शनिवार की छुट्टी पाते हो और प्रतिदिन एक घण्टे का लंच (अवकाश) मनाते हो इसका अर्थ यह हुआ कि तुम एक वर्ष में 26 दिन की और छुट्टी उड़ाते हो।

सिपाही—स्वीकार करता हूं हुजूर।

कं० कमां०—इसके अतिरिक्त तुम 15 दिन दिवाली होली इत्यादि की राजपत्रित छुट्टियां पाते हो और 15 दिन आकस्मिक अवकाश। अच्छा गिनो कितने दिन हुए।

सिपाही—52, 26, 15, 15 कुल हुए 108। और इन्हें घटाया 122 दिन से तो बचे केवल 14 दिन।

कं० कमां०—इसके अर्थ हुए कि तुम पूरे वर्ष में एक दिन काम करना नहीं चाहते और सारा वेतन पेंशन के रूप में लेना चाहते हो चलो—नौ-दो ग्यारह हो।

सिपाही यही अचम्भा करता चला गया कि त्रुटि कहां हुई ?

प्रस्तुत कर्ता


कुलवीर सिंह वेदी, डी०एस०पी०

12 बटालियन


12वें सीधे नियुक्त राज-पत्रित अधिकारियों

के कोसे की दीक्षान्त परेड

एक रंगारंगी तथा प्रभावशाली समारोह




राज्यपाल डा० जोगिन्दर सिंह का परेड का निरीक्षण



डी वाई एस पी नरेन्दर भारद्वाज को सम्मान खड्ग की भेंट



डी वाई एस पी हरप्रीत सिंह ग्रेवाल को बहिरंग विषयों में सर्वोपरि प्रशिक्षणार्थी–हेतु पदक



विशिष्ट आगन्तुक (बायें से दायें)–लोहारू नवाब श्री अमीनुद्दीन अहमद, मन्दसौर के कलक्टर श्री जी०एन० तिवारी, डाक्टर जोगिन्दर सिंह, महानिदेशक श्री बी०बी० मिश्र एवं श्रीमती ए० एन० डेविड



अन्तरंग विषयों में सर्वोपरि प्रशिक्षणार्थी डी वाई एस पी महिन्दर प्रताप को पदक

लेख—

भारत की अनुसूचित आदिम जातियों का जीवन

लेखक : श्री निगमेन्द्रसेन स्कसेना, आई० पो०

भारत की अनुसूचित आदिम जातियों की समस्या आज भी स्वतन्त्रता की रजत जयन्ती के उपरान्त राजनैतिक पारपथ पर मुख फाड़े खड़ी हुयी है। वैसे तो देश के प्रत्येक चौदह नागरिकों में से एक अनुसूचित आदिम जातियों का सदस्य है किन्तु वह देश के जन-जीवन से कोसों दूर पड़ा है, अपढ़ है, गंवार है । उसका रहन-सहन, खानपान, रीतिरिवाज सब बाबा आदम के समय के हैं और उसका बाल बाल ऋण में

फंसा हुआ है।

इन्हीं सब विपदाओं और विभीषिकाओं को ध्यान में रखते हुए भारत के संविधान में ऐसी व्यवस्था की गई है कि इन जातियों का शोषण सर्व प्रकार से समाप्त हो, उनको उचित शिक्षा का प्रबंध हो, आर्थिक विकास हो, सेवाओं में उनका आरक्षण हो तथा संसद में और विधान मण्डलों में उनका विशेष प्रतिनिधित्व हो । धर्म, जाति वर्ण, लिंग अथवा जन्म-स्थान आदि के आधार पर उनके प्रति कोई दुर्व्यवहार नहीं हो; वरंच उनके लिये नाना प्रकार के कल्याणप्रद पग उठाये जायें।

प्रारंभ में मनुष्यों में यह धारणा थी कि ये वन जातियां भारत के मूल निवासी हैं। इसीलिए 'आदिवासी' 'आदिम जाति' आदि के नामों से इन्हें पुकारा जाता है। किन्तु डा० बी०एस० गुहा ने सिद्ध किया है कि भारत में छः जातियों ने बाहर से पदार्पण किया। इनमें से तीन अनुसूचित वन जातियां अब भी पायी जाती हैं।

भारत के सर्वादि निवासी निग्रोटो थे जो अफ्रीका से अरब, ईरान तथा अफगानिस्तान द्वारा भारत आये। यद्यपि अब भारत के भूखण्ड में ये लुप्त प्राय हैं परन्तु अण्डमान द्वीपों की जन जातियों में ये अब भी पाये जाते हैं तथा द्रविण बोलियां बोलते हैं।

तदुपरान्त प्राटो—आस्ट्रालिपाइड आये जो अन्य जातियों से घुल मिल गये। कोल मुण्डा आदि जातियां उनकी ही वंशज हैं। ये हिमालय की तलहटी, दक्षिणी पठार तथा मध्यवर्ती पर्वतमालाओं पर पाये जाते हैं। इनकी बोली मुण्ड है जिनमें आर्य भाषा का भी पुट है।

मंगोली तिब्बत, बर्मा इत्यादि से बहुत समय के पश्चात् आये तथा भारत के पूर्वोत्तर भाग में बस गये। इनकी बोलियां तिब्बती-चीनी जाति की हैं जिनमें असमी प्रभृति का भी पुट रहता है।

छप्पन करोड़ की जनसंख्या में आदिम जातियों की संख्या लगभग चार करोड़ है। सबसे अधिक मध्य प्रदेश, उड़ीसा और बिहार में पायी जाती हैं जो दो करोड़ के लगभग हैं। उसके पश्चात् गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान आते हैं जहां एक करोड़ के लगभग ये बन-जातियां बसती हैं। फिर असम, पश्चिमी बंगाल नागालैंड, त्रिपुरा, नेफा, मनीपुर में ये लगभग सत्तर लाख हैं। दक्षिण वन जातियां मुख्यतः आंध्र में बोस लाख के लगभग पाई जाती हैं।

अनेक युगों के संसर्ग ने इन वन जातियों को स्वभावतः हिन्दुओं की वर्णव्यवस्था ने प्रभावित किया और उन्होंने उसमें एक निम्न श्रेणी प्राप्त कर ली।

स्वतन्त्रता के पश्चात् इन बन-जातियों के जीवन स्तर को उच्च बनाने तथा उनमें और अन्य नागरिकों की विषमताओं की घाटी पाटने की निरन्तर चेष्टा की जाती रही है।

लोक सभा तथा विधान सभाओं में इसी कारण अनुसूचित आदिम जातियों का प्रतिनिधित्व आरक्षित किया गया है कि वे भी अन्य जातियों के स्तर तक आ जायें । यद्यपि यह आरक्षण 25 जनवरी 1970 को समाप्त होने वाला था; किन्तु इसको दस वर्ष और बढ़ा दिया गया है । इस आरक्षण के अतिरिक्त ये बन-जातियां साधारण निर्वाचन क्षेत्रों से भी खड़ी हो सकती हैं अपितु लोक सभा में चार और विधान सभाओं में दो इस

प्रकार स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। इनके अतिरिक्त, लोक सभा में इनके प्रतिनिधियों की संख्या 37 है और विभिन्न विधान सभाओं में 262 । राज्य सभा तथा विधान परिषदों में ऐसी विशिष्टता का इनके हेतु कोई स्थान नहीं है।

सरकारी सेवा में अनुसूचित आदिम जातियों का अनुपात 7-1/2% निर्धारित किया गया है। इनके लिये प्रवेश प्राय की अवधि में 5 वर्ष की छूट है। अर्हताओं में अभाव होने पर भी क्या परीक्षा अथवा क्या अन्य प्रकार से नियुक्ति में उदारता बरती जा रही है । अनुसूचित जनों का इन्टरव्यू अलग दिन होता है और वह भी अलग । पदोन्नति के समय भी इन छूटों का ध्यान रखा जाता है। उनसे फीस चौथाई ली जाती है। साथ में परीक्षा पूर्व शिक्षा, सेवारत शिक्षा इत्यादि का प्रबंध किया जाता है। एतदर्थ प्रत्येक कार्यालय में सम्पर्क अधिकारी और उसके नीचे विशेष एकक की व्यवस्था है ।

साथ ही, गैर सरकारी दफ्तरों, निगमों एवं नगर पालिकाओं में अपितु विश्वविद्यालयों के लिपिकों में भी इस छूट का सुझाव है।

अनुसूचित बनजातियां जिनकी स्वतंत्रता से पूर्व उपेक्षा की गयी थी अब सरकार से वे निःशुल्क शिक्षा, वजीफे, मुफ्त पुस्तकें, लेखन सामग्री पाती हैं। निःशुल्क छात्रावासों तथा आश्रम-विद्यालयों का भी प्रबन्ध है जहां बढ़ई, दर्जी, जुलाहे तथा लोहार आदि की शिल्प शिक्षाओं की व्यवस्था होती है ।

केन्द्रीय स्कूलों, मेडीकल कालेजों और इन्जीनियरिंग कालेजों में भी छूटों तथा आरक्षणों का सुझाव है और ऐसा ही सुझाव वजीफे प्रदान करने में भी है।

सबसे आदिम वर्ग के जन शिकारी, मछिहारे तथा संग्रहकर्ता हैं जो अण्डमान द्वीपों में रहते हैं। ये सागर तट पर वास करते हैं जहां मछली पकड़नी सुविधाजनक है तथा वन निकट हैं जहां आखेट किया जा सकता है। मधु इनका प्रिय भोजन है लवण का प्रयोग नहीं होता । प्रायः अग्नि प्रज्वलित करना भी कुछ नहीं जानते । ये अन्य मनुष्यों से मिलने से भय खाते हैं। सरकार ने इनका जीवन-स्तर ऊंचा उठाने को उन्हें कनस्तर, बाल्टियां तथा अन्य पात्र दिये हैं।

पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा तथा मीजोराम में द्वितीय वर्ग के मनुष्य 'झूम' प्रकार की खेती करते हैं। इसमें एक दो ऋतु के उपरान्त भूमि को 3–4 ऋतुओं के लिए परती छोड़ देते हैं। इससे ये बेरोज़गार हो जाते हैं तथा भूमि बेकार पड़ी रहती है इस बेरोज़गारी में ये कन्दमूल फल वनों से इकट्ठे करके जीवन निर्वाह करते हैं।

तृतीय वर्ग में बनों का काटना, वृक्षों का जलाना, बीज रोपण, मेढ़ बांधना, खर पतवार निकालना तथा फसल काटना इत्यादि सब कुछ कृषि-कार्य में आता है।

अरुणाचल आदि कई प्रदेशों में सीढ़ीदार कृषि भी की जाती है ।

कतिपय आदिम जातियां हिन्दू जाति के निम्न श्रेणी के शिल्पियों से सम्पर्क में आने से शिल्पी हो गये हैं जो टोकरी, चटाई, पहिये, हल बनाने, बुनने-कातने इत्यादि शिल्पों से जीवन यापन करते हैं। अनेकों संथाल, खोंड तथा गोंड असम में चाय के बागों में श्रम करने हेतु चले गये हैं।

अन्तिम वर्ग घुमन्तू बन जातियों का है जो ऋतु के अनुसार अपने स्थानों को

पारेवातेत करते रहते हैं। ये आखेट, भेड़ बकरी पालन आदि करते हैं तथा लोहार एवं अन्य धातु शिल्पी भी होते हैं । इनमें कुछ अपराधों की ओर भी प्रवृत्त हो गये थे और अपराधी कबीले कहलाने लगे थे। किन्तु स्वाधीन भारत में अब ऐसी कोई बात नहीं है।

आदिम जातियों के सामाजिक क्षेत्र में अनेकों रूप हैं। कुछ जातियों में बहु-पत्नीक प्रथा है तथा हिमाचल के अंचल में एवं तमिलनाडु के टोंडो में बहुपति प्रथा भी प्रचलित है । कहीं मातृ सत्तात्मक समाज है तो कहीं पित्रतंत्र की परम्परा है ।

अनेकों बन जातियों में शयन शालायें होती हैं जिन्हें घटुल, मोरोंग, धमकुरिया प्रभृति संज्ञा से स्थान स्थान पर पुकारा जाता है। ये युवाजनों के मनोरंजन स्थल तथा आगन्तुक गृह का कार्य करती हैं।

यहां संगीत तथा अन्य कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है, तथा अनुशासन एवं सहयोग की भावनाओं का उद्रेक होता है। लोक कथाओं से, पहेली बुझाने से तथा धार्मिक अनुष्ठानों द्वारा सामाजिक शिक्षा का प्रचार भी यहां होता है।

कई परिवारों का एक वर्ग होता है। सब सदस्य प्रत्येक वर्ग का नाम धारण करते हैं और अपना एक पूर्वज मानते हैं। शांतिकाल में वृद्ध वर्ग नेता माने जाते हैं किन्तु युद्ध में सर्वाधिक वीर ही वर्ग की बागडोर संभालता है।

इन जातियों में अधिकतर वधु का मूल्य देकर विवाह होता है तथा अन्य प्रकार के गांधर्व, राक्षस, पैशाचिक विवाहों की भी कहीं कहीं प्रथा है।

इनकी कलात्मक अभिरुचि इनकी वेशभूषा अलंकार-योग रूप-रचना से जानी जा सकती है। इनकी बोलियां सैकड़ों हैं जिन्हें ये मातृभाषा मानते हैं।

इनकी आस्था है कि प्रत्येक जड़ एवं चेतन में आत्मा है। साथ ही इनमें जादू टोनों की भी प्रथा है और अपने अपने कुल-देवता हैं। धर्म परिवर्तन कराने में विश्वास नहीं रखते हुए भी हिन्दू धर्म की इन बन जातियों के जीवन पर अमिट छाप है। जन्म से मृत्यु पर्यन्त सभी क्रिया काण्डों में हिन्दू प्रथायें प्रचलित हैं।

कतिपय वन जातियों ने बौद्ध धर्म ग्रहण कर रखा है और कुछ एक ने इस्लाम । परन्तु पिछली शताब्दि में ईसाई पादरियों का धर्म परिवर्तनचक्र अतीव तीव्रता से चला। उन्होंने शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अत्यंत प्रशंसनीय कार्य किया। जिसका परिणाम यह है कि उनकी सद्भावना पर आश्वस्त होकर आज नागालैंड और मेघालय ईसाई प्रधान राज्य हैं।

सरकार ने अनेकों कल्याणकारी कार्य किये हैं। भूमि सुधार अत्यंत मूर्धन्य है। विशेष सिंचन सुविधायें, हल, बैल, कृषि औजार, उत्तम बीजों का वितरण आदि कल्याणप्रद व्यवस्था कितने ही राज्यों में बन जातियों के लिये विशेष रूप से की गई है। 'झूम' प्रथा को समाप्त कर सीढ़ी दार कृषि, भूमिउद्धार, वनवर्धन में भी प्रगति है । वन जातियां साहूकार से बुरी, भांति ग्रस्त तथा त्रस्त हैं। वह इन्हें ऊंचे भाव के ब्याज पर पूंजी देता है और सदा को उनके तथा उनकी सन्तानों को क्रीत दास बना लेता है । यद्यपि सरकार ने सरकारी समितियां खोली हैं तथापि वहां असुविधा तथा देर के अतिरिक्त भ्रष्टाचार हैं जिससे ये जातियां साहूकार को ही अधिक चाहती हैं।

इन सभी राज्यों में जहां आदिम जातियों की पर्याप्त संख्या है सलाहकार समिति

तथा परामर्श मण्डल की स्थापना की गई है। असम राज्य में वन जातियों के विकास के हित में एक मंत्री नियुक्त है। इसके अतिरिक्त बिहार मेघालय आदि राज्यों में काबीना स्तर के मंत्री नियुक्त हैं। साथ ही अनुसूचित जातियों तथा वनजातियों के लिये एक आयुक्त सरकार ने एतद्विषयक सर्वेक्षण तथा समीक्षा को नियुक्त किया है।

भारत के पश्चिमोत्तर में, पूर्व में तथा पूर्वोत्तर में अनेकों बनजातियों का निवास है। हमारे शत्रु चीन तथा पाकिस्तान ने अनेकों प्रलोभनों तथा प्रशिक्षणों से हमारे विरुद्ध उनको उकसाना चाहा । कुछ अबोध उनके कहने में भी आ गये तथा त्रिपुरा मणिपुर, मिजोराम तथा नागालैंड में शत्रुओं की शह तथा सहायता पर सक्रिय भी रहे । परन्तु अधिकांश देशभक्त हैं जिसका ज्वलन्त प्रमाण यह है कि जब 1962 में चीन का भारत पर आक्रमण हुआ तब अनेकों कष्ट एवं अत्याचार पाने वाली वन जातियां राष्ट्रीयता के एक सूत्र में बंधी रहीं।

अब तो वन जातियां सीमा क्षेत्रों में सेना के निकट सम्पर्क में आ रही हैं। वे नित्यप्रति सैन्य दलों का गमनागमन नये मार्गों का निर्माण तथा वायुयानों की उड़ानें देखती हैं। उनके युवक क्या सेना क्या केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, सीमा सुरक्षा दल तथा तिब्बत सीमा पुलिस सैन्य तुल्य संगठनों में सम्मिलित हो रहे हैं। आज विरोधी तत्वों का दुर्ग धुरिसात सा हो गया है।

आदिम जातियां भारत के जन जीवन से शीघ्रता पूर्वक तादात्म्य स्थापित करती जा रही हैं। इन बन जातियों की समृद्धि एवं समन्वय के लिए देश स्वयं ही निज साधनों को जुटाने में कटिबद्ध है। अरुणाचल तथा मेघालय जैसे राज्यों में वन जातियों की प्रगति श्लाघनीय है। आज सभी आदिम जातियां स्वयं को भारतीय कहलाने में गर्व करती हैं।

संक्रमण



सर्व श्री बी० बी० मिश्र, गोविन्द नारायण तथा ए० जयरामन

बहिर्गामी गृह सचिव श्री गोविन्द नारायण को प्रस्थान भोज

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल द्वारा आयोजित प्रस्थान भोज में बाहेगामी गृह सचिव श्री गोविन्द नारायण ने इस दल की प्रशंसा करते हुये कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल राज्यों में इतना लोक प्रिय रहा है कि वह बहुधा तात्कालिक सूचना पर बुलाया जाता है और पहुंच जाने पर वे राज्य उसे मीघ्र छोड़ने को तैयार नहीं होते।



श्री श्रवन टण्डन



श्री जे० एफ० रिवीरो

महानिरीक्षक, सैक्टर-1 अपने मूल राज्य उत्तर प्रदेश को लौट रहे हैं। आपने सितम्बर सन् 1969 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस में उपनिदेशक (प्रशासन) का पद-भार संभाला था उत्तम कार्यभार के फलस्वरूप इसी दल में आपकी जुलाई सन् 1971 में महानिरीक्षक के रूप में पदोन्नति हुई। शीघ्र ही उसके पश्चात् स्वतंत्रता दिवस 1972 के शुभअवसर पर भारत सरकार ने आपकी विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में आपको

राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया।

इन्होंने डी०पाई०जी० (उप महानिरीक्षक) हैदराबाद का कार्यभार सम्भाला है, भारतीय पुलिस सेवा में एक सहायक पुलिस सुपरिन्टेन्डेंट के रूप में 5 अक्तूबर 1953 को नियुक्त हुए थे। आप बम्बई पुलिस सम्बर्ग के हैं। आपने कोल्हापुर नासिक और जलगाव में सहायक पुलिस सुपरिन्टेडेन्ट के पद पर काम किया है। 1958 में आपकी पूलिस सूपरिन्टेंडेंट के पद पर उन्नति हो गई और तब से आपने परमानी, नानदेद, शोलापुर, पूना में सेवा की । पूना और बम्बई में आप पुलिस डिप्टी कमिश्नर भी रहे।

क्रीड़ा क्षेत्रे



तैराकी में अन्तर रेंज विजेता गण-उपमहानिरीक्षक अजमेर के साथ विजयी टीम

अन्तर रेन्ज तैराकी प्रतियोगिता

दिनांक 14 से 19 मई 1973 को मेयो कालेज के सतंरण तडाग (स्वीमिंग पूल) में आयोजित अन्तर रेंज तैराकी प्रतियोगिता 1973 में (अजमेर रेंज के) हैड कान्स्टेबिल वी०वी० पुनप्पन सर्वश्रेष्ठ तैराक घोषित हुए। नीमच रेंज ने चैम्पियन ट्राफी जीता और अजमेर रेंज ने दूसरा स्थान पाया । यह प्रतियोगिता कोहिमा रेंज ने संयोजित की थी तथा अजमेर रेंज के उपमहानिरीक्षक महोदय श्री ए० एम० शाह ने इसका समारम्भ किया था।

मेयो कालेज टीम और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की प्रतियोगिता के अन्त में पानी पोलो मैच का प्रदर्शन हुआ । श्री मती ए० एम० शाह ने पारितोषिक वितरण किये । हमारी रेन्जों के प्राप्त अंक इस प्रकार हैं—

नीमच —89

अजमेर —81

हैदराबाद —45

कोहिमा —36

श्रीनगर —21

सिगनल —20

गोहाटी —08

पूना —01

घटनानुसार परिणाम इस प्रकार रहे:

200 मीटर को फ्री स्टाइल

सब इन्सपेक्टर टी०बी० नायर (हैदराबाद) I, हैड कान्स्टेबिल बी०वी० पुनप्पन (अजमेर) II, और कान्स्टेबिल एन० आर० पिल्ले III.

200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक

कान्स्टेबिल आर०एम० सिंह (सिगनल) I, कान्स्टेबिल के ० जी० जोसफ (दिल्ली) II, और एच० बी० भास्कर (हैदराबाद) III.

200 मीटर बटर फ्लाई

कान्स्टेबिल रणजीत सिंह (अजमेर) I, हैडकांस्टेबिल जे० सीजर (कोहिमा) II और सब इन्सपेक्टर भीकाजी निकम (नीमच) III.

4X100 मीटर व्यक्तिगत प्रयास

कान्स्टेबल आर०एम० सिंह (सिगनल) I, लांसनायक डी० क्लैमेण्ट (श्रीनगर) II, कान्स्टेबिल एम०पार० पिल्ले (नीमच) III.

400 मीटर फ्री स्टाइल

हैडकांस्टेबिल वी०वी० पुनप्पन (अजमेर) I, सब इन्सपेक्टर टी०वी० नायर (हैदराबाद) II, और लांस नायक वी० एस० नायर, (नीमच) III.

100 मोटर बटर फ्लाई

कास्टेबिल रणजीत सिंह (अजमेर) I, हैडकान्स्टेबिल जे० सीजर (नीमच) II और लांस नायक डी० क्लेमेण्ट (श्रीनगर) III.

200 मोटर बैक स्ट्रोक

लांस नायक वी०एम०ए० नायर (अजमेर) I, नायक हरी प्रोम (दिल्ली) II और लांस नायक पी० पी० नायर (नीमच) III.

4X200 मीटर फ्री स्टाइल रिले

नीमच रेन्ज टीम I, हैदराबाद रेन्ज टीम II और अजमेर रेन्ज टीम III.

1500 फ्री स्टाइल

हैड कान्स्टेबिल वी०वी० पुनप्पन (अजमेर) I, सब इन्सपेक्टर टी०वी० नायर (हैदराबाद) II और लांसनायक वी०एस० नायर (नीमच) III.

4X100 मीटर फ्री स्टाइल रिले

नीमच रेन्ज टीम I, हैदराबाद रेन्ज टीम II और दिल्ली रेन्ज टीम III.

100 मीटर फ्रो स्टाइल

हैडकान्स्टेबिल वी०वी० पुनप्पन (अजमेर) I, कान्स्टेबिल एन०आर० पिल्ले (नीमच) II, और लांस नायक बी०एस० नायर (नीमच) III.

100 मीटर बैक स्ट्रोक

सबइन्सपेक्टर सी० के० विश्वनाथन (नीमच) I, लांसनायक वी० एम० ए० नायर (अजमेर) II और लांस नायक पी० पी० नायर (नीमच) III.

100 मीटर बेस्ट स्ट्रोक

लांस नायक डी० क्लैमेण्ट (श्रीनगर) I, कांस्टेबिल के जे० जोसेफ (दिल्ली) II और कांस्टेबिल आर० एम० सिंह (सिगनल) III.

4X100 मीटर मेडले रिले

अजमेर रेन्ज टीम I, नीमच रेन्ज टीम II और कोहिमा रेन्ज टीम III.

स्प्रिंग बोर्ड डाइविंग

कानस्टेबिल कपूर सिंह (गोहाटी) I, नायक हंसराज (अजमेर) II, और सब इन्सपेक्टर जगदीश राम (गोहाटी) III.

हाइ बोर्ड डाइविंग

कान्स्टेबिल कपूर सिंह (गोहाटी) I, कान्स्टेबिल एम० एस० चिकोलकर (पूना) II और नायक हंसराज (अजमेर) III.

नीमच ड्यूटी प्रतियोगिता

दिनांक 2 से 4 मई को नीमच में हुई नीमच रेन्ज अन्तर बटालियन प्रतियोगिता में 49वीं बटालियन के जमादार किशन सिंह सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज घोषित हुआ। श्री के. एल. दुबे ने इसका समारंभ किया तथा श्री जे. के. बालानी ने सवंरण। कुमारी सुमित्रा शुभा महिला लक्ष्य वेधन में प्रथम रहीं तथा श्रीमती मालती सिन्हा द्वितीय। अफसर लक्ष्य वेधन में श्री के० एल० दुबे प्रथम रहे।

लक्ष्य वेधन 1 बटालियन (822 अंक) प्रथम 49 बटालियन (787 अंक) द्वितीय 53 बटालियन (682 अंक) तृतीय।

मोटर परिवहन—49 बटालियन, प्रथम, 51 बटालियन, द्वितीय, 1 बटालियन तृतीय।

पुलिस और फौजी जवान में अन्तर

"पुलिस जवान वे फौजी हैं जो अकेले सेवा भार उठाते हैं और फौजी वे पुलिस जवान हैं जो मिलकर सेवा भार उठाते हैं।"


—हरबर्ट स्पेन्सर



श्रीनगर अन्तर बटालियन बास्केट बाल के 22 बटालियन के विजेता

अन्तर बटालियन बास्केटबाल में 22वीं बटालियन की ट्राफी-विजय

दिनांक 8 से 14 जून 1973 तक श्रीनगर रेन्ज अन्तरबटालियन बास्केटबाल टूर्नामेण्ट श्री नगर में हुआ। 22 वीं बटालियन विजेता घोषित हुई। सेवा की अपेक्षाओं हेतु श्री सुरिन्दर नाथ जम्मू तथा काश्मीर के महानिरीक्षक की अनुपस्थिति में, श्री सुविन्दर सिंह साहिनी उप-महानिरीक्षक श्रीनगर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने संवरण समारोह की अध्यक्षता ग्रहण की। श्रीमती सुरेन्दर नाथ ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। 16वीं बटालियन के कान्स्टेबिल पी० के० नायर को सर्वोत्तम खिलाड़ी माना गया तथा उसको विशेष पारितोषिक दिया गया। सब-इन्सपेक्टर अजीत सिंह को एक सांत्वना-पारितोषिक प्रदान किया गया।



श्रीमती सारेन्दर नाथ द्वारा 16 बटालियन के सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ी फास्टोवेल पी० के० नायर को ट्राफी भेंट

बास्केट बाल प्रतियोगिता

पूना रेन्ज की शानदार विजय



वीर बांकरे-प्रदर्शन के पश्चात् के० प्र० कालेज (I) निरस्त्र युद्ध प्रशिक्षत तथा कर्मचारियों के साथ महानिरीक्षक II

माडर्न पास्ट एसोशिएशन को पराजित कर पूना रेंज बास्केटबाल टीम ने विन्सेन्ट ओल्ड बायज बास्केट बाल एसोसियेशन की चैम्पियनशिप प्राप्त कर ली है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने 68 अंकों के विरुद्ध 44 अंक पाये।

श्री के० एस० चीमा ने सबसे अधिक 32 अंक पाये और छोटे पासो में कमाल कर दिखाया। गुरूचरन सिंह और चन्द्रन ने भी उत्तम खेल दिखाया।

श्री बी० के० त्रिपाठी, डी० आई० जी० ने समारोह की अध्यक्षता की और पुरस्कार वितरण किया।

पुलिस आचरण के सुनहरे सिद्धान्त

1. कानूनी दण्ड की कठोरता तथा सैनिक दल के दमन के विकल्पों स्वरुप में पुलिस को अराजकता और अपराध की रोकथाम करना है।
2. सदा यह मानना है कि अपने कार्य तथा सेवाभारों को पूरा करने के लिए पुलिस की शक्ति इस बात पर निर्भर है कि वह अपने अस्तित्व, कार्यों तथा आचरणों के लिए जनता की स्वीकृति प्राप्त करे और जनता का आदर पाने तथा उसे बनाये रखने की क्षमता रक्खे।

3. सदा यह जानना है कि जनता का आदर एवं स्वीकृति पाने तथा बनाये रखने के अर्थ है कि कानूनों को लागू कराने में जनता का भरपूर सहयोग पावे।
4. सदा यह जानना है कि जितना जनता का सहयोग प्राप्त होता है उतना ही शारीरिक बल तथा जबरदस्ती करने की आवश्यकता कम हो जाती है।
5. जनता का अनुग्रह पाना तथा बनाये रखना होगा—(I) लोकधारणा को बुरीभांति उकसा के नहीं वरंच सदैव कानून की निष्पक्ष सेवा द्वारा, नीति की नितांत स्वच्छन्दता से और व्यक्तिगत कानूनों के सार के न्याय या अन्याय की बिना चिन्ता करके (II) बिना आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का ध्यान देते हुए जनता के सब सदस्यों की व्यक्तिगत सेवा तथा प्रेम का हाथ बड़ा करके (III) विनम्रता और मैत्रीपूर्ण मनोविनोद के शीघ्र अभ्यास द्वारा और (IV) जीवन बचाने और सुरक्षित रखने के लिये तुरन्त आत्म बलिदान द्वारा।
6. शारीरिक बल का केवल उसी समय प्रयोग करना है जिस समय अनुनय, परामर्श एवं चेतावनी का प्रयोग जनता के सहयोग पाने में उतना कम लगे जितना कानून के लागू करने या व्यवस्था को फिर से लाने में आवश्यक है और शारीरिक बल को उतना कम से कम समय प्रयोग में लाना होगा जितना एक पुलिस - लक्ष्य को पाने में किसी एक अवसर पर अनिवार्य हो।
7. जनता से सदैव इस प्रकार का संबंध बनाये रखना है जिससे वह इस ऐतिहासिक परम्परा को सच्चाई में करके दर्शा दें कि पुलिस जनता है और जनता पुलिस है। आखिर पुलिस भी तो जनता के सदस्य हैं जिन्हें समाज के अस्तित्व तथा भलाई के लिए जो भी कर्तव्य प्रत्येक नागरिक को जरूरी हैं उनको सदा ध्यान रखने के लिए वेतन मिलता है।
8. सदेव यह जानना है कि पुलिस को आवश्यक है (I) कि वह शासकीय कार्यों का कठोर दृढ़ता से पालन करे (II) कि चाहे कोई व्यक्ति हो या राज्य उससे प्रतिशोध लेने में राज्य न्याय तंत्र की शक्तियां हड़प करने से बची रहे और (III) कि सत्तापूर्वक दोष निर्णय करने से तथा दोषी को ऐसे प्रकार से दण्ड देने से दूर रहे।
9. सदैव यह मानना कि पुलिस की क्षमता का मापदण्ड अपराध एवं अव्यवस्थता की अनुपस्थिति है ना कि उससे निबटने के लिए पुलिस कार्यवाई का प्रत्यक्ष प्रमाण।

स्वास्थ्य संदेश

मदिरा पान पर प्रकाश

लेखक—डा०एस० के० सेठ

प्रश्न—मादेरा आंतेपानता क्या है ?

उत्तर—यह रोग एक पुराना रोग है और ह्विस्की, बीयर आदि नाना प्रकार की शराब का बारम्बार पान करने से मनुष्य के आचरण में इस मात्रातक परिवर्तन ला देता है कि वह स्वास्थ्य बिगाड़ बैठता है, व्यक्तिगत संबंधों को दूषित करता है और अन्त में निजी माली हालत पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

प्रश्न—वह समाज पर कैसे दुष्प्रभाव डालता है ?

उत्तर—यह उत्पादन में कमी, दुर्घटनायें, अपराध, मानसिक और शारीरिक रोग तथा वैवाहिक जीवन में फूट उत्पन्न करता है।

प्रश्न—क्या यह सत्य है कि मदिरा में कुछ विटामिम होते हैं ?

उत्तर—नहीं। विटामिन 'बी' का कुछ अंश है भी पर वह इतना कम कि विटामिनों के अभाव में कोई पूर्ति नहीं कर पाता है।

प्रश्न—शरीर पर मदिरा का क्या प्रभाव पड़ता है।

उत्तर—इसका बहुत समय तक प्रयोग हृदय तथा शरीर की पेशियों को दुर्बल कर देता है। इससे अत्यंत पसीना आता है जिसके कारण शरीर की गर्मी घट जाती है और शरीर का तापक्रम गिर जाता है। मदिरा का सेवन दस से पन्द्रह प्रतिशत विकट उदर रोग "गैस्ट्रीटिश" उत्पन्न कर देता है।

यह मस्तिष्क में खिन्नता लाता है जिससे सूरत शक्ल में, वाक्शक्ति में, नेत्र गति तथा अन्य सुन्दर गतिविधियों में दोष उत्पन्न होता है। यह मस्तिष्क की प्रक्रिया पर भी प्रशिक्षण-प्रक्रम में हस्तक्षेप करके बुरा प्रभाव डालता है जिससे वह धीमी और कमजोर पड़ जाती है।

मनुष्य विवेक खो बैठता है और अच्छे बुरे की तमीज, सोचविचार की शक्ति भुला बैठता है। इससे यकृत खराब हो जाता है और वह सिरासिस (सूत्रण) रोग में परिवर्तित हो जाता है जो एक स्थायी विकार है।

इससे पैन्क्रियेटेटिस (अग्नाशयिक) का भयंकर रोग उत्पन्न होता है जिससे उदर में तीव्र वेदना, वमनेच्छा और उल्टियां लग जाती है।

प्रश्न—आप किस भांति शराबी का उपचार करते हैं।

उत्तर—अनेकों औषधियों द्वारा शराब से उत्पन्न चिकित्सा संबंधी जटिलताओं को दूर करने के अतिरिक्त, रोगी को इस बात से प्रभावित करना परमावश्यक है कि ये सब विकार मदिरा की अधिक मात्रा में पीने के कारण है। इसको इस बात का विश्वास कराना होगा कि मद्यपान का पूर्ण निषेध ही उसको रोगों से मुक्ति दिला सकता है। उसके डाक्टर तथा शुभचिन्तकों को चाहिए कि वे उसे आश्वस्त करें कि वह स्वयं ही अपने दुःखों का उत्तरदायी है और जब तक कि वह मदिरापान बिल्कुल नहीं छोड़ता उसकी कोई चिकित्सा नहीं हो सकती।

एक औषधि जो साधारणतः इसकी चिकित्सा में प्रयुक्त होती है वह है "एण्टाब्यूज (डिसलफिरम)। उसकी प्रत्येक प्रातः काल 5 ग्राम की खुराक दी जाती है इस औषधि

को लेते हुए यदि कोइ रोगी मदिरापान करता है तो उसको अत्यंत उल्टियां होती हैं और उसका रक्तचाप कम हो जाता है। इसके कारण रोगी मदिरापान से जी चुराने लगता है और धीरे धीरे मदिरापान की प्रवृत्ति को तिलांजलि ही दे देता है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की पाठक्षिपरम्परायें

1. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को उत्तम प्रकार के पुलिस कर्तव्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है।
2. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल एक राष्ट्रीय संगठन है और उसका धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण है।
3. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के दैनिक कार्यों का आदि और अन्त राष्ट्रीय गानों से होता है।
4. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के प्रशिक्षण में पुलिस तथा सेना की उत्तमताओं का समावेश है।
5. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का अनुशासन सर्वोत्तम है।
6. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को अपने पर गर्व है।
7. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की ईमानदारी और सत्यनिष्ठा अटल है।
8. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का प्रशासन विकेन्द्रीकृत है।

—सूक्ति-सुधा—

‘ईश्वर सत्य है।’

—महात्मा गांधी

‘संकट एक दारुण प्रशिक्षक है’

—वर्क

‘विदेश में धन विद्या है, संकट में धन मति है; परलोक में धन धर्म है परन्तु सदाचार सब जगह धन है’।

—एक संस्कृत सूक्ति।

‘तेरा अधिकार केवल कर्त्तव्य करने में हो उसके फल में कभी नहीं।

—गीता

‘बुद्धिमान वह कार्य करता है कि अन्त में पछताना नहीं पड़ता’।

—एक फारसी कहावत।

‘अब नैराशय दानव के एक पत्नी थी और उसका नाम था सन्देहशीलता’।
लार्ड वनयान

‘वीरता का फ़ैशन कभी समाप्त नहीं होता।’

—थैकेरे।

गौ र व - गा था

गृह मंत्री द्वारा केन्द्रीय पुलिस दल की श्रीनगर में सराहना



जमादार रेवत सिंह

पुलिस पदक

12/13 जनवरी, 1972 की रात्रि को मणीपुर में रेजेन्हमा गांव के समीप विरोधियों की गतिविधियों को रोकने के लिये श्री रेवत सिंह एक गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे थे। 13 जनवरी की प्रातः श्री रेवत सिंह को कुछ संदेह हुआ कि जहां उन्होंने अपने अपने जवान तैनात कर रखे थे वहां से दूर एक स्थान पर विरोधियों का संचलन हो रहा है। श्री रेवत सिंह एक महत्वपूर्ण पहाड़ी पर गये और वहां घात लगा कर प्रतीक्षा करने लगे। रेजन्हेमा गांव की ओर जाते हुए विरोधियों के एक गिरोह को जो पूरी तरह हथियार बन्द था, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों की उपस्थिति के बारे में सूचना मिल गई थी। सूचना मिलने पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के गश्ती दल को घेरने के उद्देश्य से विरोधी छोटे-छोटे दलों में बट गये। उनकी एक टुकड़ी ने आगे बढ़कर केन्द्रीय रिजर्व

पुलिस दल के कमांडर को चुनौती दी। रेवत सिंह जो प्रेक्षक व्यक्ति के समीप थे, अपनी सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए अपने मोर्चे से बाहर कूद पड़े और विरोधियों की टुकड़ी पर गोलाबारी कर दी। विरोधियों ने भी स्वचालित हथियारों से जवाब में गोली चलाई। यद्यपि गश्ती दल संख्या में अपेक्षाकृत बहुत कम था, फिर भी रेवत सिंह ने क्षेत्रीय हथियारों और वैयक्तिक हथियारों का प्रयोग करके विरोधियों के मनोबल को नष्ट कर दिया और उन्हें पीछे हटना पड़ा। वे बहुत से हथियार, गोला बारूद और खाने पीने का सामान तथा जरूरी दस्तावेज छोड़ कर भाग निकले।

इस मुठभेड़ में श्री रेवत सिंह ने उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया और विरोधियों को भारी क्षति पहुंचाई।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने श्रीनगर में अत्यन्त सराहनीय कार्य करके दिखाया जब कि उसने हिंसा पर उतारू भीड़ पर काबू पाने में स्थानीय पुलिस की सहायता की। गम्भीर स्थिति पर काबू पाने में 2, 22, 50 बटालियन के जवानों ने बड़ा साहस तथा दृढ़-संकल्प दिखाया और अत्यन्त संयम से काम लिया। भीड़ के पथराव से हमारे कितने ही व्यक्तियों के चोटें आ गई।

मुख्य मंत्री सैय्यद मीर कासिम उस अस्पताल में गये जहां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल तथा अन्य पुलिस के जवान दाखिल थे। मुख्य मंत्री महोदय ने हमारे जवानों को संयम रखने की शाबाशी दी। गृह-मंत्री श्री राम नारायण मिर्धा ने भी जिन्होंने इन बटालियनों का दौरा किया, इसके जवानों को उनके उत्तम काम पर बधाई दी।

महानिदेशक महोदय ने एक सन्देश में कहा है—

"मुझे प्रसन्नता है कि हमारे जवानों ने साहस, प्रौढ़ता तथा संयम दिखाया है। एक प्रौढ़ दल के नाते, यह हमारे लोक-व्यवहार का प्रमाण चिह्न होना चाहिए जिससे कि हमें अभिभावकों तथा मित्रों के रूप में जाना जाए ना कि एक अध्यासी दल के नाम से। मेरी इच्छा है कि सब बटालियन जब भी भीड़ पर नियंत्रण तथा लड़ाकू जन समूह का मुकाबिला करना हो तो इन बटालियनों के पद चिन्हों पर चलें।"

उत्तम पुलिस जनता सम्पर्क

उस उत्तम पुलिस जनता सम्पर्कों को जिन्हें 19वीं बटालियन ने पहले स्थापित किया था उन्हें 47वीं बटालियन ने अन्तिम रूप दिया। 19वीं बटालियन ने कुड्डापाह के हरिजन युवकों की नियुक्ति की तथा शिक्षा दी तथा व्यायाम शस्त्र तथा मोटर वाहन चालन के प्रशिक्षण के अतिरिक्त उन्हें मोटर गाड़ियों के संधारण में भी प्रशिक्षित किया।

19वीं बटालियन के सहसा चले जाने पर 47वीं बटालियन ने इन कार्यों प्रभारों को अपने ऊपर लिया और प्रशिक्षण जारी रखा। एक समारोह में जिसकी अध्यक्षता श्री पी० चन्द्रमालि आई०ए०एस० कुड्डापाह के कलक्टर ने की। मोटर चलाने के लाइसन्सों का वितरण कमान्डट श्री आर० एन० सक्सेना ने किया। कुड्डापाह के पुलिस सुपरिन्टेंडेंट, प्रशिक्षणालयों के प्रिंसिपल, हरिजन समिति के महासचिव तथा अन्य स्थानीय नेतागण विशिष्ठ आगन्तुकों म थे। जिन शिक्षकों ने यह प्रशिक्षण दिया था वे थे हेड कान्स्टेबिल

देवासिंह, राजरूप, जेल सिंह तथा लांस नायक लक्ष्मण पाल। राजमपेट पर हैड कान्स्टेबिल शेरसिंह तथा नायक धर्मवीर सिंह ने इन प्रशिक्षणार्थियों को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया था।

कहानी—(सच्ची)

निरन्तर भ्रमण चक्र

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल केन्द्रीय सरकार का एक आरक्षण दल है इसके एक जवान की दैनन्दिनी के ये उद्धरण निश्चय ही पाठकों की चित्त वीणा को झंकृत किये बिना नहीं रह सकते।

20 मई 1972

आखिर को इस बटालियन की यहां से बदली होगी। यह बटालियन इस क्षेत्र (अरुणाचल प्रदेश) में फरवरी 1962 से है, उससे भी पूर्व कि जब मैंने स्कूल जाना प्रारम्भ किया था। यहां के दो वर्ष ही मुझे काफी से ज्यादा हैं। यह स्थान कितना सुविधाहीन तथा नीरस है। और अधिक नीरसता किसी की प्राण लेवा हो सकती है। प्रभु को धन्यवाद है कि हम अपने ग्रुपकेन्द्र अजमेर को जा रहे हैं। हम इस परिवर्तन के लिए नेत्र बिछाये बैठे हैं।

2 जून 1972

हम स्पेशल रेल से अजमेर आ गये। रेल यात्रा गर्म दुखदायी तथा थकाने वाली थी। मैं पहले कभी अजमेर नहीं आया था। यह स्थान दरगाह शरीफ के लिये प्रसिद्ध है। हिन्दुओं के लिए यहां मन्दिर तथा पुष्कर जलाशय है। जनश्रुति है कि यह पवित्र जलाशय शुष्क होता जा रहा है। बहरहाल जैसे ही हम यहां कुछ दिन ठहरेंगे मैं इन सब ऐतिहासिक स्थानों को देखने की आशा करता हूं।

6 जून 1972

हमारी विश्राम शान्ति तथा अभिनवन प्रशिक्षण की सुव्यवस्थित योजना धूरिसात् हो गयी है। आदेश मिले हैं कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अधिनियम के विरुद्ध आन्दोलन के फलस्वरूप जो कानून एवं व्यवस्था की समस्या उठ खड़ी हुई है उसको संभालने हेतु इस बटालियन को तुरन्त मोटर गाड़ियों द्वारा मेरठ और अलीगढ़ जाना है। डी०आई०जी० साहब ने एक दरबार में कहा था कि कम से कम 6 मास तक तो सुख तथा विश्राम की हम श्वास लेंगे। इस पुरानी कहावत का उन्हें कहां ध्यान था—'प्रभु चीती सब होत है मन चीती नहिं होय।' हम बिस्तर बांधने तथा उनको अपने वाहनों में रखने में व्यस्त हैं। हमारी कम्पनी मेरठ जा रही है—निज घर से कुछ ही घन्टों की मोटरों द्वारा

से दूरी होगी। यदि एकाध दिन की छुट्टी मिल गयी तो मैं सब घर वालों को आश्चर्यान्वेत कर दूंगा।

26 जुलाई 1972

हमको अजमेर लौटने का आदेश हुआ है। अब ऐसी आशा है कि शीघ्र हमें बाहर जाना नहीं पड़ेगा। हमें ही क्यों मुख्यालय बारम्बार एतदर्थ चुनता है।

29 जुलाई 1972

कम से कम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के भ्रमण चक्र में सत्य कल्पना से कहीं विचित्र है। हमें पुनः जाना है और इस समय दिल्ली। मुझे दिल्ली देखने की लालसा है। मैं आशा करता हूं कि सभी पुरातन तथा नूतन ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण कर सकूंगा। मैंने इसके विषय में अब तक सुना ही केवल है। राम-करण कहता है कि जब यातायात रुक जाता है तब मोटर कारों की पंक्ति मीलों लम्बी हो जाती है। दिल्ली में ठहरना अत्यन्त मनोरञ्जक होगा।

4 सितम्बर 1972

हम फिर अजमेर आ गये हैं। जब कि हमें कम से कम एक वर्ष तक विश्राम तथा नवीकरण शिक्षण के लिये यहाँ ठहरना था हमें बारम्बार यहां से आना जाना लगा रहता है। जब से हमने अजमेर में 2 जून 1972 को चरण रखे हैं हमें तात्कालिक सूचनाओं पर बोरियां बिस्तर बांधने और खोलने तथा प्रस्थान करने का ही हम केवल प्रशिक्षण पा सके हैं। डी०आई०जी० साहब ने पुनः दिलासा दिलाया है कि अब हमें नहीं छेड़ा जायेगा

10 सितम्बर 1972

शाहदरा दंगे से सम्बन्धित उत्तेजित भीड़ की हिंसात्मक कारवाही को रोकने के लिए दिल्ली प्रशासन की सहायता हेतु शीघ्र ही दिल्ली जाने के लिये बटालियन को आदेश हुए हैं।

26 सितम्बर 1972

प्रभु का धन्यवाद है कि हम दिल्ली से जा रहे हैं। यह समय एक आन्दोलन से दूसरे आन्दोलन का है। अब बटालियन कोटा के छात्र-आन्दोलन के सम्बन्ध में जा रही है।

20 अक्तूबर 1972

हम दिल्ली लौट आये। बटालियन की दिल्ली में बदली होती रही है। दुर्भाग्यवश हमारा दिल्ली में ठहरना बहुत कम समय का रहा है।

4 नवम्बर 1972

दौर समाप्त हुआ है। मद्रास जाने के आदेश हुए हैं अन्ना-द्रुमक आन्दोलन से उत्पन्न कानून तथा व्यवस्था की स्थिति से निबटने के लिए तामिलनाडू सरकार ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की सहायता मांगी है। दक्षिण में यात्रा करना अच्छा है यदि अधिकारी कम से कम दो मास को तो एक स्थान पर टिकने दें।

18 फरवरी 1973

यहां रहना अत्युत्तम रहा। हमें दो मास से अधिक मद्रास में रहना पड़ा। पर फिर कारवां चल पड़ा। इस बार आंध्रप्रदेश का निकटवर्ती राज्य है।

19 फरवरी 1973

हम हैदराबाद चले। यह मद्रास से कई प्रकार से गर्म है। तामिलभाषा को समझना कठिन है। तेलगू तो मुझे यूनानी भाषा के समान है।

18 अप्रैल 1973

हैदराबाद में दो मास के उपरान्त बटालियन को पुनः अजमेर जाने के आदेश प्राप्त हुए हैं। हमारा जीवन चलते रहने का एक क्रम सा है जिसमें नगरों और उपनगरों के ठहराव विराम चिह्न हैं। हम अक्षरशः सहस्त्रों मील रेल तथा मोटर वाहनों से चल चुके हैं।

रजि० नं० 23788/72

विज्ञान के चढ़ते चरण

२७वीं बटालियन में महानिदेशक महोदय का निरीक्षण

24 अप्रैल 1973

स्पेशल ट्रेन अजमेर आ गई। सामान उतरने लगा, ठहरने की व्यवस्था हो रही है। कहीं फिर जाना नहीं पड़े इसी की दुश्चिन्ता सता रही है।

2 मई 1973

और वही हुआ। कानों को विश्वास नहीं होता। हम पुनः दिल्ली को चल पड़े कपड़े मिलों की हड़ताल ने दिल्ली में कानून एवं व्यवस्था की गम्भीर परिस्थिति उत्पन्न कर दी है।

5 मई 1973

दिल्ली की चिल-चिलाती धूप में हम तम्बुओं में पड़े हैं। समाचार मिला है कि बटालियन को तात्कालिक सूचना पर प्रस्थान को कटिबद्ध रहना है। क्या यहां यह लोकोक्ति चरितार्थ नहीं होती 'आसमान से गिरो और खजूर में अटको'। कौन कहता है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का जीवन नीरस और उवताहट से भरा है। एक विवाहित व्यक्ति का यह घुमन्तू जीवन अत्यन्त दुस्सह है।

* * *

कमान्डैण्ट (जवान से)—सी०आर०पी० से तुम क्या समझते हो ?

जवान—हजूर सी० से चलते। आर० से रहो और पी० से प्यारे। अर्थात् चलते रहो प्यारे।

* * *

अमेरिका के न्यूयार्क की एक कम्पनी ने विश्व की सर्व प्रथम केवल प्लास्टिक की साइकिल के निर्माण का दावा किया है। इसके लगभग सब ही भाग—फ्रेम, पहिये और हैण्डल तक—'पाली-कारवन' से निर्मित होंगे। इसलिये इस का भार केवल 16 पाउण्ड होगा। इसमें ग्रीज़ और तेल देने की आवश्यकता नहीं होगी और ना ही इसमें जंग लगेगी। इस पर कोई रंग रोगन की भी आवश्यकता नहीं होगी, जिससे बाद में उसके छूटने का भय हो।

* * *

इंगलैण्ड में एक ऐसे डाकटिकट का आविष्कार किया गया है जिसके चिपकाने में थूक अथवा पानी की आवश्यकता नहीं होगी। टिकट के पीछे नन्हे कैपस्यूल लगे होते हैं और टिकट को चिपकाने के लिए दबाने पर कैपस्यूलों में लेस निकल आता है और टिकट स्वयं चिपक जाता है।

२७वीं बटालियन में महानिदेशक महोदय का निरीक्षण

दिनांक 22 मई 1973 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की यूनिटों का दौरा करते हुए कलकत्ते में महानिदेशक श्री बी०बी० मिश्र ने 27वीं बटालियन का निरीक्षण किया।

आगमन पर, उनका स्वागत श्री एस०पी० शर्मा ने किया जो कमांडैण्ट का अतिरिक्त कार्यभार संभाले थे और फिर महानिदेशक महोदय ने बटालियन के क्वार्टर गारद का निरीक्षण किया। महानिरीक्षक सेक्टर-2 श्री एस०ए० अब्बास, प्रवर स्टाफ अधिकारी श्री आर०के० शर्मा तथा कमांडेंट के साथ महानिदेशक ने बंगलों के क्षेत्र में जहां यह बटालियन स्थित है प्रशिक्षण प्रागण में दौरा किया। यहां शस्त्रों, संगीनों तथा मोटर गाड़ियों के भरणपोषण का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। महानिदेशक ने इस बटालियन के प्रलेखों के निरीक्षण में भी कुछ समय बिताया।



महानिदेशक 27 वटालियन में संगीन का सही प्रयोग अवलोकन करते हुये



महानिदेशक 27 बटालियन के क्वार्टर गारद का निरीक्षण करते हुये

क्रेप्लर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की सचित्र पत्रिका

खण्ड २ अंक २





३२ बटा० के सू० मेजर जमेल सिंह



सेक्टर २ पुलिस महानिरीक्षक के एस० ओ० जमादार अब्दुल कादिर



१२ बटा० के डिप्टी एस० पी० दयाल सिंह

गणाराज्य दिवस १९७३ के उपलक्ष्य में:


सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक



३४ बटालियन के जमादार हरिचन्द



७५ बटा० के हैडकान्सटेबल अमर नाथ



४२ बटालियन के कान्स्टेबल टेकचन्द

क्रेपलर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की पत्रिका

(द्वैमासिक)

(हिन्दी संस्करण)

खण्ड २

अंक २

30 अप्रेल 1973

10 माघ 1895

सम्पादक
लेफ्टि० - कर्नल गौतम शर्मा

मुख पृष्ठ
हाल ही के हैदराबाद के दौरे के अवसर पर श्री बी० बी० मिश्र सिगनल बटालियन की एक गारद का निरीक्षण कर रहे हैं ।

छायाकार : शिव कुमार

सम्पादकीय कार्यालय :
महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल
वेस्ट-ब्लाक-8
रामाकृष्णपुरम
नई दिल्ली-22

लेफ्टि० कर्नल गौतम शर्मा द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के महानिदेशालय के लिए मुद्रित तथा प्रकाशित ।

मुद्रक :
कैक्स्टन मुद्रणालय प्राइवेट लिमिटेड,
नई दिल्ली-५५

क्रेपलर की प्रबन्ध समिति ने निर्णय किया है कि दल के उन सदस्यों को (सहायक कमान्डेट के पद तक के) जिनमें अनुसचिवीय कर्मचारी भी सम्मिलित हैं लेख इत्यादि स्वीकृत होने पर 25 रुपये से 200 रुपये तक का पारिश्रमिक दिया जायेगा । प्रत्येक पारिश्रमिक के लिए प्रबन्ध समिति ही निर्णय करेगी।

इस अंक में

जनता-पुलिस सम्बन्धों में सुधार अपेक्षित —के० सी० पन्त
19 बाटालियन द्वारा नया निर्देशन
सेक्टर-2 के महानिरीक्षक का दौरा
पूर्वी रेलवे को 27 बटालियन का सहयोग
प्रतिभासम्पन्न व्यक्ति—मस्तान नायडू
इन्सानियत का तकाजा (कविता)—मो. यामीन
सुखी जीवन का मूलमंत्र—डा. ए. सी. गोयल
भारत में अपराध जाँच विज्ञान की प्रगति —डा. आ. स्व. गुप्त
हमारे खिलाड़ी
सेन्टर-फार्वर्ड —मेजर ध्यान चन्द
उसका शरीर केवल मातृभूमि के लिए था (कहानी)—का. अनुसुय्या प्रसाद
उदार आर्थिक सहायता तथा छात्रवृतियां



श्री कृष्ण चन्द्र पन्त अखिल भारतीय पुलिस प्रदर्शनी का उद्घाटन कर रहे है ।

जनता-पुलिस सम्बन्धों में सुधार अपेक्षित —के० सो० पन्त

'आज पुलिस और जनता के मध्य आपसी संबन्धों में अधिक सुधार की अपेक्षा है' ये शब्द गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री कृष्ण चन्द पंत ने 9 मार्च 1973 को नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस प्रदर्शनी का उद्घाटन करते समय कहे ।

उन्होंने आगे कहा कि आज पुलिस का का जो अतीव असंतुलित स्वरूप जनता के समक्ष है उसमें सुधार के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है । पुलिस को कानून के संरक्षक के रूप में जनता में अपना स्थान बनाना है और जनता में यह विश्वास उत्पन्न करना है कि आवश्यकता आने पर वह उनको उचित सहयोग प्रदान करेंगे । सरकार पुलिसमैनों के कल्याण के प्रति सजग है और उन्हें आवास जैसी सुविधायें उपलब्ध करने हेतु उचित कार्यवाही कर रही है ।

इससे पूर्व मंत्री महोदय का अभिनन्दन करते हुए श्री आत्मा जयाराम ने कहा कि पुलिस दल भी अपने कर्मचारियों के कल्याणार्थ बहुत कुछ कर रहा है और वर्तमान प्रदर्शनी उसी श्रंखला की एक कडी है ।

इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट व्यक्तियों में ये भी थे : सर्वश्री आत्मा जयाराम, के. एफ. रुस्तमजी, एम.एम. एल. आहूजा, बी. चटर्जी, एन. एस. सक्सेना तथा मेजर जनरल नरेन्द्र सिंह ।

इस प्रदर्शनी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, सीमा सुरक्षा दल तथा भारत तिब्बत सीमा पुलिस के अतिरिक्त आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, जम्मू-कश्मीर,

दिल्ली तथा त्रिपुरा राज्य संगठनों ने भी भाग लिया।

उद्घाटन के उपरान्त श्रीमती पन्त तथा मंत्री महोदय ने प्रदर्शनी का दौरा किया। समिति के सचिव ब्रिगेडियर के एम पंडालाय उनके साथ थे। श्री पंत प्रदर्शित वस्तुओं के स्तर से अत्यधिक प्रभावित हुए।

नगर में प्रदर्शनी के प्रति अति आकर्षण था और खुलने के समय से रात्रि को बन्द होने के समय तक तीनों ही दिन जनता की भारी भीड़ रही। औसतन 10000 व्यक्तियों ने प्रतिदिन प्रदर्शनी देखी।

जनता का मनोरंजन करने के लिए प्रदर्शनी में केन्द्रीय रिर्जव पुलिस, भारत, तिब्बत सीमा पुलिस तथा दिल्ली पुलिस के बैन्ड उपस्थित थे। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस तथा दिल्ली पुलिस की खाने-पीने की दूकानों में भारी भीड़ रही।

प्रदर्शनी में करीब 40,000 रुपये की बिक्री हुई। यह राशि तीन वर्ष पूर्व दिल्ली में आयोजित प्रदर्शनी से कहीं अधिक थी।

प्रदर्शनी के मध्य भाग में आदमकद चित्रों द्वारा प्रदर्शनी के उद्देश्य को समझाने का प्रयत्न किया गया था। साथ ही कुछ चित्रों में पुलिस संगठन के कार्य क्षेत्र को दर्शाया गया था जिसमें पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था कायम रखने से ही सम्बन्धित नहीं थी अपितु यह भी दिखाया गया कि आज वह सीमावर्ती अतीव ऊंचाइयों तथा सघन जंगलों में भी देश की सीमाओं की सुरक्षा करने के दायित्व को निभा रही है।

प्रदर्शनी इस सीमित क्षेत्र में वास्तविक 'भारत दर्शन' कहा जा सकता है जिसमें पुलिस संगठन की विस्तृत झांकी प्रस्तुत थी।

कल्याण केन्द्र एक असाधारण अनुभव

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के कल्याण केन्द्र के सदस्यों की पत्नियों को लाभप्रद रोजगार उपलब्ध करने के प्रयास में एक अद्वतीय अनुभव है। अथक प्रयासों द्वारा दल के अफसरों तथा उनकी पत्नियों ने सीखो, काम करो तथा कमाओं के आधार पर काफी धन एकत्रित किया है जिसका सदुपयोग उनके परिवारों के कल्याणार्थ किया जा रहा है। इसके परिणाम बहुत ही उत्साहवर्धक हैं।

कल्याण प्रशासन का एक अभिन्न अंग है। इसलिये पुलिसमैनों तथा उनके परिवारों के सदस्यों को प्रसन्न तथा संतुष्ट रखने हेतु उचित संगठित कदम उठाये जाते हैं।

मानवीय समस्या

देश में सामाजिक तथा आर्थिक परिवर्तनों और सभी क्षेत्रों में विस्तार के फलस्वरूप आज पुलिसमैन को कानून तथा व्यवस्था बनाये रखने के लिए श्रम-साध्य काम करने होते हैं। उसे अपने दैनिक दायित्व को निभाने के लिये काफी कष्ट सहने होते हैं और कभी कभी तो उसे अपने जीवन का बलिदान अथवा शरीर के किसी अवयव का बलिदान भी करना होता है।

सामान्यतः हम यह भूल जाते हैं कि अन्य कर्मचारियों के समान पुलिसमैन भी मानव

है। उसके भी अपना परिवार है जिसका भरण-पोषण उसका दायित्व है । जब उसे आघात पहुंचाया जाता है, उसे कष्ट होता है, जब उसे कोसा जाता है उसका मन खिन्न होता है और जब उसे घृणा की दृष्टि से देखा अथवा उनका अपनाम किया जाता है तो उसे क्रोध आता है। उसका कार्य चार दिवारी के मध्य सीमित नहीं । उसे खुले मैदान, सड़कों अथवा गलियों में जबकि आतंक की घटा छायी होती है अपना दायित्व निभाना होता है । किसी स्थान पर उपद्रव होने पर उसे सर्व प्रथम मैदान में आना पड़ता है और किसी अप्रिय घटना के होने पर उसे दोषी ठहराया जाता है ।



श्रीमती पंत तथा श्री पंत प्रदर्शनी में कुछ उत्पादों की प्रशंसा कर रहे हैं ।

इसलिए उसका तथा उसके परिवार का कल्याण दल के वरिष्ठ अफसरों के लिए ही नहीं जनता के लिए भी महत्व पूर्ण है ।

इसलिए उसके तथा उसके परिवार के प्रति सदभाव तथा शहीद के निकट सम्बन्धियों को अत्यधिक सुविधायें और सहायता प्रदान करने के लिए कदम उठाये गये हैं । सभी राज्यों, केन्द्रीय शासित क्षेत्रों तथा केन्द्रीय संगठनों के पास कल्याण निधि है जिससे मृत्यु अथवा निर्योग्यता की अवस्था में तुरन्त ही तदर्थ अनुदान दिया जाता है ।

उत्पाद उच्च स्तर

कल्याण केन्द्रों में परिवारों द्वारा उत्पादित वस्तुएं काफी उच्च स्तर की होती हैं और उन्हें बहुत ही कम लाभ पर बेचा जाता है। इसमें लाभ कमाने का कोई उद्देश्य नहीं है।


इन केन्द्रों में सामन्यत: साबुन, मोमबत्ती, टोकरियां, खिलौने दरी तथा गलीचे, मसालों का चूर्ण, पेन्टिग तथा इसी किस्म की चीजें उत्पादित की जाती हैं।

इन कल्याण केन्द्रों में विशेषज्ञों द्वारा कढ़ाई, बुनाई, तथा अन्य व्यवसायिक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां काम सीख कर तथा अपने फालतू समय का सदुपयोग कर दल के सदस्यों के परिवार उपयोगी वस्तुएं उत्पादित करते हैं जिससे परिवार की आय में वृद्धि होती है। इन केन्द्रों में बच्चों की शिक्षा की सुविधायें भी उपलब्ध की जाती है। योग्य बच्चों को स्कूल स्तर तथा उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवतियां दी जाती हैं।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के कुछ कल्याण केन्द्र इन स्थानों पर अवस्थित हैं : नीमच, अजमेर, आवडी, देवली, दिल्ली, हैदराबाद, जम्मू, किशनगढ़, मोकामघाट, पूणे तथा रापुमर। नीमच सबसे पुराना केन्द्र है तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण और व्यस्त केन्द्र है। इस केन्द्र में एक वर्ष में ही परिवारों को उत्पादित सामान के लिए एक लाख 40 हजार रूपये वितरित किये गये। इसके बाद दूसरा स्थान मोकामघाट का है जहां एक लाख 10 हजार रुपये का सामान तैयार किया गया।

<u>पुलिस जनता सम्बन्ध</u>

१९ बटालियन द्वारा नया निर्देशन



ड्राइवर हिम्मतसिंह प्रशिक्षार्थियों को जीप के हेस्से-पुर्जों के विषय में परिचय दे रहे हैं ।

पुस्तक परिचय

हाकी की कहानी (हिन्दी)

प्रकाशक व लेखक : एम० एल० कपूर

हाकी हमारे देश में एक प्रकार से राष्ट्रीय खेल रहा है और करीब 30 वर्षों (1928-58) तक विश्व क्षेत्र में इस खेल में हमारा एकाधिकार रहा है। श्री कपूर ने संक्षिप्त रूप में खेल का इतिहास प्रस्तुत कर हाकी में महान योग किया है । इसमें विभिन्न कालों में

हाकी के इतिहास पर दृष्टि डाली गई है। पुस्तक को रेखाचित्रों द्वारा अति आकर्षक बनाया गया है। इसमें भारत ने जिन ऑलम्पिक खेलों में भाग लिया तथा भारत में जिन हाकी खेलों का आयोजन हुआ, सभी का विस्तृत वर्णन है। हाकी के विकास में पुलिस का भी महान योग रहा है। इसमें शीर्ष खिलाड़ियों का संक्षिप्त जीवन परिचय भी सम्मिलित है जिसके कारण इसका आकर्षण और अधिक बढ़ गया है। हाकी का इतिहास जो आज तक उपलब्ध है उसमें यह शायद सर्वाधिक अधिकृत सामग्री है।

समाज कल्याण योजना के अन्तर्गत एक हरिजन होम गार्ड यूनिट के 55 हरिजन युवकों की भरती तथा प्रशिक्षण द्वारा 19 बटालियन ने पुलिस-जनता सम्बन्धों को एक नया मोड़ दिया।

आन्ध्र प्रदेश के कुलाप्पा क्षेत्र के इन युवकों को अल्प सूचना पर ठोस कार्य करने के लिए सेवा में लिया गया। ये युवक भी प्रगतिशील थे और इन्होंने पी० टी०, ड्रिल, शस्त्र चालन, मोटर चालन तथा गाड़ियों के रख-रखाव में रुचि ली। मोटर चालन तथा गाड़ियों के रख-रखाव में उनकी विशेष रुचि थी और इस कौशल का उन्होंने स्टेट कल्कटिव फाम्र्स पर ट्रेक्टर चालन तथा रख-रखाव में उपयोग किया।

इस कार्य की सराहना जिला हरीजन कर्मचारी संघ तथा अखिल भारतीय पिछड़ा कर्मचारी लीग ने विशेषरूप से की। कुलाप्पा के कलक्टर ने कमान्डेन्ट लेफ्टि-कर्नल एम एस ओबराय को धन्यवाद भेजा। इस पत्र में जमादार ओंकार सिंह तथा हैड कान्सटेबल नारायण राव तथा हिम्मत सिंह का विशेष उल्लेख था। इन एन सी ओज को प्रत्येक को 250 रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया।

स्वकर्म में तत्परता
जीवन भर आतप सह,
वसुधा पर छाया करता है,
तुच्छ पत्र की भी
स्वकर्म में कैसी तत्परता।

—रामनरेश त्रिपाठी

सेक्टर-२ के पुलिस महानिरीक्षक का ५१ तथा ६० बटालियनों का दौरा



श्री एस ए अब्बास ५१ बटालिन के क्षेत्र में गांव बुढा तथा दुभाषिये से भेंट कर रहे हैं।

५१ बटालियन में

सेक्टर-2 के महानिरीक्षक श्री एस ए अब्बास ने नागालेन्ड में मरिपानी के अन्तिम रेल स्टेशन से 270 कि. मी. अन्दर शमत्तर में अवस्थित 51 बटालियन का दो दिन का दौरा किया। वहां उन्होंने बासाओं, रसोई घरों, भंडारों तथा प्रार्थना घर का निरीक्षण किया। उन्होंने उनके सत्कार के लिए पधारे गांव बुढ़ा तथा दुभाषियों से भी भेंट की।


यह बटालियन इस क्षेत्र के अतिव ऊंचे तथा कठोरतम पहाड़ी क्षेत्र में अवस्थित है। चौकियां सीमा के साथ लगी हैं और वे बटालियन मुख्यालय से 30 कि. मी. से लेकर 100 कि. मी. दूरी तक स्थित हैं। शीतकाल में परिस्थितियां अति विषम हो जाती हैं क्योंकि कुछ भाग तो हिमाच्छादित रहता है। इन सभी चौकियों पर सामग्री विमान द्वारा पहुंचाई जाती है। मौसम की विषमता के बावजूद भी बटालियन के जवानों का मनोबल ऊंचा रहता है।



महानिरीक्षक द्वारा कमान्डेट श्री सी एम पांडे के साथ बासाओं का निरीक्षण ।

६० बटालियन में

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के सेक्टर-2 के आई जी पी श्री एस ए अब्बास ने हाल ही में ६० बटालियन का दौरा किया। वह वहां करीब 10 दिन ठहरे । उन्होंने कुछ सुदूर चौकियों का भी निरीक्षण किया । इन में से एक बटालियन मुख्यालय से करीब 250 कि. मी. अन्दर अवस्थित थी। महानिरीक्षक महोदय ने जवानों से उनके कल्याण के विषय में पूछताछ की तथा उन्हें अनुशासन, सुरक्षा और प्रशासन सम्बन्धी कुछ महत्वपूर्ण गुर बताये । इस अवसर पर एस. एस. ओ. श्री आर. के. शर्मा उनके साथ थे।



नं. 2 आर.टी.सी. आवडी के सहायक प्रधानाचार्य श्री एम आई दास ने पुरुषों की एकल टेनिस प्रतियोगिता में लगातार द्वितीय वर्ष भी ट्राफी जीती। यह टूर्नामेंट 8 मार्च को सेन्ट्रल सर्विसेज रीजनल स्पोर्टस बोर्ड के तत्वावधान में मद्रास में हुआ था। श्री दास ने श्री जयरमन को 6-4, 6-1, 6-2 पर पराजित किया। श्री दास आवडी स्टेशन की ओर से खेल रहे थे।

पुष्प प्रदर्शनी

अजमेर पुष्प प्रदर्शनी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के डी आई जी के बगीचे को प्रथम पुरस्कार मिला। एक प्रथम पुरस्कार सब्जी बगीचे को तथा एक द्वितीय पुरस्कार पुष्पों के लिए प्रदान किया गया । व्यक्तिगत शील्ड के अतिरिक्त एक चल-शील्ड भी प्रदान की गई। यह प्रथम अवसर है जबकि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस को पुष्प प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार मिला है।

पूर्वी रेलवे को 27 बटालियन का सहयोग

27 बटालियन के जवान जहां कहीं भी भेजे गये उन्होंने ऊंचा नाम कमाया ।

1971 में मध्यावधि चुनावों के दौरान कलकत्ता में सराहनीय सेवायें करने के उपरान्त बटालियन को एक अन्य महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया । भारतीय रेलवे के पूर्वी तथा दक्षिणी पूर्वी अंचल में अव्यवस्था बढ़ रही थी और मालगाडियों तथा सवारी गाडियों से चोरी छुपके माल गायब करने के फलस्वरूप लाखों रूपये के माल की हानि हो रही थी । यद्यपि रेलवे सुरक्षा दल इस सम्पति की हानि की रोकथाम के लिए भागीरथ प्रयास कर रही थी किन्तु वे स्थिति पर काबू पाने में असमर्थ थे ।

मुख्य धावा

27 बटालियन के जवानों को उनके सहयोग के लिए भेजा गया । एक वर्ष की अवधि के भीतर उन्होंने करीब चार लाख रुपये की सम्पत्ति बचाई अथवा पुनः प्राप्त की । इस कार्यवाही का मुख्य धावा था जिसमें दो ट्रक ताम्र धूल, साबुन तथा बिजली का सामान पकड़ा गया जिनका मूल्य लगभग दो लाख रुपये था।


10 मार्च 1972 को एक मालगाड़ी को लूटने से बचाया गया । इसका श्रेय 'बी' कम्पनी के आफिसर कमांडिंग सूबेदार मासिस एकूलु को था । अपनी प्रत्युत्पन्नमति

तथा नेतृत्व से इस एस. ओ. ने लूटेरों के प्रयास को विफल किया तथा 25 गिरफ्तार किये। इस कार्यवाही में करीब 5000 रुपये मूल्य की चाय हाथ लगी। कुछ समय बाद इसने करीब 11,000 रुपये का चावल बचाया।

इस बटालियन की स्थापना 1963 में महाराष्ट्र राज्य प्रारक्षित पुलिस दल की बटालियन के रूप में हुई। इसको असम-नागालेन्ड सीमा पर तैनात किया गया जबकि इसका मुख्यालय मरियानी में अवस्थित रहा। इसका मुख्य दायित्व रेलवे पथ की सुरक्षा तथा कानून और व्यवस्था बनाये रखना था। इसका कार्य क्षेत्र मुख्यतः असम में उपद्रवी क्षेत्र विशेषतः शिवसागर और मिकिर पहाड़ी जिले थे।

इसी क्षेत्र में तैनात रहते हुए इस बटालियन का एक जनवरी 1968 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में विलय हुआ तथा इसका नामकरण 27 बटालियन किया गया। विलय के समय बटालियन के कमान्डेन्ट थे श्री वधवा जिन्हें इस बटा लियन को वर्तमान स्तर तक पहुंचाने का गौरव प्राप्त है। 26 जनवरी 1970 को श्री राज बहादुर ने इस बटालियन की कमान संभाली तथा दिसम्बर मास तक इस पद पर रहे जबकि श्री वी कृष्णप्पा ने कार्यभार संभाला।

बटालियन के इतिहास में यह अवधि सर्वाधिक नाजुक थी क्योंकि इसे कलकत्ता के आतंकमयी क्षेत्र में तैनात किया गया। इस बटालियन को सेक्शनों में विभक्त किया गया तथा इसे 87 मतदान स्टेशनों तथा 141 मतदान केन्द्रों में तैनात किया गया।



उत्कृष्ट सेवा के लिए बढ़ाई - पूर्वी रेलवे के डिवीजनल सुपरिटेन्डेंट श्री आर श्रीनिवास एच सी सी पी ओ श्री ओझा से हाथ मिला रहे हैं।

उपद्रवी इस क्षेत्र में काफी सक्रिय थे किन्तु केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के सदस्यों ने इन उपद्रवियों की गोली तथा हथ गोलों का सामना करते हुए भी अपने अथक प्रयासों से जनता में विश्वास उत्पन्न किया । जवानों का मनोबल अति-उच्च था यहां तक कि किसी क्षेत्र में शान्ति स्थापना के लिए एक या दो सिपाही ही पर्याप्त थे।

चुनाव समाप्त होने पर बटालियन को डी आई जी ट्रेफिक (यातायात) तथा रेलवे के सुपुर्द कर दिया गया । यहां भी बटालियन के जवानों ने सतर्कता तथा प्रत्योत्पन्नमति द्वारा स्थिति पर काबू पाया। लुटेरों के सरदारों सहित करीब 700 को बंदी बनाया गया तथा सोना, चांदी, तांबा, नकदी, पीतल, बिजली का सामान जैसी वस्तुएं पकड़ी। साथ ही काफी संख्या में शस्त्र और गोला बारूद भी अधि ग्रहित किया।

पुरस्कार

इन सेवाओं की मान्यता स्वरूप बटालियन को अनेकानेक सराहना पत्र तथा नकद पुरस्कार प्राप्त हुए । नकद पुरस्कारों की राशि हजारों में रही ।

श्री कृष्णप्पा को 1969 में सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस मेडल तथा सूबेदार प्रीतम सिंह को वीरता के लिए 1967 में पुलिस पदक के सम्मानित किया गया। खेल के क्षेत्र में भी बटालियन ने गौरवमय स्थान लिया। जमादार मोहिन्दर सिंह सिद्ध ने 1971-1972 में अखिल भारतीय पुलिस खेलों में कांस्य पदक प्राप्त किया। कान्स्टेबल गुरचरन सिंह सेन्ट्रल बास्केट बाल टीम के सदस्य हैं। जमादार सत्यपाल सिंह ने 1973 में मधुबन, करनाल में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस खेलों में स्वर्ण पदक अजित किया।

बटालियन की वार्षिकी के अवसर पर मलखम्ब तथा 'गणेशपूजा' विशेष आकर्षण रहते हैं। यह कार्यक्रम प्रायः 10 दिन चलता है।

जिन पर बटालियन को नाज है



हतोड़ा फेक में कांस्य पदक विजेता जमादार मोहिन्दर सिंह सिद्धू।



रिले दौड़ मे स्वर्ण पदक विजेता जमादार सत्पाल सिंह ।

शास्त्री स्मारक ट्राफी में विजयश्री

कनेसिंह श्रेष्ठ खिलाड़ी

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की सेन्ट्रल टीम ने फरवरी 1973 में चिन्दवाडा में आयोजित अखिल भारतीय शास्त्री स्मारक ट्राफी जीती।

प्रथम मैच में पारसी क्लब 2-0 पर पराजित हुआ। अगले मैच में डेल्टा पश्चिम डूनगरिया को 6-0 से पछाड़ा था । आर्मी बेस वर्कशाप जबलपुर टीम ने कठोर संघर्ष किया किन्तु उस पारी में वह एक गोल से हारे । इस टीम को सेमी फाइनल में 2-0 से पराजित किया गया ।

फाइनल मैच 18 फरवरी 1973 को ओ. एफ. के साथ हुआ। मैच काफी संघर्षमय रहा। तथा प्रतिद्वन्द्वी टीम को 4-0 से पराजित कर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस टीम ट्राफी प्राप्त करने की हकदार बनी ।

श्रेष्ठ खिलाड़ी

इस प्रतियोगिता में कनेथ सिंह श्रेष्ठ खिलाड़ी आंका गया तथा उसे एक विशेष

पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निमल सिंह, एस एस नायर, एम के घई, तथा राम प्रसाद का खेल भी सराहनीय रहा।

जीवन परिचय :

प्रतिभासम्पन्न व्यक्ति —मस्तान नायडू

बचपन ही से मस्तान नायडू ने जिस कार्य में हाथ डाला सफलता ने उसे वरण किया । अधिक शिक्षित न होते हए भी निष्ठा, कर्तव्यपरायणता, वफादारी तथा श्रमसाध्य सेवा उसके जीवन का उद्देश्य रहा है। ये गुण उसने अपने पितामह सूबेदार मेजर नारायण स्वामी नायडू, प्रो बी आई मद्रास रेजिमेन्ट से उत्तराधिकार में प्राप्त किये हैं। ब्रिटिश इंडियन आर्मी में भारतीय सैनिकों को बहुत ही कठिन परिस्थितियों में प्रशिक्षित किया जाता था और जो उस अग्नि परीक्षा में उत्तीर्ण होते उन्हें ही सूबेदार-मेजर तक पदोन्नत होने का अवसर प्रदान होता और 'आर्डर ऑफ ब्रिटिश इंडिया' उपाधि तो सोने को कंचन बना देता था।

उसने अपनी वंशीय परम्परा को कायम रखा और सी आर पी में तीन वर्ष की अल्प सेवा में ही राष्ट्रपति का शौर्य के लिए तथा एक अन्य सराहनीय सेवा के लिए पदक अर्जित किये । उसने एक समाज सेवा मेडल तथा पुलिस स्पेशल डयूटी मेडल भी अर्जित किये।

प्रारम्भ से ही उसने सेना को अपना जीवन लक्ष्य बनाया और 1942 में उसे थलसेना में भरती होने का अवसर मिला। उस समय नायडू की उम्र सिर्फ 18 वर्ष थी। उसने स्कूल शिक्षा को नमस्कार कर जीवन के दूसरे चरण में प्रवेश किया था। मद्रास रेजिमेन्टल ट्रेनिंग सेन्टर, कोयम्बतूर में उसका रंगरूट प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ किन्तु उसने एक मास के प्रशिक्षण में ही कमान्डेन्ट को अपनी प्रतिभा तथा कुशाग्र बुद्धि से इतना प्रभावित किया कि उसने उसे सीधे नायक चुन लिया और उसे एन. सी प्रो/जे सी ओ के एडवान्स प्रशिक्षण के लिए बलारी भेज दिया गया। वहां भी उसने शीर्ष स्थान लिया तथा उसे हवलदार नियुक्त किया गया और कुछ ही समय पश्चात उसे हवलदार-मेजर पदोन्नत कर दिया गया।

ऐसा लगता था कि सफलता उसकी दास थी । उत्तर-पश्चिम सीमान्त क्षेत्र में एक धावे के दौरान उसकी साहसिक क्रिया शीलता से कमान्डेन्ट प्रभावित हुआ। जनवरी 1944 में जबकि वह मुश्किल से 20 वर्ष का ही था उसे जे सी ओ कमीशन के लिए चुना गया ।

उस समय नायडू की बटालियन अविभाजित भारत के उत्तरी-पश्चिमी सीमान्त क्षेत्र में तैनात थी। उसे लम्बी गश्तें करनी होती थीं तथा रोज ही उपद्रवी कबायलियों से मोर्चा

लेना पड़ता था। पहाड़ी युद्ध क्षेत्र का व्यक्तिगत अनुभव होने के अतिरिक्त श्री नायडू ने थलसेना का शस्त्र तथा प्लाटून पाठ्यक्रम और पहाड़ी तथा जंगल युद्ध का प्रशिक्षण लिया। उसने इन सभी पाठयक्रमों में विशिष्टता प्राप्त की। इस श्रमसाध्य कार्य के लिए उसे वरीयता-पूर्व सूबेदार का पद दिया गया । द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति पर थलसेना में विशाल रूप से छंटनी की गई और फलस्वरूप मई 1947 में श्री नायडू भी सेवा-निवृत्त हुये।

सिपाही से कमान्डेन्ट के पद पर

कुछ ही समय उपरान्त उनका चुनाव मद्रास विशेष सशस्त्र पुलिस में रिजर्व सबइंस्पेक्टर के रूप में हुआ। यहां भी अपनी कुशाग्र बुद्धि और कर्तव्यनिष्ठा से वह 1 मार्च 1948 को इंस्पेक्टर कम्पनी कमान्डर के पद पर पदोन्नत हुआ। हैदराबाद सीमा पर रजाकार गतिविधियों के विरुद्ध उन्होंने कड़ी कार्यवाही कर अपनी विशिष्टता का परिचय दिया। इसके उपरान्त उनकी तैनाती मिरिपालगुडा जिले में हुई । यह क्षेत्र उपद्रवी और सर्वाधिक आतंकमयी था। इस क्षेत्र में 1949 से 1951 तक की तैनाती के दौरान उन्हें अनेकानेक सराहना पत्र तथा नकदी पुरस्कार मिले । लगातार सराहनीय सेवाओं की मान्यता-स्वरूप 14 अगस्त 1951 को उन्हें सूबेदार मेजर के रैंक में पदोन्नत किया गया। तेलंगाना के स्पेशल कमीश्नर कैप्टन नंजाप्पा, आई०सी०एस० ने भी इनके कार्य की सराहना की। मद्रास और आन्ध्र प्रदेश विभाजन पर उन्हें आन्ध्र प्रदेश भेजा गया।

6 जुलाई 1961 को श्री नायडू को आन्ध्र प्रदेश स्पेशल पुलिस में डिप्टी एस. पी. के पद पर पदोन्नत किया गया तथा जम्म में तैनात 6 बटालियन के साथ रखा गया। बाद को वह अपनी बटालियन के साथ नागालैण्ड पहुंचे।

1963 में उनकी सेवायें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस में डेपुटेशन पर ली गई और बाद को स्थायी रूप से उन्हें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस में ले लिया गया। इससे एक तरफ तो केन्द्रीय रिजर्व पुलिस को एक निष्ठ तथा कर्त्तव्यपरायण जवान मिला और उधर श्री नायडू को भी अपनी प्रतिभा को मुखरित करने के लिए विस्तृत क्षेत्र उपलब्ध हुआ।

सही परीक्षा की घड़ी तब आई जबकि जम्मू घाटी में 'पवित्र बाल' गायब हो गया। वह 13 बटालियन के साथ श्रीनगर में तैनात किया गया । श्री नायडू ने अपने निजी जीवन की परवाह किये बिना कई बार काफी जोखिम उठाकर उपद्रवी भीड़ पर काबू पाया। उनकी प्रशंसा में योग्य और निष्ठ व्यक्ति के लिए उन्नति का द्वार सदैव खुला रहता है

योग्य और निष्ठ व्यक्ति के लिए उन्नति का द्वारा सदैव खुला रहता है

जम्मू-कश्मीर के मुख्य मंत्री श्री गुलाम मोहम्मद सादिक ने तत्कालीन गृह मंत्री श्री गुलजारी लाल नन्दा को लिखा थाः "मैं कर्नल मिल्टन तथा विशेषरूप से मेजर नायडू

के नेतृत्व की सराहना करूंगा।"

उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बेमिसाल और भारी अग्नि पर भी काबू पाने में सहयोग किया। 1965 के पाकिस्तानी अतिक्रमण के दौरान भी उन्होंने अदम्य साहस, नेतृत्व तथा कर्तव्य निष्ठा का पालन किया जिसकी मान्यता स्वरूप उन्हें राष्ट्र पति का पुलिस तथा अग्नि सेवा पदक प्रदान किया गया।

1965 से 1969 तक नागालैण्ड तथा मणिपुर में तैनाती के दौरान उन्होंने नागा उपद्रवियों के विरुद्ध कार्यवाही की तथा भारी संख्या में शस्त्र और गोला बारूद प्राप्त किया।


1970 का वर्ष उनके लिए प्रति सौभायशाली रहा। इस वर्ष उन्हें सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक तथा कमान्डेन्ट के पद पर पदोन्नति मिली ।

ग्रुप सेन्टर-1 अजमेर में कमान्डेन्ट का दायित्व निभाते हुए उन्होंने उदाहरणीय सेवायें की। यहां उन्होंने 60 बटालियन की स्थापना की तथा गाड़ियों के 'बाडी' (ढांचा) बनाने के कार्य की भी देखभाल की ।


श्री नायडू आन्ध्र प्रदेश के डारा वरियतेटाय गांव, संथापेट, ओंगला के वासी हैं। उनके तीन पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। उनके वरिष्ठ पुत्र ने अपने पिता के व्यवसाय को अपनाया है ।

मिलनसार तथा हंसमुख प्रकृति के इस अफसर के जीवन से युवक अफसरों को प्रेरणा लेनी चाहिए क्योंकि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के ध्येय वाक्य 'सेवा और वफादारी' की वह जीती-जागती मूर्ति हैं।

नायडू के लिए गौरव मय क्षण



1965 में तत्कालीन गृह मंत्री श्री गुलजारी लाल नन्दा वीरता के लिए रास्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि सेवा पदक भेंट कर रहे हैं।



गृह मंत्रालय में मंत्री श्री कृष्ण चन्द पंत १९७० में सराहनीये सेवा के लिए पुलिस पदक भेंट कर रहे हैं।

इन्सानियत का तकाजा

तू हिन्दू मैं मुसलमा न होता।
तो ये वतन जुदा न होता ॥
न तेरा होता न मेरा होता।
हर सुबह सबका सवेरा होता ॥

न मन्दिर होता न होती मस्जिद ।
न पूजा होती न होती इबादत ।
मजहब सबका एक ही होता ।
तू हिन्दू मैं मुसलमा न होता ।

न होती होली न दिवाली होती।
न ईद होती न बकरीद होती ।
न काफर होता न जाहिद होता।
तू हिन्दू मैं मुसलमा न होता ।

मज़हब की आड़ में दंगे न होते ।
कुछ भूखे औ कुछ नंगे न होते ।
न होता मातम न कोहराम होता ।
तू हिन्दू मैं मुसलमा न होता ।

न विधवा होती न ममता रोती।
न बच्चे रोते न भाई बिछड़ते ॥
न नन्हे-मुन्नों के साये उजड़ते ।
तू हिन्दू मैं मुसलमा न होता ।

'यामीन' की लिखी है अपनी जबानी ।
न समझो इसे तुम किसी की कहानी।
या रब हर इंसान के दिल एक करदे ।
हर दिल में सबके इन्सानियत भर दे ।

-:मो० यामोन:-

संशोधित वेतन दरें

तृतीय वेतन आयोग ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के लिए निम्न वेतन मानों की सिफारिश की है:—

पद	संशोधित वेतन मान
महानिदेशक	रु० 3250
महानिरीक्षक	रु० 2500–125 / 2-2750
उप-महानिरीक्षक	रु० 2000–2250
कमान्डेन्ट	रु० 1100–1600
	रु० 100 विशेष वेतन
	रु० 100 निश्चित क्षति-पूर्ति भत्ता (इसपर बाद को विचार किया जायेगा) ।
सहायक कमान्डेन्ट	रु० 1100–1600 (विशेष वेतन नहीं)
डिप्टी एस.पी.	रु० 700–1300(कोई विशेष वेतन नहीं ।)
	रु० 50 निश्चित क्षति-पूर्ति भत्ता (बाद को विचार होगा)
सूबेदार	रु० 550–750
जमादार	रु० 380–500
हैडकान्स्टेबल	रु० 260–350
नायक	रु० 225–308
कान्स्टेबल	रु० 200–260 (कोई योग्यता वेतन नहीं)

अनुसचिविय कर्मचारी

सेक्शन अफसर	रु० 650–1200
सहायक (असिस्टेन्ट)	रु० 425–800
कार्यालय निरीक्षक (आफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट)	रु० 550–750
मुख्य लिपिक (हैं० क्लर्क)	रु० 425–700
यू० डी० कलर्क	रु० 330–560
एल०डी० क्लर्क	रु० 260–400
दफ्तरी	रु० 190–240
अन्य	रु० 195–220

परिवार नियोजन:

सुखी जीवन का मूलमंत्र

डा० ए० सी० गोयल

"हम दो, हमारे दो" वाक्यांश तथा "लाल तिकोन" का चिह्न देख कर आज हर कोई सहज ही समझ जाता है कि ये दोनों ही परिवार नियोजन के सूचक हैं। परिवार नियोजन को आप "कुटुम्ब सुधार नियोजन" भी कह सकते हैं और कुछ लोग तो यह भी कहते हैं "हम दो नहीं हैं बल्कि एक ही हैं, और हमें एक ही चाहिये ।" खैर आपको कितने चाहिए यह तो आप स्वयं ही निर्णय लें, लेकिन निर्णय करने से पहले आप निम्न पंक्तियों पर विचार अवश्य कर लें।

परिवार नियोजन क्या है ? आज सामान्य धारणा बन गई है कि परिवार नियोजन का अर्थ सिर्फ यही है कि बच्चे पैदा न किये जायें। लेकिन ऐसी बात नहीं है। परिवार नियोजन एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा:—

(1) आप यह आसानी से तय कर सकते हैं कि आपको और कितने बच्चों की आवश्यकता है।

(2) आप अपनी पत्नी का स्वास्थ्य ठीक रख सकते हैं और इस प्रकार स्वस्थ पत्नी भी पति की ओर अधिक ध्यान दे सकती है।

(3) आप अपने बच्चों का स्वास्थ्य, शिक्षा व उन्नति के बारे में अच्छी तरह देख-रेख कर सकते हैं।

(4) आप अपने विवाहित जीवन का बिना किसी अवरोध आनन्द उठा सकते हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि आज के युग में ही परिवार नियोजन की आवश्यकता क्यों हुई, जबकि कुछ साल पहले इसकी जरूरत ही नहीं थी। इसका जवाब बिल्कुल सीधा एवं सरल है । पहले प्रकृति सुखी जीवन का मूलमन्त्र अपने आप अकाल व भयंकर बीमारियों जैसे : प्लेग, मलेरिया, हैजा आदि से जनसंख्या कम कर देती थी। लेकिन जैसे जैसे चिकित्सा विज्ञान ने बीमारियों आदि पर विजय प्राप्त की, मृत्यु दर घट गई और जनसंख्या में वृद्धि नजर आने लगी। हालांकि जन्म-दर करीब-करीब एक ही है।

आज भारत की जनसंख्या 59 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। हर डेढ़ सेकेंड में एक बच्चे का जन्म होता है। यानी कि 55,000 बच्चे एक दिन में या 21 लाख बच्चों का प्रतिवर्ष जन्म होता है। जबकि आठ लाख व्यक्ति ही प्रति वर्ष मरते हैं। इसका मतलब है कि प्रत्येक वर्ष 13 लाख की जनसंख्या में वृद्धि होती है और परिवार नियोजन द्वारा इसे हल नहीं किया गया तो यह सिर्फ देश के लिए ही नहीं बल्कि व्यक्ति विशेष के लिए भी बहुत बड़ी परेशानी की बात है और भविष्य में इस परेशानी से बचने के लिए परिवार नियोजन एक विकल्प है। जनसंख्या में निरन्तर वृद्धि से निम्न समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं :

भोजन को समस्या

हम जानते हैं कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से पैदावार बढ़ गई है लेकिन जनसंख्या की बढ़ोतरी की अपेक्षा खेती की पैदावार की बढ़ोतरी बहुत ही कम है। इसके कारण प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक उत्तम तथा स्वस्थ संतुलित भोजन नहीं मिल पा रहा है। साथ ही साथ अभाव होने से महंगाई भी इतनी बढ़ती जा रही है कि आवश्यकतानुसार चीजें खरीदना भी साधारण आदमी के वश की बात नहीं है। इसका मुख्य कारण जनसंख्या की अत्यधिक वृद्धि है। इसलिये पहले जनसंख्या की वृद्धि को रोकना परमावश्यक है। आज देश में जनसंख्या की वृद्धि दिन दुगना और रात चौगुनी बढ़ती जा रही है। इसको रोकने के लिए एकमात्र उपाय है सरकार द्वारा खोले गए 'परिवार नियोजन' केन्द्र ।

यह समस्या जिस तेजी से बढ़ रही है, इससे सब परिचित ही हैं। आज बी० ए०, एम० ए० की डिग्री वालों की बात छोड़िये, इन्हें रोजगार मिलना उतना ही कठिन हो गया है, जितना भगवान को पाना कठिन है। यह समय ऐसा आ गया है जबकि अति गुणवान व्यक्ति भी नौकरी पाने के लिए ठोकरें खाता फिरता है। पहले समय की बात कुछ और थीं, जबकि मैट्रिक परीक्षा पास भी सज्जन व बड़े व्यक्ति माने जाते थे। आज एक पद की नियुक्ति के लिए 1000 व्यक्ति दरख्वास्त देते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है जनसंख्या की वृद्धि ।

आज देश में शिक्षा के अनेक साधन हैं फिर भी देश में प्रशिक्षित लोगों की संख्या कम नहीं है। प्रत्येक को अच्छी एवं बुनियादी शिक्षा मिलना मुश्किल है। हालांकि

सरकार ने शिक्षा को अनेकों नयी योजनायें चला रखी हैं फिर भी जनसंख्या की वृद्धि के कारण आशाजनक परिणाम प्राप्त नहीं हो रहे हैं।

शिक्षा की समस्या

आज भी कुछ विशाल भवनों और नई कालोनियों को छोड़ कर भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा भाग अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में निवास कर रहा है। गांवों में मिट्टी के घरों की स्थिति तथा वहां की जीवन यापन की दशाओं को असन्तोषजनक ही कहा जा सकता है आजकल शहरों में भी बहुत से लोग सड़कों के किनारे पर बनी झोंपड़ियों में रहते हैं, जो कि पूर्णतया अस्वास्थ्यकर है। इसके अलावा जहां घनी आबादी है वहां कई सामाजिक और आर्थिक समस्यायें उत्पन्न हो गई हैं, साथ ही साथ निवास और सामान्य स्वास्थ्य के लिए सफाई व्यवस्था भी संकट में है। उपर्य क्त समस्याओं के अलावा भी कुछ और समस्यायें भी हैं और इन सब का मुख्य कारण जनसंख्या में वृद्धि है, जिसे परिवार नियोजन द्वारा ही रोका जा सकता है।

परिवार नियोजन के बारे में लोगों की कुछ शंकायें या लत धारणायें हैं। वे कहते हैं कि बच्चा अगर पैदा होने से रोका, भगवान नाखुश हो जायेंगे। बच्चे भगवान की देन जरूर हैं बशर्ते उनका अच्छा लालन-पालन किया जा सके। वे स्वयं परिवार, देश पर भार न बनें । आज संसार को ज्यादा संख्या नहीं बल्कि अच्छे बच्चे चाहिए।

भय

कुछ लोगों को यह भी डर होता है कि अगर 2 या 3 बच्चे होने के बाद परिवार नियोजन के लिए आपरेशन करवा लिया जावे तो हो सकता है कि जीवित बच्चे किसी बीमारी से या और बजह से नहीं रहे तो फिर क्या होगा? होने में तो जो दो बच्चों के साथ होता है वह दस बच्चों के साथ भी हो सकता है फिर भी ऐसी बात अगर हो जाये तो पुनः आपरेशन कर बच्चे पैदा करने लायक बनाया जा सकता है कुछ लोगों को यह डर है कि परिवार नियोजन के तरीके अपनाने से लैंगिक आनन्द में कमी हो जाती है लेकिन चिकित्सा विज्ञान ने यह बता दिया है कि इससे लैंगिक कमजोरी किसी प्रकार भी पैदा नहीं होती है। बल्कि आदमी को मानसिक रूप से बच्चे पैदा होने का डर नहीं होता है तो वह ज्यादा आनन्द उठा सकता है।

नियोजन का तरीका

परिवार नियोजन को आपनाने के लिये स्त्री और पुरुष के लिये अलग अलग बहुत से तरीके हैं जिनके बारे में किसी भी पास के “परिवार नियोजन केन्द्र” या “कुटुम्ब सुधार केन्द्र” से मुफ्त सलाह ले सकते हैं। यहां केवल पुरुषों के लिये ही दो तरीके

संक्षेप में दिये जा रहे हैं।

इसका उपयोग विशेषतया बच्चों के जन्म में अन्तर रखने के लिये किया जाता है। यह एक सस्ता एवं सरल साधन है।

आपरेशन (नसबन्दी)

जो और ज्यादा बच्चे नहीं चाहते उनके लिये यह आपरेशन (नसबन्दी) एक सबसे अच्छा तरीका है क्योंकि:—

(1) यह एक सरल एवं छोटा सा पांच मिनट का आपरेशन है,

(2) इसको करवाते समय बेहोश नहीं किया जाता,

(3) इस आपरेशन के करवाने के बाद कुछ धन राशि भी उपहार स्वरूप, भारत सरकार की ओर से दी जाती है।

(4) केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को आपरेशन के उपरान्त स्वस्थ होने के लिए 6 दिन की विशेष आकस्मिक अवकाश भी दिया जाता है।

विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा दौरे

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बटालियनों का सैनिक तथा असैनिक विशिष्ट व्यक्ति यदा कदा दौरा करते रहते हैं और वे इस दल के जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन तथा चुस्ती इत्यादि से इतने प्रभावित होते हैं कि सराहना किये बिना नहीं रहते। कुछेक ने तो नकद पुरस्कार भी वितरित किये। ऐसी कुछ सौभाग्यशाली बटालियनों का विवरण नीचे दिया गया है :—

बटालियन	विशिष्ठ व्यक्ति	तिथि
14 बटालियन	नागालैंड के मुख्य मंत्री	17 फरवरी 1972
21 बटालियन	महानिरीक्षक पुलिस बिहार	
25 बटालियन	त्रिपुरा सरकार विशेष सचिव	
25, 32, 49 बटालियन	महानिरीक्षक पुलिस त्रिपुरा	
34 बटालियन	पुलिस कमिश्नर, कलकत्ता	16 जलाई 1972
35 बटालियन	मिजोरम सरकार के मुख्य सचिव	
36 बटालियन	केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के महानिदेशक महोदय	15/16 फरवरी 1973
41 बटालियन	अरूणाचल प्रदेश के सुरक्षा कमिश्नर	
59 बटालियन	केन्द्रीय इस्पात मंत्री श्री मोहन कुमार मंगलम्	1 जनवरी 1973
	मेजर जरनल पी चौधरी, जी ओ सी बंगाल एरिया	20 मार्च 1973
	एयर मार्शल जी. के. जान	23 मार्च 1973

भारत में अपराध जांच विज्ञान की प्रगति

डा० आनन्द स्वरूप गुप्ता

अपराधों का पता लगाने व अपराधियों पर मुकदमा चलाने में अपराध जांच विज्ञान का उपयोग भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ही शुरू हुआ है। इसके पूर्व अपराधी की जांच में विज्ञान के उपयोग को दिशा में बहुत कम प्रयास किया गया था।

अपराध जांच विज्ञान के विकास से पुलिस ने अब अपराधों का पता लगाने के पुराने तरीके लगभग त्याग दिए हैं। वैज्ञानिक जांच से अब यह संभव हो गया है कि अपराध के सहारे अपराधी तक पहुंचा जा सके तथा पूछताछ के ढंग से यह संभव हो सका है कि अपराधी से अपराध कबूल करवाया जा सके।

वैज्ञानिक साक्ष्य का एक लाभ यह भी है कि वह अपराध सिद्ध करने में मदद देता है। अपराध जांच विशेषज्ञ की सहायता से अदालतों को अपराधी पर मुकदमा चलाने में सही निर्णय लेने में भी मदद मिलती है।

पहचान का पहला वैज्ञानिक तरीका एक फ्रांसीसी वैज्ञानिक व जेल अधिकारी श्री एल्फरेन्स बर्टिलन ने विकसित किया था और इसीलिए इस विधि का नाम उन्हीं के नाम पर बर्टिलन प्रणाली रखा गया था। इस विधि के अन्तर्गत शरीर के प्रमुख अंग नापे जाते

थे और सभी अंगों का बड़े, मंझोले और छोटे इन तीन आकारों में वर्गीकरण हुआ। १९वीं शताब्दी के अंत तक यह प्रणाली प्रचलित रही । इसके बाद इसका स्थान अंगुलियों के वर्गीकरण की हेनरी प्रणाली ने ले लिया।

भारत में यह प्रणाली हेनरी, अजीहुल हक और बोस ने मिलकर विकसित की थी। इसके परिणामस्वरूप १८९७ में कलकत्ता में विश्व का पहला अंगुलियों के निशानों की जांच करने का कार्यालय (फिंगर प्रिन्ट्स ब्यूरो) खोला गया । तब से यह विधि आज तक मान्य है और ऐसा माना जाता है कि अपराधी को उसकी अंगुलियों के निशानों से पकड़ा जा सकता है।

द्वितीय पुलिस आयोग द्वारा १९०२–३ में की गई सिफारिशों के आधार पर इसी तरह के कार्यालय भारत के सभी ब्रिटिश प्रान्तों में खोले गए। इनसे पकड़े गए अपराधी को पहचानने और उसके पुराने जुर्मों का पता लगाने में तो अवश्य मदद मिली परन्तु अपराध का पता लगाने में इनसे प्रत्यक्ष मदद कोई नहीं मिली।

धीरे-धीरे पुलिस के काम में फोटोग्राफी का भी प्रयोग होने लगा । इसका उपयोग अपराधी की खोज की सूचनाएं जारी करने व मृतक की पहचान के लिए ही होता रहा । इस शताब्दी के प्रारंभ के वर्षों में शिमला में अपराध के सिलसिले में जांच किए जाने वाले दस्तावेजों के सरकारी परीक्षक का कार्यालय खोला गया ।

केन्द्रीय और राज्यीय अपराध जांच प्रयोगशालाओं में अनेक विभाग होते हैं। उदाहरण के लिए रसायन, भौतिकी, जैविक अंगुलियों के निशानों की तुलना, प्रक्षेपास्त्र विधि, दस्तावेज परीक्षण और फोटोग्राफी। अपराध स्थल से लाए गए विभिन्न प्रकार के पदार्थों की जांच इन प्रयोगशालाओं में की जाती है। इनसे अपराध या अपराधी का पता लगाने में मदद मिलती है। विष, शराब के अंश वाले पदार्थ, मिलावट युक्त खाने-पीने की चीजें, मादक वस्तुएं, दवायें, रंग, टूटी हुई अलमारियां व ताले, काटे गए तार के दोनों किनारे, चुराई गई कारों व साइकिलों के मिटाए गए नम्बर, खून, वीर्य, बाल, रेशा, धूल, लकड़ी के टुकड़े, पैरों और अंगुलियों के निशान, खाली कारतूस, स्याही, टाइप किया गया कागज,

जाली नोट व ढाले गए जाली सिक्के आदि वस्तुओं की जांच इन प्रयोगशालाओं में की जाती है । सभी तरह के सूक्ष्म और स्थूल पदार्थों की प्रयोगशाला में परीक्षा की जा सकती है और उनके बारे में अधिकारिक तथ्य जाने जा सकते हैं।


अपराधी की जांच में वैज्ञानिक विधियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए अपराध स्थल पर पहुंच कर वैज्ञानिक सहायता पहुंचाने के लिए मोटर गाड़ियां रखी गई हैं। ये सहायता की सुविधाओं से लैस रहती हैं। इनके अलावा पुलिस थानों में अपराध किट व कैमरे भी रहते हैं। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर वैज्ञानिक विधियों के उपयोग के लिए जनता से सहयोग अभी भी नहीं प्राप्त हो रहा है। अपराधों के शिकार बहुत से लोग, यहां तक कि पढ़े-लिखे लोग भी यह भूल जाते हैं कि अपराध की जांच के लिए पहली जरूरी बात यह है कि अपराध स्थल को निर्विघ्न, सही-सलामत ज्यों का त्यों रहने दिया जाय । यदि घटनास्थल की शिकायत करने वाले या उसके मित्रों और रिश्तेदारों ने चल फिर कर निशान खराब कर दिया तो अंगुलियों के या निशान

अन्य ऐसी चीजें पाना मुश्किल हो जायगा जिनकी सहायता से अपराधी का पता लगाया जा सकता।

अपराध जांच विज्ञान की सहायता लेने में और भी अड़चनें सामने आती हैं। इनमें से एक अड़चन तो यह है कि घटना की रिपोर्ट पुलिस को देर में दी जाती है। ऐसा गांवों में विशेषकर होता है। दूसरी बात यह है कि पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचने में देर हो जाती है । अतः यह जरूरी है कि पुलिस व जनता अपराध जांच विज्ञान पर ज्यादा से ज्यादा भरोसा रखे और वैज्ञानिक जांच के लिए आवश्यक औपचारिकतामों को पूरा करने में अपना कर्तव्य पालन करे।

हमारे खिलाड़ी

स्वप्न साकार हुआ किन्तु अन्य क्षेत्र में



श्री जे एस डासन

सभी मनुष्यों के स्वप्न साकार नहीं होते । जेसू स्टेबर्ट डासन भी एक ऐसे ही व्यक्ति हैं। उनकी आकांक्षा वायुसेना में विमान चालक बनने की थी किन्तु उसकी प्रतिभा एक

अन्य रूप में मुखारेत हुई। उन्हें खेल के क्षेत्र में उत्तम एथलैटेक रिकार्ड के लिए कैलीफोनिया छात्रवृत्ति मिली।

26 वर्षीय, लम्बा और गठा शरीर तथा रोबीले व्यक्तित्व वाला जेसू स्टेबर्ट डासन ने एक बैंक से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में प्रवेश किया।

वह एक रबड़ उत्पादक का पुत्र है जिसके पिता ने मलेशिया तथा केरल में काफी सम्पत्ति और यश कमाया। जेसू भी सुगमता से अपना वंशीय कार्य व्यवसाय सम्भाल सकता था किन्तु उसके भाग्य में तो किसी और ही क्षेत्र में उपलब्धियां लिखी थीं।

स्कूल तथा कालेज जीवन में उसने ऊंची कूद तथा नेजा फेंक में शीर्ष स्थान लिया तथा सभी प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त की। एक युवक श्री लंका निवासी उसका मित्र बन गया और उसी की प्रेरणा से उसने ट्रीपल जम्प में रुचि पैदा की और आज वह अखिल भारतीय पुलिस में सन् 1970 से 14. 84 मीटर का कीर्तिमान बनाये हुए है और तभी से वह पुलिस प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतता रहा है ।

पारिवारिक वातावरण तथा निकट सम्बन्धियों से प्रोत्साहन व्यक्ति के जीवन में विशेष स्थान रखते हैं । उसके सभी भाई अच्छे एथलीट हैं जिन्होंने दौड़ कुदों, गोला फेंक तथा फुटबाल इत्यादि में राज्य स्तर पर भाग लिया है । इस प्रकार प्रारम्भ से ही जेसू को मुक्त क्षेत्र मिला और वह अपनी जीवन अभिलाषा को सफल बनाने में सार्थक हुआ ।

स्नातक होने पर उसने बैंक सेवा में पदार्पण किया किन्तु इस चुनाव में भी उसके स्पोर्टस जीवन का विशेष स्थान था। चारों ओर से फाइलों से घिरा इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी का व्यक्तित्व वहां घुट रहा था। जैसे तैसे करके उसने एक वर्ष निकाला और बाद को सीधे डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट के रैक में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस में प्रवेश किया । केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज (सेन्ट्रल ट्रेनिंग कालेज) नीमच में प्रशिक्षण के दौरान उसे (शैक्षिक विषयों) में श्रेष्ठ आंका गया तथा 1970 की दीक्षान्त परेड में तत्कालीन थलसेनाध्यक्ष जनरल सेम मानेकशा से पुरस्कार प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।

उसे मैक्सिको खेलों के लिये चुना गया तथा उसने तीन प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षण लिया। दो शिविर राष्ट्रीय खेल कूद संस्थान पटियाला में तथा एक अतिव ऊंचाई शिविर उटकमांड में आयोजित किया गया था।

यह बड़े दुर्भाग्य की बात है किन्तु है सत्य कि सेवा में रहते हुए खिलाड़ी को प्रथम अपने व्यवसाय सम्बन्धी कार्यकुशलता में दक्ष होना होता है । वह ऐसी अन्य गतिविधियों में भाग सिर्फ फालतू समय में ही ले पाता है। व्यवसाय सम्बन्धी प्रशि क्षण, पाठयक्रमों तथा सामान्य दैनिक कार्यों में ही अधिकतम समय व्यतीत हो जाता है। इन सब बाधाओं के रहते हुए भी कुछ सौभाग्यशाली मुखरित हो ही उठते हैं। सामान्यरूप से इन परिस्थितियों में प्रगति करना असम्भव ही सा है और यही एक कारण है कि विश्व में भारत इस क्षेत्र में काफी पिछड़ गया है। कठोर कदम ही इस क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

इस वर्ष (1973) में भी राष्ट्रीय खेलकूद संस्थान के लिए चुनाव हुआ । किन्तु शादी आ जाने से वह इस वर्ष भी भाग लेने में असमर्थ रहा।

खिलाड़ी के लिए उसके व्यवसाय की सुरक्षा हो तथा उसे अपने खेल स्तर को बढ़ाने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता तथा सभी अपेक्षित सुविधायें उपलब्ध की जायें । इसके अभाव में होनहार कलियां मुखरित होने से पूर्व ही मुर्झा जायेंगी।

जेसू का कहना है कि स्कूल शिक्षा के दौरान ही युवक खिलाड़ियों को चुना जाये। उसी दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा परीक्षण प्रक्रियाओं से गुजरने के उपरान्त उन्हें सघन प्रशिक्षण दिया जाये। वर्तमान में चुनाव सुनियोजित नहीं। खिलाड़ी की मनोवैज्ञानिक दशा का सही अंकन नहीं किया जाता तथा कोच अथवा प्रशिक्षक से उपेक्षा मिलने के कारण वह अपनी प्रतिभा विकसित नहीं कर पाता। प्रशिक्षक को ध्यान रहे कि वह प्रशिक्षक होने के साथ ही उसका भाई तथा मित्र भी है और वह उससे निकट का सम्पर्क बनाये रखे।

भारतीय स्पोर्ट्स संघ के सदस्य प्रायः अनुभवहीन हैं उनकी योग्यता सिर्फ इन संघों के साथ दीर्घकालीन सम्बन्ध ही कहा जा सकता है। इन संघों में गुटबंदी तथा भाई-भतीजावाद ही चुनाव के आधार रहते हैं जिसके फलस्वरूप योग्य खिलाड़ी उपेक्षित हो जाते हैं। फलस्वरूप हमारा खेल स्तर गिरता है। भारतीय टीमें विदेशों में जाती हैं और उनका चुनाव करते समय राष्ट्रीय हित को भी ध्यान में रखना चाहिए। यद्यपि कुछ सेवानिवृत्त सैनिक अफसरों की इस संघ में नियुक्ति की गई है किन्तु सर्वोच्च शक्ति उन्हीं सदस्यों में निहित रहने के फलस्वरूप ये भी असमर्थ होते हैं।

खिलाड़ी राष्ट्र की सम्पत्ति और सम्मान हैं और किसी को इनका दुरुपयोग करने का दुःसाहस नहीं होना चाहिए। आज कुछ सार्वजनिक तथा निजी प्राधिकरणों में होनहार खिलाड़ियों को निजी स्वार्थपूर्ति हेतु उदार शर्तों पर भरती करने की होड़ लगी है।

जेसू का विचार है कि स्कूल, कालेजों, तथा क्लबों में जो खेल सामान उपलब्ध किया जाता है वह उचित स्तर का नहीं होता यद्यपि इन संस्थानों में धन का विशेष प्रभाव नहीं है।

हाकी के महारथीयों से कुछ गुर :

सेन्टर फार्वर्ड

• मेजर ध्यानचन्द


सेन्टर फार्वर्ड आक्रमण में मुख्य प्रहारक होता है और उसकी स्थिति सर्वाधिक कठिन तथा दायित्वपूर्ण होती है । फार्वर्ड पंक्ति के खिलाड़ियों का खेल उसी के , इशारे तथा योग्यता पर निर्भर करता है । अगर वह असफल रहता है तो खेल पूर्णतः

अव्यवस्थित हो जाता है।

एक श्रेष्ट सेन्टर फार्वर्ड अपने फार्वर्ड विंग के खिलाड़ियों पर हावी रहता है। तथा उनकी योग्यता और क्षमता का अधिकतम उपयोग करता है। उसे समानरुप से तथा निर्णयपूर्वक सभी को पास देने चाहिए। उसे यह देखना है कि कौन से विंग के खिलाड़ी विपक्षी पक्ष पर अच्छा दबाव डाल रहे हैं और उसी के अनुसार अपन खेल में फेर-बदल करना चाहिए। उसे विपक्षी दल को अचानक झकझोरने के लिए कुछ रहस्य अपने में भी निहित रखना चाहिए।

हाकी के जादूगर

जीवन परिचय



29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में जन्मे, ध्यान चन्द विश्व के सर्वाधिक माननीय सेन्टर फार्वर्ड़ की स्थिति तक पहंचे। 1922 में दिल्ली में प्रथम ब्राहमिन रेजिमेन्ट में एक सिपाही के रूप में प्रवेश किया। 1933 में वाइसराय कमीशन तथा 1943 में किंग कमीशन अफसर बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वह मेजर के रेंक में सेवानिवृत्त हुआ तथा वर्तमान में राष्ट्रीय खेल-कूद संस्थान में मुख्य प्रशिक्षक के पद पर हैं।

उनमें शीर्ष खिलाड़ी के सभी गुण—बुद्धिमत्ता, तीखी दृष्टि, कानूनी ज्ञान, गति तथा

शारीरिक क्षमता विद्यमान हैं। 1926 में न्यूजीलैंड का दौरा करने वाली थलसेना की टीम और उसी वर्ष एम्सटरडम के होने वाले विश्व ऑलम्पिक खेलों में जाने वाली भारतीय टीम के वह सदस्य चुने गये। 1932 म उन्हें पुनः लास एन्जीस खेलों में भारतीय टीम का नेता चुना गया। 1934 में उन्हें प्रथम पश्चिमी एशियाई खेलों में भारतीय टीम का नेतृत्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उसने 1936 में बर्लिन आलम्पिक खेलों में हाकी टाइटिल को बनाये रखा। इससे पूर्व 1935 में भी उसने न्यूजीलैंड तथा आस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली भारतीय टीम के कप्तान का पद ग्रहण किया था। उनकी अन्तिम भव्य उपलब्धि 1947-48 की थी जबकि उन्हें पूर्वी अफ्रीका में जाने वाली भारतीय हाकी संघ की टीम का नेतृत्व सौंपा गया

मध्य स्थिति में खेलने के कारण वह दांये तथा बांये विंग के खिलाड़ियों के मध्य एक सम्पर्क सूत्र भी होता है। यह सम्पर्क अनवरत बना रहना चाहिए और अगर किसी अवस्था में भी इसमें विघटन होगा तो विजय का मूल एकजूट तथा एकाग्र कार्यवाही न हो पायेगी। उसे सभी फार्वर्ड खिलाड़ियों पर पूर्ण नियंत्रण रखना चाहिए।

सामान्यतः वह इन्साइड फार्वर्ड के पासों को बढ़ाता है साथ ही उसे विंगमेनों को आगे बढ़ने के अवसर भी प्रदान करने चाहिए। इस पद्धति से मध्य में जमाव न हो पायेगा। यहां सभी फार्वर्डो को एक नियम बताना उपयुक्त होगा। उन्हें कभी भी एक जगह एकत्रित नहीं होना है और न ही एक दूसरे के क्षेत्र में घूसने का प्रयास करना चाहिए। अगर आप एक दूसरे के सहयोगी के रूप में खेलेंगे तो प्रतिद्वन्द्वी पक्ष में आपके घूसने के अधिक अवसर होंगे। अगर आप गेंद के गिर्द जमघट बनाने का प्रयास करेंगे तो आपकी रक्षा पंक्ति कमजोर पड़ जायेगी। पास बढ़ाते समय सेन्टर फार्वर्ड को निर्णय करना है कि उसे गेंद सीधे फेंकनी है अथवा उसको घुमानी है या अपने किसी सुरक्षा साथी की ओर 'प्रेस' करना है। उत्तम सुरक्षा पंक्ति बनाये रखने के लिए सभी आगे बढ़ने वाले प्रतिपक्षी खिलाड़ियों को दबाये रखा जाये और खिलाड़ियों के मध्य का स्थान ही सेन्टर फार्वड को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उसे इसका ज्ञान होना चाहिए कि तीनों स्ट्राकों में से कौनसा स्ट्राक गेंद को अपेक्षित खिलाड़ी के पास पहुंचा सकेगा।

कई अवसर ऐसे भी आयेंगे जबकि सेन्टर फार्वर्ड को अपने आप ही मार्ग निकालना होगा। इस अवसर पर सेन्टर फार्वर्ड को गति तथा हाकी कौशल दिखाना होगा। बाकी अवसरों पर उसे हाकी कौशल अथवा अपना गेंद चातुर्य दिखाने की आवश्यकता नहीं। एक स्वार्थी खिलाड़ी टीम के लिए घातक सिद्ध होगा। वह अन्यों से उत्तम खेल अपेक्षित नहीं कर पायेगा।

(हाकी की कहानी से उद्धृत)

शूटिंग प्रतियोगिता



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के भूतपूर्व कमाण्डेंट श्री एल जे हाल राज्यपाल महोदय से ट्राफी प्राप्त करते हुए।

मार्च 1973 में ग्रुप सेन्टर-1 अजमेर में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के राज्यपाल श्री जोगिन्दर सिंह ने पुरस्कार वितरण किया। इस प्रतियोगिता का जिसमें करीब 100 अफसरों, असैनिकों, महिलाओं तथा बच्चों ने भाग लिया अजमेर के जिलाधीश श्री आर एल मिश्र द्वारा उद्घाटन किया गया। इस प्रतियोगिता में रिवाल्वर शूटिंग, 22 रायफल तथा 12 बोर बन्दूक से क्ले पीजन शूटिंग आदि सम्मिलित थे।

हाल ही में स्थापित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस रायफल कल्ब भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ से सम्बद्ध हो गया है। इसमें लाइसेंस शुदा शस्त्रधारी असैनिक अफसरों तथा उनके परिवारों को इन शस्त्रों के धारण तथा चालन का प्रशिक्षण दिया जाता है।

एक बार सर्किल के अन्दर पदार्पण करने पर श्रेष्ठ यही होगा कि तेजी तथा जोर के साथ गेंद को शूट किया जाये। इससे पूर्व आपको गोल करने की पूर्ण योजना—गोलार्द्ध की स्थिति, गोलदागने के लिए कोण और फासला की पूर्ण तस्वीर अपने मस्तिष्क में उतारनी होगी। इसके अभाव में आपका शाट या तो बाहर चला जायेगा अथवा गोली के पैड में जा टकरायेगा। इतने प्रयास के उपरान्त शाट का निष्फल जाना बहुत ही

हृदयविदारक होता है। इसको अभाग्य नहीं कहा जा सकता। यह तो निकृष्ट खेल ही हो सकता है। इसलिए आपकी सूझबूझ तथा दृष्टि इतनी पैनी होनी चाहिए कि आप सही निर्णय ले पायें कि किस स्थिति से आपको शाट लगाना है। अगर आप यह निर्णय सही ले पाये तो गोली आपकी दया का पात्र होगी।

('हाकी की कहानी' से साभार)

उसका शरीर केवल मातृभूमि के लिए था

• का० अनुसुय्या प्रसाद

वह घटना उसके जीवन का एक नया अध्याय बन गया था। हाँ, एकमात्र घटना ही तो थी वह। वह यदि किसी से कहता है तो सुनने वाले इसे कहानी मात्र ही समझते हैं। कहानी ही तो है यह, जिसके साथ उसके हृदय का प्रवाह जुड़ा है। वास्तव में वह एक पहेली थी मनेश के लिये।

भारत के प्रमुख औद्योगिक नगर कानपुर में रहते हुए मनेश को तीन साल व्यतीत हो गये थे। वह अपने चाचा के परिवार के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए कानपुर गया था। अब वह नवीं कक्षा का विद्यार्थी था।

एक दिन वह अपने अध्ययन कक्ष में बैठा था, शायद छुट्टी का दिन था, यकायक उसकी बहिन सुशीला भागती हुई उसके पास आई और कहने लगी भैय्या—पड़ोस में एक घर जो खाली था न, गणेशी दूध वाले का उसमें एक पंजाबी परिवार आ गया है।

आया होगा! उसने साधारण सा उत्तर दिया। मनेश को इसमें कोई नई बात नहीं प्रतीत हुई। मगर उसकी बहिन मधु काफी खुश थी।

संध्या का समय, चाचा जी का नियम था कि अपने कार्यालय से आने के पश्चात वे मुहल्ले या यों कहिये कि आस-पड़ोस के सभी बालक एवं बालिकाओं को एकत्र करके प्रार्थना करवाते थे। इतफाक की बात थी कि उस दिन चाची की तबियत खराब थी। इसलिये संध्या के भोजन का भार मधु के उपर आ पड़ा था। मनेश भी बहिन की मदद कर रहा था। बाहर से किसी ने मधु को पुकारा, मधु—मधु के चाचाजी मोढ़े पर बैठे समाचारपत्र देख रहे थे। दरवाजे पर दस्तक हुई उन्होंने आवाज देने वाले को अन्दर बुलाया, वह अन्दर आई, चाचा जी को नमस्ते किया और अपना परिचय देने के पश्चात सीधे धड़धड़ाती किचन में आ पहुंची। मधु ने अपनी नई सहेली को पास ही मोढे पर बिठा दिया। मधु रोटियां बेलती, मनेश उन्हें सेकता। एक बार मनेश का हाथ जल गया। "लो जला दिया न हाथ" उस लड़की ने कहा ?

माधवी मैं तो भैय्या को बोल रही हूँ कि मैं खुद बना लूंगी मगर ये तो मानते ही नहीं, मनेश की बहिन मधु ने समर्थन किया। मनेश को पता चला कि इसका नाम माधवी है।

अगली सुबह माधवी फिर मनेश के घर आई। 'क्या लिख रहे हो?' माधवी ने प्रश्न किया।

स्कूल का काम पूरा कर रहा हूं। मनेश ने उत्तर दिया। "कौन सी कक्षा में पढ़ते हैं।"

नवीं में।

मैं भी नवीं में पढ़ती हूं।

"तब तो तुम्हारी पढ़ाई के लिए एक साथी मिल गया।" यह आवाज उसके चाचा जी की थी। जो अभी-अभी दरवाजे से अन्दर आये थे , मनेश ने माधवी के लिये भी कुरसी खिसका दी, वह उस पर बैठ गई। "मधु कहां गई ?" माधवी ने पूछा, स्कूल चली गई है।

माधवी मनेश की कक्षा की छात्रा थी, लेकिन उनका स्कूल अलग अलग था। वे दोनों घर पर साथ साथ ही अध्ययन किया करते थे। धीरे-धीरे वे एक दूसरे के इतने निकट आ गये कि जब भी घर में रहे मनेश और माधवी को एक साथ देखा जा सकता था। उन दोनों के बीच एक अनोखे प्रेम ने जन्म ले लिया था।

उन दोनों की वार्षिक परीक्षा चल रही थी। माधवी पढ़ने के लिए मनेश के ही घर चली आती थी। परीक्षा समाप्त होते ही चाचा जी ने कहा "मनु तुम अपना सामान बांध लो कल तुम्हें जाना है।"

चाचा जी की बात सुन कर मनु एक बार कांप गया, उसके मुंह से बोल नहीं निकला।

"क्यों घर नहीं जाओगे ?" चाचा ने प्रश्न किया।

"जी, जाऊंगा, !" उसने धीरे से उत्तर दिया।

तो फिर तैयारी कर लो।

रात्रि के लगभग साढ़े आठ बजे माधवी की छोटी बहिन पुष्पा आई। मनेश के जाने का समाचार सुन कर वह स्तब्ध रह गई। आज उन्हें महसूस हो रहा था कि वे एक दूसरे को कितना प्रेम करते हैं। मस्तिष्क में न जाने कितने भाव उस समय मनेश के आ रहे थे। एक खिन्नता उसे उस समय अनुभव हो रही थी।

अगली प्रातः आठ बजे वह तैयार हो गया, उसने माधवी की काफी प्रतीक्षा की मगर माधवी उसे मिलने न आ सकी।

थोड़ी देर बाद माधवी की बहिन जो सबसे छोटी थी आई और मनेश के हाथ में एक कागज़ थमा कर बोली—यह दीदी ने दिया है। पत्र को लेकर उसने घर वालों से विदाई ली और चल पड़ा अपनी मंजील की ओर।

वह टैक्सी में बैठा न जाने क्या क्या सोच रहा था। बार बार पत्र को देखे जा रहा था। जब घर से काफी दूर वह निकल गया तो उसने पत्र को खोला लिखा था :–

मेरे मनेश तुम्हारा विछोह मैं सहन न कर सकूंगी। हो सके तो क्षमा करना।

तुम्हारी ही माधवी

मनेश छुट्टी के बाद कानपुर न जा सका।

तीन साल पश्चात् माधवी का पत्र आया। जिसमें उसने अपने एफ0 ए0 की परीक्षा में उत्तीर्ण होने की खबर दी थी। साथ ही अपनी शादी तय होने का समाचार भी। उस पत्र में उसने अपने हृदय को खोला था और काफी समय की हृदय घुटन को स्पष्ट किया

था। वह जाति बन्धन को समाप्त करने को तैयार थी। मगर एक मनेश था कि न जाने किस भावुकता में बह रहा था। हां, उसे भी अपनी मजबूरी थी। परन्तु फिर भी वह माधवी को अपनाने के लिए तैयार था। उसे विश्वास था कि माधवी जैसी जीवन साथी मिलने पर उसके आंचल में संसार की पूरी खुशी सिमट आयेगी।

परन्तु—ऐसा न हो सकेगा, माधवी की शादी हो गई होगी, वह अपने बाबूल के घर को छोड़कर अपने अपरिचित पति के द्वार चली गई होगी। माधवी रोई होगी तड़पी होगी। उसके मन में यही विचार कूकते रहते थे जबकि माधवी का पुनः पत्र मिला। लिखा था :—

मनेश ! मेरी शादी एक पुलिस इंस्पेक्टर से हो गई है। अब तुम्हें क्या कह कर पुकारू। मुझे विश्वास है कि तुम्हारे हृदय में वही प्रीति, स्नेह और अनुराग होगा। किन्तु अब मेरा ख्याल छोड़ देना। अब एक दूसरे का ध्यान हमारे लिए पाप है।

ढाई वर्ष बाद एक और पत्र मनेश को प्राप्त हुआ इस पत्र में माधवी ने लिखा था। "मनु ! मेरे पति एक सीमावर्ती क्षेत्र में शत्रु की टुकड़ी से मुठभेड़ में मातृभूमि की सेवा में बलिदान हो गये। मैं विधवा होकर भी सधवा हूं। पति की मृत्यु के बाद मैं पुलिस अस्पताल में नर्स की हैसियत से काम कर रही हूं। तुम्हारी बहिन मधु का पत्र आता रहता है। तुम तो पत्र नहीं देते मगर कानपुर से मधु सदा तुम्हारे बारे में लिखती रहती है। मुझे प्रसन्नता, हुई कि तुमने बी० एस० सी० के बाद एम० एस० सी० में प्रवेश पा लिया है। अभी तक मैने अपने पत्रों का उत्तर का कभी आग्रह नहीं किया। परन्तु मैं इस पत्र का उत्तर मांगती हूं। छुट्टी आऊंगी तो तुमसे मिलने का प्रयास करूंगी।

दो माह पश्चात् मनेश कानपुर गया। मौहल्ले, के वही लोग, वही वातावरण, वही घर, सब कुछ वही, यह सब होते हुये भी उसे एक बहुत बड़ी कमी अनुभव होती रही जो शायद कभी पूरी होने वाली न थी। माधवी का भाई अब वायु सेना में था। छोटे छोटे बच्चे काफी बड़े हो गये थे। पूछने पर पता चला कि माधवी का स्थानान्तर एक सीमावर्ती अस्पताल में हो गया था।

एक बार एक मोबाइल गाड़ी के साथ वह डयूटी पर थी कि शत्रु के गोले की वह गाड़ी शिकार हुई।

आज समाचारपत्रों में देश-सेवा में बलिदान होने वाले दो शहीदों के चित्र प्रकाशित हुए थे। दोनों को ही राष्ट्र द्वारा सम्मानित किया गया था। माधवी के पति को राष्ट्रपति द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक तथा माधवी को नर्सिंग का उत्कृष्ट सेवा पदक मरणोपरान्त प्रदान किए गये थे।

वास्तव में माधवी तथा उसके पति ने मातृभूमि का भार उठाने के लिये जो त्याग किया वह भावीकरणधारों के लिये एक चुनौती थी। सोये हुए शौर्य को झकझोर देने वाली चुनौती।

मनेश आज भी जब अपने खोये अतीत को ढूंढता है तो उसे वही मधुर। मुस्कान, मधुर स्वर, वही भोला-भाला चेहरा, काली कजरारी आँखें तथा प्यारी सूरत नजर आती है। मनेश की आँखों में आंसू मोती बन कर बाहर निकल आते हैं जो उस शुद्ध आत्मा के प्रति श्रद्धा के फूल हैं।

मनेश अब सोचता है कि माधवी का शरीर उसके लिये नहीं मातृभूमि के लिये था।

नदी का एक किनारा निश्वास लेकर कहता है "सम्पूर्ण सुख सामने के किनारे पर ही है।"

नदी का दूसरा किनारा आह भर कर कहता है-दुनिया में जितना सुख है वह सब पहले ही किनारे पर है।

-रवीन्द्र

उदार आर्थिक सहायता तथा छात्रवृतियां

अपने कर्मचारियों की देखरेख तथा कल्याण आज की सभी राष्ट्रीय तथा सामाजिक सरकारों का एक उत्तरदायित्व है जो सरकार इस दायित्व को न निभा सके वह उनसे अपेक्षित सेवा नहीं ले सकती । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस अपने इस दायित्व के प्रति सजग है और उसने अपने परिवार के सदस्यों की मुसीबतों में हाथ बंटाने के उद्देश्य से कुछ मृत जवानों तथा असैनिकों के परिवारों के निर्योग्य हुए तथा जख्मी जवानों को अनुदान दिये हैं ताकि उनके कष्टमय जीवन में कुछ राहत मिल सके।

1972-73 के वित्तीय वर्ष के दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के निम्न कार्मिकों व कर्मचारियों के परिवारों को नकद 62,850 रुपये की सहायता दी गई।

स्वर्गीय कांस्टेबल लक्ष्मी नारायण, 8 बटा. 1000

,, लांसनायक इन्द्रमणि प्रसाद 23 बटा. 1000

,, कान्स्टैबल नौवलसिंह, 17 बटा. 500

,, नायक के. आर. जी नायर 2 सिगनल बटा. 1000

,, कान्स्टेबल जग्गूराम, 39 बटा. 1000

,, हैड क्लर्क जी. नायर, 19 बटा. 1000

,, कुक रामदीन झा, 45 बटा. 1000

,, कान्स्टेबल नाना राम, 31 बटा. 1000

,, कान्स्टेबल बाई हिमाचलन, 37 बटा. 1000

,, वाटर कैरिलर मोपाराम, 10 बटा. 1000

,, कान्स्टेबल नन्द किशोर, 31 बटा. 500

कान्स्टेबल किशनसिंह, 24 बटा. (पत्नी की बीमारी के लिए) 200

स्वर्गीय नायक परमन्तसिंह, 3 सिगनल 1000

,, कान्स्टेबल केदारसिंह, 20 बटा. 1000

,, कान्स्टेबल रनबीरसिंह, 51 बटा. 1000

,, कान्स्टेबल रूंद्र सिंह 11 बटा. 1000

,, एल.डी.सी. सेथू माधवन ग्रुप सेन्टर जम्मू 300

,, नायक कर्नेलसिंह, 6 बटा. 1000

,, नायक तारा चन्द, ग्रुपसेन्टर–2 अजमेर 1000

,, कान्स्टेबल सुरेन्द्रनाथ भंज, 43 बटा. 1000

,, स्वीपर रंगत लाल, ग्रुप सेन्टर-1, अजमेर 1000

,, कुक राम जन्म सिंह, 23 बटा. 1000

,, एच. सी. बिंटलदयाल, 25 बटा. 1000

भूतपूर्व कान्स्टेबल बासुदेवसिंह (निर्योग्य) 4 बटा. 1500

स्वर्गीय कान्स्टेबल चंगा राम, 4 बटा. 1000

,, एच. सी. सुरत सिंह, 8 बटा. 1000

,, कांस्टेबल काशीनाथ मायक 8 बटा. 1000

,, लांस नायक जे. बलना 32 बटा. 1000

,, जमादार मक्खनलाल, 7 बटा. 1000

,, कान्स्टेबल टेक बहल 23 बटा. 1500

,, एच. सी. सुब्रामनियम, 29 बटा. 1000

स्वर्गीय एल. डी. सी. वी. वासुदेवन नायर, 36 बटा. 500

कान्स्टेबल मनुअल (जख्मी) 19 बटा. 500

भूतपूर्व कान्स्टेबल जोगिन्दरसिंह, 1 सी.टी.सी. 1000

स्वर्गीय नायक धनीराम, 35 बटा. 1000

,, कान्स्टे. सरवर हुसेन, 31ब. 1000

,, हैड क्लर्क वी.डी. कुलकर्णी, 1 सी.टी.सी. 1000

,, एच. सी. लक्ष्मण प्रसाद, ग्रुप सेन्टर मुकामाघाट 500

,, लांस नायक नेलसन बिड़ला, 4 बटा. 500

,, लांस नायक पी. तुली राम, 46 बटा. 100

भूतपूर्व-कान्स्टेबल दलीपसिंह (निर्योग्य) 5 बटा. 1000

स्वर्गीय नायक के.जी. जादव, 27 बटा. 1000

स्वर्गीय कान्स्टेबल के.आर. नायर, 33 बटा. 1000

स्वर्गीय लांस नायक अमरसिंह, 38 बटा. 1000

,, श्री एस. एस. संधू, डिप्टी एस.पी. 20 बटा. 2000

,, कान्स्टेबल अम्बिका प्रसाद 25 बटा. 1000

,, जमादार एम.ए. अनसारी, 1 सिगनल 1500

,, यू.डी.सी. दीवानचन्द शर्मा, सी.पी.ए.यू. 750

स्वर्गीयं	एच सी हरलाल, 4 बटा.	1500
,,	कान्स्टेबल बलवान सिंह, 49 बटा.	1000
,,	कान्स्टेबल जगबीर सिंह, ग्रुप सेन्टर किशनगड़	1000
,,	लांस नायक टेक बहादुर, 33 बटा.	1000
,,	स्वीपर मिट्ठा राम 14 बटा.	1000
,,	कान्स्टेबल पूरन बहादुर, 1 सी टी सी	1000
,,	लांस नायक चन्द्रपाल सिंह, 2 बटा.	1000
,,	कान्स्टेबल करन बहादुर, 14 बटा.	500
,,	जमादार एम ए अंसारी, 1 सिगनल	500
एल डी सी पी एल गुसेंन (क्षयरोग पीड़ित) निदेशालय कार्यालय में		100
स्वर्गीय कान्स्टेबल मेला सिंह, 32 बटा.		2000
,,	एच सी रतीराम, 1 सिगनल	2000
,,	कान्स्टेबल जीतराम, 32 बटा.	1000
भूतपूर्व–यू डी सी आई एल साधना		2000
,,	दफ्तरी राजकुमार भगत,	1000

शिक्षा के लिए छात्रवृति के रूप में दिए गये अनुदान

करीब 8,154 रुपये की छात्रवृत्तियां भी कार्यालय स्टाफ व सी आर पी एफ के कार्मिकों को प्रदान की गयी।

श्री तौनर मल, एस ओ (एडमिन) निदेशालय 225

,, के एन बी पणिकर, हैड क्लर्क, 52 बटा. 225

,, गजे सिंह, ओ एस जी सी रामपुर 177

,, एम एम सिंह, यू डी सी 3 सिगनल 225

नायक चाल्हिया नादर, 3 सिग.बटा. 225

जमादार के. ई. ईसाक, 2 सी टी सी 225

श्री के० एच० रतनराज, हैडक्लर्क ग्रुपसेन्टर आवडी 225

सूबेदार एजाज हुसेन, 43 बटा. 225

हैड कान्स्टे. दीना नाथ मिश्र, 40 बटा. 75

एस. एम. वी. अग्निहोत्री, ग्रुप सेन्टर देवली 225

जमादार गुरमुखसिंह डब्ल्यू ए 450

एम एम सिंह यू डी सी 3 सिगनल 450

जमादार गुरमुख सिंह 2 बटा 450

श्री रतनराज, हैडक्लर्क ग्रुप सेन्टर आवडी 450

सूबेदार एजाज हुसेन, 43 बटा. 450

जमाजार गुमुखसिंह, डब्ल्यू ए 450

पी एन शर्मा, यू डी सी, डी आई जी अजमेर 450

श्री आर पी वर्मा यू डी सी, सीपी यू ए 450

श्री गजे सिंह ओ एस ग्रुप सेन्टर दिल्ली 450

श्री तौनर मल, एस ओ निदेशालय 225

के एन वी परिणकर, हैड़ कलर्क, 52 बटा 225

गजे सिंह, ओ एस, जी सी रामपुर 117

एम एम सिंह यू डी सी 3 सिगनल 225

नायक चाल्हिया नादर, 3 सिगबटा 225

जमादार के ई ईसाक, 2 सी टी सी 225

श्री के एच रतनराज, हैडकलर्क ग्रुप सेन्टर आवडी 225

सूबेदार एजाज हुसेन, 43 बटा. 225

हैड कान्स्टे दीना नाथ मिश्र, 40 बटा 75

एस एम वी अग्निहोत्री, ग्रुप सेन्टर देवली 225

श्री तौनर मल, एस ओ निदेशालय 450

गृह सचिव

श्री गोविन्द नारायण



अपने हाल ही में रक्षा मंत्रालय में श्री के०बी० लाल से जो सेवनिवृत हुए सचिव पद का कार्यभार संभाला है ।



दिल्ली के पुलिस महानिरीक्षक श्री राजगोपाल की पत्नी श्रीमती राजगोपाल द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस प्रदर्शनी में गृह-मंत्री श्री कृष्णा चन्द पन्त को उपहार भेंट कर रही है ।




सेक्टर-२ के पुलिस महानिरीक्षक नीमच कल्याण केन्द्र प्रदर्शनी में एक कलाकृति की सराहना कर रहे है ।



रजि० नं० 23788/72

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की एक गश्ती टुकड़ी चार मीनार हैदराबाद की गश्त पर।

छायाकार : शिवकुमार



THE CRAPLER

Vol. 2 No. 1



महानिदेशक
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल
गृह मंत्रालय

नई दिल्ली
२३ मार्च १९७३

सन्देश

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में श्री इमदाद अली के स्थान पर दल के महानिदेशक का पद सम्भालने पर मुझे अति हर्ष है। हमारा कार्य क्षेत्र मुख्यतः आन्तरिक सुरक्षा तक सीमित है। अब सभी यूनिटों को यह ख्याल करना है कि वह जनता की दृष्टि में गिरे बिना अपने दायित्व को किस प्रकार उत्तम ढंग से निभा सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि दायित्व को निष्ठा तथा दृढ़ता से निभाते हुए हम संविधान के प्रति वफादारी तथा जनता के प्रति सेवा के उद्देश्य से विमुख न हों अर्थात् सामान्यतः हमें सहभावी, विचार-शील तथा जनता का सहयोगी होना है और शक्ति का प्रयोग करते समय भी हमें न्यूनतम बल प्रयोग के चार सिद्धान्त विचार में रखना है । थोड़ो भी ज्यादती अथवा लापरवाही हमारे प्रति गलत धारणा को जन्म देगी तथा दल के नाम को कलंकित कर सकती है। इसके अतिरिक्त मैं सभी को आचार नियमों तथा सेवा की सात-पक्षीय परम्पराओं का स्मरण दिलाना चाहता हूं। प्रत्येक रंगरूट तथा कान्स्टेबल से लेकर राजपत्रित अधिकारियों से इन पर विचार करने तथा इस स्तर को बनाये रखने का आग्रह करूंगा। इनको लोकप्रियता प्रदान करने हेतु 'क्रेप्लर' अब अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषाओं में पृथक संस्करण के रूप में प्रकाशित किया जायेगा।

इस अवसर पर मैं दल के राजपत्रित अधिकारीयों जो दल की रीढ़ हैं को उनके चहुमुखी दायित्वों का स्मरण कराना चाहूंगा । ये हैं; सरकारी, रेजिमेन्टल, सामाजिक

तथा व्यक्तिगत दायित्व। सरकारी दायित्व को निष्ठा से निभाने हेतु नियमों तथा कानूनों का उचित ज्ञान अपेक्षित है। इसके बाद रेजिमेन्टल दायित्व आता है इसके अन्तर्गत मातहतों का प्रशिक्षण, कल्याण तथा शारीरिक स्वस्थता आती है। इसका भाव यह हुआ कि वरिष्ठ तथा मातहत अफसरों का यह हल प्रेम तथा सद्भाव पर आधारित एक संगठित परिवार है। समान उद्देश्य की पूर्ति हेतु हमें सभी भेद भावों को भुला कर संगठित हो ऊंचा उठना है। लेखा-खाता में अव्यवस्था परिवहन दुर्घटनाओं की अधिकता तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही दुखद तथा दल के नाम पर कलंक होगा। उत्तम सामाजिक इकाई का अर्थ सिर्फ अपने परिवेश में ही एक सूत्र में बांधना नहीं है अपितु हमारे कार्य समाज के सम्मुख एक उदाहरण प्रस्तुत करें। अफसर वर्ग का व्यक्तिगत जीवन भी कम महत्वपूर्ण नहीं है उसे एक उत्तम गृहस्थी, पड़ोसी तथा मित्र के रूप में। समाज में उभरना है। दल के गौरवमय अतीत तथा परम्पराओं को देखते हुए यह अपेक्षित किया जा सकता है कि दल के सभी सदस्य समान उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक सूत्र में बंधेगे तथा दल की चहुंमुखी परम्पराओं से प्रेरित हो अपने अफसरों के नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे।

आपके वरिष्ठ नेता तथा प्रमुख के नाते मुझे कोई संदेह नहीं है कि आप सभी इन आदर्शों से प्रेरित हो केन्द्रीय रिजर्व पुलिस को एक ऐसे संगठन में ढालेंगे जो आन्तरिक उपद्रवों के चक्रवात में फंसे विकासोन्मुख देश में दयापूर्ण सेवा द्वारा शांति और सम्पन्नता का मार्ग दिखायेगा। भगवान हमें शक्ति दे कि हम बिना किसी कटुता के अपने दायित्व को योग्यता और सफलता से निभाने में सफल हों।

बी० बी० मिश्र

महानिदेशक

क्रेपलर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की सचित्र पत्रिका

(द्वैमासिक)

(हिन्दी संस्करण)

खण्ड २
अंक १

९ माघ १८९४
२८ फरवरी १९७३

सम्पादक
लेफ्टि० कर्नल गौतम शर्मा
(सेवानिवृत)

मुख पृष्ठ
प्रधान मंत्री श्रीमती गांधी ग्रुप सेन्टर दिल्ली में ३१ जनवरी १९७३ को बेस अस्पताल का शिलान्यास कर रही हैं ।

सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलीस दल महानिदेशालय
वेस्ट-ब्लाक-८
रामाकृष्णपुरम
नई दिल्ली-२२

महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की ओर से लेफ्टि० कर्नल गौतम शर्मा द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित ।

मुद्रक :
कैक्स्टन मुद्रणालय प्राइवेट लिमिटेड
नई दिल्ली-५५

प्रेम कभी मांगता नहीं वह तो हमेशा देता ही रहता है।

—महात्मा गांधी

क्या आपकी लेखन में रुचि है ?

आप लघु कथा, कविता, व्यक्तिगत अनुभव, संस्मरण, देश में कानून व व्यवस्था इत्यादि विषयों पर अपनी लेखनी उठा सकते हैं। क्रेपलर आपकी रचनाओं को प्रकाशित कर आपको प्रोत्साहन देगा । स्वीकृत रचनायें पुरस्कृत होंगी।

इस अंक में

झड़ोदा कलाँ में बेस अस्पताल का शिलान्यास
निजी सहयोग का अद्वितीय उदाहरण
गणतंत्र दिवस परेड में केन्द्रीय रिजर्व पलिस का दस्ता
एक श्रेष्ठ प्रशिक्षक
अखिल भारतीय पुलिस खेल
ध्यान चन्द हाकी में शीर्ष स्थान
आवडी स्टेशन ने मद्रास चेम्पियनशिप जीती
अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी प्रतियोगिता में सिगनलमैन सर्वोपरि
शिक्षा एक सामाजिक दायित्व
विभागीय जांच की संक्षिप्त प्रणाली—के० बी० एल० दूबे

झड़ोदा कलाँ में बेस अस्पताल का शिलान्यास



प्रधान मंत्री संक्रओं के दौरान शहीद हुए जवानों की विधवाओं के साथ ।

प्रधान मन्त्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने हाल ही में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के दिल्ली अवस्थित ग्रुप सेन्टर का दौरा किया । प्रधान मन्त्री के रूप में उनका दल का यह पहिला दौरा था जो दल के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय होगा।

प्रधान मंत्री परिसर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के लिए एक बेस अस्पताल की आधार शिला रखने हेतु वहां पधारी थीं ।

इस क्षेत्र में करीब 1000 श्रमिक निर्माण कार्य में रत हैं तथा यहां दल के लिए विशाल निर्माण कार्य चल रहा है । यद्यपि निर्माण अभी अपरिपक्व अवस्था में है किन्तु यहां दल की गतिविधियों का प्रारम्भ हो गया है । जवानों ने अपनी बैरकों तथा कार्यालय स्थल की सुरुचिपूर्ण ढंग से सफाई की थी।

प्रधान मंत्री कुछ विशिष्ट व्यक्तियों जिनमें सर्वश्री कृष्ण चन्द्र पंत, रामनिवास मिर्धा तथा एफ० एस० मोइसिन सम्मिलित थे सहित पधारीं। उपस्थित व्यक्तियों में ये भी थे : दिल्ली के उप राज्यपाल, हरियाणा के मंत्री श्री महासिंह, गृह सचिव श्री गोविन्द नारायण, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के नये महानिदेशक श्री बी० बी० मिश्र, श्री बी० एस०

रोशा तथा दिल्ली के महापौर ।

शिलान्यास के लिए पधारने पर प्रधान मंत्री को श्री आई० एस० गिल की कमान में सम्मान गारद दी गई तथा बाद को सी आर पी के तीनों सेक्टरों के महानिरीक्षकों का परिचय दिया गया। ग्रुप सेन्टर का बैन्ड अवसर की शोभा बढ़ा रहा था।

प्रधान मंत्री का अभिनन्दन करते हुए महानिदेशक श्री इमदाद अली ने दल की वफादारी तथा निष्ठा का आश्वासन दिया और कहा कि सौंपे गये कार्य को इसी भावना से निभाया जायेगा । श्री अली ने चार लाख रुपये की थैली रक्षा कोष के लिए प्रधान मंत्री को भेंट की तथा कहा कि यह दल के सदस्यों की ओर से सम्मान तथा सद्भाव का प्रतीक स्वरूप है। यह धन राशि दल के सभी रैंक के सदस्यों ने स्वेच्छा से एकत्रित की थी।

बेस अस्पताल की नींव का शिलान्यास करने के उपरान्त प्रधान मंत्री ने कहा कि दल के जवानों की युद्ध तथा शान्ति काल में भूमिका सराहनीय रही है। प्रधान मंत्री ने दल के सदस्यों को उच्च स्तर के लिए बधाई दी तथा आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी वे सेवा तथा वफादारी के उसी स्तर को बनाये रखेंगे। प्रधान मंत्री ने इच्छा प्रगट की कि पुलिस जनता में ऐसी भावना प्रेरित करे जिससे जनता उन्हें अपना मित्रसम समझें ।

इस अवसर पर प्रधान मंत्री ने २ बुनाई मशीन, १ बोरा ऊन, २५ सिलाई मशीन तथा १२ रेडियो ट्रांसिस्टर उपहार स्वरूप भेंट किये।

बाद को श्री पंत तथा श्री मिर्धा और महानिदेशक महोदय के साथ खुली जीप में सवार हो प्रधान मंत्री ने परिसर का दौरा किया। प्रधान मंत्री ने जवानों की बैरकों, पाकशाला तथा कैन्टीन का भी निरीक्षण किया। कल्याण केन्द्रों द्वारा निर्मित सामान की प्रदर्शनी में भी प्रधान मंत्री गईं तथा सामान के उच्च स्तर की सराहना की। प्रदर्शनी स्थल पर प्रधान मंत्री का स्वागत श्रीमती इमदाद अली ने किया तथा कुमारी मुनीश रामस्वरूप ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। प्रधान मंत्री को जवानों की पत्नियों द्वारा निर्मित एक वस्तु भी उपहार के प्रतीक स्वरूप भेंट की गई।

इस अवसर पर प्रधान मंत्री ने संक्रीया में शहीद हए जवानों की विधवाओं तथा निकट सम्बन्धियों को सिलाई मशीन भेंट की।

प्रधान मंत्री ने इन शहीदों की विधवाओं के साथ एक फोटो भी खिंचवाया जो उनकी सहृदयता तथा सहानुभूति का प्रतीक था ।

प्रधान मंत्री ने कान्स्टेबिलों के लिए एक आवासीय क्वार्टर का भी निरीक्षण किया । कम स्थान में निर्मित अत्यधिक तथा उचित उपयोग द्वारा सर्व-सुविधा सम्पन्न क्वार्टर से वह बहुत प्रभावित हुई।


वहां से प्रस्थान करने से पूर्व प्रधान मंत्री तथा विशिष्ट अतिथिगणों ने दल के अफसरों के साथ जलपान किया।

महानिदेशक का स्वागत भाषण

प्रधान मंत्री तथा अन्य विशेष्ट व्यक्तियों का स्वागत करते हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के महानिदेशक महोदय का भाषण इस प्रकार था: माननीय प्रधान मंत्री, बहिनों और भाइयों,

यह मेरे लिए अत्यन्त सौभाग्य का विषय है कि मुझे यहां आप लोगों के स्वागत करने का अवसर प्राप्त हुआ है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के सभी रैंकों की ओर से मैं आप लोगों का हार्दिक स्वागत करता हूं। माननीय प्रधान मंत्री हम आपके यहां पधारने के लिए बहुत आभारी हैं।

इस दल ने राष्ट्र की सेवा में ३३ निष्ट वर्ष लगाये हैं। इस दल ने खैरपुर सिन्ध में धर्मान्ध हूरों के उपद्रव को दबाया तथा मध्य भारत की रियासतों, पंजाब, राजस्थान तथा चम्बल घाटी में स्वाधीनता से पूर्व तथा स्वाधीनता प्राप्ति के तुरन्त बाद डाकुओं के उपद्रवों पर काबू रखा। १९४७ के उपरान्त इस दल ने देश की प्रांतरिक सुरक्षा के दायित्व को निभाने के साथ-साथ विदेशी आक्रमणों के दौरान सुरक्षा कार्यों में हाथ बटाया। २१ अकतूबर १९५९ को लद्दाख में 'होट स्प्रिंग' क्षेत्र में भारी संख्या में चीनी अतिक्रमण का मुकाबिला किया। यह घटना देश के पुलिस संगठन के लिए एक महान उपलब्धि थी और आज देश भर के पुलिस संगठनों में इसे 'शहीद दिवस' के रूप में प्रति वर्ष मनाया जाता है। १९६५ में कच्छ में पाकिस्तानी ब्रिगेड से मुकाबिला तथा १९७१ में 'चिकन नैक' क्षेत्र और साम्बा क्षेत्र में शत्रु की भारी गोला बारी के बावजूद भी एक इंच भूमि भी शत्रु को न छोड़ना, दल के राष्ट्रीय सुरक्षा में कुछ अद्वितीय योग के उदाहरण हैं। ये दल के इतिहास के स्वर्णिम अध्याय हैं।



प्रधान मंत्री श्री आई. एस. गिल की कमान में सम्मान गारद का निरीक्षण कर रही हैं ।

आन्तरिक सुरक्षा के मामलों में राज्य सरकारों ने ऐसी नाजुक स्थिति में जबकि कानून तथा व्यवस्था बिगड़ी अथवा साम्प्रदायिक उपद्रव हुए दल की सेवाओं की अपेक्षा की। जिस कुशलता, निष्पक्षता तथा मानवीय ढंग से इन समस्याओं का निराकरण किया गया उसकी सभी क्षेत्रों में सराहना हुई। १९७०-७१ में पश्चिमी बंगाल में एक विचित्र स्थिति उत्पन्न हुई जिसमें राज्य की जनता में केन्द्र के प्रति सद्भाव लाना था और इस कार्य को दल को ऐसे वातावरण में निभाना पड़ा जबकि स्थानीय जनता दल के विरुद्ध थी। राज्य को अव्यवस्था तथा आतंक से मुक्त रखने की महान चुनौती का सफलता से मुकाबिला किया गया और आज दल की तैनाती के कट्टर विरोधी तक दल की उपलब्धि के प्रशंसक हैं।



प्रधान मंत्री एक विधवा को सिलाई मशीन भेंट करती हुई ।

आज भी दल इसी प्रकार की एक चुनौती का मुकाबिला आंध्र प्रदेश में कर रहा है ।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की बटालियनें राष्ट्रीय एकता के भी अद्वितीय उदाहरण हैं । इसकी प्रत्येक बटालियन का गठन बड़े ध्यान से किया जाता है तथा इसमें बिना किसी जाति अथवा धर्म के भेद-भाव के देश के सभी कोनों से भरती की जाती है। शारीरिक रूप से स्वस्थ्य नागरिक इसमें प्रवेश पा सकते हैं। अल्प-संख्यकों, अनुसूचित तथा जनजातियों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

भरती के बाद दल के सदस्यों को कानून व व्यवस्था बनायें रखने के विषय से लेकर सुरक्षा संक्रीया जैसे गहन विषयों का प्रशिक्षण दिया जाता है। जनता से उत्तम सम्बन्ध बनाये रखने के ढंगों तथा तकनीकी पर विशेष बल दिया जाता है।

दल के प्रति घृणा तथा दलबंदी के प्रचार रहते हुए भी अगस्त-सितम्बर १९७० में दल ने पश्चिम बंगाल में बाढ़ के दौरान करीब १३५०० जलमग्न ग्रामीणों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। प्रति दिन ही दल की बटालियनें देश के विभिन्न भागों में कुछ न कुछ मानवीय सेवा करती रहती हैं।

देश के विभिन्न भागों से आये लोगों को एक संगठित इकाई होने के बावजूद भी इसके कई दस्ते अपने यूनिटों से काफी दूर तैनात रहते हैं। इसकी बटालियनें समयानुसार एक स्थान से दूसरे स्थान को स्थानान्तरित होती रहती हैं और नियमानुसार वे अपने साथ अपने परिवार को नहीं रख सकती। इसके अतिरिक्त कुछ अर्द्धस्थायी स्टेशन हैं जहां परिस्थितिवश परिवार नहीं रखे जा सकते। इस लिए कुछ स्थायी ग्रुप सेंटरों की आवश्यकता अनिवार्य हो गई थी। इन ग्रुप सेंटरों के साथ बटालियनों को सम्बद्ध कर दिया गया है तथा सेन्टरों में दल के सदस्यों के परिवारों के लिए आवास तथा अन्य सुविधायें जुटाई जा रही हैं। ये परिवार नगरों तथा शहरों से दूरी पर स्थित हैं

इसलिए इनमें शिक्षा तथा चिकित्सा सेवायें उपलब्ध की जा रही हैं। साथ ही इनमें परिवार कल्याण केन्द्र भी स्थापित किये जा रहे हैं जहां महिलायें समय का सदुपयोग कर सकें तथा लाभ कमा सकें।

सरकार ने इस प्रकार के १७ केन्द्रों की मंजूरी दी है जिसमें से आज १३ तैयार हैं। स्वीकृत योजना के अन्तर्गत दिल्ली भी एक केन्द्र है । यह दल का मुख्यालय भी है। केन्द्रीय आधार पर जो सेवायें अपेक्षित है वह यहां उपलब्ध की जा रही हैं । बेस अस्पताल इसी प्रकार की केन्द्रीय सेवा होगी जो दल के सभी सदस्यों के लिए जिन्हें विशेष अथवा दीर्धावधि उपचार की अपेक्षा है। दक्षिण अंचल के लिए भी इसी प्रकार के एक अस्पताल की मंजूरी मिल चुकी है । इस प्रकार की सेवा की पूर्वी अंचल में भी आवश्यकता होगी और तभी सम्पूर्ण दल के लिए उचित व्यवस्था हो सकेगी।

मंत्रियों द्वारा निम्न बटालियन को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये ।
५० बटालियन –श्री जी आर कार, जम्मू कश्मीर
११ बटालियन —श्री उत्तम चन्द ब्रह्म, असम
४६ बटालियन –श्री ओद्यो, श्री टी टीकोन, नागालैन्ड

गणतन्त्र दिवस १९७३ पर सराहनीय सेवाओं के लिए पुरस्कृत

श्री जे० के० बलानी, डी० आई० जी० पी०,
सी. आर०पी० एफ०, नीमच
कर्नल पी० के० जैन (सेवानिवृत्त) सहायक
निदेशक सी. आर. पी. एफ.
श्री एम. वेणु गोपाल, आई जी पी, सेक्टर-१
के एस० एस० ओ०
श्री दयाल सिंह, डिप्टी एस० पी०, १२ बटा०
श्री भजन सिंह, डिप्टी एस० पी०, १६ बटा०
सूबेदार मेजर जयमल सिंह, ३२ बटा०
जमादार अब्दुल कादिर, आई जी पी सेक्टर-२
के कार्यालय में सेवारत
जमादार हरि चन्द, ३४ बटा०
जमादार बेला सिंह, १९ बटा०
हैड कांस्टेबल टेक चन्द, ४६ बटा०
हैड कांस्टेबल अमर नाथ, ५७ बटा०

श्री ए० एम० शाह डी आई जी पी, सी० आर० पी० एफ० अजमेर को पुलिस पदक प्रदान किया गया । यह पदक उन्हें १९७० में एक मुठभेड़ के दौरान वीरता के लिए

दिया गया। उस समय श्री शाह एस० एस० पी० आगरा (उत्तर प्रदेश) थे।

आप राष्ट्र के स्तम्भ हैं

—प्रधान मंत्री

मुझे बहुत खुशी है कि इस शुभ अवसर पर मैं यहां आपके बीच आ पाई हूं। आप सब को मालूम है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का कितना बड़ा हाथ रहा है देश में शान्ति रखने में, सरकार की सहायता करने और युद्ध हो चाहे शांति जनता की रक्षा करने और सेवा करने में।


यह सच है, जैसा कि आपके इमदाद अली जी ने अभी कहा, शायद ही किसी फौज की इतनी बुराई होती होगी, अखबारों में, कभी-कभी राजनीतिक सज्जनों के द्वारा। कोई भी गलती होती है तो वह बहुत बढ़ाई जाती है और जो अच्छा काम होता है उस पर परदा डाल दिया जाता है। लेकिन इसमें सन्देह नहीं है कि सी० आर० पी० का काम अच्छा रहा है और जैसा मैंने पहले कहा, और जैसा रिपोर्ट में कहा गया, बहुत बड़ा उसका हाथ रहा है देश में शान्ति रखने का। और जब तक देश में शान्ति न हो तब तक आप सबको मालूम है कि कोई भी काम आगे नहीं बढ़ सकता, चाहे उद्योग का काम हो, चाहे शिक्षा और स्वास्थ्य का प्रबन्ध हो, या किसी भी तरह का विकास या उन्नति का काम हो। वह सब इस पर निर्भर है कि देश में कितनी शान्ति है, शान्ति का वातावरण है कि नहीं।

लेकिन, आपका काम शान्ति रखने से भी कुछ आगे गया है। जब कहीं बाढ़ आई, तब भी आगे रहे जनता की सेवा करने में मदद करने में। देश में आक्रमण हुआ तब भी अपनी जान देने में और लड़ने में भी आगे रहे। इस सबके लिए मैं आपको बधाई देती हूं। मुझे जरा भी सन्देह नहीं है कि हमेशा आप इसी तरह से सेवा और त्याग के काम में आगे रहेंगे।

हम सब को मिल कर बहुत कुछ इस देश के लिये करना है। बहुत वर्ष हुए हम गुलाम हुए और उसी समय से गुलामी से लड़ने की लड़ाई भी प्रारम्भ हुई। २५ वर्ष करीब हुए उस लड़ाई का पहला पड़ाव तय हुआ। पूरा हुआ और तब से आजादी को हम अपने देश में कैसे पक्का करें, आजादी के फल को प्रत्येक नागरिक तक कैसे पहुंचा सकें, हम समझते हैं कि उसी आजादी की लड़ाई का यह दूसरा पड़ाव है और जब तक यह काम पूरा नहीं होगा तब तक हमारी आजादी जैसी पक्की होनी चाहिये वह नहीं हो पायेगी।

किसी भी पुलिस फोर्स के कार्य विभिन्न प्रकार के होते हैं। लेकिन आजकल की दुनिया में यह आवश्यक है कि जो भी हमारा काम हो, उसके साथ-साथ हम जनता को विश्वास दिला सकें कि हम उनके दोस्त हैं। जो कार्य कर रहे हैं वह जनता के लिये कर रहे हैं। शायद इसी लिए कि आजादी की लड़ाई के दौरान जनता और पुलिस का

झगड़ा रहता था, क्योंकि उस समय की पुलिस जो थी वह अंग्रेज सरकार की पुलिस थी। तो वह भावना कुछ जनता के मन में आज भी रह गई है। इस भावना को केवल जो पुलिस के हमारे अफसर और दूसरे लोग हैं वे ही निकाल सकते हैं। यह कोई प्रचार से नहीं हो सकता है, कोई कानून से, हुक्म से नहीं हो सकता है। यह तो हरेक आदमी का जैसा बर्ताव होगा जनता से, उसी से वह यह साबित कर सकता है। इसके मायने यह नहीं हैं कि गलत काम हो तो उससे हम आंख मींचें। उसका सामना तो जोरों से करना है। जो लोग गलत काम करें उनको सजा मिलनी है। लेकिन जो दूसरे साधारण नागरिक हैं उनको यह विश्वास होना चाहिये कि ये लोग केवल गलत काम करने वालों के संग सख्ती करते हैं और दूसरे सबके लिए मित्र हैं या दोस्त हैं।



प्रधान मन्त्री केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों को सम्बोधित कर रही है ।

यह आसान नहीं है। लेकिन कोई भी दुनिया में जो अच्छी चीज होती है वह आसान नहीं होती है। हरेक चीज के लिए मेहनत करनी होती है, शारीरिक मेहनत, दिमागी मेहनत । तो यह काम अभी भारत की पुलिस पूरा नहीं कर पाई है। अभी भी कुछ लोगों को लगता है कि लोग अलग हैं, जनता अलग है, पुलिस अलग है। घड़ी-घड़ी उनको याद दिलाना होता है कि यह जो मर्द और लड़के हैं यह तो साधारण परिवार के बच्चे हैं। कोई गांवों से आते हैं, कोई पहाड़ से आते हैं, कोई शहर से आते हैं, सब वर्गों के हैं, सब भाषाओं के हैं। तो, हमें यह देखना है कि इस चीज का प्रचार भी ज्यादा हो और जैसा मैंने पहले कहा कि आपका काम भी ऐसा हो कि स्वयं लोग इस चीज को पहचान सकें।

मुझे बहुत खुशी है कि जहां आप अपने यहां ट्रेनिंग की तरफ और जो अलग-अलग प्रान्तों में कार्य हैं, उसकी तरफ पूरा ध्यान दिया जा रहा है, उसके साथ-साथ जो पुलिस फोर्स के परिवार हैं उनकी सेवा के लिए भी कार्य हो रहा है। और यहां आज मैं आई हूं आपका अस्पताल बनने वाला है, उसका शिलान्यास मैंने अभी किया। मुझे आशा है कि इस अस्पताल के द्वारा आपका तो स्वास्थ्य अच्छा होना ही चाहिए, लेकिन आपके परिवार और बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा हो इससे आपके मन को भी शांति होगी और देश का भी लाभ इसी में है कि हमारे नागरिक स्वस्थ हों, मजबूत हों और देश की अच्छी सेवा कर सकें।

एक थोड़ी सी भेंट यहां जो सिटीजन्स सैन्ट्रल कौंसिल है, उसने दी है, वह पहले भी दे चुकी है, कुछ दिल्ली के लिए चीजें हैं और कुछ चीजें उनके लिये हैं जो आपके परिवार दूर-दूर हैं भारत के कोने-कोने में सीमा पर । कुछ एक-दो चीजें और आपने शायद मांगी हैं वे अभी नहीं मिल सकी हैं। लेकिन मुझे बताया गया है कि वे जल्दी से पूरा करने की कोशिश की जायगी।

मैं आज फिर आप सब को आपके काम पर बधाई देती हूं और भविष्य के लिये अपनी शुभ कामनायें देती हूं। आप हैं भारत की एक ताकत और हमें देखना है कि यह ताकत हमेशा मजबूत रहे ।

आप सबको धन्यवाद देती हूं जो आपने चन्दा करके सुरक्षा-कोष के लिए चार लाख रुपए दिए हैं। यह एक बहुत सुन्दर कार्य आपने किया है, जिससे मुझे मालूम है कि सभी लोग बहुत खुश होंगे।

निजी सहयोग का अद्वितीय उदाहरण

कमान्डेन्ट मेजर बी० एस० बल के नेतृत्व में १६ बटालियन ने अपने उज्ज्वल इतिहास में एक और अध्याय जोड़ा है। इस बटालियन ने दो सेना मेडल अर्जित किये। १९७१ के युद्ध के दीरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस को प्राप्त हुए ये ही दो सेना मेडल थे। बटालियन ने ३२ पारिवारिक क्वार्टर, एक अफसर मैस तथा जवानों के लिए एक विशाल बैरक का निर्माण किया है।



सुखी पारिवारिक जीवन कार्य कुशलता बढ़ाने में योग करता है। १६ बटालियन के परिवार साम्बा में नये आवासों के समक्ष।

जुलाई १९७० में बटालियन की कमान सम्भालने पर कमान्डेन्ट महोदय ने देखा कि जवानों के परिवार निकटवर्ती गांवों में बहुत ही दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। कुछ तो पशुओं के बाड़ों में और वह भी भारी किराया देकर रह रहे हैं।

वहां का अस्वस्थ वातावरण सिर्फ जवानों तथा उनके परिवारों के स्वास्थ्य के लिए ही खतरा न था अपितु बटालियन के अन्य लोगों को भी उससे प्रभावित होने की आशंका थी।

कमान्डेन्ट के सामने अब दो ही रास्ते थे। एक था परिवारों को वहां से वापस भेजना तथा दूसरा था उनके आवास की परिस्थितियों में सुधार करना। दूसरा रास्ता अपनाया गया। तुरन्त ही निजी सहयोग द्वारा पारिवारिक आवास बनाने की योजना तैयार की गई और ३० व्यक्तियों के लिए व्यवस्था की गई।

स्थानीय भवन-निर्माण शिल्पियों ने दल के सदस्यों को प्रशिक्षित किया। बसन्तर नदी के निकट से पत्थर एकत्रित किये गये तथा उन्हें एकसार काटा-छांटा गया। कच्ची ईंटें भी तैयार की गईं। भवन निर्माण के लिए प्रयुक्त की जाने वाली लकड़ी की समस्या थी, किन्तु डिप्टी एस० पी० स्वरन सिंह के बौद्धिक कौशल और साधन-सम्पन्नता ने इस बाधा का भी निराकरण कर दिया।

पूर्ण योजना सूबेदार-मेजर हंसा राम की कमान में रही जबकि इंजीनियरिंग कार्य का निर्देशन सूबेदार प्रहलाद पटेल और हैड कान्स्टेबल सरवन सिंह ने किया। ४ सप्ताह में १२ क्वार्टर तैयार हो चुके थे और दिसम्बर के अन्त तक ३२ क्वार्टर रहने के लिए उपलब्ध थे। इन क्वार्टरों के साथ काम-चलाऊ रसोईघर तथा स्नानागार की भी व्यवस्था की गई थी।

उस समय जब कि परिवारों को इन आवासों में बसाने की योजना तैयार की जा रही थी बटालियन को कश्मीर घाटी में तुरन्त कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए जाने

के आदेश मिले। अब परिवारों को वापिस भेजने के बजाय उन्हें इन क्वार्टरों में बसा दिया गया तथा दल के सभी सदस्य घर की चिन्ता से मुक्त श्रीनगर चले गये।

इस क्षेत्र में कल्याण केन्द्र तथा बाल उद्यान की भी उचित व्यवस्था की गई है। केन्द्र में जवानों के परिवारों को सहमिलन तथा सिलाई, कढ़ाई तथा पाक विद्या का उचित ज्ञान प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होता है। रेजिमेन्टल डाक्टर तथा श्रीमती बल के नेतृत्व में अफसरों की पत्नियां परिवार नियोजन पर नियमित वार्ता करती हैं। बटालियन के दौरे के अवसर पर तत्कालीन महानिदेशक महोदय ने पोशाक तैयार करने की व्यवस्था कराई है जिसके द्वारा उन्हें आर्थिक लाभ हुआ है।

गणतन्त्र दिवस परेड में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का दस्ता



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का बैंड गणतन्त्र दिवस परेड में।

लम्बे शरीर तथा संक्रीया में आये घावों के चिन्ह लिये केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों ने १९७३ की गणराज्य दिवस परेड में भाग लिया। इन्होंने हाट स्प्रिंग में चीनी अतिक्रमण का सामना किया तथा तीन अवसरों पर १९५६, १९६५ तथा १९७१ के भारत-पाक युद्ध में पश्चिमी तथा पूर्वी क्षेत्रों में पाकिस्तानियों का मुकाबिला किया। इन

सभी अवसरों पर इन्होंने अपना दायेत्व बड़े गौरव के साथ निभाया तथा १९७१ के युद्ध में ही वीरता के लिए ५२ शौर्य पुरस्कार अर्जित किये।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस राष्ट्रीय एकता का जीवन्त उदाहरण है और इस संगठन से गणतंत्र दिवस परेड के लिए दस्ते का चुनाव कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद किया जाता है। औसत ७०० में से एक आता है। इनका चुनाव मुख्यतः नीमच में अक्तूबर मास की वार्षिक परेड के दौरान किया जाता है। परेड के उपरान्त पुनः ६०० जवानों में से करीब छठा हिस्सा छांटा जाता है। चुनाव के दौरान ऊंचाई, शारीरिक गठन, चुस्ती, ड्रिल तथा अनुशासन ही माप दंड होता है।

छः फुट लम्बे तथा नौजवान डिप्टी एस० पी० नगेन्द्र सिंह (१३ बटा०) को सशस्त्र सेनाओं के सर्वोच्च कमान्डर श्री वी० वी गिरि को सलामी देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री नगेद्र सिंह इस दल के सेकेंड-इन-कमान थे। उन्होंने कुछ ही मास पूर्व सेन्ट्रल ट्रेनिंग स्कूल, नीमच से दीक्षा ली थी। वार्षिक परेड में ही उनका चुनाव गणतंत्र दिवस के लिए हुआ था।

दिल्ली में दस्ते ने अमर ज्योति की परिधि में राजपथ पर पूर्वाभ्यास किया तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के बैन्ड के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सलामी दी। दल के एक युवक जवान को निकट से राष्ट्रपति तथा प्रधान मंत्री को देखकर अति रोमांच हुआ। वास्तव में यह एक गर्व का विषय है। यह सौभाग्य बिरलों को ही मिलता है।

दस्ते के कमान्डर डिप्टी एस० पी० इकबाल सिंह गिल को गणतंत्र दिवस परेड के लिए दूसरे वर्ष चुना गया था। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस में उनकी सेवा सिर्फ २½ वर्ष के लगभग ही है। श्री इकबाल सिंह थलसेना की पैक आर्टिलरी में आपातकालीन कमीशन अफसर के रूप में सात वर्ष सेवा कर चुके हैं और वहां से सेवामुक्ति पर उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस में प्रवेश किया। छः भाइयों में वह सर्वाधिक युवक हैं। उनके तीन भाई भारतीय वायुसेना में, एक सीमा सुरक्षा दल में तथा एक पंजाब पुलिस में सेवा कर रहा है।

गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले चार बैन्डों—दिल्ली, अजमेर, किशनगढ़ तथा रामपुर का चुनाव भी उसी माप दंड से किया गया। बैंड का नेता गुरदयाल सिंह भी थलसेना का भूतपूर्व सैनिक है। वह १९६५ में सिख रेजिमेन्ट से सेवानिवृत्त हुए थे। वह एडिनबर्ग में ताजपोशी टैटू में भारतीय बैंड का नेतृत्व कर रहे थे तथा उनके नेतृत्व में भारतीय बैन्ड को सराहना मिली।

इन सभी बैन्डों में दिल्ली ग्रुप सेन्टर का बैन्ड सर्वाधिक अल्पायु बेन्ड था। इसकी स्थापना करीब चार वर्ष पूर्व श्री बी० के० त्रिपाठी ने की थी और कमान्डेन्ट श्री रोबिन ओहरी के प्रोत्साहन के फलस्वरूप यह फलाफूला था। हवलदार करतार सिंह ने भी इसकी उन्नति में काफी सहयोग किया था। करतार सिंह भी थलसेना का भूतपूर्व बैन्डसमैन है तथा उसने सिख लाइट इन्फेन्ट्री में १८ वर्ष सेवा की थी। सूबेदार दलीप सिंह ने १९५० से सभी गणतंत्र दिवस परेडों में भाग लिया था।

इस अवसर पर ये धुनें प्रस्तुत की गईं : भारत के जवान, वीर सेनानी, वीर भारत, शेरे जवान, २६ जनवरी, देशों का सरताज भारत, राजेन्द्र सिंह तथा अद्यतन धुन 'सैम

बहादुर'।

गणतंत्र दिवस परेड में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का दस्ता किसी भी दस्ते की तुलना में कम नहीं था जबकि इस संगठन को अब और तब एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना होता है।

एक श्रेष्ठ प्रशिक्षक

प्रशिक्षक के लिये ज्ञान अनिवार्य है किन्तु श्रेष्ठ अथवा पूर्ण बनने के लिए यह पर्याप्त नहीं। उसे कुछ अन्य गुणों को भी ग्रहण करना होगा। उसे अपने प्रशिक्षार्थियों के प्रति उचित व्यवहार अपनाना होगा। हम यहां कुछ अपेक्षित गुणों और व्यवहार का विवेचन करेंगे।



डी आई जी श्री जे० के० बलानी ५८ बटालियन के जवानों को रायफल ट्रेनिंग लेते देख रहे हैं। कमांडेन्ट श्री एम० एस० फारूकी उनके साथ खड़े हैं।

गुण

व्यक्तित्व-प्रशिक्षक प्रभावशाली होना चाहिए। इसका अर्थ शारीरिक गठन से नहीं। सुदृढ़ शरीर एक प्राकृतिक देन है। इसके अभाव में भी चुस्ती, फुर्ती तथा अपने प्रशिक्षार्थियों से हंसमुख और विनोदप्रिय व्यवहार द्वारा वह अपने व्यक्तित्व को बना सकता है।

जोश-एक प्रशिक्षक को जोशीला होना चाहिए और इसी प्रकार उसके विद्यार्थियों

का भी आचरण हो। अगर उसे कोइ ऐसा विषय पढ़ाना हो पड़े जिसमें उसकी रुचि न हो तो भी वह अपने अरुचिपूर्ण व्यवहार को कक्षा पर प्रकट न होने दे।

वाणी-प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते समय अपनी वाणी को स्काड अथवा कक्षा के अनुकूल बनाये। उसकी वाणी सुनने वालों को स्पष्ट सुनाई दे, उसमें श्रव्य बाधा न हो। पी० ए० उपकरण को उचित रूप से संयत करे। कक्षा में पाठ के लिए कक्षा कमरे में ध्वनि-प्रवाह उत्तम होना चाहिए।

भाषण-भाषण एक कला है, जिसे विकसित किया जा सकता है और उसमें निपुणता प्राप्त की जा सकती है। एक उत्तम प्रशिक्षक के लिए श्रेष्ठ शब्दविरचना अपेक्षित है और उसका उच्चारण त्रुटिरहित हो। आप महत्वपूर्ण शब्दों तथा वाक्यों पर बल देते हुए संभल कर संयोजित ढंग से बोलें। शब्दों तथा वाक्यों के मध्य उचित विराम रहे। साधारण तथा स्पष्ट भाषा का प्रयोग करें।

सहनशीलता—एक स्काड तथा कक्षा में विभिन्न बौद्धिक योग्यता तथा स्वभाव के व्यक्ति होते हैं। एक श्रेष्ठ प्रशिक्षक को सभी के प्रति मिलनसार, उदार, सहयोगी और समानता का व्यवहार रखना है।

हास्य-विनोदः—हास्य-विनोद स्वाभाविक होना चाहिए ताकि प्रशिक्षार्थी कुछ राहत महसूस करें।

कठोर-नियंत्रण—कक्षा में कठोर नियंत्रण रखें तथा वाक संघर्षों को उचित निर्देशन दें और विद्यार्थियों के व्यक्तिगत प्रयोगों की सही रूप से देखभाल करें। किसी प्रकार की ढील अथवा अनुशासनहीनता सहन न करें। कठोर नियंत्रण का परिणाम भविष्य में प्रशिक्षार्थियों की ओर से आदर तथा मित्रतापूर्ण व्यवहार होगा।

आचार-विचार तथा आचरण—सभी मानव आचार संहिता दूसरों के प्रति सद्व्यवहार को विकसित करते हैं। किन्तु कुछ आचरण ऐसे होते हैं जो प्रशिक्षार्थियों के ध्यान को बंटाते हैं। चाक के टुकड़े को फेंकना, चाबी के गुच्छे को उछालना, अर्थहीन भाव से इधर-उधर टहलना, छत की ओर ताकना अथवा स्काड के ऊपर तकना जैसी गतिविधियों का परित्याग करना चाहिए। किसी भी प्रश्न का तत्क्षण उत्तर उचित है।

व्यवहार

एक प्रशिक्षक को अपनी कक्षा अथवा स्काड के सभी सदस्यों के नाम से परिचित होना चाहिए और उनसे उचित सम्पर्क रखा जाये।

सहयोगियों के प्रति सदभावना—प्रशिक्षार्थियों के सम्मुख अपने किसी अन्य प्रशिक्षक की विवेचना न करें। प्रशिक्षकों में सभी स्तरों पर सहयोगी भावना बनाये रखें।

मैत्रीपूर्ण व्यवहारः—छात्रों और प्रशिक्षार्थियों के मुकाबिले एक प्रशिक्षक का दर्जा कहीं ऊंचा है । किन्तु इसका यह तात्पर्य नहीं कि प्रशिक्षक अपने को श्रेष्ठ व्यक्ति समझे । जांच अथवा त्रुटियां ठीक करते समय भी आप प्रशिक्षार्थियों पर ऐसा प्रभाव डालें कि वह महसूस करे कि उसकी सहायता की जा रही है तथा उसे उचित सलाह दी जा रही है।

व्यंग्यात्मक रुख का प्रतिकारः—किसी भी प्रशिक्षार्थी का उसके सहयोगी के समक्ष अनादर न करें। ऐसे व्यवहार से आपसी विश्वास तथा सद्भाव समाप्त हो जाता है जो कि प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य है।

निष्पक्षताः—एक अच्छे प्रशिक्षक के कोई ईष्ट-पात्र नहीं होते। यूनिट, धर्म अथवा वंशीय वफादारी को जड़मूल से भुला देना चाहिए।

निराधार उत्तरः—एक प्रशिक्षक को सभी प्रकार का ज्ञान होना अनिवार्य नहीं । किसी अवसर पर अगर आप किसी प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हैं तो अपनी कमी को स्वीकारें किन्तु गलत या निराधार उत्तर देने का प्रयास न करें।


अहंकार प्रदर्शन :—प्रशिक्षण को वास्तविकता प्रदान करने के लिए व्यक्तिगत अनुभव उपयोगी है। किन्तु आप अपना अलग ही राग न अलापने लगें। इससे आप छात्रों में प्रतिष्ठा खो बैठेंगे ।

उपसंहार

विषय का गहन ज्ञान प्रशिक्षक के लिए अनिवार्य है। किन्तु श्रेष्ठ प्रशिक्षक बनने के लिए आपको उलिखित गुणों को भी अपने में समावेश करना है। मानव गण तथा प्रशिक्षार्थियों अथवा छात्रों के प्रति व्यवहार भी श्रेष्ठ प्रशिक्षक के लिए समानरूप से अपेक्षित हैं।

अखिल भारतीय पुलिस खेल :

एथलैटिक चैम्पियनशिप कायम रही



सी आर पी का दस्ता मार्च पास्ट कर रहा है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के एथलीटों की श्रेष्ठता पर अगर किसी को संदेह हो तो उसका निवारण २२वीं अखिल भारतीय पुलिस प्रतियोगिता में दल के अथलीटों की सफलता से हो सकता है। इस प्रतियोगिता में दल ने सीमा सुरक्षा दल को ५६ अंकों के अन्तर से पराजित किया। १९७२ में बंगलौर में हुए खेलों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने २० अंकों से विजय प्राप्त की।

हरयाणा सशस्त्र पुलिस स्टेडियम, मधुबन (करनाल) में १६-१८ फरवरी तक हुए खेलों में बहुत ही जोश तथा भव्यता दिखाई दी। हरियाणा के राज्यपाल श्री बी० एन० चक्रवती ने ब्रिगेडियर एस० वी० राजा को ट्राफी भेंट की।



श्री सुरजीतसिंह

इस अवसर पर दल के भूतपूर्व महानिदेशक श्री इमदाद अली भी उपस्थित थे। श्री अली का दल में खेल तथा एथलैटिक गतिविधि को प्रोत्साहन देने में महान योग रहा है। उनकी उपस्थिति दल के एथलीटों के लिए मनोबल प्रेरित करने वाली थी। एथलीटों ने भी श्री अली का उचित सम्मान किया। उन्होंने ट्राफी उन्हें सौंप दी तथा उन्हें आनन्द मग्न हो गाते-बजाते कंधों पर उठा कर ले गये। आकाशवाणी के लिए रिकार्ड किये गये एक संदेश में उन्होंने कहा : "शाबाश इस प्रगति को बनाये रखना। मुझे विश्वास है कि भविष्य में आप दिन प्रतिदिन शक्तिशाली होते जाओगे तथा अत्यधिक नाम कमाओगे।"

प्रतियोगिता का उद्घाटन हरयाणा के मुख्य मंत्री श्री बंसी लाल द्वारा बड़ी भव्यता के साथ हुआ। नगाड़ों की आवाज के साथ ध्वज फहराये गये। टीमों ने मार्च पास्ट में भाग लिया तथा बाद को स्पोर्ट्स की महानता को बनाये रखने के लिए स्पोर्टसमैन (खिलाड़ी) भावना से खेलों में भाग लेने की प्रतिज्ञा ली।

समापन समारोह में हरयाणा के राज्यपाल श्री बी० एन० चक्रवर्ती मुख्य अतिथि थे तथा उन्होंने पुरस्कार वितरण किया। अखिल भारतीय पुलिस स्पोटर्स नियंत्रण आयोग के अध्यक्ष श्री आत्मा जयराम ने प्रतियोगिता की विसर्जन रस्म की। राज्यपाल महोदय ने हरयाणा के पुलिस महानिरीक्षक श्री जे० सी० वाच्छेर को स्पोर्ट्स ध्वज सुरक्षित रखने के लिए सौंपा। विशिष्ट व्यक्तियों में प्रमुख थे: सर्वश्री महासिंह, के० एफ० रुस्तमजी, इमदाद अली, एन० एम० सक्सेना, जे० आर० छाबड़ा, वी० एस० यादव, एस० के०

रिजवी, पी० ए० रोशा तथा मेजर जनरल नरेन्दर सिंह।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने १० स्वर्ण, ७ रजत तथा १० काँस्य पदक जीते। जमादार राठौर ने ५००० मीटर दौड में नया कीर्तिमान स्थापित किया। गोला फेंक में सीमा सुरक्षा दल के गुरदीपसिंह ने प्रथम दिवस ही रिकार्ड तोड़ा।

प्रथम दिवस ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने अग्र स्थिति बना ली तथा दूसरे दिन भी यह स्थिति बनी रही जबकि राठौर ने १०,००० मीटर दौड़ में; डासन ने हाप स्टेप और जम्प में तथा ओ० के० सिवन ने १,५०० मीटर में स्वर्ण पदक जीते। शिवन दल का मेधावी खिलाड़ी है। उसने सीमा सुरक्षा दल के आलम्पियन कश्मीरा सिंह को पराजित करने में उत्तम साहस और स्टाइल का प्रदर्शन किया।

अखिल भारतीय पुलिस खेलों में सी आर पी एफ चेम्पियन


१० स्वर्ण, ७ रजत तथा १० कांस्य पदक से सम्मानित



श्री के. एफ. रुस्तम जी से मेडल प्राप्त करने के उपरान्त १०,००० मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा रजत पदक विजेता क्रमशः राठौर और जेन्डा विजय मंच पर।




४०० मीटर रिले दौड़ में विजेता : (बांयें से दांयें) पुवैया, सतपाल, दयानन्द (कोच) राजदेव तथा दीदार।



हरियाणा के राज्यपाल श्री बी० एन० चक्रवर्ती द्वारा नसीबसिंह (ऊंची कूद), ईश्वर सिंह (कुश्ती) तथा दीदारसिंह (४०० मीटर दौड़) में पुरस्कार प्राप्त करते हुए।



श्री इमदाद अली (भूतपूर्व महानिदेशक) एयलीट चेम्पियनों तथा उनकी गौरवमय ट्राफियों के साथ (सामने पंक्ति में रखी) चित्र में सर्वश्री महासिंह, एन. एस. सक्सेना श्री एस. रंधावा (कैप्टन) तथा ब्रिगेडियर एस.वी. राजा और लेफ्टि० कर्नल उमरावसिंह भी दिखाई दे रहे हैं।



डा० ए. गुप्ता, दाप-स्टेप तथा जम्प के विजेताओं के साथ। इसमें डासन ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने पूर्वतः कीर्तिमान को बनाये रखा।



१०० मीटर रिले दौड़ के विजेता (बांयें से दांयें) कंजम्बू, पूवैया-संतोख तथा जोजफ। उनका गर्वित प्रशिक्षक दयानन्द मध्य में खड़ा है।

मुख्य समारोह प्रारम्भ होने से पूर्व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस २२ अंकों से आगे थी। समारोह के दौरान ९ फाइनलों का निर्णय हुआ। डी० मुजवर तथा पूरनसिंह ३००० मीटर स्टीपल चेज में विजयी रहे तथा उन्होंने सुगमता से स्वर्ण तथा रजत पदक जीते। १x१०० मीटर तथा ४x४०० मीटर रिले दौड़ों में भी दल ने स्वर्ण पदक जीते। ऊंची कूद में नसीबसिंह ने स्वर्ण पदक जीता।

हाकी तथा बास्केट बाल में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस टीम अग्र स्थिति में रही किन्तु वालीबाल तथा फुटबाल में उन्हें पराजय का मुँह देखना पड़ा। हाकी सेमी फाइनल में हम सीमा सुरक्षा दल से (२-०) से पराजित हुए और उन्होंने तमिलनाडु को पराजित कर कांस्य पदक जीता।

कुश्ती में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने २ स्वर्ण पदक (सुखवन्त सिंह १०० कि० ग्रा० तथा ईश्वर सिंह ९० कि० ग्रा०) तथा एक कांस्य पदक (बैजनाथ राम ६८ कि०ग्रा०) जीते।

जिमनास्टिक में मूलचन्द ने स्वर्ण पदक (हार्स) अर्जित किया तथा दल को द्वितीय स्थान की ट्राफी प्राप्त हुई।

परिणाम

१०० मीटर दौड़ : अजायब सिंह (सीमा सुरक्षा दल) १, के० जो० जासेफ (सी० आर० पी०) २, के० एम० दिवाकर मैसूर ३,

२०० मीटर दौड़ : अजायब सिंह (सीमा सुरक्षा दल) १, एम० डी० पोमय्या (सी०आर०पी०) २, के०जी० जासेफ ३,

४०० मीटर दौड़ : अजायबसिंह १, एम०डी० पोमय्या २, भंवरसिंह (सी०आर० पी०) ३,

८०० मीटर दौड़ : कश्मीरा सिंह (सीमा सुरक्षा दल) १, ओ के सिवन २ तथा बलबीर (सीमा सुरक्षा दल) ३,


१५०० मीटर दौड़ : ओ०के० सिवन (सी० आर० पी०) १, कश्मीरा सिंह २, तथा सूचा सिंह (बी०एस०एफ०) ३,

५००० मीटर दौड़ : सी० वी० एस० राठौर (सी० आर० पी०) १, (१४.५६ नया कीर्तिमान), मेवासिंह (हरयाणा) २. तथा डी० मुजावर (सी० आर० पी०) ३,

१०,००० मीटर दौड़ : सी० बी० एस० राठौर (सी०आर०पी०) १, जे०एस० जेन्डा (सी० आर० पी०) २ तथा मेवासिंह ३,



दो स्वर्ण पदकों के विजेता श्री बी. एस. राठौर



श्री ओ. के. सिवन जिन्होंने एक स्वर्ण तथा एक रजत पदक अर्जित किया

११० मीटर बाधा : के० सी० शंकर (मैसूर) १, ए०एस० रंधावा (सीमा सुरक्षा दल) २, तथा जोगिन्दर सिंह (सी०आर०पी०) ३,

४०० मीटर बाधा : दीदार सिंह (सी०आर०पी०) १,पीटर जान (सी०आर०पी०) २, तथा मनोहरन (तमिलनाडु) ३,

३००० स्टीपल चेज : डी० मुजवर (सी०आर०पी०) १, पूरन सिंह (सी०आर०पी०) २, जानकी राम (मैसूर) ३,

मराथन दौड़ : सुरजीतसिंह (सी०आर०पी०), जसकरनलाल (उ० प्र०) २, एम डीफाजिल (सी आर पी) ३ ।

डेकथलन : ए एस रंधावा (सीमा सुरक्षा दल) १, आर०एल० पांडे (उत्तर प्रदेश पुलिस) २, तथा रमेश चन्द (उत्तर प्रदेश पुलिस) ३,

ब्राड जम्प : वीरानन (तमिलनाडु) १, दलबीर सिंह (पंजाब) २, तथा हरकीरत सिंह (सीमा सुरक्षा दल) ३,

ऊंची कूद : नसीब सिंह (सी०आर०पी०) १, पिरथी चन्द (सीमा सुरक्षा दल) २, तथा छगन सिंह (सी०आर०पी०) ३,

पोल-वाल्ट : आर०एल० पाँडे (उत्तर प्रदेश पुलिस) १, लखबीर सिंह (सीमा सुरक्षा दल) २, तथा महारानी दीन (सी० आर० पी०) ३

हाप, स्टेम्प तथा जम्पः जे० एस० डासन (सी० आर० पी०) १, दक्षणा मूर्ति (तमिल नाडू) २ तथा लाल सिंह (पंजाब) ३।

गोला फेंक : गुरदीप सिंह (सीमा सुरक्षा दल) १ (नया कीर्तिमान १६.६५ मीटर), बलबीर कुमार (सीमा सुरक्षा दल) २ तथा भगवान सिंह (सी० आर० पी०) ३।

नेजा फेंक: नरिन्दर सिंह (सीमा सुरक्षा दल) १ (नया कीर्तिमान ६३-६४ मीटर) २ तथा भगवान सिंह (सीमा सुरक्षा दल) ३।

चक्का फेंक : प्रवीण कुमार (सीमा सुरक्षा दल) १, राजिन्दर पांडे (उत्तर प्रदेश पुलिस) २, तथा गुरदीप सिंह (सीमा सुरक्षा दल) ३ ।

हथोडा फेंक : प्रवीण कुमार १, अजमेर सिंह (सीमा सुरक्षा दल) २ तथा रघुवीर सिंह (सी०आर०पी०) ३।

४x१०० मी० रिले : केन्दीय रिजर्व पुलिस टीम १, तमिलनाडु टीम २, सीमा सुरक्षा दल ३ ।

४x४०० मीटर रिले : केन्दीय रिजर्व पुलिस टीम १, उत्तर प्रदेश टीम २ तथा सीमा सुरक्षा दल टीम-३ ।

ध्यानचन्द हाकी में शीर्ष स्थान

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की सेन्ट्रल टीम ने ध्यान चन्द हाकी ट्राफी जीती। यह प्रतियोगिता आगरा में १२ से २२ जनवरी तक हुई।

स्टार क्लब, सागर से (७-०) पर सुगम विजय प्राप्त की गई। दूसरा मैच सिटी क्लब, इलाहाबाद से हुआ जिसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस को (३–०) से विजय प्राप्त हुई। इस अवसर पर श्री इमदाद अली, जो उस समय आगरे के दौरे पर गये हुए थे, मैच देखने पहुंचे।

सेमी फाइनल मद्रास इंजीनियरिंग ग्रुप, बंगलौर के साथ हुआ। यह मैच काफी संघर्षमय रहा तथा हमारी टीम अपने हाकी कौशल तथा उत्तम टीम भावना के फलस्वरूप १-० से जीती। सुशील टेटे तथा इक्का का खेल उत्तम रहा ।



५० पैरा ब्रिगेड के ब्रिगेडियर थामस ट्राफी प्रदान कर रहे हैं।

फाइनल इंडियन आडिट, दिल्ली के साथ हुआ। इस अवसर पर हाकी के महारथी मेजर ध्यान चन्द भी खेल मैदान पर मैच देखने पधारे थे । ५० पैरा ब्रिगेड के कमान्डर ब्रिगेडियर थामस ने समापन समारोह की अध्यक्षता की। यह खेल भी काफी संघर्षमय रहा। दोनों ही टीमों ने उत्तम खेल खेला । ट्राफी के अतिरिक्त प्रत्येक खिलाड़ी को एक अटैची केस व्यक्तिगत पुरस्कार के रूप में भेंट किया गया ।

अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भी कीर्तिमान स्थापित

डो सी एम हाकी टूर्नामेन्ट

दिसम्बर १९७२ को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस टीम ने कोटा में हुई अखिल भारतीय डी० सी० एम० हाकी टूर्नामेन्ट में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सिख रेजिमेन्टल सेन्टर मेरठ, सिगनल कोर, सीमा सुरक्षा दल, पंजाब पुलिस तथा भारतीय नौ सेना जैसी प्रमुख टीमों ने भाग लिया। प्रथम मैच उत्तरी रेलवे के साथ हुआ । यद्यपि इस टीम में काफी आलम्पिक खिलाड़ी थे फिर भी हमारी टीम ने उन्हें १-० से पराजित कर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। क्वार्टर फाइनल बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप, रुड़की के साथ हुआ । उसमें भी हमारी टीम १-० से विजयी रही। सेमी-फाइनल सिख रेजिमेन्टल सेन्टर मेरठ के साथ हुआ किन्तु कठोर संघर्ष करने के बावजूद भी हमारी टीम इस श्रेष्ठ टीम से ०-२

से पराजित हो गई।

सिंधिया स्वर्ण कप

बंगलौर में दिसम्बर १६७२ को आयोजित अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्ण कप प्रतियोगिता में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की टीम ने भाग लिया । प्री-क्वार्टर फाइनल में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की टीम ने सेन्ट्रल रेलवे, झांसी को ५-० से पराजित किया किन्तु क्वार्टर फाइनल में वह सिगनल कोर से १-० से पराजित हो गये।

वाली बाल

जनवरी १९७३ में ग्वालियर में आयोजित अखिल भारतीय वालीबाल प्रतियोगिता में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस टीम ने भाग लिया। विवेक क्लब, शिवपुर को (१५-५ १५-६) पर पराजित किया। दूसरे मैच में एफ एम सी क्लब (१५-५, १५-६) पर पराजित हुआ। सेमी फाइनल में एम० पी० रोडवेज (१५-६, १५-६, १५-११) पर पराजित हुई । फाइनल में मध्य प्रदेश पुलिस ने हमारी टीम को पराजित किया।


फुटबाल

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने अखिल भारतीय दक्षिण-पूर्वी रेलवे बी० एम० वाई० संस्थान फुटबाल ट्राफी जीती। यह प्रतियोगिता भिलाई में जनवरी, १९७३ में हई । प्रथम मैच में अंसारी क्लब, कैम्पटी ३-० पर पराजित हुआ। क्वार्टर फाइनल दक्षिण-पूर्वी रेलवे, नागपुर के साथ हुआ । रेलवे टीम ने बहुत ही दृढ़ रक्षा पंक्ति बनाई किन्तु कान्स्टेबल राम प्रसाद के प्रयास ने एक गोल निकाल ही दिया जिसके फलस्वरूप हमारी विजय हुई। सेमी फाइनल में बड़ा सलाम क्लब, कैम्पटी ६-० से पराजित हुआ। फाइनल इस्पात कारखाना, भिलाई के साथ हुआ। इसे असल में वाक ओवर ही कहा जा सकता है क्योंकि उनकी पराजय ६-० से हुई।

आवड़ी स्टेशन ने मद्रास चेम्पियनशिप जीती

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल आवड़ी संस्थान ने सेन्ट्रल सविसेज रिजनल स्पोर्ट्स बोर्ड, मद्रास की वार्षिक एथलैटिक प्रतियोगिता में एथलैटिक चैम्पियनशिप शील्ड जीती। यह प्रतियोगिता २६-३० जनवरी १९७३ को मद्रास के राजरत्नम स्टेडियम में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में ग्रुप सेन्टर आर टी सी–२ तथा सी टी सीर के एथलीट सम्मिलित थे। मार्च-पास्ट में श्रेष्ठ टीम के लिए शील्ड भी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने अर्जित

की। परिणाम इस प्रकार रहे :



हरयाण के आई जी पुलिस श्री जे सी बाच्छर सी आर पी के पहलवान ईश्वरसिंह तथा बैजनाथ से हाथ मिला रहे है।

१०० तथा २०० मीटर दौड : लान्स नायक राम नारायण (२ आर टी सी) ३, **४०० मीटर दौड :** लान्स नायक बद्रउद्दीन (जी सी ए),३, **८०० मीटर दौड :** कान्त्र टेबल मरेन्द्रन (जीसीए) **२; १,५०० मीटर दौड़ :** कान्स्टेबल टी० वी० मैथ्यु (जी सी ए) १ तथा जमादार एन० हेरेन्स (जी सी ए) ३, **५,०००** मीटर : लान्स नायक मदन लाल (२ सी टी सी) १, तथा कान्स्टेबल शिवादासन (जी सी ए) ३, **लम्बी कूद :** लान्स नायक बद्रउद्दीन (जी सीए) २, **ऊंची कूद :** कान्स्टेबल अरविन्दक्षन (२ आर टी सी) १, **हथौडा फैंक :** हैड कान्स्टेबल बलदेव सिंह (२ आरटीसी) **१, नेजा फैंक :** लान्स नायक रामनारायण (२ आर टी सी) १, तथा जमादार श्री भगवान (जी सी ए) **२, ४४१०० मीटर रिले :** लान्स नायक बद्र उद्दीन तथा राम नारायण, कान्स्टेबल मरेन्द्रन तथा चमिकल **२; ४४४०० मीटर रिले :** लान्स नायक बद्रउद्दीन तथा राम नारायण, कान्स्टेबल मरेन्द्रन तथा टी० वी० मैथ्यू १ ।



राठौर, किरपाल सिंह तथा डासन रजत पदक विजेता

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के २१ एथलीटों ने लखनऊ में दिसम्बर मास में हुई ग्यारहवीं अखिल भारतीय ओपिन एथलैटिक प्रतियोगिता में पुलिस टीम के रूप में सम्मिलित भाग लिया । क्योंकि इनको साथ अभ्यास का अवसर नहीं मिला इसलिए परिणाम आशाजनक न रहे। पुलिस दल ने दो स्वर्ण पदक, चार रजत पदक तथा एक कांस्य पदक अर्जित किया। इसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस को निम्न तीन रजत पदक मिले : ५००० मीटर दौड़ जमा० सी० बी० एस० राठौर, १०००० मीटर दौड़ सूबे० किरपाल सिंह, हाप, स्टाप तथा जम्प, डिप्टी एस पी जे० एस० डासन ।

जमादार डी० मुजावर तथा जमा० चरन सिंह भी उच्च परिणाम न दिखा सके । ३००० मीटर स्टीपल चेज तथा ऊंची कूद में उनका स्थान क्रमशः छठा रहा।

पदस्थापन्न

श्री ए. चन्द्रशेखर मेनन ने २२ दिसम्बर १९७२ को सहायक निदेशक (कानून) का पद ग्रहण किया । वह पांडीचेरी राज्य से डेपुटेशन पर आये हैं।
श्री जे. एस. रेबेरियो, महाराष्ट्रपुलिस, डी आई जी हैदराबाद ।
श्री डी. एस भटनागर, उत्तर प्रदेश पलिस, डी आई जी गोहाटी ।

सेक्टर २ के नये महानिरीक्षक

श्री सैयद अखतर अब्बास, ने १ दिसम्बर १९७२ को श्री बी० एस० रोशा जो सेवानिवृत्त हो गए हैं से सेक्टर-२ के महानिरीक्षक का पद सम्भाला। श्री अब्बास उत्तर प्रदेश पुलिस के अफसर हैं तथा इस पद को संभालने से पूर्व वह उत्तर प्रदेश सशस्त्र पुलिस के उप-महानिरीक्षक थे।

अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी प्रतियोगिता में सिगनलमैन सर्वोपरि

दिसम्बर १६७२ में त्रिवेंद्रम में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी प्रतियोगिता में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने तीन स्वर्ण तथा एक रजत पदक जीता। २ सिगनल बटालियन के सूबेदार ए. मणिक्कम ने रिवाल्वर अभ्यास में सर्वाधिक अंक लिए तथा रिवाल्वर फायर में २१५ अंक लेकर बी एस एफ के एस. आई. जनक सिंह के साथ संयुक्त विजेता बने। २०० गज रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में १०० में से १०० अंक प्राप्त करने पर आई जी पुलिस केरल ने सूबेदार मणिक्कम को एक स्पेशल मेडल प्रदान किया।

१ सिगनल बटालियन के नायक जी एस बी नायर ने वायरलैस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत कौशल दिखाने के लिए स्वर्ण पदक जीता।

सी आर पी टीम ने रायफल, रिवाल्वर शूटिंग, वायरलैस, एम टी तथा प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेन्स प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

रायफल रिवाल्वर शूटिंग

टीम में ये सम्मिलित थेः श्री के. एम. सुब्बा डिप्टी एस पी, श्री एन डी थापा डिप्टी एसपी, सूबेदार ए मणिक्कम, हैड कान्स्टेबल भीम बहादुर, जमादार जुगलाल, हैड कान्स्टेबल नाना राम, सूबेदार ओ पी क्षत्री तथा हैड कान्स्टेबल हुकम चन्द।

रायफल प्रेक्टिस नः २

रायफल प्रैक्टिस नं० २: (२०० गज घुटनों के बल): सूबेदार ए मणिक्कम (२ सिगनल बटा.) १०० अंक:—प्रथम, रिवाल्वर प्रैक्टिस नं० १ (एप्लीकेशन २५ गज): श्री एन डी थापा डिप्टी एस पो (५४ बटा.) १०० अंक—प्रथम; सूबेदार ए मणिक्कम १०० अंक द्वितीय सी आर पी टीम ने दो स्वर्ण पदक, एक रजत तथा एक चेम्पियनशिप मेडल अर्जित किया।



नायक जी बी एस नायर



सूबेदार ए. मणिक्कम

वायरलैस प्रतियोगिता

नायक जी बी एस नायर (१ सि. बटा.) ने वायरलैस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत कौशल दिखाकर एक स्वर्ण पदक तथा एक ट्राफी अर्जित की। तमिलनाडू तथा मध्यप्रदेश क्रमशः द्वितीय और तृतीय रहे।

टीम : हैड कान्स्टेबल ज्योति स्वरूप, हजारा राम, बख्तावर सिंह, चमन लाल सिंह तथा नायक जी बी एस नायर ।

मोटर परिवहन तथा प्राथमिक चिकित्सा

सी आर पी एफ को चौथा स्थान मिला। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः केरल, आई टी बी तथा पंजाब को मिले।

टोमः हैड कान्स्टेबल ड्राइवर गुरुबचन सिंह तथा लान्स नायक के. एम. चंगापा— क्रमशः मोटर परिवहन, जीप तथा मोटर-परिवहन पिक अप । प्राथमिक चिकित्सा में भी ये ही दोनों प्रतियोगी थे।

एम्बुलेन्स प्रतियोगिता

सी आर पी एफ का चौथा स्थान रहा जबकि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः आई टी बी पी, मैसूर और तमिल नाडू को मिले ।

कल्याण प्रदर्शनी

सी आर पी एफ के विभिन्न कल्याण केन्द्रों में तैयार किये गये सामान की एक आकर्षक तथा प्रभावकारी प्रदर्शनी लगाई गई जिसकी सराहना सभी ने की। काचेट वर्क, कालीन तैयार करना तथा छपाई में तीन योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

प्रदर्शनी में चित्रकला, हस्त कढ़ाई तथा मशीनी कढ़ाई, काचेट वर्क, घरेलू बेकार से उपयोगिता की तैयार की गई वस्तुएं, बुनाई, सिलाई, चामशिल्प, खिलौने बनाना, साबुन तैयार करना इत्यादि वस्तुएं प्रदर्शित की गई थी।

कल्याण केन्द्रों में तैयार किये गये साबुन की प्रदर्शनी में अच्छी बिक्री हुई। त्रिवेन्द्रम के समाचार-पत्रों में इस प्रदर्शनी का अच्छा उल्लेख था। बिक्री से करीब ३०० रुपये की आय हुई।

परिणाम

छपाई

छपाई	द्वितीय

अनउपयोगी वस्तुओं से तैयार की गई दरी, गलीचा	तृतीय
क्राचेट वर्क	तृतीय

शिक्षा एक सामाजिक दायित्व

देवली में वनमहोत्सव


ग्रुप सेन्टर देवली में हरित क्रान्ति कार्यक्रम पर उचित रूप से अमल किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का सही परिणाम कुछ वर्ष के उपरान्त दिखाई देगा जबकि सम्पूर्ण क्षेत्र हरे-भरे वक्षों से आच्छादित हो जायेगा। इनमें सजावटी तथा उपयोगी दोनों ही प्रकार के वृक्ष होंगे।

क्षेत्र के बाहरी परिमाप पर ८०० बबूल के वृक्ष लगाये गये हैं। इनका दोहरा उपयोग होगा। क्षेत्र को सौन्दर्य प्रदान करना तथा अवांछनीय मनुष्यों तथा पशुओं से क्षेत्र की रक्षा करना। साथ ही ये वृक्ष इस क्षेत्र में प्रशिक्षण अथवा अन्य तैनाती के समय और विशेषतः ग्रीष्मकाल में रंगरूटों को छाया प्रदान करेंगे। इसके लिये परेड मैदान में विभिन्न किस्म के वक्ष जैसे मोरपंखी, शीशम, नीम सदाबहार तथा अशोक लगाये गये हैं।

परिसर के आन्तरिक परिमाप में सड़कों के सहारे ६९६ सजावटी वृक्ष आरोपित किये गये हैं। इनकी मुख्य किस्म है सरु, नीम, चमेली, गुलमोहर, कचनार, पीत कलइन्डर तथा बोगनविला। कुछ समय के उपरान्त वसन्त के दौरान इन वृक्षों की शोभा-सुषमा निहारने योग्य होगी।

यूनिट के बगीचे में उपयोगी फलों के वृक्ष लगाये गये हैं जैसे नारंगी, केला, चीकू, नींबू, आम, अमरूद, मौसमी, नाशपाती, अंगूर, शहतूत, इत्यादि । कुछ साल उपरान्त फलों की फसल मिलने लगेगी और आशा है कि यूनिट इस मद में आत्म निर्भर होगा।

हरित क्रान्ति अथवा वनमहोत्सव का यह सच्चे मानों में सही उपयोग है और अन्य ग्रप सेन्टरों को इसका अनुसरण करना चाहिये।



देवली नर्सरी स्कूल के बच्चे पी टी करते हुए।

ग्रुप सेन्टर देवली में बच्चों की शिक्षा का प्रयोग बड़ा सफल चल रहा है। जुलाई १९७१ में आरम्भ में बच्चों के लिए किंडरगार्डन तथा नर्सरी कक्षायें प्रारम्भ की गईं। श्री इमदाद अली ने उसका उद्घाटन किया था। तभी से चहुंदिश सतत प्रयत्न किये जा रहे हैं और हाल ही में स्टैंडर्ड–१ की कक्षा भी प्रारम्भ की गई है। इस समय स्कूल में ५६ बच्चे हैं।

टॉक जिले के शिक्षा निरीक्षक ने हाल ही में स्कूल का दौरा किया था। वह स्कूल के शिक्षा-स्तर तथा उपलब्ध सुविधाओं से अत्यधिक प्रभावित हुए। उन्होंने राजस्थान सरकार से स्कूल को मान्यता दिलाने का वायदा किया। अस्थायी रूप से एक वर्ष के लिए मान्यता प्रदान की गई है। स्कूल को पांचवीं कक्षा तक बढ़ाने की योजना कार्यान्वित करने के प्रयास जारी हैं।

शिक्षक दल में तीन अध्यापिकाएं हैं। ये ग्रुप सेन्टर के स्टाफ के परिवारों में से हैं। ये योग्य हैं तथा इन्हें समुचित आनरे रियम मिलता है। शिशुओं की देख-भाल एक आया करती है।

बच्चों को लेखन सामग्री के अतिरिक्त स्कूल-पोशाक के दो सैट निःशुल्क उपलब्ध किये जाते हैं। करीब २५० रुपये प्रति माह मध्याह्न भोजन तथा लेखन सामग्री पर व्यय किया जाता है। मध्याह्न भोज में सप्ताह में तीन दिन दूध, मिठाई या बिस्कुट दो बार और फल अथवा टाफी सप्ताह में एक बार दिये जाते हैं। इसका खर्च कल्याण-केन्द्र अथवा सहकारी दुकानों के लाभ से पूरा किया जाता है।

मनोरंजन के लिए इनडोर तथा आउट डोर खेलों की भी व्यवस्था है। इनमें फुटबाल, छोटी गेंद, खिलौने, खिलौने-घोड़े, लूडो, सांप-सीढ़ी के खेल तथा शैक्षिक रेखा चित्र

उपलब्ध किये जाते हैं।

एक बाल उद्यान की भी व्यवस्था की गयी है जिसमें बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न खेल उपलब्ध किये गये हैं।

बाल नाटक मंच की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके लिए धन कल्याण निधि से जुटाया जा रहा है।

विभागीय जांच की संक्षिप्त प्रणाली

-के. बी. एल. दूबे

इस लेख का उद्देश्य दल के उन अफसरों का मार्ग-निर्देशन करना है जिन्हें अपर्याप्त अनुभव है तथा जिन्हें यदा-कदा विभागीय जांच का कार्य सौंपा जाता है और विभागीय जांच के नियम २७ (बी) में सिर्फ रूपरेखा होने के कारण जिन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस नियम की रूपरेखा सिर्फ उन्हीं अफसरों के लिए उपयुक्त है जिन्होंने प्रथम अथवा द्वितीय श्रेणी मजिस्ट्रेट के रूप में न्यायिक मुकदमे किये हैं। किन्तु नये अथवा अनुभवहीन अफसरों के लिये विस्तृत कार्यविधि का ज्ञान अपेक्षित है।

सिविल सर्विसेज (क्लासिफिकेशन, कन्ट्रोल तथा अपील) नियम १९६५ में विभागीय जांच पर विस्तृत सूचना उपलब्ध है किन्तु केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के नियम २७ (बी) १९६५ के अन्तर्गत अराजपत्रित अधिकारियों तथा विभिन्न रेंक के सिपाहियों के विरुद्ध जांच के लिए एक विशेष कार्यविधि निश्चित है इसलिए विभागीय जांच में २७ (बी) के नियम का ही पालन करना होगा। इसका अर्थ यह हुआ कि राजपत्रित अधिकारियों को छोड़ कर सभी मातहत कर्मचारियों, असैनिक अस्पताल के कर्मचारी इत्यादि के फालोअर रैंक से लेकर सूबेदार के रैंक तक के कर्मचारियों के मामलों में २७ (बी) नियम ही लागू होगा।

सिविल सर्विसेज (क्लासिफिकेशन, कन्ट्रोल तथा अपील) नियम १९६५ तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस नियम २७ (बी) १९५५ के तुलनात्मक अध्ययन द्वारा यह सामने आया कि दोनों ही के मूलभूत सिद्धान्त समान है। सी० आर० पी० एफ० के नियम १९५५ में समाविष्ट कार्यविधि विस्तृत नहीं है। इसको विभागीय जांचों को शीघ्रातिशीघ्र निपटाने हेतु तैयार किया गया है। इस लेख में सिर्फ उन्हीं अंशों पर लेखनी उठाई गई है जिनका नियम २७ (बी) में जिक्र नहीं है।

समर्थ अधिकारी कौन ?

"नियुक्त प्राधिकारी" जिसे "अनुशासन प्राधिकारी" भी कह सकते हैं विभागीय जांच का आदेश जारी करने तथा उसकी कार्यवाही करने में समर्थ है। अनुशासन प्राधिकारी किसी भी राजपत्रित अधिकारी को विभागीय जांच की कार्यवाही करने के लिए नियुक्त कर सकता है। जिस व्यक्ति के विरुद्ध विभागीय जांच जारी है वह 'प्रतिवादी' अथवा 'अपचारी' कहलाता है क्योंकि विभागीय जांच 'अर्द्ध-अदालती, होती है इसलिए प्रतिवादी को 'अपराधी' की संज्ञा देना उचित नहीं। विभागीय जांच की कार्यवाही पर नियुक्त प्राधिकारी/अनुशासन प्राधिकारी दंड आदेश जारी करने में समर्थ हैं।

विभागीय जांच प्रारम्भ करने से पूर्व जाँच अधिकारी को यह देखना है कि प्रतिवादी को ज्ञापन तथा आरोप पत्र, गवाहियों की सूची तथा गावाहियों के बयान की प्रति उपलब्ध कर दी गई है। इसका उत्तर प्रतिवादी से प्रश्न करके मालूम किया जा सकता है और अगर उसे ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं की गई है तो उसे ये सभी कागजात उपलब्ध करने होंगे। प्रतिवादी को वे सभी दस्तावेज जिनके आधार पर आरोप सिद्ध करने के लिए अभियोजक उत्तर देगा दिखाये जायें। अगर सम्भव हो सके तो उसकी प्रति भी प्रतिवादी को उपलब्ध की जाये।

महानिदेशक महोदय का विदाई दौरा

श्री तथा श्रीमती इमदाद अली १७ जनवरी १९७३ को एक विशेष विमान द्वारा दो दिन के विदाई दौरे पर नीमच पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी डी० आई० जी० श्री बलानी तथा स्टेशन कमान्डर श्री एम० आर० सिंह ने की।

मध्यान्ह को बेटी पार्क में खेलों का आयोजन किया गया। खेलों में जवानों के परिवारों तथा बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगियों को पुरस्कार भी दिये गये। संध्या को बड़े खाने का आयोजन हुआ जहां महानिदेशक महोदय ने मुक्तरूप से जवानों से बातचीत की।

अगले दिन प्रातः एक विशेष परेड का आयोजन हुआ। सम्मान गारद की कमान श्री आई० एस० गिल ने की। बाद मे महानिदेशक महोदय को अफसरों, एस० ओज, तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों तथा जवानों ने भव्यरूप से फूलमालायें पहिनाई।

महानिदेशक महोदय को अफसरमेस में रस्मी विदाई दी गई। उनकी गाड़ी को भव्यरूप से पुष्पों से सजाया गया तथा स्टेशन में उपस्थित सभी अफसरों ने रस्मीतौर पर उसे खींचा। रास्ते के दोनों और जवान एकत्रित थे तथा उन पर पुष्प वर्षा कर रहे थे।

वह दृश्य बड़ा ही भाविभोर था। महानिदेशक महोदय अफसरों तथा जवानों के प्रेम से विह्वल हो उठे थे।

सभी दस्तावेज उपलब्ध करने के उपरान्त प्रतिवादी को ४८ घंटे अथवा उससे अधिक की अवधि देनी होगी और इस अवधि की समाप्ति पर ही कार्यवाही प्रारम्भ की मायेगी।

प्रारम्भिक जांच का उद्देश्य अनुशासन अधिकारी को जुर्म की गम्भीरता आंकने का अवसर प्रदान करना है। और इसी के आधार पर यह निर्णय किया जाता है कि कार्यवाही अदालती, विभागीय अथवा आर्डली रूम किस किस्म की हो। प्रारम्भिक जांच के दौरान अथवा उसके बाद कभी भी प्रतिवादी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं। प्रतिवादी को विभागीय जांच से पूर्व कारण बताओ नोटिस, अथवा आचरण के प्रति अपना जवाब देना होता है। इसलिए प्रतिवादी का प्रारम्भिक जांच की कार्यवाही की प्रति को पाने का अधिकार नहीं है। ज्यादा से ज्यादा प्रतिवादी को गवाहों के बयान की प्रति दी जा सकती है ताकि वह अपना पक्ष तैयार करने में उससे सहायता ले सके और वास्तविक न्याय भोग सके।

आर्डर-शीट

जांच अधिकारी द्वारा सुनवाई के प्रत्येक दिन की कार्यवाही को संकलित रूप में आर्डर शीट में रिकार्ड करना होगा और उस पर प्रतिवादी के हस्ताक्षर लिए जायेंगे। आर्डर शीट का एक नमूना नीचे दिया गया है।

कभी कभी जांच अधिकारी को एक और स्थिति का साम करना पड़ता है जब कि प्रतिवादी पैरवी के लिए वकील अथवा दल के किसी अन्य सदस्य की सेवायें लेने की मांग करता है। ऐसा कोई कानूनी अधिकार नहीं है जिसके अन्तर्गत कोई सरकारी कर्मचारी विभागीय जांच के दौरान वकील या कानूनी सलाहकार द्वारा पैरवी कराये। इसलिये इस प्रकार की प्रार्थना स्वीकार करने का प्रश्न ही नहीं उठता। जांच अधिकारी नि:संकोच वकील अथवा दल के किसी सदस्य की सहायता के लिए प्रार्थना नामंजूर कर सकता है और इस प्रकार की नामंजूरी न्यायिक नियम के प्रतिकूल नहीं होगी। लेकिन ऐसा निर्णय लेते समय जांच अधिकारी को निम्न बातों पर विचार करना होगा : –

(क) क्या प्रार्थना उचित है अथवा कार्यवाही को सुचारु चलाने में वह सहायक होगी।

(ख) प्रतिवादी की शैक्षिक योग्यता को आंकना कि क्या वह अपनी पैरवी को बिना सहायक के करने में सक्षम होगा?

(ग) प्रतिवादी की योग्यता के संदर्भ में जांच की प्रकार देखना।

(घ) इस प्रकार जांच अधिकारी को पूरी छूट है कि वह अपने स्वयं निर्णय द्वारा उर्पवर्णित विषय को तय करे और ऐसा करते समय वह आश्वस्त हो कि प्रतिवादी को पैरवी का पूरा अवसर प्रदान किया गया है।

उचित अवसर के अन्तर्गत निम्न तथ्यों को ध्यान में रखना होगा:–

(क) प्रतिवादी को सफाई तथा प्रज्ञानता सिद्ध करने का उचित अवसर प्रदान करने हेतु उसे आरोप तथा उसके विरुद्ध उपलब्ध साक्ष्य को बताया जाये।

(ख) सभी संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण करने और गवाहों के बयानों को प्राप्त

करने का अवसर अगर कोइ है तो।

(ग) विरोधी गवाह से जवाब-सवाल करने तथा कभी भी आवश्यकता पड़ने पर उसे पुनः उपस्थित करने का अवसर।

(घ) अपना बयान देने तथा पैरवी के लिये अपने गवाहों से मिलने का अवसर।

(ङ) अपनी पैरवी के लिए सभी सम्बन्धित दस्तावेजों को पेश करने तथा गवाहों को बुलवाने का अवसर।

(च) 'क्यों न प्रस्तावित दंड आपको दिया जाये' इसके विरुद्ध प्रतिवेदन देने का अवसर।

(छ) 'बचाव पक्ष' तैयार करने के लिए आवश्यकता पड़ने अथवा मांग करने पर काफी समय उपलब्ध करने का अवसर।

(ज) कोई भी मौखिक अथवा लिखित प्रार्थना करने का अवसर जिस पर शांत चित्त सुनवाई अथवा न्यायिक निर्णय दिया जाये।

आर्डर-शीट

१५-९-७२ नीमच	प्रतिवादी उपस्थित हुआ तथा उसने विभिन्न यूनिटों से तीन दस्तावेजों और दो गवाहियों को पेश करने के लिए याचिका प्रस्तुत की। दस्तावेजों तथा गवाहियों का मामलों से सम्बन्ध पर विचार किया गया। उसकी प्रार्थना उचित पाई गई तथा उसे मंजूर कर लिया गया। दस्तावेज तथा गवाहों को पेश किया जाये। सुनवाई स्थगित की गई तथा अभियुक्त की गवाहियों के बयानों के लिए ता० २०-९-७२ नियुक्त की गई।
प्रतिवादी के हस्ताक्षर	जांच अधिकारी के ह०

गवाही दर्ज करना

अभियुक्त की गवाही दर्ज करने के समय गवाहियों को अभियुक्त गवाह कम संख्या १-२-३ के रूप में अंकित किया जाये तथा सभी दस्तावेजों को पी-१, पी-२ पी-३ के रूप में दर्शाया जाये। गवाहियों अथवा प्रतिवादी को कसम नहीं दिलाई जाये बल्कि उन्हें चेतावनी दे दी जाये कि कोई भी गलत-बयानी अथवा सचाई को छिपाना गम्भीर जुर्म होगा तथा वह उसके विरुद्ध की जायेगी।

गवाहों के सभी बयान सामान्यतः वर्णनात्मक रूप में दर्ज किये जायें चाहे वह मुख्य परीक्षा (EXMINATION-IN-CHIEF) अथवा प्रति-परीक्षा (CROSS-

EXAMINATION) कोइ भी क्यों न हो। यह हो सकता है किसी उलझन को सुलझाने अथवा किसी अंश के स्पष्टीकरण के लिए जांच अधिकारी को प्रतिवादी अथवा गवाहों से कुछ प्रश्न करने पड़ें। उचित होगा कि यह कार्यवाही भी वर्णनात्मक पद्धति से दर्ज की जाये। इसी प्रकार प्रति-परीक्षा अथवा पुनः परीक्षा के दौरान पूछे गये प्रश्न भी अगर जांच अधिकारी उचित समझे तो इसे प्रश्नोत्तर के रूप में दर्ज करे। प्रति-परीक्षा के दौरान यद्यपि जांच अधिकारी किसी प्रश्न को सम्बद्ध समझ कर नामंजूर कर देता है तो उसे इस प्रश्न को पूरा दर्ज करना चाहिए तथा उसे नामंजूर करने के कारण को संक्षेप में लिखना चाहिए।

जांच अधिकारी को किसी असंगत प्रश्न की मंजूरी नहीं देनी है और गवाहों की सम्पूर्ण परीक्षा को कार्यवाही को सम्बद्ध प्रश्नों अथवा तथ्यों तक ही सीमित रखना है। किसी प्रश्न की सम्बद्धता अथवा असंगतता को निर्णीत करना अफसर की सामान्य बुद्धि पर निर्भर करता है किन्तु फिर भी यह उचित होगा कि जांच अधिकारी इस संदर्भ में भारतीय साक्ष्य नियम (INDIAN EVIDENCE ACT) के अध्याय २ का अध्ययन करे जहां इस विषय पर विस्तृत सूचना उपलब्ध है। यद्यपि जांच अधिकारी भारतीय साक्ष्य नियम के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य नहीं किन्तु इसका अध्ययन उसके लिए एक निर्देश रूपरेखा के रूप में सामने रहता है और वह वास्तविक न्याय करने में उसका सहायक होता है।

अगर प्रतिवादी की बहस सुनने के उपरान्त जांच अधिकारी का यह मत हो कि कोई दस्तावेज अथवा गवाह असंगत है तो वह उन्हें पेश होने से रोक सकता है किन्तु निर्णय को उसे याचिका अथवा आर्डर शीट पर दर्ज करना होगा।

बचाव पक्ष के गवाह के बयान दर्ज करने का तरीका भी वही है। उन्हें बचाव पक्ष गवाह नं० १, २, ३, ४ के रूप में दर्ज किया जायेगा तथा प्रतिवादी द्वारा पेश किये गये सभी दस्तावेज डी-१, डी-२, डी-३ अंकित होंगे।

रिपोर्ट का लिखना

नियम २७ (बी) के पैरा ७ में सिर्फ जांच की रिपोर्ट शब्द दिया गया है अब प्रश्न यह है कि उसमें क्या लिखा जाये। तथा यह कि अनुशासन अधिकारी को अपना निष्कर्ष तथा अभिमत किस प्रकार तैयार करना होगा। जांच अधिकारी को कार्यवाही का संक्षिप्त सार देना होगा तथा साक्ष्य के आधार पर अपना फैसला देना होगा ताकि अनुशासन अधिकारी को सही स्थिति का ज्ञान हो सके। पूर्ण साक्ष्य का विश्लेषण कर यह देखना होगा कि क्या मामले के सभी तथ्य तथा संगत तथ्यों को सिद्ध किया गया अथवा अस्वीकार या प्रसिद्ध छोड़ दिया गया है।

कारण बताओ नोटिस में प्रस्तावित विष्टि दंड का उल्लेख होना चाहिए तथा जांच रिपोर्ट की कापी के साथ उसे प्रतिवादी को निश्चित समय में उसका उत्तर देने के लिए उपलब्ध किया जाये। दंड के फाइनल आदेश के जारी करने से पूर्व कारण बताओ नोटिस के उत्तर पर उचित विचार किया जाये।

उचित तथा उपयुक्त दंड निर्धारित करने के लिए अनुशासन प्राधिकारी प्रतिवादी के विगत रिकार्ड पर विचार कर सकता है। किन्तु प्रतिवादी को भी उसमें विगत रिकार्ड से अवगत कराना होगा और बताना होगा कि दंड निर्धारण के लिए उस पर विचार किया जा रहा है। इससे प्रतिवादी को अपना बचाव पक्ष उसी के अनुरूप तैयार करने में सहायता मिलेगी। इस संदर्भ में राम चन्द्र गोपाल राव मुंशी बनाम डी० आई० जी० पुलिस तथा अन्यों का जिक्र है और जिसका निर्णय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में हुआ, देखा जाये।

विभागीय जांच तथा उच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र

विभागीय जांच पूर्णतः विभागीय कार्यवाही है उच्च न्यायालय में उसकी अपील नहीं की जा सकती। किन्तु आन्ध्र प्रदेश राज्य बनाम श्री राम राव के मामले में सर्वोच्च न्यायालय यह देख सकता है कि जांच समर्थ अधिकारी ने की है तथा वास्तविक न्याय के नियमों का उल्लंघन नहीं हुआ है। अगर प्रतिवादी के दोष को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य है और वास्तविक न्याय दिलाने के लिए कार्यवाही के दौरान सभी उपलब्ध नियमों का पूर्णरूप से पालन किया गया है तो अनुच्छेद २२६ के अन्तर्गत उच्च न्यायालय को लिखित याचिका के आधार पर साक्ष्य पर पुनर्विचार करने अथवा अपना स्वतंत्र निर्णय देने का अधिकार नहीं है। किन्तु जब उच्च न्यायालय देखे कि फैसला निम्न परिस्थितियों में लिया गया है तो वह हस्तक्षेप कर सकता है; जब कि विभागीय कार्यवाही निर्धारित नियमों के प्रतिकूल हुई हो अथवा कानूनी जांच के तरीके को निर्धारित करते समय कानूनी नियमों का उल्लंघन किया गया हो अथवा जहां साक्ष्य के प्रतिकूल या मामले के गुण-दोषों की उपेक्षा कर अन्य किसी दबाव के कारण अनुशासन प्राधिकारी ने अपने आपको उचित निर्णय लेने में पंगु बना लिया हो अथवा असंगत तत्वों के वशीभूत हो निर्णय एकतरफा या पूर्व धारणा से प्रभावित हो लिया गया है और शायद ही कोई विवेकशील व्यक्ति इन्हीं परिस्थितियों के अन्दर उस निर्णय को लेता।

सेवानिवृत्ति

निम्नलिखित सी पार पी एफ में सेवा के उपरान्त इन तिथियों को जो उनके नाम के सामने दिखाई गई हैं सेवा निवृत्त हुए।

१. लेफ्टि० कर्नल बी० डी० मलहोत्रा ८ नवम्बर १९७२
२. लेफ्टि० कर्नल राजमणिक्कम कमान्डेन्ट २५ बटा २१ नवम्बर १९७२
३. श्री एल० जे० हाल, कमान्डेन्ट जीसी II १ दिसम्बर १९७२
४. लेफ्टि० कर्नल पी० डी० गुप्ता प्रधानाचार्य, प्रार० टी० सी० (1)
५. श्री मणिराम सिंह, कमा० जी० सी० नीमच ८ फरवरी १९७३

मांहेलाओं का योगदान

जब कि ३३ बटालियन के जवान युद्ध बंदी शिविर पर तैनात हैं उनकी पत्नियां भी बटालियन के बच्चों के लिए रेजिमेन्टल स्कूल का संचालन कर समानरूप से महत्वपूर्ण दायित्व को निभा रही हैं। निकटवर्ती क्षेत्र में 'बच्चों की शिक्षा सुविधा का अभाव होने के कारण इसको महत्ता अधिक बढ़ गई थी।

इस स्कूल का उद्घाटन सेन्टर-२ के पुलिस महानिरीक्षक श्री एस० ए० अब्बास ने बटालियन के दौरे के अवसर पर १३ जनवरी १९७३ को किया था । बटालियन को महिलाओं के इस श्रमसाध्य प्रयास से वह बहुत ही प्रभावित हुए। इस स्कूल में ३ से ७ वर्ष की आयु वर्ग के करीब २० बच्चे शिक्षा पा रहे हैं। स्कूल में हिन्दी तथा अंग्रेजी को सामानरूप से बराबर समय दिया जाता है। श्रीमती मायन और श्रीमतो ओबराय का इस कार्य में विशेष योग रहा है ।



प्रधान मंत्री ग्रुप सेन्टर दिल्ली में महिलाओं के साथ चित्र में बायें से दांये (झुके हुए अथवा गलीचे पर बैठे) : श्रीमती वीणा माथुर, शबनम अली, सरला मेहताब सिंह, कल्पना गर्ग, रेणु महिन्द्र, हरमिन्दर ओहरी तथा सत्यावरणी राव; कुसियों पर बैठे : श्रीमती इमदाद अली, प्रधान मंत्री श्रीमती गाँधी तथा श्रीमती बी.बी. मिश्र । खड़े हुए : श्रीमती आर.एस. वोहरा, श्रीमती कपूर सिंह, नीरा अहलुवालिया, कान्ता कश्यप, सुशीला माथुर, ए. के. बनर्जी, श्रीमती एन. एस. सक्सेना, श्रीमती बी. एस. रोशा तथा श्रीमती खुराना ।



कुमारी मुनीश रामस्वरूप प्रधान मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर रही हैं।



पोर्ट ब्लेयर में श्री बी.के. नहरू को 43 बटालियन द्वारा सम्मान गारद प्रस्तुत की गई।